RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 49
लखनऊ, सोमवार, 7 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सैफ अली खान ने मांगी माफी
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# गरीबों, दलितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता

● बाबा साहब जैसा महान व्यक्ति धरा पर कभी-कभी आता है : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने कहा है कि गरीबों, दलितों व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारतरत्न बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर जैसा महान व्यक्ति इस धरा पर कभी-कभी आता है, जो आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करता है। विश्व में जब भी स्वतंत्रता, समानता, न्याय, बन्धुता की बात होगी, बाबा साहब को अत्यन्त आदरपूर्वक याद किया जाएगा।

उन्होंने विषम परिस्थितियों में न केवल उच्चतम शिक्षा हासिल की, बल्कि लोगों को न्याय दिलाने के लिए भी आगे आए। उनका मानना था कि सामाजिक व आर्थिक विषमता को दूर कर ही सच्ची स्वाधीनता पायी जा सकती है। मुख्यमंत्री रविवार को डॉ. आंबेडकर महासभा में बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान डॉ. आंबेडकर की जीवन साधना है। डॉ. आंबेडकर को वैश्विक सम्मान दिलाने में प्रधानमंत्री का महत्वपूर्ण योगदान है। जहां एक ओर प्रधानमंत्री बाबा साहब से जुड़े स्थलों को विकसित कर उनके दर्शन से वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर डॉ. आंबेडकर की सोच के अनुरूप विकास कार्यों को भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी जिन गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा प्राप्त नहीं था और इन गांवों के लोगों को वोट देने का भी अधिकार नहीं था, उन्हें हमारी सरकार ने यह अधिकार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब के चित्र को सभी सरकारी कार्यालयों मे लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस तरह से वर्तमान सरकार ने हर जनपद, तहसील, ब्लाक तथा गांवों को आंबेडकर जी की स्मृतियों से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों, दलितों व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना वर्तमान सरकार ( शेष पेज 9 )



बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## घर मिलने तक नहीं हटाएं जाएंगे अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के परिवार वालों को जब तक घर न मिल जाए, किसी भी प्रकार की जमीन से हटाया नहीं जाएगा। वन टांगिया गांवों को राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। उन्हें सभी सुविधाएं मिल रही हैं। सरकार हाशिए के समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूती के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग ग्राम समाज की जमीन पर एक लंबे समय से रह रहे हैं, उन्हें विस्थापित नहीं किया जाएगा और उनके विनियमितीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि तालाब और चारागाह की जमीन ( शेष पेज 9 )

सेवारत होमगार्ड कर्मियों की मृत्यु या अपंगता होने पर पांच लाख की सहायता का ऐलान। (पेज 4)

# खाद्य तेलों और दालों के दाम आसमान पर

● पिछले कुछ दिनों में इन जिंसों की कीमतों में 30-40 फीसदी का हुआ इजाफा

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**कोविड-19** महामारी के दौर में अनिश्चितता के कारण खाद्य तेलों और दालों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। इससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों में दलहन और खाद्य तेलों के दामों में औसतन 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। उदाहरण के लिए अरहर (तूर) दाल जो पिछले महीने करीब 70-80 रुपये प्रति किलो बिक रही थी, अब उसका दाम 125-130 रुपये प्रति किलो चल रहा है।

मूंग की दाल का दाम 80-90 रुपये प्रति किलो था अब करीब 130 रुपये प्रति किलो है। इसी तरह सरसों का तेल 155-165 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पिछले महीने इसकी कीमत 120-135 रुपये किलो थी। दलहन और खाद्य तेलों की खुदरा कीमतें उत्तर पूर्व में सबसे ज्यादा दर्ज की गई हैं। खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक अरहर, मूंग, मसूर, चना, सरसों, वनस्पति, सोयाबीन, सूरजमुखी और पाम की खुदरा कीमतों में 20-30 फीसदी बढ़ोतरी हुई है जबकि पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेलों की कीमतों मे पिछले कुछ महीनों की तुलना में 20-30 फीसदी का इजाफा हुआ है। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में इजाफे का कारण आपूर्ति में कमी, भारी बारिश से फसल को नुकसान, न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी तथा ढाबा, होटलों और रेस्टोरेंटों के खुलने के बाद बढ़ी मांग को माना जा रहा है। पिछले छह महीनों से मलेशिया से पाम आयल के उत्पादन में कमी भी खाद्य तेलों की कीमतें बढ़ने का एक कारण है। दलहन और खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी का असर पूरे भारत में छोटे दुकानदारों की बिक्री पर पड़ा है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सरसों के तेल की कीमत सितंबर में 142 रुपये प्रति लीटर और नवंबर में बढ़कर 156 प्रति लीटर हो गई। मूंगफली का तेल 200 रुपये प्रति लीटर, वनस्पति 164, सूरजमुखी 150 और पायल 135 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। कीमतों में यह इजाफा 20 से 40 फीसदी का है। इसी तरह अरहर दाल की कीमत सबसे ज्यादा खड़गपुर में है जहां यह 125 रुपये प्रति किलो है। मसूर की दाल 110 रुपये किलो बिक रही है। पिछले महीने इसकी कीमत 90-95 रुपये थी। चने की दाल 60-70 रुपये थी अब यह 90 रुपये प्रति किलो है। राजमा की ( शेष पेज 9 )

## पेट्रोल, डीजल की कीमतें दो साल के उच्चस्तर पर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पेट्रोल** कीमतों में रविवार को 28 पैसे प्रति लीटर की और बढ़ोतरी हुई है। वहीं डीजल के दाम 29 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। इस तरह वाहन ईंधन कीमतों में लगातार पांचवें दिन वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम बढ़ने से घरेलू बाजार में भी वाहन ईंधन महंगा हुआ है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 83.13 रुपए से बढ़कर 83.41 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह डीजल के दाम 73.32 रुपए से बढ़कर 73.61 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। मुंबई में पेट्रोल 90 रुपए प्रति लीटर और डीजल 80 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने 20 नवंबर से ईंधन कीमतों में फिर संशोधन शुरू किया है। इसके बाद से यह ( शेष पेज 9 )

फाइजर की नजर भारत पर

## वैक्सीन के आपात उपयोग की मांगी मंजूरी, ऐसा करने वाली पहली फर्म

● ब्रिटेन और बहरीन टीके को पहले ही दे चुके हैं हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**ब्रिटेन** और बहरीन से अनुमति मिलने के बाद फाइजर आपात उपयोग (इमरजेसी यूज) के लिए भारत से मंजूरी मांगने वाली पहली कोविड-19 टीका निर्माता कंपनी हो गई है। कंपनी ने कहा कि वैक्सीन की कीमत, कितनी मात्रा में ऑर्डर दिया गया है और देशों के साथ पहले से हुए समझौते पर निर्भर करेगी।

फाइजर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि हम इस सिद्धांत पर काम कर रहे है कि इसकी पहुंच ज्यादा से ज्यादा लोगों और सरकारों तक हो। विभिन्न सरकारों से साथ हुए हमारे समझौतों में इसके सभी पहलु दिख जाएंगे। बहरहाल, फाइजर पहली कंपनी है, जिसने भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से इस बारे में अनुमति मांगी है। भारत में अब तक 96.44 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं। फाइजर ने 4 दिसंबर को डीसीजीआई के पास आवेदन भेजा था, जिसमें वैक्सीन की भारत में बिक्री और वितरण को लेकर अनुमति मांगी थी।

भारत ने पहले ही साफ कर दिया है कि देश में कोई भी वैक्सीन तभी लाई जाएगी, जब वह यहां क्लीनिकल ट्रायल्स पूरे कर ले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फाइजर या उसकी सहयोगी कंपनी ने ऐसे किसी भी ट्रायल से इनकार किया था। हालांकि अफसरों का कहना है कि डीसीजीआईचाहे तो लोकल क्लीनिकल ट्रायल में छूट दे सकता है।

# लखनऊ खंड स्नातक सीट पर भाजपा के अवनीश जीते

● कांटे की टक्कर में कांति सिंह को 6403 मतों से हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्नातक** सीट पर लगातार चली कांटे की टक्कर में भाजपा के उम्मीदवार अवनीश कुमार सिंह ने बाजी मारी। लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र का रविवार को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सभी 11 सीटों की तस्वीर अब साफ हो गई है जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा को छह सीटें मिली हैं। खंड शिक्षक और खंड स्नातक क्षेत्र की छह सीटें भाजपा के खाते में गई है जबकि तीन सीटें समाजवादी पार्टी (सपा) के खाते में गई हैं। दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने कब्जा जमाया है।

मैराथन मतगणना में निवर्तमान एमएलसी निर्दलीय कांति सिंह को बीजेपी उम्मीदवार ने 6403 मतों से हराया। भाजपा उम्मीदवार को 39588 मिले, वहीं कांति सिंह को 33185 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। हालांकि भाजपा खेमे में शनिवार रात को ही जश्न का माहौल रहा।



अवनीश कुमार सिंह

रविवार को लखनऊ खंड स्नातक सीट पर चार दिन तक चली मतगगणना के बाद आखिरकार भाजपा के अवनीश सिंह ने सर्वाधिक 39588 मत प्राप्त कर 6403 मतों से जीत हासिल की। उन्होंने 33185 मत पा कर दूसरे स्थान पर रही निवर्तमान एमएलसी व निर्दलीय कांति सिंह को हराया। चौथे दिन पूरी हुई मतगणना बाद दोपहर 3 बजे परिणाम घोषणा के बाद मंडलायुक्त ने भाजपा प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

इस दौरान मौजूद उत्साही भाजपा कार्यकर्ताओ ने जय श्री राम के जोरदार नारे भी लगाए। वहीं, हार से हताश निर्दलीय कांति सिंह जीत की अंतिम घोषणा होने से पहले ही समर्थकों सहित गणना स्थल से चली गयी थी। भाजपा के अवनीश को नौ चक्र तक चली प्रथम वरीयता मतों की गणना पूरी होने के बाद कुल 35578 मत प्राप्त किए थे, जो कि सीधी जीत को जरूरी कुल वैध मतों के 50 प्रतिशत प्लस एक मत से कम थे। इसी लिए बीती देर रात दो बजे से दूसरी वरीयता के मतों की गिनती शुरू हुई जो शनिवार को दोपहर बाद भाजपा प्रत्याशी की जीत के साथ खत्म हुई।
( संबंधित समाचार पेज 2 )

## दारोगा संग लिव इन में रह रही महिला की गोली लगने से मौत

● मामला संदिग्ध, पुलिस बता रही आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मृतका की फाइल फोटो

**राजधानी** के चिनहट थाना क्षेत्र में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई लेकिन परिजन साथियों से यह साबित नहीं हो पा रहा है कि महिला की किन कारणों से हत्या की गई है। वहीं पुलिस इसे आत्महत्या मान कर छानबीन करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि चिनहट इलाके में स्थित ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट में करीब चार महीने से सब इंस्पेक्टर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही 39 वर्षीय महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हड़कंप मच गया।

हालांकि बिना पुलिस सूचना के प्रेमी सब इंस्पेक्टर विभूतिखंड के एक निजी अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने कमरे से सुसाइड नोट और पिस्टल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार, बदायूं जनपद निवासी राहुल राठौर वर्तमान में ललितपुर पुलिस लाइन में बतौर सब इंस्पेक्टर तैनात है। गत सितंबर माह से मृतक महिला के साथ चिनहट थाना क्षेत्र के ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट 806 फ्लैट में रहता था। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे महिला खून से लथपथ कमरे में पड़ी मिली तो आनन फानन में उसे विभूतिखंड स्थित एक निजी अस्पताल ले गया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी मिल सकी। सनसनीखेज वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस से लेकर उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने घटना से संबंधित कई अहम साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इसके अलावा स्थानीय पुलिस की मानें तो ( शेष पेज 9 व संबंधित समाचार पेज 3 )

## मोदी आज करेंगे आगरा मेट्रो रेल का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगरा मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हरदीप सिंह पुर सहित केन्द्र व प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम आगरा के 15वीं वाहिनी पीएसी परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न होगा। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि आगरा मेट्रो रेल परियोजना, प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन संचालित करेगा। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत 29.4 किमी लम्बे 2 कारिडोर प्रस्तावित हैं। ताज ईस्ट गेट से सिकन्दरा के बीच लगभग 14 किमी लम्बा पहला कारिडोर निर्मित होगा, जिसके अन्तर्गत 13 मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा कारिडोर आगरा कैण्ट से कालिन्दा विहार के बीच निर्मित होगा, जिसकी लंबाई ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,079 | |
| निफ्टी | 13,258 | |
| सोना | 48,813 | /10g |
| चांदी | 63,343 | /kg |

### क्विक न्यूज

**यूनिटेक संस्थापक और बेटों पर सीबीआई ने दर्ज किया केस**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने रियल एस्टेट फर्म यूनिटेक लिमिटेड के संस्थापक रमेश चंद्रा और उनके बेटों संजय और अजय चंद्रा के खिलाफ केनरा बैंक से 198 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। मामले में यूनिटेक को भी एक आरोपी के तौर पर शामिल किया गया है। सूत्रों ने कहा कि एक दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद सीबीआई ने शनिवार को आरोपियों के परिसरो में तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले 18 नवंबर को सीबीआई को दी गई शिकायत में बैंक ने कहा कि यूनिटेक 1971 से उसका ग्राहक है और उसने विभिन्न कर्ज सुविधाएं ली लेकिन कई बार भुगतान में नाकाम रही। शिकायत में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने यूनिटेक के खातों का फोरेंसिक आडिट करने का आदेश दिया था।

# भारत बंद को पूरे विपक्ष का समर्थन

● सोनिया गांधी समेत सभी नेताओं ने किसानों की मांगों को मानने का सरकार से किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** दलों ने रविवार को आंदोलनरत किसानों द्वारा मंगलवार को आयोजित 'भारत बंद' का समर्थन करते हुए उनके प्रति एकजुटता दिखाई। कांग्रेस, वाम दलों, समाजवादी पार्टी, राजद, आप, टीआरएस, द्रमुक ने ऐलान किया कि वे बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उसमें सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इसके अलावा ट्रेड यूनियनें-भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, हिंद मजदूर सभा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, आल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर, ट्रेड यूनियन कोआर्डिनेशन ने भी किसानों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में गठित पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन ने मंगलवार को 'भारत बंद' का समर्थन किया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रमुख एमके स्टालिन तथा पीएजीडी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला समेत प्रमुख विपक्षी नेताओं ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर किसान संगठनों द्वारा आठ दिसंबर को किये गये 'भारत बंद' के आह्वान का समर्थन किया और केंद्र पर प्रदर्शनकारियों की वैध मांगों को मानने के लिये दबाव बनाया। हजारों प्रदर्शनकारी किसानों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि मंगलवार को पूरी ताकत के साथ देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। ये किसान तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए 26 नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। बयान में कहा गया है, 'राजनीतिक दलों के हम दस्तखत करने वाले नेतागण देशभर के विभिन्न किसान संगठनों द्वारा आयोजित भारतीय किसानों के जबर्दस्त संघर्ष के साथ एकजुटता प्रकट करते हैं और इन पश्चगामी कृषि कानूनों एवं बिजली संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर उनके द्वारा आठ दिसंबर को किये गये भारत बंद के आह्वान का समर्थन करते हैं।' इस बयान पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, भाकपा (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, ऑल इंडिया फारवार्ड ब्लॉक (एआईएफबी) के महासचिव देवव्रत विश्वास और आरएसपी के महासचिव मनोज भट्टाचार्य ने भी दस्तखत किये हैं।

# चीतों को फिर बसाने के लिए मप्र में ढूंढ रहे आशियाना

● वन्यजीव विशेषज्ञों ने प्रदेश के चार स्थानों का किया दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल

**देश** में करीब सात दशक पहले विलुप्त हुए चीतों को फिर से बसाने के लिए सबसे बेहतर स्थान का पता लगाने के वास्ते देहरादून के भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने हाल ही में मध्यप्रदेश के चार स्थानों का दौरा किया।

देश में अंतिम धब्बेदार चीता वर्ष 1947 में देखा गया था और बाद में वर्ष 1952 में दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले स्तनधारी इस जानवर को देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। भारतीय वन्यजीव संस्थान ने कुछ वर्षों पहले चीते को फिर से बसाने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की थी। उच्चतम न्यायालय ने इस साल जनवरी में अफ्रीकी चीते को प्रायोगिक तौर पर भारत में सबसे अधिक उपयुक्त जगह पर लाने की इजाजत दी है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) जे.एस. चौहान ने रविवार को को बताया कि चीते को फिर से बसाने के लिए देश में सबसे बेहतर पर्यावास का पता लगाने के वास्ते भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों के एक दल ने कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के चार स्थानों का दौरा किया। इनमें सागर का नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य, श्योपुर जिले का कूनो-पालपुर अभयारण्य, नीचम एवं मंदसौर जिले की उत्तरी सीमा पर स्थित गांधी सागर अभयारण्य तथा शिवपुरी जिले का माधव राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।



उन्होंने कहा कि भारतीय वन्यजीव संस्थान के 'वन्यजीव पारिस्थितिकी एवं संरक्षण जीव विज्ञान विभाग' के डीन डॉ. यादवेन्द्र झाला एवं दो अन्य वैज्ञानिकों ने यह देखने के लिए इन चार स्थानों का निरीक्षण किया कि ये स्थान चीतों के लिए उपयुक्त है या नहीं। चौहान ने पन्ना बाघ अभयारण्य में बाघों को फिर से ( शेष पेज 9 )

# कोरोना की जांच में कोई ढिलाई न बरतें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रसार पर लगातार नियंत्रण बनाये रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कान्टैक्ट ट्रेसिंग और सर्विलांस सिस्टम में कोई ढिलाई न बरती जाए। यही वह कड़ी है, जिससे कोविड.19 के प्रसार को रोकने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर व अयोध्या में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कोविड अस्पतालों में सीनियर फैकल्टी चिकित्सकों को राउण्ड लेने के निर्देश देते हुए कोविड अस्पतालों में हाई फ्लो नेजल कैन्युला (एचएनएफसी) की व्यवस्था को सुदृढ़ के लिये भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव के लिये सभी कदम प्रभावी ढंग से लागू किये जाएं। लोगों को जागरूक बनाने के लिये पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से इसकी रोकथाम तथा कोरोना प्रोटोकाल के सम्बन्ध में निरन्तर जानकारी दी जाए। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिये प्रेरित किया जाए। साथ ही, उन्हें मास्क पहनने और सेनिटाइजेशन के सम्बन्ध में भी निरन्तर जानकारी दी जाए। श्री योगी ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरुस्त बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ डाक्टर कोविड वॉर्ड में नियमित राउण्ड लें। अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड.19 की मेडिकल टेस्टिंग की प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनी रहे। इसके लिए प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में आरटीपीसीआर तथा रैपिड एण्टीजन टेस्ट किये जाएं। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिये। सरकार के प्रयासों से वर्तमान में प्रदेश में कोरोना से रिकवरी दर 94.6 प्रतिशत है। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी,सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कोविड वैक्सीन स्टोर करने को सुरक्षित कोल्ड चेन स्थापित की जाए:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड वैक्सीन को स्टोर करने के लिये प्रदेश के सभी जनपदों में कोल्ड चेन स्थापित की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा तथा अपर मुख्य सचिव गृह को टीम बनाकर वैक्सीन स्टोरेज की सुरक्षा के प्रबन्ध करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश आज अपने आवास पर आयोजित बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कोविड.19 वैक्सीन के स्टोरेज के लिये पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिये सरकार संकल्पबद्ध है और इस दिशा में सभी प्रयास किये जा रहे हैं। विदित हो कि कल की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में वैक्सीन स्टोरेज क्षमता को 15 दिसम्बर तक बढ़ाकर 2 लाख 30 हजार लीटर करने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने जनपद तथा मण्डल स्तर पर कोरोना वैक्सीन के स्टोरेज के लिये सुरक्षित कोल्ड चेन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने वैक्सीन लगाने के लिये बड़ी संख्या में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए थे।



## कामगारों और श्रमिकों को रोजगार पर ध्यान दें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त को सभी जनपदों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग करके कामगारों व श्रमिकों को रोजगार देने की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को सरकारी तथा निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने के लिये संकल्पबद्ध है। प्रदेश में इसके लिये संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी उन्हें स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने एफपीओ स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए कृषि विभाग सक्रियता से कार्य करे। किसान आन्दोलन के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों के प्रशासन को संवाद बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रदेश में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में सड़कों पर जाम न लगने पाए। उन्होंने नोएडा, गाजियाबाद क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतलहर के दृष्टि सभी जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये जाएं। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु में गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था करायी गई है। प्रत्येक जनपद में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि कोई खुले में न सोए। यदि कोई ऐसा दिखे तो उसे रैन बसेरे तक पहुंचाया जाए।

## मुख्यमंत्री से फिल्म निर्माता निर्देशक प्रकाश झा मिले

### फिल्म निर्माण की गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है सरकार: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएम** योगी आदित्यनाथ से आज उनके सरकारी आवास पर फिल्म निर्माता, निर्देशक व लेखक प्रकाश झा ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में फिल्म निर्माण से सम्बन्धित गतिविधियों को प्रोत्साहन दे रही है। कई फिल्म निर्माताओं द्वारा प्रदेश में फिल्म निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिल्म निर्माण के लिये आवश्यक अच्छी लोकेशन्स मौजूद हैं। साथ ही, कानून.व्यवस्था की भी कोई समस्या नहीं है। फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार द्वारा नोएडा में वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। मुलाकात के दौरान प्रकाश झा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनके द्वारा विगत तीन वर्ष से एक वेब सीरीज का निर्माण अयोध्या में किया जा रहा है। जिसमें 1 हजार लोकल कलाकार तथा 50 सीनियर कलाकारों द्वारा काम किया जा रहा है। इस सीरियल को लगभग 90 करोड़ लोगों द्वारा देखा गया है। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश में अनुकूल माहौल मौजूद है।

## सेफ सिटी परियोजना के क्रियान्वयन में केंद्र ने की यूपी सरकार की सराहना

**लखनऊ( पीएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्यवाही के लिए समय-समय पर प्रदेश व्यापी चलाये जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में और अधिक तेजी लायी गयी है। भारत सरकार द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ व शसक्त बनाये जाने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जाने वाली सेफ सिटी परियोजना में अब तक हुई प्रगति की सराहना की गई है। एसीएस गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस परियोजना के अंतर्गत लगाये जाने वाले उपकरणों व संसाधनों आदि की स्थापना मे अब तक हुई प्रगति में जिन तीन शहरों की प्रशंसा की है उनमें लखनऊ के अलावा हैदराबाद और चेन्नई शामिल है।

## बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन ही एक सन्देश है: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने सरकारी आवास 7, कालिदास मार्ग पर डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि बाबा साहब का जीवन दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले था। कहा कि डा. अम्बेदकर समाज के पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन दर्शन पूरे राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। वर्तमान सरकार मे बाबा साहब के सपने साकार हो रहे हैं। उन्होने कहा कि भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे बाबा साहब के सपनो के अनुरुप नये भारत का निर्माण हो रहा है। श्री मौर्य ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर नेता मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र , आत्म निर्भरता की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है। कहा कि बाबा साहब ने बराबरी का हक दिलाया, समतामूलक समाज की स्थापना की।

## जनता ने भाजपा में जताया विश्वास: बीजेपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने विधान परिषद की शिक्षक व खंड स्नातक चुनावों में अपार समर्थन के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि है। प्रदेश की जनता ने जिस तरह से अपना अपार समर्थन और विश्वास भाजपा में जताया है उससे हमें आगे भी जनकल्याण की राह पर आगे बढ़ने और जनाकाक्षांओं को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि शिक्षक खंड के चुनाव में भाजपा पहली बार भागीदारी कर रही थी। पार्टी ने 4 सीटो पर प्रत्याशी उतारे थे, उसमें तीन सीटों पर जनता ने विजय श्री का आशीर्वाद दिया है। भाजपा का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। स्नातक खंड में भी पार्टी तीन सीटों पर विजयी हुई है। यह परिणाम भाजपा सरकार की नीतियों में जनविश्वास और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। पार्टी कार्यकर्ताओं को भी विजयकी बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने भाजपा की नीतियों और संगठन के कार्यक्रमों से मतदाताओं को जोड़ा वह प्रशंसनीय है।

## सपा मुखिया ने साइकिल यात्रियों का किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिलेश** यादव जनसंदेश साइकिल यात्रा पर 2 दिसम्बर 2020 से सिद्धार्थनगर से निकले नौजवान साइकिल यात्रियों का लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने स्वागत किया । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने साइकिल यात्रा के समापन पर नौजवानों को बधाई दी। 'अखिलेश यादव जनसंदेश साइकिल यात्रा' के संचालक दिलीप राज यादव सहित सर्वश्री नीरज यादव, सुधाकर, अमित, राजू अग्रहरि, रामकरन कश्यप, जितेन्द्र पासवान, दिनेश, सुभाष, आकाश, सचिन, निखिल, विशाल, अनिल, बृजेश यादव, अजित, विजय, विजय बहादुर, राज कुमार यादव तथा विजय गुप्ता लगातार साइकिल यात्रा में शामिल रहे।



### बसपा के कई नेता सपा में हुए शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए रविवार को मऊ के पूर्व जोनल कोर्डिनेटर संजय सागर के साथ बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इन सभी ने अखिलेश यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए जीजान से जुटने का वादा किया। अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि नए साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। भाजपा की नीतियों से त्रस्त जनता को आजादी दिलाने का काम संगठन और एकजुटता से ही सम्भव होगा। बहुजन समाज पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में किशोर कुमार, परशुराम बौद्ध, डॉ सोचन भारती, ओम प्रकाश, प्रो सरोज त्यागी, ओम प्रकाश, लक्षिराम प्रसाद, डॉ सुब्बाराम, रामचंद्र उर्फ छोटू प्रधान, शिवराम प्रधान, देवेन्द्र कुमार प्रधान, बृजेश, गनेश राम जी, पीसी राम, परमहंस, अशोक, कुमार एडवोकेट, राम नगीना एडवोकेट, रमानंद, सुरेश बागी, दीपांकर बौद्ध, डॉ विनय कुमार, राम किशुन, रणविजय, देवनाथ राजभर, रामचन्द्र, अखिलेश कुमार और बहुजन समाज पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल हैं।

### समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा आज से होगी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसान** की आय बढ़ाओ और खेती-किसानी बचाओ की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी 07 दिसंबर 2020 से प्रदेश के सभी जनपदों में किसान यात्राओं का आयोजन कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं जनपद कन्नौज में इस किसान यात्रा में शामिल होंगे। अखिलेश यादव के आव्हान पर सोमवार 7 दिसम्बर 2020 को राज्य के हर जनपद के कोने.कोने से साइकिल सवार नौजवान किसान विरोधी सरकार के खिलाफ निकलेंगे और जनता को भाजपा की कुनीतियों के बारे में जानकारी देंगे। अखिलेश यादव जनपद कन्नौज की ठठिया मंडी से तिर्वा के किसान बाजार तक 13 किलोमीटर की यात्रा ट्रैक्टर से करेंगे। स्मरणीय है, ठठिया में 60 एकड़ में आलू की मंडी समाजवादी सरकार के समय में बनायी थी जिसे भाजपा सरकार ने रोक दिया। अखिलेश यादव का किसान यात्रा में शामिल होना इस बात का द्योतक है कि समाजवादी पार्टी किसानों के संघर्ष में उनके साथ है और वह किसानों की मांगों का समर्थन पूरे जोरशोर से करती है। अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा राज में किसान सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ है। भाजपा मंडिया बेच रही है, किसानों को धान.मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा है। कीट नाशक, खाद के दाम बढ़ गए हैं। किसानों से झूठे वादे किए गए है। अपनी मांगों को लेकर बैठे किसानों के प्रति भाजपा सरकार संवेदनशून्य रवैया दिखा रही है। किसान को लागत का ड्योढ़ा मूल्य देने और उसकी आय 2022 तक दुगनी करने के भी वादे किए गए थे किन्तु दूर.दूर तक वे पूरे होते नहीं दिखते हैं।

## मायावती ने मूवमेन्ट को कभी न रुकने देने का प्रण दोहराया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अम्बेडकर** परिनिर्वाण दिवस के मौके पर रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी। बाबा साहेब को दलितों, गरीबों व पिछड़ों का मसीहा बताते हुए उनके आत्म.सम्मान व स्वाभिमान की मूवमेन्ट को कभी न रुकने देने का भी प्रण दोहराया, चाहे इसके लिए आगे कोई भी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े।

अपने निवास पर बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सभी जानते है कि देश मे समतामूलक शासन व सामाजिक व्यवस्था स्थापित करकर सही लोकतंत्र यहां स्थापित करने के महान उद्देश्य को लेकर बाबा साहेब देश को अति मानवतावादी संविधान देकर अमर हो गए। बाबा साहेब के सपनों का मानवतावादी भारत बनाने के सपना को साकार होगा। उन्होंने बाबा साहब के मिशन को निरन्तर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी हर कठिन समय मे हर फॅार्म पर डॉ आंबेडकर के संविधान की ही दुहाई दी जाती है। मायावती ने अपने सरकार में बाबा साहेब व अन्य दलित महापुरुषों के नाम पर कराये गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे भी विरोधी लोग आसानी से पचा नही पा रहे हैं।

## नया किसान बिल आम्बेडकर विरोधी

### राज्य समाजवाद के पैरोकार थे बाबा साहब: दीपक



**लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस के अवसर पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) मुख्यालय में प्रसपा बौद्धिक सभा द्वारा श्वर्तमान दौर में आम्बेडकर विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपक मिश्र द्वारा लिखित आम्बेडकर-लोहिया की सादृश्यता का विमोचन करते हुए प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव ने कहा कि बाबा साहब राज्य समाजवाद के प्रबल व प्रतिबद्ध पैरोकार थे। उन्होंने दलितों, गरीबों व किसानों के हित की लड़ाई जीवन पर्यंत लड़ी। बाबा साहब के सपनों के अनुरूप भारत का नवनिर्माण करना हमारा लोक-कर्तव्य है। भाजपा बाबा साहब का नाम केवल दिखावे एवं भ्रम फैलाने के लिए लेती है और कार्य बाबा साहब के सोच के विपरीत करती है। नया किसान बिल आम्बेडकर व किसान विरोधी है जिसकी खुली ख़िलाफत प्रसपा द्वारा होगा।

## कोरोना वैक्सीन की विश्वसनीयता पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कोरोना वैक्सीन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि हरियाणा प्रदेष सरकार के गृह एवं स्वास्थ्य मन्त्री अनिल विज ने सार्वजनिक रूप से फोटोशेसन की लालच में अपने ही मुख्यमंत्री को नीचा दिखाने के लिये कोरोना की वैक्सीन लगवाईए और वैक्सीन लगवाने के 14 दिनों बाद कोरोना पॉजिटिव घोषित हो गये। यह वैक्सीन की विश्वसनीयता पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता हैए कि वैक्सीन कोरोना से सुरक्षा देने में असमर्थ है या उसकी डोज संतुलित नहीं थी। क्या भारत सरकार की वैक्सीन लगाने की नीति सुरक्षित नहीं है। यह वैक्सीन अभियान के लिये बहुत बड़ा झटका है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि शताब्दी की भयंकर महामारी कोरोना वैक्सीन में भारतीय जनतापार्टी की अंदरूनी राजनीति ने एक-दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर में लोगों के विश्वास को तोड़ा है।

**तीन कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से तीन कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। कांग्रेस अनु जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किये गये कार्यवाहक अध्यक्ष के तहत पूर्वी उत्तर प्रदेश में राम सजीवन निर्मल, मध्य उत्तर प्रदेश में तनुज पुनिया एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में योगी जाटव को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## यह जीत कार्यकर्ताओं की है, आगे ख्याल रखेंगे: अवनीश सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कड़े** मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी अवनीश सिंह ने अपनी जीत का पूरा श्रेय अपने कार्यकर्ताओं को दिया। भरोसा दिलाया कि कार्यकर्ता ही जीत के हकदार हैं और उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा मैनेजमेंट होने के कारण ही पीछे रहने के बाद भी उन्हें जीत मिली है । उन्होंने कहा कि जीत के बाद पीएम मोदी व सीएम योगी की नीतियों को पूरा कराने का कार्य करेंगे। मतगणना में गड़बड़ी होने के कांति सिंह के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा के लोग कभी मर्यादा नही तोड़ते हैं। भाजपा टेबल एजेंटो और निर्दल कांति सिंह के समर्थकों के कहासुनी और हुई मारपीट: नोकझोंक के बीच स्नातक निर्वाचन खंड की मतगणना बीते शुक्रवार हुई थी। कांटे



के मुकाबले में तीसरे राउंड की समाप्ति के साथ निर्दलीय प्रत्याशी कांति सिंह भाजपा के अवनीश कुमार सिंह से महज 657 वोटो से आगे थीं। हालांकि पहले राउंड में एक हजार का अंतर था जो तीसरा राउंड आते-आते घट गया। इससे पहले बूथ सं या 181 की मतपेटी में गड़बड़ी को लेकर कांति सिंह के समर्थकों ने हंगामा किया। देर रात जिला प्रशासन से लिखित शिकायत भी की गई। उधर टेबल सं या तीन में मतगणना के दौरान भाजपा के एजेंटों की कर्मचारियों से कहासुनी भी हुई। भाजपा समर्थकों ने कर्मचारियों पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराकर मतगणना शुरू कराई। कांति सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पोलिंग एजेंट व समर्थकों के साथ मारपीट की गई है।

**स्नातक व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशियों कीवजीत की बधाई**

निगोहां। यूपीसीएलडीएफ के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने उत्तर प्रदेश में हुए स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा लखनऊ खण्ड से भाजपा स्नातक प्रत्याशी ई. अविनाश कुमार सिंह एवं शिक्षक प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को मिली ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई देते हुए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के जन लाभकारी कार्यो, संगठन की सधी रणनीति एवं संगठनात्मक सक्रियता तथा कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम के बल पर स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश में स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को अब समझ लेना चाहिये कि उनका जनाधार प्रबुद्धजनों और युवाओं में भी नही रह गया है। उन्होंने कहा कि उप्र का जागरूक मतदाता जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण, गुंडागर्दी एवं भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाले दलों को पूरी तरह से नकार चुका है।

### जीत पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** प्रदेश में हुए शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव में लखनऊ खंड से भाजपा स्नातक प्रत्याशी इं. अविनाश कुमार सिंह और शिक्षक प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को मिली ऐतिहासिक जीत पर सरोजनीनगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सरोजनीनगर संयोजक भुवनेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, मनोज कुमार सिंह व भाजपा खेलकूल प्रकोष्ठ के संयोजक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश का जागरूक मतदाता जाति वाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण, गुंडागर्दी एवं भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाले दलों को पूरी तरह से नकार चुका है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर भाजपा सरकार द्वारा किसानों, गरीबों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं व युवाओं के लिए लाभकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश का चौमुखी विकास किया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सुसाइड नोट और पिस्टल बरामद पोस्टमार्टम के बाद खुलेगा राज

### चिनहट थाना क्षेत्र के अयोध्या हाईवे पर स्थित ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट में दरोगा के फ्लैट में महिला की मौत का मामला, सब इंस्पेक्टर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी मृतक महिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के चिनहट थाना क्षेत्र में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई लेकिन परिजन साथियों से यह साबित नहीं हो पा रहा है कि महिला की किन कारणों से हत्या की गई है वहीं पुलिस इसे आत्महत्या मान कर छानबीन करने में जुटी है बताया जा रहा है कि चिनहट इलाके में स्थित ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट में करीब चार महीने से सब.इंस्पेक्टर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही 39 वर्षीय महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि बिना पुलिस सूचना के प्रेमी सब.इंस्पेक्टर विभूतिखंड के एक निजी अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहींए फॉरेंसिक टीम ने कमरे से सुसाइड नोट और पिस्टल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है

मिली जानकारी के अनुसारए बदायूं जनपद निवासी राहुल राठौर वर्तमान में ललितपुर पुलिस लाइन में बतौर सब इंस्पेक्टर तैनात है। गत सितंबर माह से मृतक महिला के साथ चिनहट थाना क्षेत्र के ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट 806 फ्लैट में रहता था। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे महिला खून से लथपथ कमरे में पड़ी मिली तो आनन-फानन में उसे विभूतिखंड स्थित एक निजी अस्पताल ले गया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी मिल सकी। सनसनीखेज वारदात से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस से लेकर उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने घटना से संबंधित कई अहम साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इसके अलावा स्थानीय पुलिस की मानें तो महिला की डायरी से सुसाइड नोट के अलावा घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए हैं। महिला के बाएं कनपटी पर गोली लगी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि सब.इंस्पेक्टर राहुल राठौर और मृतक महिला करीब चार महीने से लिव.इन रिलेशनशिप में थे। वहीं, महिला ने पति से डिवोर्स लेने के लिए न्यायालय में अर्जी डाल रखी थी। आरोप है कि घंटो तक स्थानीय पुलिस मामले में लीपापोती में लगी रही। हालांकि सब इंस्पेक्टर और उसके नौकर से घंटों तक पूछताछ की है। बावजूद इसके पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, फॉरेंसिक एक्सपर्टों ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय का कहना है कि घटना की हर बिंदुओं पर



गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**उलझती दिख रही है घटना की गुत्थी:** जानकारों की मानें तो घटना की गुत्थी उलझती जा रही है। स्थानीय पुलिस घंटों तक घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद नहीं कर सकी। हालांकि इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने डायरी में लिखे सुसाइड नोट और हथियार बरामद किए हैं। हालांकि देर शाम तक पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियार की वैधता को लेकर संशय दूर नहीं कर सकी।

**पुलिस की निष्पक्ष कार्यशैली पर उठ रहे सवाल:** स्थानीय जानकारों का आरोप है कि पुलिस मामले में निष्पक्षता बरतने के बजाय घटना के बाद अलग.अलग दावे करती रही। इतना ही नहीं पुलिस के जिम्मेदार घटना में प्रयुक्त हथियार नहीं मिलने के दावे किए। इसके बाद चंद घंटों में ही हथियार और सुसाइड नोट बरामद कर लिए गए। ऐसे में स्थानीय लोग पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। हालांकि जिम्मेदारों ने दावा किया कि मामले में साक्ष्य को लेकर अहम सावधानियां बरती जा रही है।

**इन बिंदुओं पर पुलिस कर रही है जांच:** एडीसीपी पूर्वी एसएम क़ासिम आब्दी का कहना है कि पुलिस कई अहम बिंदुओं पर जांच कर रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर लोगों से पूछताछ की गई है। पीएम और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा। इसमें बरामद सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग काफी अहम है। इसके अलावा प्रयुक्त हथियार की बैलेस्टिक जांच कराई जा रही है। वहीं, गैर हाजरी से संबंधित रिपोर्ट सहित अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

## हुक्का बार में चली गोली, एक घायल

**लखनऊ।** तालकटोरा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दबंगों ने एक युवक पर फायरिंग झोंक दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन.फानन युवक को ट्रामा सेंटर पहुंचा। यहां चिकित्सकों ने युवक की हालत खतरे से बाहर बतायी है। तालकटोरा थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम एफ ब्लाक में स्थित शीशा लॉन्ज में आलमबाग गढ़ी कनौरा निवासी मारकेन्द अवस्थी से अभय व उत्कर्ष पाण्डेय का विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इसी दौरान अभय की ओर से कई राउण्ड फायरिंग हुई। जिसमें एक गोली मारकेन्द के पैर में जा धंसी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हो ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# हादसों ने ली चार लोगों की जान

### शादी समारोह से लौट रहे दो नौजवानों को डंपर ने रौंदा, मौत

**लखनऊ।** राजनधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हादसों ने चार लोगों की जान ले ली। गोसाईगंज के कबीरपुर में बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो नौजवानों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो नौजवानों की मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवकों को कुचल कर डंपर का चालक डंपर लेकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। एक ही गांव के दोनों नौजवानों की मौत की खबर से पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज के हसनापुर खेवली के रहने वाले स्वर्गीय राम शंकर का 21 वर्षीय पुत्र राहुल यहीं के रहने वाले गंगा प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र अपने मित्र संतोष के साथ शनिवार की रात अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्राम कोरियानी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। दोनों दोस्त राहुल और संतोष शादी समारोह में शिरकत करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहे थे तभी सुल्तानपुर रोड पर कबीरपुर के पास मिट्टी से लदे एक तेज रफ्तार डंपर ने संतोष और राहुल की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई हादसे में जान गवाने वाले दोनों युवकों की उम्र 21 साल बताई गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पढ़ाई कर रहे थे हादसे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि संतोष और राहुल को रौंदकर भागने वाले डंपर को कुछ आगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर दो युवकों को कुचल कर मौत की नींद सुलाने वाले डंपर और उसके चालक की तलाश करेंगी। एक ही गांव के दो नौजवानों की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताया जा रहा है कि राहुल और संतोष आपस में जिगरी दोस्त है।

## तेज रफ्तार डम्पर ने युवक को रौंदा, मौत

### आईआईएम रोड स्थित यादव चौराहे के निकट हुई दर्दनाक घटना

**लखनऊ।** मड़ियांव के आईआईएम रोड पर यादव चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार विजय गुप्ता (19) में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रहे डम्पर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। वही घटना के बाद डम्पर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिस के मुताबिक मड़ियांव रायपुर सीतापुर रोड निवासी हर्षित के अनुसार उसका भाई विजय गुप्ता ;19द्ध मोटर साईकल से अपने किसी परिचित से मिलने दुबग्गा गया था। जहां से वह वापस लौट रहा था। आईआईएम रोड, यादव चौराहे के निकट एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे वह सड़क पर गिर पड़ा। तभी उसको एक तेज रफ्तार डम्पर ने कुचल दिया। डम्पर के निचले हिस्से में फसने के कारण उसके शरीर का आधा हिस्सा डम्पर में फस गया। जबकि शरीर का निचला हिस्सा घटना से थोड़ी दूर चला गया। मृतक ने 12 वी की परीक्षा पास की थी। पुलिस के अनुसार डम्पर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

## कार की ठोकर से निजी कम्पनी के कर्मचारी की जान गई

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने निजी कम्पनी की साइकिल में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि वह साइकिल सहित काफी दूर जा गिरा। घायल के चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे राहगीर उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले ही उसने मौके पर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि उन्नाव जिले के असोहा थाना क्षेत्र के बाल-सरैया में रहने वाला विनोद यादव (42) सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित एक निजी कम्पनी में काम करता था। रविवार की सुबह तकरीबन सात बजे साइकिल से नादरगंज की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कानपुर की तरफसे आ रहे गैस सिलेण्डर लदे ट्रक (यूपी-33एचटी-5942) ने विनोद की साइकिल में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आसपास के दुकानदार एवं राहगीर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाते इससे पहले विनोद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पत्नी शैलजा के अलावा बेटे आकाष व आदर्ष है।

## टक्कर मारने के बाद कार सवार ने रिक्शे वाले को पीटा

**लखनऊ।** राजधानी की सड़कों पर गुंडागर्दी का ताजा मामला रविवार शाम अमीनाबाद में देखने को मिला। जहां रिक्शे पर परिवार को बिठाकर एक व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। उतने में तेज रफ्तार कार रिक्शे से जाकर टकराई। कार चालक गाड़ी से उतरता है और रिक्शा चालक को पीटने लगा। कार की चाभी से उसके सिर में कई वार किये। थोड़ी ही देर में सड़क पर जाम लग गया। व्यापारियों का आक्रोश देख पुलिस दोनों पक्षो को थाने ले आयी। अमीनाबाद थाना अंतर्गत झंडे वाली पार्क वाली गली में एक कार चालक साई मिश्रा ने एक रिक्शे वाले को टक्कर मार दी, जिसके बाद कार सवार ने कार से उतरकर रिक्शे वाले को अपनी कार की चाभी से सर पर जमकर वार कर दिएएजिससे रिक्सा चालक अतीक बुरी तरह जख्मी हो गया। रिक्शा चालक को पिटता देख व्यापारियों ने कार सवार को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस दोनो पक्षो को थाने लाकर कार्रवाई में जुट गई। अमीनाबाद इंस्पेक्टर ने जानकारी दी कि कार चालक साईं मिश्रा और रिक्शा चालक अतीक से टक्कर हो गई। रिक्शा चालक को मेडिकल के लिए भेज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

## राजधानी में कोरोना के 284 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। रविवार को राजधानी में कोरोना के 283 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1950 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 22160 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3367 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7924 मरीजों की और राजधानी में 1029 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 547,020 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1993 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 525,860 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा आज 10839 लोगो के सैम्पल लिये गये है।जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 29, आलमबाग 17 गोमती नगर 28,रायबरेली रोड 18 , चौक 19, आशियाना 15 , सरोजिनी नगर 10 , महानगर 15, विकासनगर 16 एकैंट 10, मड़ियांव 11,तालकटोरा 14 ,हजरतगंज 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज दूसरी तरफआज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 87रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

## कोरोना संक्रमित मरीजों को नहीं होगी आक्सीजन की दिक्कत, प्लांट लगे

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीजों को इलाज के दौरान अब आक्सीजन की दिक्कत नही होगी। केजीएमयू में लिक्विड आक्सीजन प्लांट के बाद लोहिया संस्थान के कोविड अस्पताल में भी लिक्विड ऑक्सीजन टैंक लग गया है। जबकि पीजीआइ कोविड अस्पताल में ऑक्सीजन टैंक लगाने का कार्य जारी है।शहीद पथ स्थित लोहिया संस्थान के डॉ राम प्रकाश गुप्त मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल में वर्तमान में अभी133 बेड पर कोरोना मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। जबकि अस्पताल में 200 बेड की सुविधा है। तीन चरणों मे मरीजों के लिए बेड का विस्तार किये जाने के बीच संस्थान में 20 हजार लीटर का लिक्वि?ड ऑक्सीजन टैंक लग गया है। ऐसे में एचडीयू.आइसीयू के 60 बेड से बढ़कर 150 बेड हो जाएंगे। गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। संस्थान के प्रवक्ता डॉण् श्रीकेश सिंह के मुताबिकए 14 से 16 दिसंबर के बीच ऑक्सीजन टैंक का उद्घाटन प्रस्तावित है।

## दीक्षांत समारोह के रजिस्ट्रेशन का आज आखिरी मौका

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री व मेडल लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि सोमवार तक है। इसके पूर्व यह तिथि 2 दिसम्बर निर्धारित थी, जिसे विवि की तरफसे बढ़कर सोमवार तक के लिए कर दिया गया है। यह जानकारी विवि के कुलसचिव अमित कुमार सिंह ने दी है।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह हेतु शैक्षणिक सत्र 2019.20 में अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अर्ह विद्यार्थियों को उपाधि ;डिग्रीद्ध एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यता एवं मानक के अनुसार पदक ;मेडलद्ध वितरित किया जाना प्रस्तावित है। **सम्बद्धता के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन:** कुल सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता के लिए महाविद्यालय और शैक्षिक संस्थाएं 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

# असलहाधारी बदमाशों का किसान के घर धावा, जमकर की लूटपाट

### एक बदमाश को ग्रामीणो ने दबोचा, निगोहां पुलिस सूचना के एक घंटे बाद मौके पर पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। निगोहां

**थाना** क्षेत्र के दखिना गांव के एक घर में घुसे असलहाधारी बैखोफ बदमाशो ने शनिवार की देर रात जमकर लूटपाट की,बदमाशो की आहट पाकर जागी पत्नी ने बहार गये पति को फोन कर घर में बदमाशो के होने की सूचना दी,जिसके बाद पति ने पुलिस कन्ट्रोल रूम सहित ग्रामीणो को घर में बदमाशो के होने की सूचना दी,लेकिन सूचना के एक घंटे बाद तक पुलिस मौके पर नही पहुंची,जिसके बाद ग्रामीणो ने घेराबंदी कर जेवरात सहित नगदी चुराकर भाग रहे बदमाशो के एक साथी को अवैध असलहे सहित दबोचकर पिटाई कर बंधक बनाकर पुलिस को सूचना दी,तब जाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बंधक बनाये गये बदमाश को हिरासत में लेने के बाद इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी।वही पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये बदमाश के साथियों की तलाश में जुट गयी है। घटनाक्रम के अनुसार दखिना शेखपुर गांव में ट्रक चालक सूरज पत्नी सोनी व दो मासूम बच्चो के साथ रहता है,पत्नी सोनी ने बताया शनिवार को पति सूरज ट्रक पर माल लोड कर रायबरेली गये थे, रात को खाना खाने के बाद वो बच्चो संग घर के अगले हिस्से में बने कमरे की कुंडी अंदर से लगाकर सो गयी थी,देर रात एक बजे के करीब घर में किसी के होने की आहट पाकर खिड़की से झांक कर देखा तो तीन बदमाशो असलहो व चाकू से लैस होकर घर के बरामदे में खड़े थे,बदमाशो ने घर में दाखिल होने के पहले घर पर वो बच्चो संग अकेली थी,देर रात वो बताया कि उसके पति सूरज ट्रक चालक है जो शनिवार को ट्रक लेकर बाहर गए हुए थे रात को वह अपने दो बच्चों के साथ बाहरी कमरे में लेटी हुई थी तभी घर के बाहर लगे दरवाजे को पीटने की आवाज उन्हें सुनाई दी। इस पर सोनी खिड़की से झांककर देखा,तो तीन बदमाश असलहो से लैस होकर छत पर खड़े थे। डरी.सहमी सोनी अपने कमरे में जाकर लेट गयी।सोनी ने बताया दो बदमाश छत के रास्ते से जीने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर मे दाखिल हुए, बदमाशो के पास तमंचा और चाकू था जबकि एक बदमाश बाहर ही खड़ा था, घर मे घुसे दोनों बदमाशो ने कमरे का दरवाजा तोडा और फिर अलमारी का लॉकर तोड़कर अलमारी में रखी करीब दो हजार की नगदी और करीब एक लाख के जेवरात निकाल लिया वह डरी सहमी



ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया बदमाश

यह सब देख रही थी। जिसके बाद उसने पति सूरज के मोबाइल पर फोन कर बदमाशो के घर में होने की सूचना दी,जिसके बाद रायबरेली के लालगंज में मौजूद पति सूरज ने पुलिस कन्ट्रोल रूम सहित ग्रामीणो को फोन कर घर में बदमाशो के होने की सूचना देते हुये ट्रक लेकर वहा से घर के लिये निकला,वही घर में घुसे बदमाश एक घंटे तक बैखोफ होकर लूटपाट करते रहे,ट्रक को गांव के बाहर खड़ा कर सूरज पैदल ही ग्रामीणो के साथ घर पहुंचकर बदमाशो को ललकारा तो वो लूटे गये सामान सहित मौके से भगाने लगे,जिसके बाद ग्रामीणो संग घेराबंदी कर सूरज ने एक बदमाश को असलहे सहित धर दबोचा,इस दौरान बदमाश ने असलहे से गोली चलाने की धमकी देते हुये चाकू से सूरज,नीरज,नीलेश पर चाकू से वार कर घायल कर दिया,जिसके बाद नाराज ग्रामीणो ने बदमाश की बुरी तरह पिटाई करने के बाद रस्सी से हाथ पैर बाध कर बंधक बनाकर निगोहा पुलिस को सूचना दी तब जाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बंधक बनाये गये बदमाश को हिरासत में लेकर थाने ले गयी ?।जहा से घायल बदमाश को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी। एसएसआई रामफल मिश्रा ने बताया पकड़े गये बदमाश ने पुछताछ में अपना नाम अम्बर निवासी मोरवनपुर धौरावा लखीमपुर बताया।उसके पास से एक अवैध तंमचा व दो जिंदा कारतूस भी बरामद ? हुये है ?।पीड़ित की तहरीर पर पकड़े गये बदमाश सहित भागे साथियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है ?

**समय पर पहुचती पुलिस तो पकड़े जाते सभी बदमाश:** घटना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित टोल प्लाजा पर पुलिस बैठी रही वही घटना से लगभग 5 कि मी दूरी तय करने के बाद भी निगोहां पुलिस को एक घण्टे लग गये।

**पुलिस गश्त पर उठे सवाल:** निगोहां पुलिस पर ग्रामीणों ने एक बार फिर से पुलिस की गश्त पर सवाल उठाया ग्रामीणों ने निगोहां पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि थाने पर भारीभरकम पुलिस बल की तैनाती होने के बाद भी पुलिस उनके गांव में सालो बीत जाते गश्त नही करती है।

# बैंक फाइनेंस गाड़ियों को कूटरचित कागजातों के सहारे बेचने वाला गिरोह पकड़ा गया

### सरगना गिरफ्तार, सात गाड़ियां बरामद

**लखनऊ।** कूट रचित कागजात बनवा कर बैंक फाइनेंस गाड़ियों को फर्जी तरीके से बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी अब तक दर्जनों गाड़ियों को भेज चुका है, उसके दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन रईस अख्तर ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस पॉलिटेक्निक चौराहे के पास जांच अभियान चला रही थी। इस दौरान महाराष्ट्र नंबर की एक संदिग्ध अर्टिगा कार आती दिखाई दी। जिस पर पॉलिटेक्निक चौराहे के उप निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर गाड़ी के बारे में पूछताछ कीए इस पर वह उसके कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ के दौरान पता चला कि पकड़ा गया आरोपी धर्मेंद्र पासवान निवासी गोविंदपुर पोस्ट बैतालपुर थाना कोतवाली सदर जिला देवरिया गाड़ियों के बेचने का काम करता है। जिसने देवरिया के बैतालपुर थाना क्षेत्र में रुद्राक्ष इंटरप्राइजेज के नाम से एक कार्यालय खोल रखा हैए जिसकी आड़ में यह चोरी की गाड़ियों समेत फर्जी दस्तावेज तैयार करके गाड़ियों को बेचता है। जिसके इस कार्य में उसका भतीजा जितेंद्र पासवान व एक रिश्तेदार दुर्गेश निवासी महाराजगंज सहयोग करते हैं।जिसमें दुर्गेश गुजरात के सूरत में रहता है। जहां वह फर्जी तरीके से विभिन्न बैंकों से गाड़ियां फइनेंस करा कर उनका रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन फइनेंस संबंधी विवरण से हटा देता है।जिसके बाद वह इन गाड़ियों के फर्जी कागजात तैयार कर दूसरे जिलों में जाकर के बेच देते हैं। गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर गोरखपुर समेत अन्य जिलों में बेची गई गाड़ियों में से सात को बरामद किया गया है।

## लालबाग गर्ल्स इंटर कालेज में नियुक्तियों की जांच की गई एसआइटी के हवाले

**लखनऊ।** लालबाग गर्ल्स इंटर कालेज में अवैध प्रबन्ध तंत्र द्वारा 30 शिक्षकों की हुई नियुक्ति की जांच अब एसआईटी करेगी। इस बाबत पुलिस उपमहानिरीक्षक विशेष अनुसंधान दल की तरफसे निदेशक माध्यमिक शिक्षा को लिखे गए पत्र में जांच में सहयोग को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है।रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक आदेश में स्कूल प्रबंधन द्वारा जांच में सहयोग न करने व आवश्यक दस्तावेज न देने की सूचना सामने आई है। स्कूल में बीते कई वर्षों से गलत तरीके से नियुक्तियां होने के मामले सामने आया था।यहां प्रिंसिपल पद को लेकर भी विवाद हुआ है। यहां की नियुक्तियों में सत्ता में बैठे कई राजनेताओं से लेकर सीनियर अधिकारियों तक के नाम जोड़े गए हैं।

# गन्ना विभाग में भुगतान के फर्जीवाड़े का खुलासा

### गन्ना पर्यवेक्षक समेत आधा दर्जन कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी की सरकार के दौरान अनपेड गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर गन्ना विभाग के विभागीय कर्मचारियों द्वारा लाखों का घोटाला करके अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले में योगी सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करके वसूली की कार्रवाई की गई। यह जानकारी आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने दी।

आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. शामली में अनपेड गन्ना मूल्य खातों में कृषकों का पूर्व वर्षों का काफी बकाया पड़ा था, जिसे जब समितियों द्वारा कृषकों को नगद भुगतान किया जाता था तथा कृषकों की पर्ची खो जाने, पर्ची फट जाने अथवा खाता गलत होने के कारण उनका धन अनपेड गन्ना मूल्य खाते में पड़ा रहा । अनपेड गत्रा मूल्य खाते से धन का भुगतान करते समय कृषक द्वारा अनपेड गन्ना मूल्य के भुगतान हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाता है, जिस पर सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक तथा समिति के अनपेड गन्ना मूल्य भुगतान खण्ड के प्रभारी लिपिक व समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा रिपोर्ट लगाने के उपरान्त सचिव, गन्ना समिति से अनुमोदन प्राप्त कर कृषकों के खाते में धन स्थानान्तरित किया जाता है। उक्त सभी कर्मचारियों का दायित्व होता है कि अनपेड गन्ना मूल्य भुगतान के समय यह सुनिश्चित कर लें कि सही कृषक को ही अनपेड गन्ना मूल्य का भुगतान हो परन्तु शामली में कार्यरत रामपाल , तत्कालीन गन्ना पर्यवेक्षक, राजवीर सिंह, तत्कालीन कोषाध्यक्ष एवं कार्यवाहक लेखाकार जितेन्द्र सिंह, स्थायी लिपिक, एवं शौकीन अली, स्थायी लिपिक , जो अनपेड गन्ना मूल्य खण्ड के प्रभारी थे, के द्वारा सांठगांठ कर साजिश रचते हुए कतिपय चहेते कृषकों के बैंक खाते में एक से अधिक बार भेजा गया। इन्ही कर्मचारियों की मिलीभगत तथा तत्समय कार्यरत समिति के सचिवों की पर्यवेक्षणीय लापरवाही वित्तीय नियमों की अनदेखी से 82,37,930 रुपया सही काश्तकारों के स्थान पर गलत कृषकों के खाते में धन भेजकर गम्भीर वित्तीय अनियमितता करते हुए निजी स्वार्थ की पूर्ति की गयी। प्रकरण प्रकाश में आने पर इसकी जाँच करायी गई तथा रामपाल , तत्कालीन गन्ना पर्यवेक्षक, राजवीर सिंह, तत्कालीन कोषाध्यक्ष एवं कार्यवाहक लेखाकार, जितेन्द्र सिंह, स्थायी लिपिक, एवं शौकीन अली, स्थायी लिपिक, रामशंकर , तत्कालीन विशेष सचिव, बेगराज सिंह , तत्कालीन , गन्ना विकास निरीक्षक सचिव, रिपुदमन, तत्कालीन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सचिव एवं शशिप्रकाश , तत्कालीन गन्ना विकास निरीक्षक सचिव के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी तथा दोषी पाये गये कार्मिकों के विरूद्ध निलम्बन, अनुशासनिक कार्यवाही भी करते हुए विभिन्न स्तर के कर्मचारी अधिकारी होने के कारण अनुशासनिक कार्यवाही के कम्पोजिट जाच हेतु उप गन्ना आयुक्त, बरेली को जांच अधिकारी नामित किया गया।

**NOTICE REGARDING LOST CERTIFICATE(S) OF AMARA RAJA BATTERIES LIMITED**

**REGISTERED ADDRESS: RENIGUNTA CUDDAPAH ROAD KARAKAMBADI TIRUPATI A.P (INDIA) AP 517520 IN**

I Ganesh Mal Jain, residing at 7/157 Swaroop Nagar, 701 Vrindavan Apartment Kanpur, Kanpur Nagar, Uttar Pradesh - 208002 the registered holder(s) of the under mentioned shares held in the above said company, hereby give notice that the share certificate(s) in respect of the said shares have been lost and I have applied to the Company for issue of duplicate certificate(s). Further, the said shares have been transferred to IEPF Authority, as the dividend amount remained unpaid.

Any person having any objection/claim in respect of the said shares should lodge such claims with the Company at its above referred address within 15 days from this date, else the Company will endorse to the IEPF Authority for releasing the said shares from their demat a/c to my/our demat account, without insisting for production of the original share certificates.

| Folio No. | Face Value | Certificate No. | Distinctive no. From | Distinctive no. To |
|---|---|---|---|---|
| 00029151 | 10 | 43223-43230 | 6987801 | 6988600 |
| 00029151 | 2 | 1028 | 14378906 | 14382905 |
| 00029151 | 2 | 2868 | 69699049 | 69701048 |
| 00029151 | 1 | 550 | 2966781 | 2978780 |

Date : 7-12-2020
Place : Kanpur

GANESH MAL JAIN

# सेवारत होमगार्ड की मृत्यु पर परिजनों को मिलेगी पांच लाख की मदद

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि होमगार्ड विभाग हमेशा से ही निष्काम भाव से समाज की सेवा व देश की सुरक्षा में योगदान दिया है। कुंभ मेला हो, आपदा हो या अन्य क्षेत्र में कार्य करने के दौरान होमगार्ड स्वयंसेवको ने हमेशा अदम्य साहस का परिचय दिया है। इस सेवा और साहस का क्रम यूंही ही जारी रखें। दरअसल, होमगार्ड मुख्यालय स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित 58वें उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने कहीं।

सीएम योगी ने कहा कि बिकरु कांड में घायल होमगार्ड जयराम को सरकारी मदद और चिकित्सा उपचार के लिए छह लाख की मदद दी गई है। होमगार्ड अपनी क्षमता और दक्षता के अनुसार ईमानदारी से सेवा देते रहें। होमगार्ड के साथ दुर्घटना हुई तो परिजनों को आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही पांच लाख की सहायता राशि भी दी जाएगी। राज्य सरकार कौशल विकास योजना के तहत 1200 जवान बाढ़ के लिए प्रशिक्षित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों की भूमिका हर स्तर पर सराहनीय रही है। उनकी कर्तव्यशीलता को देखते हुए होमगार्ड जवानों को आपदा प्रबंधन व मास्टर्स ट्रेनिंग से भी प्रशिक्षित किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने परेड वाहन से ग्राउंड का निरीक्षण किया। बैंड दल ने भी अपना हुनर मुख्यमंत्री के सामने दिखाया। वहीं, कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार ने कहा कि हमने ऑटोमैटिक सॉफ्टवेयर के जरिये ड्यूटी लगाए जाने और उन्हें भुगतान करने की व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी। होमगार्ड कार्यालय भवन का लोकार्पणः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद, आगरा मंडली एवं जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, फतेहपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, हमीरपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, जौनपुर व फतेहगढ़ होमगार्ड कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद का नाम स्वर्गीय चेतन चौहान होमगार्ड मंडली प्रशिक्षण केंद्र रखा गया। इस मौके पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, डीजीपी हितेश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, स्वर्गीय मंत्री चेतन चौहान की पत्नी विधायक संगीता चौहान, अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार, महानिदेशक होमगार्ड विजय कुमार व महापौर संयुक्ता भाटिया समेत बड़ी सं या में लोग मौजूद रहे।


## उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,अनपरा- सोनभद्र

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई–निविदा सूचना सं0ः 01/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/ओवरहालिंग, 2x500 मे0वा0 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 के मिल रिजेक्ट हैन्डलिंग सिस्टम के ओवरहालिंग मेनटेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **26.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **5,72,000.00, अवधिः 35 दिन, धरोहर धनराशिः रू0 10,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **29.12.2020 (13:00 बजे)** है।

2. ई–निविदा सूचना सं0ः 02/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/ओवरहालिंग, 2x500 मे0वा0 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 की पी0सी0 पाइपिंग के ओवरहालिंग मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **26.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **8,04,000.00, अवधिः 35 दिन,धरोहर धनराशिः रू0 16,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **28.12.2020 (13:00 बजे)** है।

3. ई–निविदा सूचना सं0ः 04/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/ओवरहालिंग, 2x500 मे0वा0 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 के इकाई संख्या–7 के ओवरहालिंग के दौरान डक्टस एंव डैम्पर्स के मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **26.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **5,00,000.00, अवधिः 35 दिन, धरोहर धनराशिः रू0 10,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **28.12.2020 (13:00 बजे)** है।

4. ई–निविदा सूचना सं0ः 10/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या– 6 एवं 7 में ब्वायलर अनुरक्षण खण्ड–2 की विभिन्न ऑक्जिलिरीज एंव उनके सम्बन्धित क्षेत्र की रूटीन क्लीलिंग/स्वीपिंग मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **26.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **6,85,000.00, अवधिः 12 माह, धरोहर धनराशिः रू0 13,500.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **28.12.2020 (13:00 बजे)** है।

5. ई–निविदा सूचना सं0ः 34/BMD-I/BTPS/2020–2021, अनपरा तापीय परियोजना के अधीनस्थ 2x500 मे0वा0, बताप अनपरा की इकाई संख्या 4 के ओवरहालिंग के दौरान ब्वायलर के फाइनल सुपर हीटर, मेन स्टीम लाइन, प्राइमरी सुपर हीटर, बैक पास एंव ब्वायलर ड्रम के ड्रेन एंव वेन्ट वाल्व के रिपेयरिंग एंव रीड्रेसिंग सम्बन्धित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **23.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। अवधिः इकाई संख्या 4 के ओवरहालिंग मेन्टीनेन्स की अवधि में, कार्य की अनुमानित लागत रू **6,05,000.00, धरोहर धनराशिः रू0 6500.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **26.12.2020 (16:00 बजे)** है।

6. ई–निविदा सूचना सं0ः 17/वि0अनु0खं0–1/द'ताप/अनपरा/2020–2021, 'द'ताप अनपरा के ट्रांसफार्मर ओवरहालिंग और UT & UAT ट्रांसफार्मर गैसकेट बदलने के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **27.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **10,82,550.00, अवधिः 06 माह। धरोहर धनराशिः रू0 21,651.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **05.01.2021 (16:00 बजे)** है।

7. ई–निविदा सूचना सं0ः 10/सी0एच0डी0–1/ए0टी0पी0एस0/2020–2021, 3x210 मे0वा0 अनपरा 'अ'ताप विद्युत गृह के कोयला संचालन संयंत्र के पी0सी0 रिजेक्ट व सभी कन्वेयरों एंव स्ट्रक्चरों के नीचे से कोयला, या कोयले का डस्ट/कोल सलरी को ट्राली में लोड कर कोल यार्ड में ले जा कर अनलोड करने आदि के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **27.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। **अवधिः 12 माह।** कार्य की अनुमानित लागत रू **20.21 लाख, धरोहर धनराशिः रू0 40,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **28.12.2020 (16:00 बजे)** है।

8. ई–निविदा सूचना सं0ः 03/नि0एंवउप0अनु0खं0–1/द'ताप/2020–2021, 'द'ताप के नियंत्रण एंव उपकरणीय अनुरक्षण खण्ड–1 2x500 मे0वा0 द'तापीय परियोजना, अनपरा के अधीन इकाई संख्या–7 के फील्ड इंस्ट्रूमेन्ट तथा न्यमेटिक एक्चुएटर के आवेरहालिंग एंव सर्विसिंग तथा जे0बी0, एल0आई0 इत्यादि की पेंटिंग के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **25.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **5,60,000.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 11,200.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक **30.12.2020 (16:00 बजे)** है।

9. ई–निविदा सूचना सं0ः 04/नि0एंवउप0अनु0खं0–1/द'ताप/2020–2021, 'द'ताप के नियंत्रण एंव उपकरणीय अनुरक्षण खं0–1, 2x500 मे0वा0 'द'तापीय परियोजना, अनपरा के अधीन इकाई संख्या–7 के इलेक्ट्रिकल एक्चुएटर के ओवरहालिंग के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **26.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **5,14,000.00, अवधिः 12माह। धरोहर धनराशिः रू0 10,200.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **31.12.2020 (16:00** बजे) है।

10. अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0ः 12/जा0अनु0खं0–7/अताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0 अनपरा द'ताप स्थित सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के वार्षिक परिचालन एंव अनुरक्षण का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **09.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **9,82,314.73, धरोहर धनराशिः रू0 20,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **24.12.2020 (16:00 बजे)** है।

11. ई–निविदा सूचना सं0ः 09/OGD/DTPS/2020–2021, अनपरा 2x500 मे0वा0 द'तापीय परियोजना की इाकई संख्या 6 और 7 के कामन कन्ट्रोल रूम (CCR), फ्यूल आयल पम्प हाउस (FOPH), रूम एंव बैटरी (Battery) रूम एंव सी–आई लैब तथा स्टोर (C&I Lab & Store) के फर्श की सफाई के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **30.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **3,21,000.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 6,500.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **29.12.2020 (18:00 बजे)** है।

12. ई–निविदा सूचना सं0ः 15/परि0सा0खं0/अताप/ 2020–2021, अ'ताप अनपरा की 3x210 मे0वा0 की इकाईयों एंव इसके इक्यूपमेन्ट के परिचालन में सहायता के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **27.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **27.37 लाख, अवधिः एक वर्ष। धरोहर धनराशिः रू0 54740.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **30.12.2020 (16:00 बजे)** है।

13. अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0ः 10/जा0अनु0खं0–2/अताप/2020–2021, अनपरा तापीय परियोजना अनपरा के मुख्य नियंत्रण कक्ष से गेट नं0 02 तक 400/132 के0वी0 स्विचयार्ड के बाउन्ड्री का चैनलिंक फैन्सिंग का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **05.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **25,61,962.00, अवधिः 04 माह। धरोहर धनराशिः रू0 52,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **31.12.2020 (16:00 बजे)** है।

14. ई–निविदा सूचना सं0ः 08/जा0अनु0खं0–1/अताप/2020–2021, सी0आई0एस0एफ0 कालोनी के आवास संख्या (S-II-73 to S-II-48 and (S-I-185 to S-I-145) के सामने नालियों के विशेष के विशेष अनुरक्षण कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **07.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **607358.00, अवधिः 04 माह। धरोहर धनराशिः रू0 12,500.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **11.01.2021 (16:00 बजे)** है।

15. ई–निविदा सूचना सं0ः 21/वि0अ0खं0–1/'अ'ताप/2020–2021, 3x210 मे0वा0 अनपरा 'अ'तापीय परियोजना के 247 एम0वी0ए0, 210 मे0वा0, 15.75 के0वी0 के जनरेटर स्टेटर suitable for KWU type Turbine की रिपेयेरिंग का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **27.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 13,84,82,400.00, अवधिः 08 माह। धरोहर धनराशिः रू0 28,00000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **04.01.2021 (16:00 बजे)** है।

16. ई–निविदा सूचना सं0ः 06/जा0अनु0खं0–4/अताप/2020–2021, अनपरा तापीय परियोजना के स्थायी आवासीय परिसर में स्थित टाईप–1/द्वितीय (नया/पुराना) आवासीय सेक्टर में साफ–सफाई/सैनिटेशन का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **28.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। **अवधिः 12 माह। कार्य की अनुमानित लागत रू 17,00,001.00, धरोहर धनराशिः रू0 34,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **26.12.2020 (16:00 बजे)** है।

17. ई–निविदा सूचना सं0ः 07/जा0अनु0खं0–4/अताप/2020–2021, अनपरा तापीय परियोजना के स्थायी आवासीय परिसर में स्थित टाईप–चतुर्थ/पंचम व जी–आवासीय सेक्टर में साफ–सफाई एवं अन्य सैनिटेशन का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **28.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। **अवधिः 12 माह।** कार्य की अनुमानित लागत **रू 16,50,000.00, धरोहर धनराशिः रू0 33,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि **दिनांकः 26.12.2020 (16:00 बजे)** है।

18. ई–निविदा सूचना सं0ः 10/टी0एम0डी0/ब'ताप/ 2020–2021, ब'ताप विद्युत गृह के अधीनस्थ 2x500 मे0वा0 'ब'ताप अनपरा के इकाई संख्या 4 एंव 5 के टरबाइन एंव सहायक संयत्रो की पाइप लाइन एंव एच0पी0/एल0पी0 वाल्व के थर्मल इंसुलेशन का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **05.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **1,84,800.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 3700.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **15.01.2021 (16:00 बजे)** है।

19. ई–निविदा सूचना सं0ः 03/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 के ओवरहालिंग के दौरान बाउल मिल XRP 1003 एंव उसके सम्बन्धित आक्जीलरीज के मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **28.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 7,10,000.00, अवधिः 35 दिन। धरोहर धनराशिः रू0 14,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **29.12.2020 (13:00 बजे)** है।

20. ई–निविदा सूचना सं0ः 07/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 के ओवरहालिंग के दौरान 36 इन्च ग्रैविमेट्रक आर0सी0फीडर एंव इसके आक्जिलरीज के ओवरहालिंग मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **02.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **5,28,940.00, अवधिः 35दिन। धरोहर धनराशिः रू0 10,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **14.01.2021 (13:00 बजे)** है।

21. ई–निविदा सूचना सं0ः 08/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 के आई0डी0, एफ0डी0, पी0ए0 एंव सील एयर फैन एवं इनके सम्बन्धित आक्जिलरीज के ओवरहालिंग मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **02.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू12,00,000.00, अवधिः 35दिन। धरोहर धनराशिः रू0 20,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **04.01.2021 (13:00 बजे)** है।

22. ई–निविदा सूचना सं0ः 08/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021, 2x500 मे0वा0, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–6 एंव 7 के एक्स0 आर0 पी0 1003 बाउल मिल के एम0पी0ओ0 प्लेट वेन्चुरी आउटलेट, वेन्चुरी आउटलेट कालर, एम0पी0ओ0, एम डी वी, ट्रान्सीसन पीस एंव अन्य सम्बन्धित स्पेयर्स बदलने का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **28.11.2020** को प्रकाशित किया किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 04,05,000.00, अवधिः 12माह। धरोहर धनराशिः रू0 8,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **29.12.2020 (13:00 बजे)** है।

23. ई–निविदा सूचना सं0ः 05/नि0एंवउप0अनु0खं0–3/'द'ताप/2020–2021, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के 2X500 मे0वा0 क्षमता वाली अनपरा 'द' तापीय परियोजना की इकाई संख्या 6 और 7 के बी0ओ0पी0 सिस्टम से सम्बन्धित नियंत्रण उपकरणों एवं सम्बन्धित विभिन्न आक्जिलरीज के सहित इलेक्ट्रिकल एंव न्यूमैटिक एक्चुएटरों, इत्यादि के दिन–रात लगातार नियमित अनुरक्षण एंव प्रीवेन्टिव अनुरक्षण का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **01.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **2291846.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 46,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **11.01.2021 (12:00 बजे)** है।

24. ई–निविदा सूचना सं0ः 09/नि0एंवउप0अनु0खं0–2/'ब'ताप/2020–2021, 2X500 मे0वा0 'ब'ताप विद्युत गृह के इकाई संख्या 4 की वार्षिक अनुरक्षण की अवधि में सी0 एण्ड आई0 संयंत्रों (ए0पी0सी0, बी0एम0एस0, बी0एस0क्यू0) के कंट्रोल पैनल में ओवरहालिंग, क्लीनिंग एंव सर्विसिंग का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **10.11.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 12,6000.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 2,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **11.01.2021 (16:00 बजे)** है।

25. ई–निविदा सूचना सं0ः 05/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021 /ओवरहालिंग,इकाई संख्या–7 2X500, 'द'ताप अनपरा की ओवरहालिंग के दौरान डक्ट के ऐक्सपैन्सन ज्वाइंट के ऊपर गाइड प्लेट को बनाने एंव लगाने का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **03.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 4,15,000.00, अवधिः 35 दिन। धरोहर धनराशिः रू0 8,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **04.01.2021 (13:00 बजे)** है।

26. ई–निविदा सूचना सं0ः 06/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/ओवरहालिंग, इकाई संख्या–7 बी0एम0डी0–2, 2X500, 'द'ताप अनपरा के आई0डी0, एफ0डी0 पी0ए0, सील एयर फैन (बी0एच0ई0एल0 मेक) की ओवरहालिंग मेंटेनेन्स के दौरान कार्य पर्यवेक्षण हेतु विशेषज्ञ इंजीनियर/सुपरवाइजर नियुक्ति का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **03.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **2,82,000.00, अवधिः 35 दिन। धरोहर धनराशिः रू0 4,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **04.01.2021 (13:00 बजे)** है।

27. ई–निविदा सूचना सं0ः 09/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/ओवरहालिंग, इकाई संख्या–7 बी0एम0डी0–2, 2X500, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–7 की ओवरहालिंग के दौरान मिल एंव फीडर के कूलिंग वाटरलाइन एंव सील एयरलाइन में फ्लैंज लगाने का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः 04.12.2020 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 2,00,000.00, अवधिः 35 दिन। धरोहर धनराशिः रू0 4,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **05.01.2021 (13:00 बजे)** है।

28. ई–निविदा सूचना सं0ः11/बी0एम0डी0–2/'द'ताप/2020–2021/, बी0एम0डी0–2, 2X500, 'द'ताप अनपरा के इकाई संख्या–6 एंव 7 के 36 इंच गैविमेट्रक आर0सी0 फीडर एंव इसकी आक्जिलरीज के ब्रेकडाउन मेन्टेनेन्स का कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **04.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू **12,37,717.00, अवधिः 12 माह। धरोहर धनराशिः रू0 10,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **05.01.2021 (13:00 बजे)** है।

29. अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0ः 07/जा0अनु0खं0–3/अ'ताप/2020–2021/, अनपरा तापीय परियोजना द्वारा पुनर्वास क्षेत्र में स्थापित किए गए जाने का कार्य तथा विस्थापित क्षेत्र में पेयजलापूर्ति हेतु बिछाई गई पाइप लाइन के अनुरक्षण एंव मरम्मत का कार्य।'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **07.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू 5,25,710.40, अवधिः 12माह। धरोहर धनराशिः रू0 11,000.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **28.12.2020 (16:00 बजे)** है।

30. ई–निविदा सूचना सं0ः 07/नि0एंवउप0अनु0खं0–2/'ब'ताप/टी–3/2020–2021/, 2X500 मे0वा0 'ब'ताप विद्युत गृह की इकाई सं0 4 की ओवरहालिंग के दौरान सी0 एण्ड आई0 उपकरणों, टर्बाइन एंव उनके ऑक्जिलरीज, तथा ब्वायलर एंव उनके ऑक्जिलरीज के फील्ड संयंत्रो की सर्विसिंग एंव ओवरहालिंग का कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **07.12.2020** को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत **रू12,80,000.00, अवधिः 12माह। धरोहर धनराशिः रू0 25,500.00** है। ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **18.01.2021 (16:00 बजे)** है।

**कार्य/आपूर्ति की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एंव शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। सम्बन्धित अधिकारी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाईट पर डाली जायेगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहता चाहिए।**

पत्रांक : 912/मु0 अभि0(स्तर–1)/कला अनु0/अ0ता0प0 दिनांक 05.12.2020

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'


## महापरिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर के 65 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ऐशबाग स्थित कार्यालय पर तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन द्वारा पूर्व की ही भांति इस वर्ष भी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कई वरिष्ठ समाजसेवी सहित बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित थे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठन के महासचिव मोहम्मद हनिफखान ने अम्बेडकर ने अपना समस्त जीवन देश के गरीब, शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्ग को समनता और न्याय दिलाने में खर्च कर दिया। देश सदैव उनका आभारी रहेगा। खान ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की नींव उसके संविधान पर आधारित होती है। यदि भारत दुनिया के सफलतम लोकतंत्र के रुप में जाना जाता है तो इसका श्रेय संविधान निर्माता अम्बेडकर को जाता है। अम्बेडकर ने दबे-कुचले वर्ग को ध्यान में रखकर जिन संवैधानिक मूल्यों की स्थापना की थी वर्तमान सरकार लगातार उन अधिकारों का हनन कर रही है। कृषि बिल के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे किसानो के प्रति सरकार का दमनकारी रवैया उनकी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। दलितो के उद्धार के लेकर किये गये उनके योगदान व संघर्ष को भुलाया नही जा सकता अम्बेडकर हमेशा देश वासियो के लिये प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। गोष्ठी में मुख्य रुप से रफत सायदा सिद्दीकी, राजेंद्र कुमार गुप्ता, अनिल शुक्ला, अरुन डेविड, रश्मि गुप्ता, रिजवाना सिद्दीकी, सुजाता सिंह आदि ने अपने विचार रखें।

## बाबा साहेब को किया याद

**लखनऊ।** परिनिर्वाण दिवस पर रविवार को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बाबासाहेब की 64वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही विवि के कुलसचिव प्रो एस विक्टर बाबू, डीन अकैडमिक अफेयर्स, प्रो आरपी राणा, डायरेक्टर आईक्यूएसी, प्रो डीपी सिंह, प्रो बीएस भदौरिया, प्रो शिल्पी वर्मा, डॉ मनोज डडवाल, डॉ आरएस वर्मा समेत अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने बाबासाहेब को पुष्पांजलि दी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में बाबा साहेब को दी गई पुष्पांजलि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय सांस्कृतिकी की तरफसे रविवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, कुलानुशासक प्रोफेसर दिनेश कुमार, सांस्कृतिकी के निदेशक प्रोफेसर राकेश चंद्रा और छात्र तथा कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## परिनिर्वाण दिवस पर बसपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 65 वे परिनिर्वाण दिवस पर रविवार को गोमतीनगर स्थित अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में बसपा की लखनऊ यूनिट व प्रदेश पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इनमे अशोक सिद्धार्थ सांसद (राज्य सभा), गयाचारण दिनकर पूर्व मंत्री, नौशाद अली पूर्व एमएलसी, डॉ रामकुमार कुरील पूर्व एमएलसी, डॉ हरिकृष्ण गौतम व सभी मुख्य सेक्टर प्रभारी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहेब

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त अमित कुमार ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे। संघ के अध्यक्ष शशि मिश्र, महामंत्री सै. कैसर रजा, उपाध्यक्ष विमला तिवारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर बाबा साहेब को पुष्प अर्पण कर उनकी शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के प्री-प्राइमरी सेक्शन की प्रतिभाशाली छात्रा वर्णिका श्रीवास्तव ने भारतीय स्मारकों पर आधारित राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था 'परपल विंग्स' के तत्वावधान में नेशनल लेविल ऑनलाइन कम्पटीशन 'टूरिज्म फेस्ट-2020' के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने भारतीय स्मारकों से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर बड़ी ही तीव्रता, स्पष्टता तथा सारगर्भित ढंग से देकर अपने ज्ञान-विज्ञान, तार्किक क्षमता व आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया और दिखाया कि सी.एम.एस. छात्र छोटी उम्र से ही भारतीय धरोहरों के संरक्षण के प्रति काफी जागरूक एवं सजग हैं। प्रतियोगिता के आयोजकों ने वर्णिका के ज्ञान-विज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## नाका में एक शातिर तस्कर गिरफ्तार तमंचा बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की नाका पुलिस ने 1 शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है जिसके पास दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं प्रभारी निरीक्षक नाका सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि उप निरीक्षक कुलदीप कुमार तिवारी द्वारा साथियों के साथ चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बस अड्डा चारबाग के सामने एक व्यक्ति छोटी लाइन की तरफ से बड़ी बस के आगे खड़ा था जो पुलिस वालों को देखकर अचानक शक पकाकर दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन की तरफभागने लगा जिसे घेराबंदी करके पकड़ कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसका नाम पता नूरी कबाड़ी थाना मड़ियांव निवासी विजय सोनी है जिसके पास है एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

## पैदल जा रहे युवक को कार सवार दंबगों ने मारपीट कर लूटा

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित सेक्टर-एफ एलडीए कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप सोनकर का आरोप है कि वह शनिवार देरशाम आलमबाग जा रहा था। इस दौरान सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पराग चौराहे पास के पास खड़ी कार से अचानक दो युवक निकले और उसके साथ लूटपाट करने लगे। उसने इसका विरोध किया तो शराब के नशे में कार सवार दबंग ने उनकी जमकर पिटाई कर दी और उसके पास मौजूद नौ हजार, मोबाइल व घड़ी लूट कर फरार हो गये। पीड़ित युवक की तहरीर पर स्थानीय पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खगाल रही है। पुलिस का कहना है कि मारपीट की घटना है आरोपित का लूटपाट का आरोप गलत है।

## बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओ में मारपीट

**लखनऊ।** बिजली चोरी की जांच करने गई टीम पर चोरी से बिजली चला रहे लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि बिजली विभाग के संविदा कर्मियों, एसडीओ एवं जेई को बंधक बनाकर उपभोक्ताओं ने मारपीट की। वही दूसरी ओर उपभोक्ता ने बिजली कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुचीं पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। पारा थाना क्षेत्र के विक्रमनगर में बिजली विभाग की जांच करने गयी टीम पर उपभोक्ताओं ने कर्मचारियों, एसडीओ और जेई पर हमला कर दिया। वही दूसरी ओर उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग की टीम ने उनके साथ मारपीट की। जिसके बाद सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मामले को शांत कराया। फिलहाल दोनो तरफ के कई लोग घायल हुए है।घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पारा इंस्पेक्टर त्रिलोकी सिंह का कहना है की बिजली का मीटर बदलने गई बिजली विभाग की टीम से उपभोक्ताओ ने मारपीट का आरोप लगा है।

## कोरोना को लेकर प्रदेश में अब तक 14 करोड़ से ऊपर की आबादी का सर्वेक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश में कोरोना मरीजों की खोज को लेकर की जा रही फोकस टेस्टिंग के बीच अभी तक 14 करोड़ से ऊपर की संख्या में आबादी का सर्वेक्षण कर लिया गया है। रविवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने दी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने बताया कि प्रदेश में कोविड-19 का रिकवरी प्रतिशत 94.58 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,69,829 क्षेत्रों में 4,78,043 टीम दिवस के माध्यम से 3,00,33,652 घरों के 14,66,00,500 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,79,972 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,03,08,636 सैम्पल की जांच की गयी है। उत्तर प्रदेश देश में कोविड.19 की टेस्टिंग करने में पहला राज्य बन गया है।

## ट्रक की टक्कर से टेम्पो पलटी, पांच घायल

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज में नशेडी ट्रक चालक ने दो बाइक सवारो को टक्कर मारने के बाद धर्मावत खेड़ा गाँव के पास सवारियो से भरी टैम्पो में टक्कर मार दी । टक्कर लगते ही बाद टेम्पो पलटने से उसमें सवार पांच सवारिया घायल हो गई। टक्कर के बाद भाग रहे ट्रक का पीछा कर लोगों ने पकड़ लिया और ट्रक चालक की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक धर्मावत खेड़ा गाँव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोहनलालगंज से सवारिया भरकर गोशाईगंज जा रहीं टैम्पो टैक्सी को टक्कर मार दी जिससे टैक्सी पलट गयीं और टैक्सी में सवार भगवान देवी, इरफान, शाहजहाँ, नूरबानो व आलिया घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## कलेक्ट्रेट पर किसान बिल के विरोध में प्रसपा करेगी प्रदर्शन

लखनऊ। किसान बिल पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) कलेक्ट्रेट पर विरोध करेगी। प्रसपा किसानों का समर्थन करने की तैयारी कर ली। प्रसपा प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराएगी। प्रसपा के प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के आवाह्न पर प्रदेश सहित राजधानी में विरोध करेगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर डीएम अभिषेक प्रकाश को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# 28 वर्षों बाद 6 दिसंबर को पहली बार अयोध्या में दिखी चहल-पहल

**● नहीं मनाया गया शौर्य दिवस और यौमेगम का कार्यक्रम, प्रतिदिन की तरह श्रद्धालुओं ने मां सरयू में लगाई डुबकी और कनक भवन हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के किए दर्शन**





संवाददाता। अयोध्या

**लगभग** तीन दशक पहले 28 वर्ष पूर्व भगवान श्रीराम के जन्मभूमि का विवादित ढांचा छह दिसंबर 1992 को ढहा दिया गया था। पिछले 28 साल अयोध्यावासियों के जेहन में इसकी यादें ताजा रहे इसके लिए हिंदू समाज शौर्य दिवस और मुस्लिम समाज यौमेगम व काला दिवस मनाता था। 9 नवंबर 2019 में श्री राम जन्मभूमि का रामलला के पक्ष में फैसला आने के बाद हिंदू और मुस्लिम समाज दोनों ने खुशी और गम मनाना बंद कर दिया। मुस्लिम समाज की तरफ से कुरान खुरानी का कार्यक्रम मस्जिद में किया जाता है। 28 वर्षों में यह पहला मौका है जब विध्वंस की कडुवी स्मृतियों को भूल कर हर कोई अयोध्या में नए सृजन की बात कर रहा है। श्री राम जन्मभूमि विवादित ढांचा ढहाए जाने के तीन दशक के लंबे इतिहास के सफर के बाद अब अयोध्या की तस्वीर बदलने लगी है और अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है और अयोध्या में शौर्य दिवस व यौमे गम की बात भी नहीं हो रही है। सुबह से ही अयोध्या में प्रतिदिन की तरह चहल.पहल दिखाई दे रही थी हजारों की संख्या में लोग मां सरयू की पावन सलिल में डुबकी लगा रहे थे और मां सरयू के तट पर स्थित नागेश्वर नाथ भगवान का जलाभिषेक करते हुए हनुमानगढ़ी कनक भवन और भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर विराजमान रामलला के भी दर्शन कर रहे थे। अयोध्या पूरी तरह से शांति और व्यवस्थित चहल पहल खुशहाल दिखाई दे रही थी ऐसा लग ही नहीं रहा था की अयोध्या में 28 वर्ष पहले 6 दिसंबर को कोई घटना घटी हो।अयोध्या की दुकानें प्रतिदिन की तरह सुबह से खुली हुई थी और श्रद्धालुओ का आवागमन प्रतिदिन जैसा बना हुआ था कहीं पर कोई प्रतिबंध नहीं दिखाई दे रहा था। हालांकि प्रशासन अपनी तरफ से चौकन्ना था और सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए हुए था।

## अभेद्य किले में तब्दील रही रामनगरी, चप्पे-चप्पे पर पहरा

संवाददाता। अयोध्या



**छह** दिसंबर को देखते हुए प्रशासन पहले से चौकन्ना था और अयोध्या को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 लगा दिया गया था और किसी भी समुदाय को किसी प्रकार की कोई भी कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी गई थी। हिंदू पक्षी के लिए शौर्य दिवस और मुस्लिम पक्ष के लिए यौमें गम वह काला दिवस मनाने पर पूरा प्रतिबंध था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अयोध्या को एक अभेद्य किले के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था प्रतिदिन की अपेक्षा 6 दिसंबर को अयोध्या की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और पूरे नगर को सीआरपीएफ के हवाले कर दिया गया था। सुबह लगभग 9रू30 बजे अयोध्या कोतवाल के नेतृत्व में अयोध्या कोतवाली से श्रृंगार हाट कारसेवक पुरम नया घाट होते हुए अयोध्या कोतवाली तक फ्लैग मार्च भी किया गया। एसपी सिटी ने बताया कि 6 दिसंबर को देखते हुए अयोध्या जिले में धारा 144 लगा दी गई है किसी भी समुदाय को कोई भी कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी गई है और अयोध्या में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## छह दिसंबर 92 को मैंने भी कारसेवा की थी : रामेश्वर शर्मा

**अयोध्या।** 6 दिसंबर को अयोध्या पहुंचे मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा भगवान श्रीरामलला का दर्शन किया। और परिसर के बाहर निकलते ही जय श्रीराम के नारे भी लगाए। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का दिन राम भक्तों के लिए शौर्य और स्वाभिमान का दिवस है जिसके लिए मैं आज अयोध्या आया हूं। उन्होंने कहा 6 दिसंबर 1992 में भी कारसेवा करने अयोध्या आया था और आज 6 दिसंबर पर मंदिर निर्माण के लिए अयोध्या आया हूं। 6 दिसंबर भारत के राम भक्तों के शौर्य और स्वाभिमान का दिवस है। इसलिए अवध में राम के मंदिर का निर्माण हो रहा है भगवान श्री राम को लेकर कितना संघर्ष हुआ 500 वर्षों तक हमने मुगलों से लड़ाई ढाई सौ साल तक अंग्रेजों से लड़ाई के बाद से कुछ तथाकथित हिंदुस्तानियों से लड़े आज सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दे दिया है और हम अपनी जिंदगी में मंदिर निर्माण होते देख रहे हैं और जो हमारी माथे पर कलंक था कि एक विदेशी आक्रांता आकर मंदिर को तोड़ दिया था।

## हिंदू समाज पार्टी ने मनाया शौर्य दिवस

**● हिंदू समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने मां सरयू के जल से काशी और मथुरा को मुक्त कराने का लिया संकल्प**



**अयोध्या।** छह दिसंबर पर जहां प्रशासन ने सभी रस्मी आयोजनों पर रोक लगा दिया था। वहीं हिंदू समाज पार्टी ने पुलिस प्रशासन को धता बताते हुए। सरयू तट पर संकल्प लेकर शौर्य दिवस मनाया। रविवार को पार्टी के आधा दर्जन कार्यकर्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने हाथों में सरयू जल लेकर काशी.मथुरा को मुक्त कराने का संकल्प लिया और हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन.पूजन किया। इस मौके पर गौरव वर्मा ने कहाकि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। सैंकड़ो वर्षों के संघर्षों बाद श्रीरामजन्मभूमि हिंदुओं को प्राप्त हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राममंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला किया है। अब हिंदू समाज पार्टी काशी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा को मुक्त कराने के लिए जन आंदोलन करेगी, जिसके लिए आज सरयू तट पर संकल्प लिया गया है। राष्ट्रीय धर्माचार्य प्रमुख सरोजनाथ योगी ने कहा कि वीर बलिदानी स्वण् कमलेश तिवारी ने श्रीरामजन्मभूमि के लिए लड़ाई लड़ी। इसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्य न्यौछावर कर दिया। राममंदिर की लड़ाई में सफलता मिल गई है। इससे ज्यादा खुशी की बात हम लोगों के लिए और कुछ नही है। अब भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है। जो जल्द बनकर तैयार हो जायेगा। हमारे रामलला दिव्य भवन में विराजमान होंगे। संगठन मंत्री मोहित मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा सरकार हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार पर मौन है। सरकार से मेरी मांग है कि जल्द से जल्द हिंदू आयोग का गठन होए जिससे हिंदुओं को उचित न्याय मिल सके। इस अवसर पर मोहित मिश्रा, सौरभ तिवारी, मुन्ना निषाद, बाबू कश्यप, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

## हिंदू समाज प्रतिदिन मना रहा है शौर्य दिवसः शरद शर्मा

**अयोध्या।** विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता शरद शर्मा ने 6 दिसंबर के मौके पर कहा कि भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण में ही शौर्य दिवस निहित है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शौर्य दिवस यौमेंगम और काला दिवस मनाना सुप्रीम कोर्ट की अवमानना है। जब कोर्ट ने भी यह मान लिया कि रामलला का जन्म वही हुआ था और वह अस्थल हमारे आराध्य प्रभु राम लला का है और फैसले के बाद मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है ऐसे में अब 6 दिसंबर का मुद्दा समाप्त हो गया और हिंदू समाज की तरफ से मंदिर निर्माण ही हिंदुओं के शौर्य का प्रतीक इसलिए अब 6 दिसंबर को सौर दिवस मनाने का कोई औचित्य ही नहीं है हम लोग मंदिर निर्माण के साथ प्रतिदिन सौर दिवस मनाते है।

## छह दिसंबर का मुद्दा फैसले के बाद हुआ समाप्त : इकबाल अंसारी

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पूर्व पंच कार इकबाल अंसारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब अयोध्या में भाईचारे और सौहार्द का माहौल है। अब दोनों पक्ष को आपस में मिलकर अयोध्या के विकास के बारे में सोचना चाहिए यौमेंगमऔर काला दिवस का मुद्दा फैसले के साथ ही समाप्त हो गया है और किसी भी समुदाय को अब 6 दिसंबर के दिन कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं करना चाहिए जिससे फिर अयोध्या में टकराव की स्थिति बने और भाईचारे पर खतरा पैदा हो।

## नहीं मनाया गया यौमेंगमः हाजी महबूब

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पूर्व मुद्दई हाजी महबूब ने बताया कि प्रशासन ने सभी कार्यक्रमों पर रोक लगा दिया था। इसलिए यौमेंगम का कार्यक्रम नहीं मनाया गया। लेकिन कुरान खानी करके बाबरी मस्जिद में शहीद हुए अपने पूर्वजों को याद किया गया है और कोई कार्यक्रम 6 दिसंबर के अवसर पर नहीं किया गया। अगले वर्ष जैसे हालात होंगे वैसा निर्णय लिया जाएगा।

# सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

**● एबीवीपी ने आयोजित किया कार्यक्रम**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद अंबेडकरनगर के कार्यकर्ताओं द्वारा संगोष्ठी , माल्यार्पण कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया अकबरपुर अशोका स्मारक इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता एबीवीपी अवध प्रांत, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ मोनिका परमार ने कहा महापुरुषों की जयंती का पुण्यतिथि क्यों मनाई जाती है उन्होंने समझाया कि यह महापुरुषों से प्रेरणा लेने का कारक होता है विद्यार्थी परिषद आपने स्थापना काल से ही समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास किया है विद्यार्थी परिषद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती रहा है जिला प्रमुख डॉ उदय प्रताप सिंह ने अपने स्वागत भाषण में संविधान की महत्ता को समझाया अंबेडकर जी को जब याद करते हैं सबसे पहले संविधान की बात याद आती हैं बाबा साहेब की दिव्य दृष्टि और उनके राष्ट्र के प्रति ठोस विचारो से ही यह संभव हो सका हमारा संविधान सिर्फ एक कानूनी मार्गदर्शन की व्यवस्था तक हीं सीमित नहीं है एबीवीपी जिला संयोजक आकाश पाण्डेय ने कहा बाबा साहब का समाज में समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में जो महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, वह अतुलनीय है कि हम सभी कार्यकर्ता और छात्रों को बाबा साहेब के संघर्ष से सीख लेनी होगी तभी बड़ी से बड़ी मुश्किल को आसानी से हल कर सकेंगे अपने विकास के साथ ही समाज को भी विकास और समानता का रास्ता दिखाएं ज्ञान शील एकता के सबसे बड़े उदाहरण बने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर , अत: जिला सह संयोजक केतन यादव ने सभी का आभार ज्ञापित किया इस अवसर पर भीटी तहसील सह संयोजक विकास यादव, प्रतीक धर द्विवेदी, शिवम् पांडे, राजन सिंह, मोहन तिवारी, अंकित सिंह, शुभम पांडे, अनुराग दीक्षित, व आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



समरसता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एबीवीपी के कार्यकर्ता

# चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**कोतवाली** थाने की पुलिस टीम ने चोरी की मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जनपद में हत्या, लूट, चोरी व गैरकानूनी कार्य के खिलाफ एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली थाना प्रभारी जयदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम चौकी इंचार्ज राम सिंह को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति शास्त्री चौक पर घूमता हुआ दिखाई दिया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से चोरी का मोबाइल व पावर बैंक मिला। नगर निगम चौकी इंचार्ज राम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अरमान सिद्दीकी पुत्र आजाद सिद्दीकी निवासी कटिया बाजार थाना हरपुर बुदहट बताया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल शक्ति सिंह, पिंटू कुमार शामिल रहें।

## नशीले पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक जोगिंदर कुमार के निर्देश व पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कोतवाली बी. पी. सिंह के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी जयदीप कुमार वर्मा व बेनीगंज चौकी इंचार्ज बबलू कुमार क्षेत्र में मामूर थे। भ्रमण के दौरान तरंग क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 160 ग्राम डायजापाम नशीला पदार्थ मिला। भ्रमण के दौरान तरंग क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 160 ग्राम डायजापाम नशीला पदार्थ मिला। कोतवाली थाना प्रभारी जयदीप कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अफ्जल खान पुत्र सनाउल्लाह खान निवासी खोखट टोला थाना राजघाट बताया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल राकेश कुमार, तेज प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार शामिल रहें।

# बिस्मिल बलिदानी मेला और खेल महोत्सव की तैयारियां

**● दस दिवसीय मेला 16 से, 25 को पुरस्कार वितरण**

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**स्वतंत्रता** संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों, बलिदानियों एवं देश की एकता व अखंडता को कायम रखने में अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले सैनिकों व शहीदों के सम्मान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला देश प्रेम एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत 11वां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी मेला एवं खेल महोत्सव 2020 आयोजन समिति की तैयारी बैठक आज कार्यक्रम के आयोजक गोरखपुर मंडलीय जेल परिसर स्थित नवनिर्मित बिस्मिल सभागार में हुई। बैठक में आयोजन के निमित्त उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें 16 दिसम्बर को तिरंगा चेतना यात्रा मशाल जुलूस, काकोरी कांड के महानायक राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के बलिदान दिवस 17 दिसंबर को दीपांजलि, 18 तारीख को जनजागरण हेतु मोटरसाइकिल जुलूस, 19 दिसम्बर को प्रात: 5 बजे से बिस्मिल बलिदान स्थली मण्डलीय जेल परिसर में भारत माता की आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा पुष्पांजलि स्वरांजलि श्रंद्धाजलि, 20 दिसम्बर को राप्ती नदी के तट पर रेत शिल्प कला और रंगोली के माध्यम से बिस्मिल आकृति द्वारा 'बिस्मिल- बिस्मिल', साथ ही साथ 25 तारीख को पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्म जयंती पर पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। आयोजक बृजेश राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का यह एकलौता, पहला व अनूठा शहीद मेले का आयोजन गुरु कृपा संस्थान के बैनर तले आयोजित होता है। संचालन रमेश चंद त्रिपाठी के द्वारा किया गया। बैठक में अनिरुद्ध पांडेय एडवोकेट, अर्चना सिंह, बृजेश मणि मिश्रा, रानी मिश्रा, सन्तोष श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, रोनक शुक्ला, मुरलीधर पांडेय, रमेश चंद्र त्रिपाठी, विपिन पांडेय, दिग्विजय सिंह, प्रेमनाथ सिंह, महेश वर्मा, श्रद्धानंद त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी आदि शामिल रहें।

# महिला रिक्रूट ने संभाली यातायात व्यवस्था की कमान



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**महानगर की** यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगेन्दर कुमार के निर्देश व पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में टीआई सुनील कुमार सिन्हाल, टी आई विनोद कुमार शर्मा ने पुलिस लाइन में महिला कांस्टेबल रिक्रूट को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद महिला कांस्टेबल रिक्रूट को महानगर के 9 चौराहों पर तैनात किया गया। महिला कांस्टेबल रिक्रूटों की दो शिफ्ट में चौराहे पर तैनात किया जाएगा। टीआई सुनील कुमार सिन्हाल ने बताया कि आज महानगर के 9 चौराहे पर 40 महिला कांस्टेबल रिक्रूट को लगाया गया है। जिन्हें प्रैक्टिकली सिखाया जा रहा है कि कैसे ट्रैफिक्र को कंट्रोल करना है और चौराहे पर ट्रैफिक्र को कैसे चलाया जाएगा। टीएसआई हरिद्वार सिंह द्वारा कचहरी चौराहा पर तैनात महिला कांस्टेबल रिक्रूट को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# सपाइयों ने डॉ. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**● जीवन वृत्तान्त पर हुई चर्चा**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**रविवार** को जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के रामनगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डा0 भीमराव अंबेडकर के परि निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें डा0बीआर अंबेडकर के जीवन वृतांत पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार में बैठे लोग संविधान में विश्वास नहीं रखते हैं और वह राजा-रानी का देश बनाना चाहते हैं ।ऐसे में संविधान को बचाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर परिवर्तन की इस लड़ाई में अपना सहयोग प्रदान करें ।उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार की साजिश से सावधान रहकर काम करना होगा क्योंकि बांटने की राजनीति की जा रही है ।वहीं अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त ने कहा कि देश का संविधान खतरे में है क्योंकि भाजपा सरकार साजिश के तहत संविधान को खत्म करना चाहती हैं ।उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के लिए काला कानून लाना चाह रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सपा नेता रामप्यारे निषाद ने किया। कार्यक्रम को जनवादी पार्टी के जंत्रीलाल चौहान,एससी-एसटी आयोग की पूर्व सदस्य विद्या सिंह भारती, पूर्व प्रमुख हीरालाल यादव, प्रमोद दत्त,हाजी अकमल जुगनू, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव, चंद्रभूषण यादव, अजीत,रवींद्र यादव, श्यामदेव यादव, राहुल दत्त यशवर्धन, संजीव यादव, आशू सिंह, रामचंद्र वर्मा, अजय एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अखिलेश यादव, बसंत यादव, विश्वनाथ, आशाराम त्यागी, विजयचंद्र वर्मा, रिंकू पांडेय, अनिल कुमार, हृदयराम, दीपप्रकाश मौर्य, अमरावती देवी, संतोष, चिंतामणि पांडेय सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद राममूर्ति वर्मा व अन्य नेता

## दलितों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका अहम : कपिलदेव

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डाक्टर भीम राव अंबेडकर के 64 वे परिनिर्वाण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डाक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर और भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि सामाजिक समरसता और ऊंच नीच के भेद भाव को समाप्त करने में प्रमुख भूमिका निभा कर दलितों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में डाक्टर साहब की प्रमुख भूमिका रही है ।उन्होंने कहा कि भाजपा के मनीषी महामानव पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी भी दलितों और वंचितों के उत्थान और उदय का चिन्तन करते हुए समाज के अन्तिम व्यक्ति के समृध्दि के लिए सदैव तत्पर रहे।

# बलरामपुर चीनी मिल की प्रबंध निदेशिका का निधन



**अम्बेडकरनगर।** पद्म श्री मीनाक्षी सरावगी जो कि लौह महिला के रूप में जानी जाती थी, जिन्होंने उत्तर प्रदेश में 11 चीनी मिलों की स्थापना की जो कि कुछ समय से बीमार चल रही थी, जिनकी 76 वर्ष की आयु में शुक्रवार को देहावसान हो गया। इस समाचार को सुनते ही समस्त चीनी उद्योग में शोक की लहर दौड़ गयी। जो कि बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की संयुक्त प्रबन्ध निदेशिका थी। जिन्हे अभी हाल ही में लाइफ टाइम अचीवमेंट का अवार्ड भी मिला था। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की अकबरपुर इकाई में शोक -सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान यूनिट हेड के0के0 बाजपेयी, महाप्रबन्धक रमाशंकर प्रसाद, अपर महाप्रबन्धक रवीन्द्र सिंह, उप महा प्रबन्धक अंशू रघुवंशी कारखाना प्रबन्धक धनंजय कुमार सिंह, मानव संसाधन अधिकारी नीरज सिंह एव समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हैदराबाद चुनाव

## भाजपा की विजय

हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली विजय के बाद अब उसकी नजर तेलंगाना के 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा भयानक विरोधी परिदृश्य में भी जड़ें जमा कर क्षेत्रों में अपना विस्तार कर सकती है तथा उसके पास देश की सांस्कृतिक विविधता में भी सफलता का फार्मूला है। हालांकि, निगम में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति–टीआरएस सबसे बड़ी पार्टी है, पर वह 99 सीटों में 40 प्रतिशत सीटों पर पराजित हुई है। इसी तरह मुस्लिम–प्रभुत्व वाले शहर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन–एआईएमआईएम को भाजपा ने दिखा दिया है कि वह भारत में कहीं भी विपरीत ध्रुवीकरण कराने में सक्षम है। उसने निजामी हैदराबाद कही जाने वाले मिश्रित संस्कृति में भी अपना शानदार प्रदर्शन किया है। भाजपा ने तेजहीन तेलगु देशम पार्टी–तेदेपा और कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष के स्पेस पर कब्जा कर लिया है। उसे राज्य में पिछली बार की तुलना में दस गुना अधिक सीटें मिली हैं और वह टीआरएस को चुनौती देने वाली शक्ति के रूप में उभरी है। उसे उम्मीद है कि 2023 तक वह सत्ता विरोधी लहर तेज होने के साथ इस क्षेत्रीय पार्टी को सत्ता से हटाने की स्थिति में आ जाएगी तथा कर्नाटक के बाद एक और दक्षिण भारतीय राज्य पर कब्जा करेगी। वह हैदराबाद का प्रयोग प्रवेश द्वार के रूप में करेगी। महत्वपूर्ण रूप से शहर की नगरीय सीमा का विस्तार 24 विधानसभा सीटों तक है। निगम चुनावों में आम चुनाव जितनी गंभीरता प्रदर्शित कर सर्वोच्च भाजपा नेतृत्व ने सिद्ध कर दिया है कि वह अपनी



हर स्थानीय इकाई के संघर्ष में एकजुट है। इस प्रकार उसके द्वारा 'एक पार्टी एक देश' का लक्ष्य पाने के लिए हर प्रदेश महत्वपूर्ण है। 2016 में भाजपा केवल चार वार्डों में विजय पा सकी थी, जबकि टीआरएस को 99 तथा असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को 99 सीटें मिली थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वह 17 सीटों में से केवल चार पर ही विजय पा सकी थी। हालांकि, 2014 व 2019 के बीच लोकसभा सीटों की संख्या एक से बढ़ा कर चार करने और डुबक्का विधानसभा सीट पर विजय से भाजपा को अपनी भावी योजना के प्रति विश्वास पैदा हुआ था। डुबक्का सीट मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव–केसीआर की सीट से सटी है। भाजपा को साइबर हब व महानगरीय शहर हैदराबाद में पहले उत्तर भारतीय पार्टी समझा जाता था जो हिंदी पट्टी की जातीय राजनीति में उलझी थी। लेकिन इस विजय से भाजपा ने सिद्ध कर दिया है कि वह न केवल आम जनता, बल्कि विभिन्न वर्गों की भी पार्टी है। शहर का नाम भाग्यलक्ष्मी मंदिर के नाम पर भाग्यनगर करने के भाजपा के आह्वान को व्यापक समर्थन मिला है जो उसके अनुसार शहर का मूल नाम है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से भाजपा ओवैसी से मुक्ति चाहती है जो अब अपना विस्तार महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में करना चाहते हैं। भाजपा नेता तेजस्वी सूर्य ने ओवैसी को मुहम्मद अली जिन्ना का अवतार बताया है।

निश्चित रूप से इस साल चुनावों में निगम के स्थानीय मुद्दे भी महत्वपूर्ण रहे। भाजपा ने इस साल शहर के बाढ़ में डूबने का मुद्दा मजबूती से उठाया। उसने जलग्रहण क्षेत्रों तथा जलाशय वाले क्षेत्रों में अवैध कब्जों का मामला उठाया जिससे शहर विपरीत मौसम का सामना नहीं कर पाता है। इस चुनाव के बाद सवाल यह है कि क्या मुख्यमंत्री और टीआरएस प्रमुख केसीआर अपना राजनीतिक दबदबा बहाल करने में सफल होंगे। भाजपा के मुख्य विरोधी बनने के बाद अब उनको असली मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देना होगा। उन्होंने संसद में भाजपा का परोक्ष रूप से समर्थन करते हुए विवादास्पद मुद्दों पर तटस्थता का दृष्टिकोण अपनाया था। लेकिन अब मोदी के प्रभामंडल से मुकाबला करने के लिए केवल स्थानीय नेता की छवि काफी नहीं है। उनको जनता को याद दिलाना होगा कि राज्य गठन के पीछे उनका ही योगदान है और वे उसके अधिकारों को समझते हैं। राज्य नेता के रूप में केसीआर को अपनी पुन: ब्रांडिंग करनी होगी।

# ट्रूडो परेशान भारत के अंदेशे से!

**भारत ट्रूडो व उनकी लिबरल पार्टी के लिए जिस कारण से महत्वपूर्ण है उसे हम वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। कनाडा में बसे भारतीय मूल के लोगों की संख्या ज्यादा है जिनके वोटों का सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं सांसद हैं)



कुछ अपवादस्वरूप असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर किसी देश के प्रधानमंत्री के लिए अन्य देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना अस्वाभाविक है, खासकर वह जो 10 घंटे के समयांतर तथा 18 घंटे के उड़ान काल से पृथक हो। परम्पराओं एवं श्रेष्ठ राजनयिक परिपाटियों के द्वारा कैमरे के दायरे से परे चिंताएं व्यक्त की जाती हैं, मगर वो भी राजनयिक माध्यमों से की जाती हैं। कई तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भिन्न प्रतीत होते हैं। उनकी निजी अपील इस तथ्य से उपजी है कि वो घिसे–पिटे व्यवहार से अलग हटकर स्वयं को एक खुशनुमा अनौपचारिकता के मॉडल के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं। सच है, यह सदैव कारगर नहीं होता, जैसा कि उन्होंने 2018 में अपनी भारत यात्रा के दौरान ईजाद किया, जब उन्होंने एक खराब राजनीतिक निर्णय को उसकी अतिशय खुराक से संयोजित किया जिसे राजनीतिक रूप से सही ही सांस्कृतिक विनियोजन कहा जाता है।

भारत ट्रूडो व उनकी लिबरल पार्टी के लिए जिस कारण से महत्वपूर्ण है उसे हम वोट बैंक की राजनीति कहते हैं। कनाडा में बसे भारतीय मूल के लोगों की संख्या ज्यादा है जिनके वोटों का सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। खासतौर से वहां पर वैंकूवर व टोरंटो के इर्द–गिर्द एक विशाल सिख समुदाय है जो अपनी राजनीतिक सक्रियता को उन मुद्दों के चारों ओर आकार देना चाहता पसंद करता है जो कनाडा की तुलना में पंजाब में ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। खालिस्तान के मुखर समर्थक इस संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं, काफी हद तक अमेरिका में बसे आयरलैंड के प्रवासियों की तरह, और खालिस्तान समर्थक अपनी धार्मिक तथा व्यक्तिगत पहचान को पुराने देश में राजनीतिक प्रासंगिकता की इच्छा से जोड़ते हैं। कनाडा में खुशी–खुशी बसे एवं भारत लौटने का इरादा न रखने वाले सिख अल्पसंख्यकों के लिए, खालिस्तान पुरानी यादों, लगाव तथा उद्देश्य के भाव के साथ जुड़ा है। यह समझने योग्य है क्योंकि प्रवासी समुदाय प्राय: समय में अवरुद्ध हो जाते हैं तथा उस कड़वे सच को समझने में असमर्थ हैं कि जो जमीन वे छोड़कर गए थे वो आगे बढ़ चुकी है।

यह,उत्तरी अमेरिकी उदारवादियों एवं उग्रपंथियों की अत्यधिक प्रतिक्रियावादी धार्मिक आंदोलनों को अपनाने की विचित्र आदत के साथ, ट्रूडो के अधीन, भारत–कनाडा संबंध अस्थिर रहे हैं। भारत ने इस तथ्य को नहीं पसंद किया कि कनाडाई प्रधानमंत्री के साथ 2018 में आए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में एक खालिस्तान एक्टिविस्ट था जो अब कनाडा में मंत्री है। इसने इस तथ्य पर हल दृष्टिकोण अपनाया है कि कनाडा द्वारा उन नागरिकों को पक्षपातपूर्ण ढंग से देखा जाना जारी है जो भारत में हिंसा भड़काने का प्रयास करते हैं। अब, भारत के मामलों पर ट्रूडो के अति सक्रियतावाद से चिढ़कर, उसने दिल्ली में कनाडाई उच्चायुक्त को बताया है कि वह कनाडाई प्रधानमंत्री द्वारा इस बाबत अकारण टिप्पणी किए जाने को हल्के ढंग से लेता है कि भारत को किस तरह उत्तर भारत में किसानों के प्रदर्शन से निबटना चाहिए। हो सकता है कि भारत के विदेश सचिव को साथ–साथ इस बात पर संतुष्टि व्यक्त करनी चाहिए थी कि ट्रूडो ने वृहत्तर हैदराबाद नगर निगम चुनावों के परिणामों पर टिप्पणी नहीं की।

क्या ट्रूडो का किसानों के आंदोलन के दौरान भारत में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर टिप्पणी करना संदेह के घेरे में नहीं है। जो मुझे अधिक रोचक तौर पर महसूस होता है वह है वो मनोदशा जो बहुत से पाश्चात्य देशों को यह मान लेने की अनुमति देती है कि उनके पास अन्य देश के आंतरिक मामलों पर अकारण टिप्पणी करने का अपरिहार्य अधिकार है। मैं यहां नागरिक समाज समूहों एवं अन्य गैर–आधिकारिक संगठनों द्वारा भारत में कृषि सुधारों से लेकर म्यांमार में रोहिंग्याओं की दुर्दशा के मामलों में रुचि लेने के संदर्भ में नहीं कह रहा हूं। ये सामान्य लोकतांत्रिक जीवन के अंग हैं और भारत में भी विविधतापूर्ण होता है जैसे कि फिलिस्तीनियों के प्रति इस्राइल का रवैया एवं पाकिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर। समस्चया तब सामने आना प्रारम्भ होती है जब अन्य देशों के मामलों पर नागरिक समाज के सरोकार राजनयिक संबंधों को प्रभावित करने लगते हैं।

बड़ा सवाल जिस पर कुछ ध्यान देने की आवश्यकता है वह है वो मानसिकता जो मानती है कि कनाडा का भारत में कृषि सुधारों को प्रभावित करने अथवा जिस तरीके से अधिकारियों को विरोध प्रदर्शनों से निबटना चाहिए, के मामले में प्रभाव है। बहुत से पाश्चात्य देशों में यह विश्वास कायम है कि उनका लोकतंत्र कथित तीसरी दुनिया के देशों में विद्यमान सरकार के स्वरूप से श्रेष्ठ है। यही यूरोपीय संघ द्वारा उपदेशित नैतिक श्रेष्ठता का आधार है और कारण है कि क्यों उसे कश्मीर तथा नए नागरिकता कानूनों पर संरक्षणकारी बयान देना अनिवार्य लगता है। इसके साथ–साथ यह संबद्ध विश्वास है कि पाश्चात्य सरकारों को तीसरी दुनिया के देशों की सरकारों की पूंछ मरोड़ने एवं उन्हे बर्ताव करना सिखाने के लिए आर्थिक सहयोग को औजार के तौर पर इस्तेमाल करना चाहिए।

भारत अब रूढ़िवादी विचारों अथवा तीसरी दुनिया की वंचना की निराशाजनक वास्तविकता में फिट बैठने वाला देश नहीं रह गया है। यह पश्चिम अथवा चीन से आर्थिक मदद नहीं मांगता है और उसे आर्थिक राजनय के बल पर दबाव में नहीं लाया जा सकता। भारत की एक दमदार लोकतांत्रिक संस्कृति है जहां सरकार के अतिशय कृत्यों को जनमत, राजनीतिक प्रक्रियाओं के द्वारा एवं, जहां आवश्यकता पड़े वहां न्यायपालिका के द्वारा दुरुस्त किया जा सकता है। यह एक यथार्थ है जिसको पश्चिम के निर्णयकर्ता पर्याप्त समझ नहीं पाए हैं। बल्कि वे भारतीय कनाडाइयों के एक तबके की दलीलों से प्रभावित हो जाते हैं जिनका राजनीतिक प्रणाली पर प्रभाव होता हे लेकिन, दुख की बात है, जिनकी भारत के प्रति धारणाएं पुराने समय वाली ही हैं।

उनकी कल्पना का भारत प्राय: बार–बार होने वाले अभावों, नौकरशाही अड़चनों एवं आम काहिली से भरा है। नया भारत ऊर्जा एवं आत्मविश्वास से ओत–प्रोत है, वो भी इस हद तक कि किसी बिंदु पर आकर दंभी हो जाता है, लेकिन यह वास्तविकता उन्हें नहीं मालूम है जो 1970 या उससे पहले यहां से पलायन कर गए थे। मेरा अपना अनुभव है, समाजवादी कुशासन के उन पूर्व आर्थिक शरणार्थियों तथा जो लोग पिछले दशक में गरीबी से बचने के लिए नहीं बल्कि जीवन स्तर बेहतर करने के लिए भारत छोड़कर गए थे, उनके बीच एक स्पष्ट अंतर है। भारत से बाहर की ओर पलायन असलियत में अकुशल श्रमिकों से योग्य पेशेवरों की ओर अग्रसर हुआ है। योग्य पेशेवरों की श्रेणी अपने नए देश को भारतीय होने के गर्व से जोड़कर देखती है। दुखद है कि, वे उस वर्ग के लोग नहीं है जो ट्रूडो द्वारा लक्षित लोगों में शामिल हों।

# ड्रोनों के प्रभावी प्रयोग का समय

> **चालकरहित विमान व्यवस्थाओं अर्थात ड्रोन के प्रयोग से अनेक समस्याओं का समाधान तथा भूमि का बेहतर प्रयोग संभव हो सकता है।**

**मानवेंद्र प्रसाद**
(लेखक चेंज इंडिया में सलाहकार हैं)



भारत सरकार ने हाल ही में 'स्वामित्व' योजना शुरू की है। इससे गांवों का सर्वेक्षण कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर तकनीक से मैपिंग होगी। इससे ग्रामीण भारत की परिसंपत्तियों की पुष्टि का समन्वित समाधान निकलेगा। इस योजना के अंतर्गत अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स–यूएएस या आम भाषा में ड्रोनों के प्रयोग से जमीन का रेखांकन किया जाएगा। 6 राज्यों ने भारतीय सर्वेक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की ड्रोन मैपिंग के लिए सहमति पत्र–एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जिससे 'स्वामित्व' का क्रियान्वयन होगा। पंजाब व राजस्थान ने सीओआरएस की स्थापना के एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जो भविष्य में ड्रोन उड़ान गतिविधियों में सहायता करेगा। यह ड्रोनों के व्यापक प्रयोग संभावना का केवल एक उदाहरण है। इनका प्रयोग शिक्षण व प्रशिक्षण, कानून व्यवस्था प्रबंधन, आपदा राहत तथा जियोस्पेटियल मैंपिंग की क्षमता बढ़ाने में किया जा सकता है।

सरकार में ड्रोनों की असाधारण क्षमताओं के बारे में पूरी जागरूकता है। उनका प्रयोग हाल में टिड्डियों के खिलाफ तथा कोविड महामारी प्रबंधन में हुआ है। इनका प्रयोग नियमों के उल्लंघन की जांच, लाकडाउन की निगरानी, हाटस्पाट के दस्तावेजीकरण, आदि में हुआ है। इनका प्रयोग सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम–पीएसयू अपनी महत्वपूर्ण संपत्ति की निगरानी तथा जीआईएस मैपिंग के माध्यम से तेल पाइपलाइनों व आवागमन व्यवस्था की योजना बनाने के लिए करते हैं। यह सूची बहुत लंबी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय इनका प्रयोग महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजनाओं की अनुमति देने में कर रहा है। अनेक संगठनों को इनके प्रयोग के लिए अपवादस्वरूप एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 में रियायतें मिली हैं।

लेकिन यूएएस उद्योग में अभी ऐसे जीवन्त नियमों व विनियमों की कमी अनुभव की जा रही है जो सुरक्षा मुद्दों का ध्यान रखते हुए इसके तेजी से विकास का माध्यम बनें। ड्रोन संबंधी पहले नियम 2018 में सामने आए थे जिन्होंने 'अनुमति नहीं, उड़ान नहीं'–एनपीएनटी की अवधारणा सामने रखी थी। लेकिन देश में इसे अभी लागू नहीं



किया गया है। जून, 2020 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जनता के लिए यूएएस रूल्स 2020 जारी किए। आशंका है कि यदि इनका अंतिम रूप प्रारूप से बहुत अलग हो तो जटिल नियामक परिवेश व्यवस्था का सामना करना पड़ सकता है। आधुनिक एप पर आधारित कंप्यूटर प्रोग्राम अनेक मुद्दों पर क्षमता संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ड्रोन प्रयोग की अनुमति के लिए एप–आधारित समाधान उद्योग की प्रगति में लाभदायक भूमिका अदा कर सकता है। यूएएस प्रयोग हेतु एप समाधान के लिए किसी अतिरिक्त हार्डवेयर या साफ्टवेयर की जरूरत नहीं होगी। पर्सनल कंप्यूटर पर इसके प्रयोग से स्थान, समय व आपरेशन की तारीख तय हो सकती है। इससे यूएएस के भारतीय निर्माता इसका दूसरे देशों में निर्यात भी कर सकते हैं। इस समाधान को वर्तमान समय में उपलब्ध डिजिटल स्काई प्लेटफार्म से जोड़ा जा सकता है। समय आ गया है कि भविष्य में इस व्यवस्था से अधिकतम लाभ उठाने की व्यवस्था हो। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन फेडरल एवियेशन एडमिनिस्ट्रेशन की नीची उड़ान अनुमति क्षमता मानकीकरण व्यवस्था–एलएएएनसी डेस्कटाप एप का प्रयोग अनुमति देने के लिए करती है। अनेक एयरस्पेस आंकड़ों के माध्यम से प्रार्थनाओं की जांच की जाती है जिनमें यूएएस फैसिलिटी मैप्स, स्पेशल यूज़ एयरस्पेस डेटा, एयरपोर्ट व एयरस्पेस क्लासेज़, टेम्परेरी फ्लाइट रिस्ट्रिक्शन्स–टीएफआर व विमान पाइलटों को नोटिसें–नोटैम शामिल हैं।

इसकी अनुमति मिलने से पाइलट जल्दी ही निर्णय कर सकते हैं। इससे कामर्शियल आपरेटरों को अनुमति का समय अनुमान लगाने में सहायता मिलती है तथा संसाधनों की कमी का अनुभव नहीं होता है। भारत को उसकी परिस्थितियों के अनुकूल समाधानों की आवश्यकता है। हमारे देश में प्रशासन मानकों तथा आर्थिक विकास व भौगोलिक स्थितियों में विविधता है। लेकिन इसके बावजूद भारत को अन्य देश के अनुभवों से सबक सीखने में संकोच नहीं करना चाहिए।

## आप की बात

### न्यायपालिका में महिलाएं

**आज** हमारे देश में महिला सशक्तीकरण को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं किंतु यह एक अहम चिंता का विषय है कि देश की न्यायपालिका व्यवस्था में महिला न्यायाधीशों की संख्या बहुत ही कम है। इस विषय पर देश के अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने अपना ध्यान आकर्षित कर न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की वकालत की है। उनका कहना है कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसाओं, जिसमें विशेषकर यौन हिंसा के मामलों में एक अधिक संतुलित एवं सशक्त दृष्टिकोण जरुरी है जो महिलाओं के आने से विकसित होगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस समय देश के उच्चतम न्यायालय एवं समस्त उच्च न्यायालय में 1113 जजों की क्षमता है जिसमें मात्र 80 महिला न्यायाधीश ही कार्यरत हैं, जो कि दस प्रतिशत से भी कम है। देश में 26 उच्च न्यायालयों में सर्वाधिक महिला न्यायाधीश पंजाब–हरियाणा उच्च न्यायालय में है, जिसमें 85 जजों में 11जज हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि मणिपुर, मेघालय, पटना, त्रिपुरा, तेलंगाना एवं उत्तराखंड देश के वह उच्च न्यायालय है जहां एक भी महिला न्यायाधीश नहीं है।

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**भारत** अपने देश के प्रहरियों को याद करने के उपलक्ष में 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाता है।देश के सीमाओं पर तैनात जाबांज सिपाहियों का एक ही लक्ष्य और एक ही जज़्बा होता है और वो है उनका देश सुरक्षित रहे। देश के हर नागरिक के लिए हमारे सेना के बलिदान को याद करने और उनकी शौर्य की गाथा गाने का भी दिन है।रेगिस्तान की तपती रेत में तो कश्मीर और लद्दाख में सफेद चादर ओढ़े बर्फीले पहाड़ों पर डटकर अपना कर्तव्य निभाते हैं। अपने देश की आन, बान और शान को बचाए रखने और तिरंगे को नीले आसमान में सदैव तत्परता और अविरलता से अपनी आभा को बिखेरते हैं। हर वर्ष दिसंबर में सेना और उनके पराक्रम से जुड़े तमाम कार्यक्रम किए जाते हैं और इसीलिए अब ये महीना गौरव माह के रूप में मनाया जाता है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या बचाव राहत कार्य सभी में हमारे हीरो पारंगत है। यही कारण है कि भारत सबसे ज्यादा अपने वतन के ताकत, भारत मां के सपूतों के अद्भुत कार्य से गौरवान्वित होता हैं। देश के नवजवानों को भी प्रेरित करते हैं, जिससे वे भी देश की सेवा करने के लिए अपना सर्वस्व दें।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### सजीव संपर्क ज्यादा बेहतर

**वर्तमान** में फेसबुक, वाट्सअप जैसे दूर संपर्क माध्यमों ने टॉकीज, टीवी,वीडियो गेम्स, रेडियो आदि को काफी पीछे छोड़ दिया। कहने का मतलब है की दिन और रात इसमे ही लगे रहते है।यदि घर पर मेहमान आते और वो आपसे कुछ कह रहे। मगर लोगों का ध्यान बस फेसबुक, वाट्सअप पर जवाब देने में और उनकी समझाइश में ही बीत जाता। मेहमान भी रूखेपन से व्यवहार में जल्द उठने की सोचते है। घर के काम तो पिछड़ ही रहे। फेसबुक,वाट्सअप का चस्का ऐसा की यदि रोजाना सुबह शाम आपने राम –राम या गुड़ मोर्निंग नही की तो नाराजगी।इसका भ्रम हर एक को ऐसा महसूस होता कि –मैं ही ज्यादा होशियार हूं। अत्याधिक ज्ञान हो जाने का भ्रम चाहे वो फेक खबर हो ।उसका प्रचार भले ही खाना समय पर ना खाएं किन्तु खबर एक दूसरे को पहुंचाना परम कर्तव्य समझते है। पड़ोसी और रिश्तेदार अनजाने हो जाते। मगर क्या कहे भाई इन्हें तो बस दूर के ढोल सुहावने लगते। कहने का तात्पर्य ये है कि आभासी दुनिया से ज्यादा महत्वता जीवित संपर्क की होती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पहले** दिन, मेरी शुरुआत हुई और मैं जनता से 100 दिनों तक मास्क के लिए कहने जा रहा हूं। मात्र 100 दिन, सदा के लिए नहीं।

– **जो बाइडेन**
निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति

**सरकार** ने संपूर्ण देश का टीकाकरण कराने की बात नहीं कही है। ऐसी चीजों पर तथ्यपूर्ण जानकारियां प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है।

– **राजेश भूषण**
केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव





**सरकार** दावा कर रही है कि उसने कभी नहीं कहा कि वैक्सीन हर किसी को मिलेगी। प्रधानमंत्री भी इसी सिद्धांत के पक्ष में खड़े हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सेतु बनने से बारा और कोरांव के लोगों की राह हो जाएगी आसान: केशव मौर्य

● डिप्टी सीएम ने दो लेन सेतु का किया शिलान्यास व भूमि पूजन, टोंस नदी पर नारी बारी से कोरांव को जोड़ने वाले मार्ग पर बनेगा दो लेन का सेतु


बटन दबाकर शिलान्यास करते डिप्टी सीएम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने नाबार्ड योजना के अन्तर्गत जनपद में नारी बारी से कोरांव को जोड़ने वाले मार्ग पर क्षतिग्रस्त एक्वाडक्ट के बगल में टोंस नदी पर बनने जा रहे दो लेन सेतु का शिलान्यास एवं भूमि पूजन आज किया। उन्होंने बारा और कोरांव तहसील के दोनों तरफ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। परियोजना की कुल लागत 6256ण्24 लाख रुपये तथा सेतु की लम्बाई 718ण्88 मीटर है। परियोजना के पूर्ण होने का समय 24 माह निर्धारित है एवं सेतु का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा किया जायेगा।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेतु के बन जाने से बारा और कोरांव के लोगों को यातायात में सुगमता होगी और समय की बचत होगी। भारी वाहनों को पुराने हो चुके पुल पर आने.जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता था। इससे भारी वाहनों को लम्बा चक्कर लगाकर अपने गन्तव्य तक जाना होता था। इस सेतु के बन जाने से इस समस्या से भी निजात मिलेगी। भारी वाहन कम समय से फर्राटा भरते हुए अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंच सकेंगे। इससे इस क्षेत्र विकास कार्य तेज गति से होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की यह पुरानी मांग चली आ रही थी। जिसको भाजपा सरकार ने पूरा किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित सेतु निगम के अधिकारियों से कहा कि पुल के निर्माण कार्य को तय समय से पहले ही पूरा कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए दृढ़संकल्पित है। प्रयागराज में विकास को गति प्रदान करने के लिए और जाम की समस्या से निजात के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई पुलों और आरओबी का निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अलावा कई पुलों और आरओबी का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को चारों ओर से रिंग रोड से जोड़ा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार प्रयागराज के साथ साथ प्रदेश सभी जनपदों में विकास की गंगा बहा रही है। इसी तरह के आरओबी और पुलों का निर्माण कार्य लगभग हर जनपदों में चल रहा है। उन्होंने जसरा में लगने वाले जाम की समस्या के वहां के लोगो को निजात दिलाने के लिए जसरा रेलवे फाटक पर आरओबी के निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल विधायक कोरांव राजमणि कौल विधायक बारा अजय भारतीय आदि उपस्थित रहे।

## संविधान के शिल्पकार थे डॉ. आंबेडकर: गणेश

● भाजपाइयों ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर प्रयागराज द्वारा माधव ज्ञान केंद्र नैनी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि डा भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने देश की गणतांत्रिक व्यवस्था में सभी वर्ग के लोगों को एक समान अधिकार दिया। कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अपने पूरे जीवन काल में सामाजिक यातनाओं को सहने के बाद भी इस देश को तोड़ने के लिए का नहीं बल्कि जोड़ने का काम नहीं किया। श्रद्धांजलि देने वालों में ज्ञानेश्वर शुक्ला देवेश सिंह वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी रमेश पासी राजन शुक्ला दिलीप केसरवानी विवेक अग्रवाल माया द्विवेदी वर्षा जायसवाल अंजलि गोस्वामी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कोविड महामारी में डिजिटल को दिया जा रहा बढ़ावा

**प्रयागराज।** शहरों के हर घर से जुड़ने के लिए भारतीय धारणा पेश की गई है। कोविड के दौरान डिजिटल को बढ़ावा दिया जा रहा है। कैंपेन के लिए दो विज्ञापन फिल्में डिजिटल तरीके से बीमा प्राप्त करने की सुलभता के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में एक कदम है। देश भर के छह सौ जिलों में लगभग दो मिलियन लोगों तक सफलता पूर्वक पहुंचने के बाद रिन्यू बाय अपने नए ब्रांड कैंपेन के शुभारंभ के साथ बाजार में अपने क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बनने की योजना बना रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश भर में आम लोगों और इसके प्रमुख उपयोगकर्ताओं यानि बीमा सलाहकारों के बीच ब्रांड जागरूकता का निर्माण करना है। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी इंश्योरटेक कंपनी है। जो बीमा को सरल और सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए काम करती है। डिजिटल ब्रांचलेस मॉडल के माध्यम से अगले दो वर्षों में एक हजार जिलों तक अपने आउटरीच का विस्तार करने की योजना बनाई है। अभियान के शुभारंभ पर संस्थापक और सीईओ बालचंदर सेखर ने कहा कि विज़न बीमा को सरल और सभी भारतीयों के लिए सुलभ बनाने का है। संरचनाओं और भौतिक शाखा नेतृत्व वाले वितरण मॉडल के कारण देश में विशेष रूप से टियर दो और तीन शहरों में बीमा बहुत कम है।


## संविधान निर्माता आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा और सपा ने दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** बहुजन समाज पार्टी बसपा से जुड़े अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन की ओर से वाराणसी में शास्त्री घाट पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके प्रसाद ने बाबा साहब के संकल्प को दोहराया। बसपा के सेक्टर प्रभारी इंदल राम ने अंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बसपा के जिला अध्यक्ष नवीन भारत, मेराज फारूकी जुग्गन, प्रवीण कुमार, विजय कुमार, गोपाल प्रबुद्ध आदि शामिल रहे।उधर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नवनिर्वाचित स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की। महानगर के अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने फूल चढ़ाने के बाद कहा कि पार्टी की सरकार 2022 में लाने के लिए बाबासाहेब के पद चिह्नों पर चलना होगा। इस मौके पर प्रदीप जायसवाल, मनोज यादव गोलू, विजय टाटा, इरफान खान, राहुल विश्वकर्मा, अक्षय भूषण, राहुल श्रीवास्तव, राजू यादव, विनोद शुक्ला, राजबहादुर सिंह पटेल, नत्थू लाल सोनकर, अतुल श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, रमाकांत जायसवाल, संतोष यादव, पप्पू खान, रवि यादव, कलाम, आदि उपस्थित थे।

## 73वें निरंकारी समागम में माता सुदीक्षा ने दिया त्याग का संदेश

● कहा, भौतिक साधनों के पीछे भागने के बजाए मानवीय मूल्यों को अपनाएं


समागम में बोलतीं सुदीक्षा

**प्रयागराज।** मानव भौतिक साधन के पीछे भागने के बजाए मानवीय मूल्यों को अपनाने की ओर ध्यान केन्द्रित करेगा तो जीवन स्वयं ही सुदंर बन जायेगा। यह बातें सद्गुरू माता सुदीक्षा ने तीन दिवसीय 73 वें वर्चुअल वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर निरंकारी भक्तों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण के विषय में बताते हुए कहा कि नकारात्मक वातावरण में संसार ने यह जाना कि जिस माया के पीछे वह भाग रहे हैं सही अर्थ में तो वह तो तुच्छ भौतिक साधन मात्र हैं और इन का साधन के रूप में ही उपयोग किया जाना चाहिए। मानव अपने दैनिक कार्यों में इतना व्यस्त हो जाता है कि अपने परिवार के लिए भी समय नही दे पाता। सभी भौतिक वस्तुओं के पीछे मनुष्य अपना सुख चैन तक खो देता है। विकट परिस्थिति में सभी ने यह देखा कि लोग किस प्रकार से स्वार्थ से परमार्थ की दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। जिसे भी जिस रूप में जरूरत हुई चाहे वह व्यक्तिगत रूप हो या किसी संस्था के माध्यम द्वारा उसे उसी रूप में सहायता दी गई। माता सुदीक्षा ने कहा कि संसार को निरंकार द्वारा सर्वोत्तम उपहार मानवता के रूप में प्राप्त हुआ है। प्राचीन काल से ही संतों ने यही समझाया है कि इस भौतिक माया को इतना महत्व न दें कि जीवन में इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं है। भौतिक साधनों को महत्व न देकर मानवीय मूल्यों को महत्व देना चाहिए जैसे प्रीत प्रेम सेवा नम्रता और इन्हें अपने जीवन में ढालना चाहिए। तभी जीवन परिपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि परमार्थ को ही अपना परम लक्ष्य मानकर स्वयं का जीवन उज्जवल कर सकते हैं। इसी से ही जीवन में एकत्व के भाव का आगमन होता है और हमारे आचरण एवं व्यवहार में स्थिरता आ जाती है। जब परमात्मा की अनुभूति होती है तब स्थिर से मन का नाता जुड़ जाता है और जीवन सहज व सरल बन जाता है। फिर माया रूपी भौतिक वस्तुओं को केवल एक जरूरत समझते हुए उस ओर अपना ध्यान आकर्षित नहीं करते। केवल परमार्थ अर्थात् सेवा परोपकार ही जीवन का एक मात्र लक्ष्य बन जाता है। उन्होंने भक्तों को कहा कि परमात्मा के साथ एकत्व का भाव गहरा करते जायें जिससे जीवन में स्थिरता प्राप्त हो। जिससें दिलों में प्रेम बढ़ता जायेगा और उसी प्रेम के आधार पर हम संसार के साथ एकत्व का भाव स्थापित कर पायेंगे। सद्गुरू माता ने कहा कि हमें किसी स्वार्थ या मजबूरी के कारण नहीं बल्कि इसलिए प्रेम का मार्ग अपनाना चाहिए क्योंकि केवल वही एक उत्तम मार्ग है। स्वार्थ भाव से मुक्त होकर साधनों को साधन मात्र ही समझकर इस सच्चाई की ओर आगे बढ़ते चले जाएं। इस मौके पर अशोक कुमार सचदेव विजय कुमार आदि रहे।

## विधान परिषद चुनाव में जीत से सपा को मिली संजीवनी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विधान** परिषद चुनाव में भाजपा को पटखनी देकर सपा ने खोया आत्मविश्वास पा लिया है। भाजपा को हजराकर आशुतोश सिन्हा ने पूर्वांचल में पार्टी को संजीवनी देने का कार्य किया है। मोदी के संसदीय क्षेत्र में मिली जीत से समाजवादी पार्टी नेता खासे उत्साहित हैं। राजनीति के जानकार बताते हैं विधान परिषद चुनाव आठ जिले का है ऐसे में सपा को मिली जीत ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर पहुंच गया है। पार्टी के नेता अब प्रदेश की योगी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी की नितियों के खिलाफ और अधिक अक्रमाक होंगे। वैसे समाजवादी पार्टी अपने अक्रमक जातीवादी बर्ताव के लिए जानी जाती है। विधान परिषद चुनाव में मिली जीत पर खुशी का इजहार करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष पियुष यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में समाजवादी जीत बेहद महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की जीत से साबित हो गया है कि प्रबुद्ध जन का भाजपा से मोह भंग हो गया है। वैसे इस चुनाव से साफ हो गया है कि अब जनता मोदी के झांसे में नहीं आने वाली। पियुष यादव ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव के नेतृत्व में सपा विकास के रास्ते पर अग्रसर है और इसका असर दिखने लगा है। किसानों के आंदोलन को लेकर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश की योगी और केन्द्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज किसानों की हालत खस्ता है। बेरोजगारी और उपर से महंगाई जनता का जीना मुहाल कर दिया है। विधान परिषद चुनाव में मिली जीत सपा कार्यकर्ताओं में जोश है। विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक दोनों सीटों पर सपा प्रत्याशी की जीत से पार्टी नेताओं के जोश को दोगुना कर दिया है।

## कांग्रेस सेवादल ने किसानों के समर्थन में प्रतीकात्मक फांसी के फंदे पर लटककर मोदी सरकार का किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**दिल्ली में** आंदोलित किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस सेवादल के बैनर तले रविवार को मलदहिया स्थित पटेल प्रतिमा के नीचे प्रतीकात्मक फांसी के फंद्दे पर लटककर कांग्रेसजनों ने मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सेवादल के हरीश मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान हुई सभा में कहा कि जिस तरह से नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों की दुगुनी आय का वादा करके पूरे देश किसानों के साथ छलावा करते हुए उनके पीठ पर खंजर भोंकते हुए अध्यादेश के रूप तीन काले कानून कृषि क्षेत्र में लागू करके किसानों के साथ विश्वास घात किया है ।कांग्रेस सेवादल किसान भाईयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेगें साथ ही में वाराणसी के कांग्रेसजन नरेन्द्र मोदी सरकार से मांग करते हैं कि किसानों की बुलंद आवाज और तेवर भरे आंदोलन को ध्यान में रखते हुए ये तीन नए कानून जो मोदी सरकार ने बनाने में अपना समर्थन देते हुए किसानों के द्वारा 8 दिसम्बर 2020 को भारत बंद का जो एलान किया है उसे पूर्ण रूप से अपना समर्थन देते हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरीश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कुंवर यादव, विजय उपाध्याय, बबलू शुक्ला, ओम शुक्ला, मणिन्द्र मिश्रा, धीरज सोनकर , देवी प्रसाद यादव, निक्की यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## पार्क का कायाकल्प हुआ तो खिल उठे बच्चों व बुजुर्गों के चेहरे

● वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा था पार्क, हाल ही में राज्य मंत्री मोहन सिंह राजा द्वारा कराया गया था सौंदर्यीकरण

**सफीपुर, उन्नाव।** स्थानीय कस्बे में करीब 3 दशक पूर्व रखी गई बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क की आधारशिला को मूर्त रूप प्रदान किए जाने पर लोगों ने खुशी जाहिर की है ।वर्षों से बदहाल पड़े पार्क का सुंदरीकरण होने के बाद आज यहां बच्चे पूरा दिन मस्ती करते नजर आए तो वहीं बुजुर्ग चहलकदमी व व्यायाम करते दिखे। बच्चों के चहकते चेहरों को देख हर किसी का मन प्रसन्नता से खिल उठा। राज्य मंत्री मोहसिन रजा द्वारा पार्क का सुन्दरीकरण कराने के बाद शुक्रवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री सुनील वंसल ने इसका लोकार्पण किया था। मोहल्ला बबर अली खेड़ा में स्थित भगवतीचरण वर्मा पार्क की वर्ष 1989 में अर्चना परिषद के प्रयास से भूमि सुरक्षित कर नींव रखी गई थी। बाद में निवर्तमान सांसद जियाउर्रहमान अंसारी ने पुस्तकालय की स्थापना कराई थी। किंतु परमानेन्ट कर्मचारी न होने के कारण पुस्तकालय शीघ्र ही बंद हो गया था ।इसके उपरांत परिसर के सौन्दरीकरण के लिए कई बार जनप्रनिधियो व उच्च अधिकारियों तक बात की गई किन्तु किसी ने ध्यान नही दिया। परिसर महज कार पार्किंग बन कर रह गया। हाल ही में इस बाबत क़स्बे के मूल निवासी व प्रदेश सरकार में मंत्री मोहसिन रजा का अधिशासी अधिकारी डाण्अनुपम सिंह ने ध्यान आकृष्ट कराया था। राज्य मंत्री ने अपनी विधानमंडल निधि से भगवती चरण वर्मा की मूर्ति स्थापना के अलावा परिसर का सुन्दरीकरण करा पार्क को मूर्त रूप दिया है। महात्मा गांधी इण्टर कालेज के प्रवक्ता रहे दिवाकर द्विवेदी ने बताया कि पार्क बच्चो के अलावा बुजुर्गों के लिए भी बहु उपयोगी है। टहलने के बाद आवश्यक व्यायाम कर यहां बैठा जा सकता है।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण विधायक से मिले

● ग्रामीण बोले, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जाना पड़ता है कोसों दूर नजदीक में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

संवाददाता। सफीपुर, उन्नाव

**क्षेत्र में** मूलभूत सुविधाओं में कमी के चलते परेशानियों का सामना कर रहे ग्रामीणों आज क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर से मिलकर अपनी समस्याएं रखी ।अपनी समस्याओं को लेकर विधायक के कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही। इसके लिए उन्हें कोसों दूर तक का सफर तय करना पड़ रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के सालेह नगरए करौंदीए बम्हना के युवा समाजसेवी शान्तनु द्विवेदीए हिमांशु मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीणों ने अपनी मांगों को उठाते हुए विधायक श्री दिवाकर को बताया कि एएनएम सेन्टर का भवन कुछ वर्षों पूर्व जर्जर हो गया था। मरम्मत नहीं कराई गई ।जिससे यह सुविधा भी ठप्प हो गई। आकस्मिक स्थितियों एवं पशुओं के लिए महिलाओं को कोसों दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ता है। समय पर उपचार न मिल पाने से प्राय: उनकी जान पर बन आती है। विधायक से मिलने के लिए एकत्रित हुए बम्हणाए साल्हेंगरएशेरपुर खुर्द ए गोपालपुर मखदूमनगर आदि गांवों के दर्जनों ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी अधिक है। कुछ ऐसा ही हाल शिक्षा व्यवस्था का भी है।

उन्होंने नजदीक में विद्यालयों की स्थापना कराए जाने के अलावा बड़ादेव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराए जाने की मांग की। विधायक ने ग्रामवासियों की मांग को शासन व प्रशासन तक पहुंचाने व निराकार कराए जाने का आश्वासन दिया।

## कोरोना पॉजिटिव केस मिलने से क्षेत्र में फिर बढ़ी दहशत

● एक ही परिवार के तीन लोग पाए गए संक्रमित



संवाददाता। बांगरमऊ, उन्नाव

**क्षेत्र के** ग्राम माढापुर में रविवार को एक ही परिवार के तीन सदस्य कोरोना पाजिटिव पाए गए। संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव को हॉटस्पॉट घोषित कर दिया। हॉटस्पॉट एरिया की बैरिकेडिंग करवाने के साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सैनिटाइजिंग और चूने का छिड़काव कराया गया। क्षेत्र में एकबाा फिर कोरोना की वापसी से आसपास के गांव में दहशत का व्यात है। ग्राम माढापुर निवासी एक युवक अपने परिवारिक सदस्यों के साथ लखनऊ में रहकर प्राइवेट चालक की नौकरी करता था। लखनऊ में ही युवक तथा उसकी पत्नी और पुत्री संक्रमित हो गये। इसके बाद वह परिवार सहित अपने मूल निवास स्थान माढापुर आ गया। बीते शनिवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ चन्द्रकिशोर के साथ 6 सदस्यीय टीम ने गांव पहुंचकर कुल 142 लोगो की आरटी पीसीआर जांच हेतु सैंपल लिए थे। टीम द्वारा तीनों को होम क्वॉरेंटाइन किया गया था। रिपोर्ट में माता पिता व पुत्री सहित तीनों सदस्यों में संक्रमण की पुष्टि से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश व खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कटियार ने मौके पर पहुंचकर गांव को हॉटस्पॉट एरिया घोषित किया। आज ग्राम प्रधान रामसेवक यादव और ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद सुमन तथा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कोमल यादव ने हॉटस्पॉट एरिया को बैरिकेड कर सैनिटाइजिंग तथा चूने का छिड़काव कराया। मालूम हो कि नगर के मोहल्ला न्यू कटरा, पन्नी टोला, टेढ़ी बाजार,माढापुर मार्ग आदि मोहल्लों में बीते शनिवार को चन्द्रकिशोर, अवधेश कुमार, मानवेन्द्र व रजनीश आदि चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 104 लोगो की एंटीजेन किट तथा 36 लोगो की आर टी पी सी आर जांच की गई। जांच में संक्रमित पाए गए 8 में से 6 लोगो को होम आइसोलेट किया गया है। जबकि 2 को सरस्वती मेडिकल कॉलेज नवाबगंज भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### खेल जगत में विभिन्न तरह की लीग प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

**प्रयागराज।** लीक से हटकर एक बिल्कुल नया फॉर्मेट पेश करते हुए ज़ी टीवी फैदम पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को दुनिया का सबसे पहला म्यूज़िक लीग इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग आईएमपीएल रियलिटी टीवी में दिखाने जा रहा है। खेल जगत में तो हमने कई तरह की लीग प्रतियोगिताएं देखी हैं लेकिन अब पहली बार अपनी तरह की अनोखी म्यूज़िक लीग में छह टीमें होंगी। जिनके मालिक श्रद्धा कपूर के साथ शक्ति कपूर और सिद्धांत कपूर गोविंदा एवं उनकी पत्नी सुनीता राजकुमार राव और रितेश देशमुख होंगे। यह टीमें देश के अलग अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिनका इस म्यूज़िकल चौंपियनशिप में एक दूसरे से मुकाबला होगा। कप्तानों के रूप में प्रत्येक टीम में दो सेलिब्रिटी प्लेबैक सिंगर्स होंगे। जिनमें एक मेल और एक फीमेल सिंगर शामिल होंगे। इसके अलावा हर टीम में हेमंत बृजवासी सलमान अली ज्योतिका तांगरी जैसे रियलिटी स्टार्स होंगे। बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने टैलेंट के इस पूल में इजाफा करते हुए इन टीमों में देश के अलग अलग क्षेत्रों से छह ताजगी भरी आवाज़ें भी शामिल की जाएंगी।

### चुनाव ऑब्जर्वर अजय कुमार को श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** दिवंगत अजय कुमार सिंह (आईएएस) को रविवार को कमिश्नरी सभागार में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आयोजित शोक सभा में अधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित किया। इससे पूर्व अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। अजय कुमार सिंह वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन के लिए चुनाव आयोग से ऑब्जर्वर बनाकर वाराणसी भेजा गया था। स्वर्गीय सिंह शुक्रवार को सर्किट हाउस में अचानक गिरकर बेहोश हो गए थे। जहां से अधिकारियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया और उनकी स्थिति अत्यंत खराब रही इलाज के दौरान ही शनिवार प्रातः अंतिम सांस ली। स्वर्गीय अजय कुमार सिंह की पत्नी नीना शर्मा (आईएएस) सूचना मिलते ही सरकारी हेलीकॉप्टर से वाराणसी पहुंची। कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण राहुल पांडेय, नगर आयुक्त गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी मधुसूदन हुलगी सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत अजय कुमार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कमलाकर त्रिपाठी द्वारा रचित 'लाफडाउन' पुस्तक का विमोचन



**वाराणसी।** काशी के ऐतिहासिक स्थल तुलसी घाट पर लाफ़डउन पुस्तक का विमोचन विद्वान प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्रा . महंत संकट मोचन के द्वारा संपन्न हुआ। पुस्तक के पीछे की भूमिका के बारे में बताते हुए पुस्तक के लेखक कमलाकर त्रिपाठीए पूर्व उपाध्यक्ष छात्रसंघ बीएचयू ने कहा कि इस अभूतपूर्व महामारी के दौर में जब पूरा विश्व अवसाद के क्षणों से गुजर रहा था ऐसे में दो कवियों की कविताओं ने उन्हें प्रेरित किया। गोपाल दास नीरज जी ने लिखा था कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता। उन सभी कोरोना वॉरियर्स को समर्पित करते हुए, जिन्होंने इस कठिन लड़ाई में भी मुस्कुराना नहीं छोड़ाए कमलाकर त्रिपाठी ने कुछ कहानियों की रचना कीए जिसमें सहज हास्य का बोध होता है। मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उद्गार में प्रोफेसर मिश्र ने कहा कि काशी और काशी ही क्याए समस्त विश्व के हर मनुष्य में शिव तत्व है। पुस्तक की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आप कठिन समय में किसी को हंसा तभी सकते हैं जब आपका मन साफ हो। हम लोग बहते नहीं तैरते हैंएएए धारा के विपरीतए समाज के हर अंग को साथ में रख लेकर चलने का माद्दा रखते हैं। मंचासीन प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अशोक पांडे जी ने कमलाकर त्रिपाठी के लेखन की तुलना गोस्वामी तुलसीदास जी से करते हुए कहा कि गोस्वामी जी ने अपनी लेखनी से भवसागर को पार कराने वाली रचना लिखीएएए और कमलाकर त्रिपाठी विलुप्त हो रही लेखन और पाठन की परंपरा के अग्रणी ध्वजवाहक हैं। पुस्तक विमोचन समारोह में प्रमुख रूप से अतुल सिंहए सुशील मिश्राए जेपी शर्माए ओम शुक्लाए ताहिर अंसारीए डॉक्टर देवव्रत चौबेए लल्लन तिवारीए केदार जीए मोनीए मुन्नू लालए गोविंद मिश्राए अनुराग पांडे छोटूएविजय कृष्णए ओम प्रकाश ओझाए पीयूष अवस्थीए गोलू पटेलए हरीशए आनंदए अक्षयए पवनए साकेतए अनिलए आदित्यए नेहरूए आनंदए ए मुजीबए प्रोफेसर तुलसीदास मिश्राए अरविंदए अवधेशए जयप्रकाश ओमए जैसे बड़ी संख्या में काशी के विद्वान जन मौजूद थे।

### करंट से झुलसकर श्रमिक की मौत

**नवाबगंज, उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को करंट की चपेट में आने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई।घटना के दौरान श्रमिक मार्ग किनारे एक डंपर में चढकर सामान उतार रहा था। तभी एकाएक ऊपर से गुजरी 11 हजार लाइन से डंपर में करंट प्रवाहित होने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना रविवार भोर पहर की है। थाना क्षेत्र के सोहरामऊ कस्बे से असोहा जाने वाले मार्ग पर स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान पर डंपर से माल उतारा जा रहा था। तभी ऊपर से निकली 11000 लाइन से डंपर में करंट उतर गया। इस दौरान डंपर पर काम कर रहे मोहम्मद तय्यब सिद्दीकी उम्र 50 वर्ष पुत्र भीखाए निवासी भोगनीपुरएअमरौधाए कानपुर देहात करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। गंभीर हालत में उसे नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही की।

### बाबा साहेब के विचार प्रदान करते हैं आत्मबल: बीपी अशोक

● 64 वें निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि संगोष्ठी आयोजित

**बांगरमऊ,** उन्नाव। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 64 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर आज नगर के आलवक बौद्ध बिहार में बृहद स्तर पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में एएसपी परीक्षण लखनऊ डॉक्टर बीपी अशोक आईपीएस ने कहा कि बाबा साहब के विचार और और आदर्श आज भी लोगों को आत्मिक बल प्रदान करते हैं। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे डाक्टर अशोक ने बाबासाहेब को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और आदर्श लाखों लोगों को ताकत देते हैं। ष्बाबासाहेब ने राष्ट्र के लिए जो सपने देखे थेए हम उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके विचार हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे।ष् बाबा साहेब ने एक भविष्योन्मुखी व सर्वसमावेशी संविधान देकर देश मे प्रगतिए समृद्धि और समानता का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉण् अंबेडकर ने सामाजिक छुआ.छूत और जातिवाद के खात?मे के लिए अनेक आंदोलन किए। उन?होंने अपना पूरा जीवन गरीबोंए दलितों और समाज के पिछड़े वर्गों के उत?थान के लिए न?योछावर कर दिया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि धर्मप्रकाश भारती व एन एल आजाद सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार ब्यक्त किये। इस अवसर पर चन्द्रकिशोरएलक्ष्मी नारायणएमंगल बौद्धएमनोज कुमार आदि सहित दर्जनों लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### उपयोग में लाए बिना जर्जर हालत में पहुंच गए पिंक शौंचालय

● नपं भगवंत नगर का मामलाए 3 वर्ष पूर्व नपं द्वारा 7 लाख की लागत से कराया गया था निर्माण, बनने के बाद से नहीं हुआ उपयोग

**भगवंत नगर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सुविधा देने के लिए नगर पंचायतों में सार्वजनिक पिंक शौचालय का निर्माण कराया गया है। लेकिन भगवंत नगर में नगर पंचायत की उदासीनता के चलते बिना इस्तेमाल हुए ही पिंक शौचालय जर्जर स्थिति में पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने जनहित में पिंक शौचालय उपयोग में लाए जाने की मांग की है। शासन की प्राथमिकता के आधार पर नगर पंचायत भगवंत नगर में वार्ड संख्या 7 में कन्या विद्यालय के पास पिंक शौचालय का निर्माण करीब 2 वर्ष पूर्व कराया गया था। बनने के बाद से ही इस पिंक शौचालय में नपं का ताला लगा हुआ है। स्थानीय निवासी विनयए दीपकए अमितए राजू आदि ने बताया कि पिंक शौचालय महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए पिंक शौचालय का उपयोग इस स्थान पर बहुत अधिक है। पिंक शौचालय से जुड़ा हुआ कन्या जूनियर विद्यालय संचालित है जिसमें छात्र संख्या 160 है। जबकि विद्यालय के पास अपना कोई शौचालय नहीं है। इसके अलावा कस्बे में सोमवार व शुक्रवार को लगने वाली बाजार व अन्य दिनों में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को भी शौच के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। बावजूद इसके नगर पंचायत द्वारा बनने के बाद अब तक इस पिंक शौचालय का प्रयोग नहीं किया गया है। पिंक शौचालय में लगा ताला महिलाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा दिलाने में बाधक बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने पिंक शौचालय का सुचारू रूप से संचालन कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष शुक्ला ने बताया कि पिंक शौचालय की मोटर जली होने के कारण पिछले करीब 6 महीने से ताला लगा हुआ है। बजट मिलते ही समर्सिबल सही करा कर संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# कृषि क्षेत्र में एक लाख करोड़ खर्च होने वाला है : नड्डा

## कृषि अधिकारी नहीं बल्कि फार्मर्स प्रोड्यूसर्स आर्गेनाइजेशन खर्च करेगी पैसा

**भाषा।** देहरादून

**केंद्रीय** कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसान आंदोलन के बीच भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को कहा कि देश में कृषि क्षेत्र में बहुत बड़ा काम हो रहा है और इसमें एक लाख करोड़ रुपए खर्च होने वाला है।

यहां बूथ समिति की एक बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, कृषि क्षेत्र में एक लाख करोड़ रुपए खर्च होने वाला है और महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पैसा कोई कृषि अधिकारी नहीं बल्कि फार्मर्स प्रोड्यूसर्स आर्गेनाइजेशनें खर्च करेंगी।

इस संबंध में उन्होंने पार्टी की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष और किसान मोर्चा के अध्यक्ष से कहा कि फार्मर्स प्रोड्यूसर्स आर्गेनाइजेशनें हमारी पार्टी के सहयोग से बननी चाहिए और हमारा किसान तय करे कि क्या योजना होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पैसा मोदीजी का होगा और खर्च किसान करेगा। नड्डा ने किसानों से कहा, इस पैसे से आप गांव में सडक बना सकते हैं, मंडी में बदलाव कर सकते हैं, प्रशीतित भंडार बना सकते हैं, अनाज का भंडार बना सकते हैं, मूल्यवर्धन करने के लिए कोई फैक्ट्री या अन्य कोई सुविधा विकसित कर सकते हैं या कृत्रिम मेधा विकसित कर सकते हैं। उत्तराखंड के चार दिवसीय दौरे पर आए नडडा ने जम्मूकश्मीर का जिक्र करते हुए कहा गुपकर गैंग भ्रष्टाचार के मामलों के खुलने के बाद बना है



लेकिन मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि मोदी जी के राज में एक भी गुनाहगार नहीं बचेगा। कोरोना प्रबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए नड्डा ने कहा कि जहां अमेरिका, फ्रांस और इटली जैसे ताकतवर देश महामारी के प्रबंधन में विफल हो गए वहीं मोदी ने समय रहते लॉकडाउन का साहसिक निर्णय लेकरर 130 करोड़ लोगों के जीवन को बचा लिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस संक्रमण के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता गंवानी पडी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कोविड-19 को लेकर देश में बडा काम हुआ जहां टेस्टिंग लैब से लेकर डेडिकेटेड अस्पताल तक भारी बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन से पहले जहां देश में एक टेस्टिंग लैब थी और 1500 टेस्ट होते थे वहीं वहीं आज 1500 लैब हैं जहां प्रतिदिन 1015 लाख टेस्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत 150 देशों को पैरासिटामॉल दे रहा है। नडडा ने कहा कि राजनीति एक मिशन की तरह होनी चाहिए जिसमें पार्टियों को देश में परिवर्तन लाने के लिए एक उपकरण का काम करना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने भाजपा को देश का सबसे बडा उपकरण बताया। उन्होंने जनधन खाता, उज्ज्वला योजना, अटल आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से उनका लाभ जनता तक पहुंचाने को कहा। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश भाजपा के विभिन्न कार्यालयों एवं मोर्चों के साथ समीक्षा बैठक कर पदाधिकारियों से कार्यक्रमों की जानकारी ली और अपने सुझाव दिए। सभी कार्यकर्ताओं का पूरे उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए नड्डा ने कहा कि सभी को अपनी चिंता को छोड़कर संगठन की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक जिला कार्यालय का निर्माण मोदी जी का सपना है क्योंकि कार्यालय ही एक ऐसी जगह है जहां अच्छा वातावरण मिलने पर एक अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण होता है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की।

# तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनी के नए सेट को लागू किया जाए

## केंद्र ने राज्यों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने समस्त राज्यों से सभी तंबाकू उत्पादों पर बड़ी तस्वीरों के साथ स्वास्थ्य चेतावनी के नए सेट को केंद्र की अधिसूचना के अनुरूप लागू करने को कहा है। मंत्रालय के अनुसार विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के प्रदर्शन से लोगों में, खासतौर पर युवाओं, बच्चों और निरक्षरों में तंबाकू सेवन के प्रतिकूल और गंभीर स्वास्थ्य परिणामों को लेकर अधिक जागरुकता आएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 15 मार्च 2008 को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग तथा लेबलिंग) नियम अधिसूचित किए थे। सभी तंबाकू उत्पादों पर विशिष्ट और चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनियों के प्रदर्शन के लिए समय-समय पर इन नियमों में बदलाव किए गए हैं। इन नियमावली के नियम संख्या पांच के अनुसार तंबाकू उत्पादों के पैकेज पर विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी को हर दो साल में बदलना होगा।

नियमों का नया सेट 21 जुलाई को अधिसूचित किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने हाल ही में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखकर कहा, नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और संबंधित विभागों तथा राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों पर निर्भर करता है। अगर आप इन नियमों के प्रावधानों के अनुपालन के लिए जरूरी कदम उठाएं और अपने अपने क्षेत्रों में इन्हें लागू करें तो मैं आपका आभारी रहूंगा।

# कांग्रेस के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर : पूनियां

## दो साल में गहलोत सरकार द्वारा शहरी निकायों में पक्षपातपूर्ण रवैए ने विकास कार्यों को अवरुद्ध किया

**भाषा।** जयपुर



**भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने दावा किय कि राज्य के गांवों से लेकर शहरों तक राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है जो विभिन्न जन मुद्दों पर विफल रही है। पूनियां ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की ओर से कांग्रेस सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर आनलाइन जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने दावा किया, गांवों से लेकर शहरों तक कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने यह भी दावा किया, आमजन में आक्रोश है, बिजली, पानी, सड़क, कानून व्यवस्था, किसान कर्जमाफी, अपराध सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दो साल में गहलोत सरकार द्वारा शहरी निकायों में पक्षपातपूर्ण रवैए ने विकास कार्यों को अवरूद्ध किया गया जिस पर यह ब्लैक पेपर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में तीन महीने के बिजली माफी की मांग जनता उठा रही है लेकिन मुख्यमंत्री आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। इस बीच भाजपा के अनेक नेताओं ने गहलोत के उन आरोपों पर पलटवार किया किया है कि भाजपा उनकी सरकार गिराने का गेम फिर शुरू करने वाली है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकार की विफलता का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रही है। शेखावत ने इसको लेकर ट्वीट किया, विफल नेतृत्व के बोझ तले दबी कांग्रेस, राजस्थान में अपनी सरकार की असफलता का ठीकरा फिर से भाजपा पर फोड़ रही है। गहलोत जी, आपके वक्तव्य आंतरिक संघर्ष और गुटबाजी से जूझ रही आपकी ही पार्टी की हालत बता रहें हैं। कृपया अपने संगठन पर ध्यान दीजिए। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने भी गहलोत के आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि राज्य सरकार पहले दिन से ही अस्थिर है। देवनानी ने एक बयान में कहा, राज्य सरकार पहले दिन से ही अस्थिर है। यह प्रारंभ से ही प्रलोभन, झूठे आश्वासनों व सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग की कमजोर शिला पर टिकी है। देवनानी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह पर नियंत्रण कर पाने में विफल गहलोत बार-बार पूरे झूठे आरोप भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

# बृहस्पति और शनि का दुर्लभ मिलन, आकाश में 21 दिसंबर को दिखेगा नजारा

**कोलकाता।** करीब चार सौ साल बाद बृहस्पति और शनि के बहुत करीब आने तथा एक चमकदार तारे की तरह दिखने का दुर्लभ नजारा आगामी 21 दिसंबर को आसमान में देखा जा सकेगा। एम पी बिड़ला तारामंडल के निदेशक देबी प्रसाद दुआरी ने एक बयान में कहा कि दोनों ग्रहों को 1623 के बाद से कभी इतने करीब नहीं देखा गया। उन्होंने कहा, जब दो खगोलीय पिंड पृथ्वी से एक दूसरे के बहुत करीब नजर आते हैं तो इस घटनाक्रम को कंजक्शन कहते हैं। और शनि तथा बृहस्पति के इस तरह के मिलन को ग्रेट कंजक्शन कहते हैं। इसके बाद ये दोनों ग्रह 15 मार्च, 2080 को पुन: इतने करीब होंगे। दुआरी ने बताया कि 21 दिसंबर को दोनों ग्रहों के बीच की दूरी करीब 73.5 करोड़ किलोमीटर होगी। हर दिन ये दोनों एक दूसरे के थोड़े करीब आते जाएंगे। भारत में अधिकतर शहरों में सूर्यास्त के पश्चात इस घटनाक्रम का दीदार किया जा सकता है।



मध्य प्रदेश के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर संयुक्त रूप से परेड करते जवान

# तृणमूल की कल्याण योजनाएं लोगों को राहत नहीं देती हैं : घोष

**भाषा।** कोलाकाता

**पश्चिम** बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर प्रहार जारी रखते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक कल्याण योजनाएं लोगों को कोई वास्तविक राहत नहीं देती हैं। घोष ने पूर्वी मेदिनीपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़े जोर-शोर से योजनाओं की घोषणा की, लेकिन उन्होंने लोगों की जरूरतें पूरी नहीं कीं। मेदिनीपुर के सासंद ने दावा किया, कई श्री हैं , कई साथी हैं ...हम उनकी गिनती भूल रहे हैं। लेकिन कितने लोग वास्तविक लाभ पा रहे हैं? सबुजसाथी योजना के तहत खराब साइकिलें वितरित की गईं जबकि स्वास्थ्य साथी शुरू भी नहीं हो पाई। अन्य योजनाओं का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि चक्रवात अम्फान राहत के लिए 2000 करोड़ रूपए से अधिक का केंद्रीय अनुदान का इस्तेमाल करने में विफल रहने के बाद राज्य अब केंद्र सरकार को 8500 करोड़ रुपए के आवंटन के लिए पत्र लिख रहा है, लेकिन कोई भी अब दीदी (ममता बनर्जी) विश्वास नहीं करता। घोष ने कहा, किसी को विश्वास नहीं है कि दीदी इस रकम का सही तरीके से इस्तेमाल करेंगी। हर व्यक्ति देख चुका है कि अम्फान राहत राशि उनकी पार्टी के स्थानीय नेताओं, पंचायत प्रधान से लेकर अन्य प्रमुखों के खातों में गई। जब यह मामला लोगों के सामने आया तो दीदी ने कहा कि यह अपवाद था, भूल थी। क्या यह वाकई भूल थीउ हमें पता है कि मई, 2021 के बाद ऐसी भूलें फिर नहीं होंगी। उन्होंने कहा, हर दूसरे दिन कोई न कोई पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) छोड़ रहा है और वह (तृणमूल कांग्रेस) धीरे-धीरे चरमराता महल बनती जा रही है। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी उन नेताओं का सुरक्षा वापस ले रही है, जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस छोड़ दी। वह अपने विरोधियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर रही है।

# जैविक मां ने फिल्मकार की देखभाल में रह रहे बच्चे का संरक्षण मांगा

**भाषा।** मुम्बई

**दो साल** के बच्चे के पालक पिता और उसकी जैविक माता बालक के संरक्षण को लेकर विवाद में उलझ गए हैं। इस बीच एक और व्यक्ति ने बच्चे का पिता होने का दावा किया है। बच्चे के पालक पिता बॉलीवुड के फिल्मकार हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी के अनुसार यह बच्चा पिछले साल सितंबर में बोरिवली में इस महिला के पास मिला था और उसके शरीर पर जख्म थे। महिला ने दावा किया था कि बच्चा उसके हाथ से छूट गया और उसे चोट लग गई थी। अधिकारी के अनुसार इस महिला को मानसिक उपचार के लिए एक स्थानीय एनजीओ के पास भेजा गया था और बच्चे को बाल कल्याण समिति ने अपने संरक्षण में ले लिया था। यह महिला अपने दिहाड़ी मजदूर पति और 12 साल के बच्चे को छोड़कर उत्तर प्रदेश से मुम्बई आई थी। अधिकारी के मुताबिक दो पालना घरों में रखने के बाद इस साल मई में बच्चे को बॉलीवुड के निर्देशक के घर ले जाया गया था क्योंकि पिछले परिवार ने कहा कि कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण उसकी देखभाल में दिक्कत आ रही है। अधिकारी के अनुसार हाल ही में यहां बाल कल्याण समिति की बैठक में बॉलीवुड निर्देशक ने कहा कि उन्हें बच्चे को अधिक समय तक रखने दिया जाए क्योंकि मां मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है।

अधिकारी के मुताबिक लेकिन 30 वर्षीय महिला ने कहा कि वह अब अपने बेटे की देखभाल करने के लिए फिट है। समिति ने एक सरकारी अस्पताल से मां के लिए नई मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र मांगा और अब बच्चे को किसके संरक्षण में दिया जाए, इस पर कुछ दिनों में निर्णय लिए जाने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार इस बीच, बच्चे का जैविक पिता होने का दावा करता हुआ एक व्यक्ति अधिकारियों के पास पहुंचा, ऐसे में अब प्रशासन उसकी डीएनए रिपोर्ट की मिलान करेगा। पिछले महीने डीएनए परीक्षण से सत्यापित हो गया था कि यही महिला बच्चे की जैविक मां है। अधिकारी के अनुसार इस मुद्दे के समाधान होने तक न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत बच्चे को मानखुर्द में चिल्ड्रेन्स एड सोसायटी के पास रखा जा सकता है। केंद्र के पालन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार पालक परिवार पांच साल की देखभाल के बाद बच्चे को गोद ले सकता है बशर्ते बच्चे का जैविक परिवार होने का कोई दावा नहीं करे। अधिकारी ने कहा, हमें बताया गया है कि निर्देशक शादीशुदा और एक बच्चे के पिता हैं तथा वह बच्चे को गोद लेने के लिए उत्सुक नहीं है। लेकिन मां की दशा को देखकर उनके मन में शंका हुई और उन्होंने मां के ठीक होने तक बच्चे को उनके पालन-पोषण में देने का अनुरोध किया।

# गुपकर गैंग के गठन के पीछे कांग्रेस का हाथ : भाजपा

**जम्मू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने रविवार को आरोप लगाया कि गुपकर गैंग के गठन के पीछे कांग्रेस का हाथ है। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे की बहाली की मांग को लेकर मुख्यधारा के सात दलों ने मिलकर गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) का गठन किया है। पीएजीडी के घटक दलों नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर निशाना साधते हुए हुसैन ने कहा कि दोनों दलों के नेताओं ने पिछले 70 वर्षों में जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया। कश्मीर से जम्मू पहुंचने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हुसैन ने आरोप लगाया, कांग्रेस दावा करती है कि वह गुपकर गैंग का हिस्सा नहीं है लेकिन सच्चाई यह है कि वही सिर्फ एक ऐसी पार्टी है जोकि पर्दे के पीछे है। वह कांग्रेस ही थी जिसने गुपकर गैंग के गठन की योजना बनाई और गठबंधन के सभी दल इसकी कठपुतली हैं। हुसैन कश्मीर में जिला विकास परिषद में किस्मत आजमा रहे पार्टी उम्मीदवारों के लिए पिछले करीब 15 दिनों से प्रचार करने में जुटे हुए थे।

# मध्यप्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव जनवरी में होने की संभावना : मंत्री

**भाषा।** सागर (मप्र)



**मध्यप्रदेश** के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रविवार को कहा कि प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव अगले महीने होने की संभावना है। सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि उम्मीद है कि स्थानीय निकायों के चुनाव को लेकर अधिसूचना दिसंबर माह के अंत तक जारी हो सकती है।

उन्होंने कहा, ये चुनाव नए साल के पहले महीने जनवरी में हो सकते हैं। प्रदेश में नगरीय निकायों के लिए महापौर का चुनाव सीधे जनता के द्वारा ही होगा और इस सिलसिले में प्रदेश सरकार पहले ही अध्यादेश ला चुकी है और (28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक होने वाले) अगले विधानसभा सत्र में उसे विधेयक के रूप में पेश कर पारित कराया जाएगा। इंदौर एवं भोपाल नगर निगमों सहित महापौरों के पद एक साल से अधिक समय से रिक्त हैं। वर्तमान में इन नगर निगमों की कमान महापौर की जगह सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक के हाथों में है। मध्यप्रदेश की पूर्व कांग्रेस नीत सरकार ने महापौर पद के लिए पिछले दो दशक से अधिक समय से होने वाले प्रत्यक्ष चुनाव को बदलकर अप्रत्यक्ष रूप से कर दिया था, जिसके तहत महापौरों को वार्ड पार्षदों द्वारा मतदान से चुना जाना था। लेकिन, प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने इसे फिर बदलकर पहले जैसा ही कर दिया। इसलिए अब महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर होगा अर्थात शहर के मतदाताओं द्वारा उन्हें चुना जाएगा।

# तृणमूल कांग्रेस में मेहनती कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिया जा रहा है : बनर्जी

**भाषा।** कोलकाता



**ममता** बनर्जी मंत्रिमंडल में शुभेंदु अधिकारी के बाद राजीव बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी बजाते हुए आरोप लगाया कि नेतृत्व से करीबी संबंध रखने वालों को महत्व दिया जाता है जबकि मेहनती कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है।

राजीव बनर्जी ने दावा किया कि राजनीति में आजकल कुछ ऐसे लोग हैं जो सत्ता का आनंद लेने के बारे में सोचते हैं, और लोगों की सेवा करना उनका लक्ष्य नहीं है। राज्य के वन मंत्री ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा, एक राजनीतिक मंच का उपयोग कई लोगों की मदद के लिए किया जा सकता है, लेकिन कुछ लोग अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे मुझे दुख होता है कि जो लोग जनता के हित में काम कर रहे हैं और सक्षम तथा मेहनती हैं, उन्हें उचित महत्व नहीं मिल रहा है, जबकि जो लोग वातानुकूलित कक्षों में बैठे हैं और सोचते हैं कि जनता को बेवकूफ बनाया जा सकता है, उन्हें सिर्फ इसलिए महत्व मिल रहा है क्योंकि उनके लिए जो लोग मायने रखते हैं, उन्हें वे खुश रखते हैं। इस आरोप पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यदि कोई जाना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा, केवल एक पेड़ है, ममता बनर्जी, यदि कोई उनकी छाया छोड़ना चाहता है, तो वह जाने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि, राज्य के शहरी विकास मंत्री फरहाद हकीम ने कहा कि राजीव बनर्जी एक अच्छे व्यक्ति हैं और उन्होंने वन विभाग के मंत्री के रूप में कड़ी मेहनत की है। उन्होंने राज्य के वन मंत्री के आरोपों के बारे में कहा, ममता बनर्जी हर चीज़ पर नजर रखती हैं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि राजीव बनर्जी एक अच्छे मंत्री है और किसी को भी उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। घोष ने रविवार को कहा, अगर वह गरिमा के साथ काम करना चाहते हैं, तो उन्हें पार्टी से बाहर आना चाहिए। गौरतलब है कि शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के साथ मतभेदों के बाद हाल में राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

# ठाकरे व शिअद राज्यों के अधिकारों के मुद्दे पर एकमत हैं : चंदूमाजरा

**भाषा।** मुम्बई

**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शिक्षा, कृषि एवं कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में राज्य सरकारों के अधिकारों में केंद्र के कथित हस्तक्षेप के मुद्दे पर उनकी पार्टी की राय से इत्तेफाक रखते हैं।

मुख्यमंत्री से यहां भेंट करने के बाद चंदूमाजरा ने कहा कि शिवसेना के प्रमुख ठाकरे ने किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे पर अकाली दल के रुख का समर्थन किया। उन्होंने राज्यों के राजस्व घटाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की राजनीति को केंद्रीकृत करने के प्रयासों के खिलाफ क्षेत्रीय दलों को एकजुट होने की जरूरत है। शिवसेना ने पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर भाजपा से नाता तोड़ लिया था। शिअद केंद्र के नए कृषि कानूनों का विरोध करते हुए इस साल सितंबर में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से बाहर आ गया था। नई दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर इन कानूनों के खिलाफ हजारों किसान 26 नवंबर से जुटे हुए हैं और उन्होंने आठ दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया है। चंदूमाजरा ने कहा, यदि राज्य मजबूत होंगे तब देश मजबूत होगा। यदि राज्य कमजोर होंगे तो देश कमजोर होगा। आज देश की राजनीतिक व्यवस्था का केंद्रीकरण किया जा रहा है। शिअद संघवाद के पक्ष में है। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे का भी मानना था कि राज्यों के अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है। शिअद नेता ने कहा, हम चाहते हैं कि (किसानों एवं केंद्र के बीच) वार्ता सफल हो। अन्यथा सभी राजनीतिक दलों को दो सप्ताह में एकजुट होना चाहिए और भावी रणनीति पर चर्चा करनी चाहिए। किसानों के लिए कानून बिना उनसे पूछे बनाए गए। जिनके लिए कानून बनाए गए, वे नाराज हैं और वे सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न दल इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि भेंट के दौरान अकाली नेता ने कहा कि कृषि कानून किसानों के हितों के खिलाफ हैं। बयान के अनुसार, ठाकरे ने कहा कि किसान देश के मेरूदंड हैं और उनकी समस्याओं और मुश्किलों का निदान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।



मुम्बई के वर्षा बंगले में प्रेम सिंह चंदूमाजरा के नेतृत्व में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात करते हुए

# भारत में 36,011 नए मामले, 482 मौतें



भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 96.44 लाख हो गई है, जिनमें से 91 लाख से अधिक लोगों के स्वस्थ हो जाने के बाद संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 94.37 प्रतिशत हो गई है। देश में उपचाराधीन लोगों की संख्या करीब चार लाख रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण के 36,011 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 96,44,222 हो गई है, जिनमें से 482 और लोगों की मौत होने के बाद संक्रमण के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1.40 लाख के पार हो गई है।

देश में संक्रमित होने के बाद ठीक हुए लोगों की संख्या बढ़कर 91,00,792 हो गई है, जिसके बाद लोगों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 94.37 प्रतिशत हो गई है, जबकि कोविड-19 के कारण मरने वालों की दर 1.45 प्रतिशत बनी हुई है। आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 4,03,248 लोगों का इलाज चल रहा है जो संक्रमण के कुल मामलों का 4.18 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमित लोगों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार चली गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, पांच दिसंबर तक 14,69,86,575 नमूनों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से शनिवार को 11,01,063 नमूनों की जांच की गई।

## कोविड-19 टीका विशेषज्ञ समूह से संबंधित रिकॉर्ड कहां रखे हैं, नहीं पताः स्वास्थ्य मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आरटीआई आवेदन के जवाब में कहा कि उसे मालूम नहीं है कि कोविड-19 के लिए टीका प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह की बैठकों में वितरित एजेंडे से संबंधित रिकॉर्ड कहां रखे हैं।

कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनीशिएटिव के वेंकटेश नायक ने मंत्रालय से विशेषज्ञ समूह के संबंध में कई जानकारियां मांगी थीं, जिनमें उसके गठन से लेकर कामकाज और बैठकों की तारीख, प्रत्एक बैठक में जारी विस्तृत एजेंडे की प्रति, इसके सदस्यों के समक्ष दी गई प्रस्तुति तथा विदेश मंत्रालय के साथ साझा किए गए दस्तावेजों की जानकारी शामिल है। नायक ने विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष तथा प्रत्एक सदस्य को प्रत्एक बैठक के लिए दिए जाने वाले शुल्क तथा अन्य पारिश्रमिक या भत्तों की जानकारी मांगी थी। साथ ही उन्हें किए जा चुके इस प्रकार के भुगतान की जानकारी देने के लिए कहा था। कोविड-19 टीका तैयार करने की रणनीति बनाने के लिए सात अगस्त को नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल की अध्यक्षता में कोविड-19 के लिए टीका प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) का गठन किया गया था। केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने इन बिंदुओं पर यह कहते हुए जानकारी प्रदान करने से इनकार कर दिया कि बैठक की विस्तृत जानकारी, एजेंडा और बैठक के दौरान वितरित सामग्री उस सूचना के दायरे में नहीं आती है, जिसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत साझा किया सके।

सीपीआईओ ने कहा कि विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष तथा प्रत्एक सदस्य को दी जाने वाली प्रत्एक बैठक की फीस तथा अन्य पारिश्रमिक या भत्तों के बारे में जानकारी मंत्रालय के टीकाकरण अनुभाग के पास उपलब्ध नहीं है। नायक ने सीपीआईओ के आदेश के खिलाफ मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष अपील दाखिल की। अधिकारी ने कहा कि सीपीआईओ के पास जानकारी नहीं है और यह भी नहीं पता कि जानकारी कहां हो सकती है। यह आवेदन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा विदेश मंत्रालय (एमईए) को भी भेजा गया था। आईसीएमआर ने कहा कि उसके पास नायक द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं है। वहीं विदेश मंत्रालय ने कोविड-19 टीका विशेषज्ञ समूह द्वारा उससे साझा किए गए दस्तावेजों के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रिकॉर्ड उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया।

नायक ने कहा कि सीपीआईओ और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी दोनों स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें यह पता नहीं होना कि विशेषज्ञ समूह से संबंधित कागजात कहां रखे हैं, समझ से परे है। उन्होंने कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय के इन कदमों और चूक के खिलाफ केन्द्रीय सूचना आयोग का रुख करेंगे।

## लड़की को अगवा करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

भाषा। मथुरा (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले में स्कूल जाने के दौरान रास्ते से कथित तौर पर अगवा की गई 14 वर्षीय एक लड़की शनिवार को मिल गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सुरीर इलाके की रहने वाली लड़की को हापुड जिले में उसके शिक्षक के घर से बरामद किया गया। लड़की के पिता की शिकायत के बाद बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज किया गया था, जिन्होंने अपनी शिकायत में स्कूल जाने के दौरान उसके अपहरण का आरोप लगाया था। सुरीर थाने के निरीक्षक मेहराज सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक के फोन की लोकेशन के जरिए उसका पता लगाया गया और उसे गिरफ्तार किया गया। सिंह के मुताबिक पोक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



बेंगलुरु के कब्बन पार्क में रविवार को अपने पालतू कुत्तों के साथ युवतियां।

# अमरिंदर भाजपा की पटकथा दोहरा रहे हैं: सुखबीर बादल

भाषा। चंडीगढ़

**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की हाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई मुलाकात को लेकर शनिवार को उनकी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरिंदर सिंह किसानों के आंदोलन को राष्ट्रीय सुरक्षा से कथित रूप से जोड़कर भाजपा की पटकथा को दोहरौ रहे हैं।

बादल ने आरोप लगाया कि अमरिंदर सिंह को दिल्ली तलब किया गया था और उनसे कहा गया था कि वह प्रवर्तन निदेशालय और किसानों के साथ विश्वासघात के बीच एक को चुनें, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा के आगे 'समर्पण' कर दिया है। अमरिंदर ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री और प्रदर्शन कर रहे किसानों से अपील की थी कि वे नए कृषि



कानूनों पर जल्द कोई समाधान तलाशें, क्योंकि इससे पंजाब की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित हो रही है। बादल ने यहां एक बयान में कहा कि शाह के साथ बैठक के बाद बाहर आते ही यह स्पष्ट हो गया कि उन्होंने (अमरिंदर सिंह) क्या चुना, क्योंकि उन्होंने पहली जो बात कही, वह यह थी कि किसान अपना आंदोलन खत्म करें। इसके लिए उन्होंने इस शांतिपूर्ण आंदोलन से राष्ट्र की सुरक्षा को खतरे का हवाला दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि बहादुर कैप्टन भाजपा आला कमान द्वारा दी गई पटकथा को मात्र दोहरा रहे हैं। वह इसे एक तोते की तरह गा रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने कभी भी किसानों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी का संदर्भ यह था कि लंबे गतिरोध का फायदा हमारे शत्रु उठा सकते हैं जिनसे इन किसानों के बेटे लड़ रहे हैं। अमरिंदर ने शुक्रवार को भी कहा था कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या किसी अन्य से नहीं डरते हैं।

अमरिंदर ने शनिवार को एक बयान में बादल पर पलटवार करते हुए कहा कि ईडी का कोई भी मामला उन्हें कभी भी लोगों के लिए लड़ने से रोक नहीं पाया है और वह बादलों की तरह नहीं हैं जो 'कमजोर' हैं या किसानों से विश्वासघात करते हैं। उन्होंने कहा, मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ ईडी के मामलों में नया क्या है, जो मैं अचानक से डरने लग जाऊंगा।

## आंबेडकर के सपने पूरा करने के लिए हम कटिबद्धः प्रधानमंत्री मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संविधान निर्माता बी. आर. आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके विचार और आदर्श लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करते हैं। भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं दलित आदर्श आंबेडकर का छह दिसंबर, 1956 को निधन हुआ था।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, महापरिनिर्वाण दिवस पर महान डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर को याद करता हूं। उनके विचार और आदर्श लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करते हैं। हमारे राष्ट्र के लिए उन्होंने जो सपने देखे थे, हम उन्हें पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संविधान निर्माता बी.आर. आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कहा कि एक भविष्योन्मुखी व सर्वसमावेशी संविधान देकर उन्होंने देश में प्रगति, समृद्धि और समानता का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं दलित आदर्श आंबेडकर का छह दिसंबर, 1956 को निधन हुआ था। शाह ने हिंदी में ट्वीट किया, एक भविष्योन्मुखी व सर्वसमावेशी संविधान देकर देश में प्रगति, समृद्धि और समानता का मार्ग प्रशस्त करने वाले बाबासाहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

गृह मंत्री ने आगे लिखा, बाबासाहेब के पदचिन्हों पर चलकर मोदी सरकार दशकों से विकास से वंचित वर्ग के कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्यरत है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर कहा कि दलित आदर्श को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एकमात्र सच्चा रास्ता भारत को सभी प्रकार के भेदभावों से मुक्त करने की दिशा में काम करना है।

## आदिपुरुष में रावण का मानवीय पक्ष प्रस्तुत करने वाले बयान पर सैफ अली खान ने माफी मांगी

भाषा। मुंबई



**आने** वाली फिल्म आदिपुरुष में रावण के चरित्र का मानवीय पक्ष प्रस्तुत करने संबंधी अभिनेता सैफ अली खान के बयान पर सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया जिसके बाद अभिनेता ने रविवार को अपनी टिप्पणियों के लिए खेद जताते हुए कहा कि उनका इरादा लोगों की भावनाएं आहत करना नहीं था।

आदिपुरुष में रामायण का चित्रण किया गया है जिसमें बाहुबली फेम प्रभास भगवान राम के रूप में और खान लंकेश रावण के रूप में दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन ओम राउत करेंगे जिन्होंने तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर का निर्देशन भी किया था। खान (50) ने एक बयान में कहा, मुझे पता चला है कि एक साक्षात्कार में मेरे बयान से विवाद खड़ा हो गया और लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मेरी ऐसी मंशा नहीं थी। मैं सभी से माफी मांगना चाहूंगा और अपने बयान को वापस लेता हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि यह फिल्म बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाने वाली होगी। खान ने कहा, भगवान राम हमेशा से मेरे लिए नायकत्व के प्रतीक रहे हैं। आदिपुरुष बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाने वाली फिल्म है और पूरी टीम बिना किसी छेड़छाड़ के इस महापुराण को प्रस्तुत करने के लिए काम कर रही है। खान ने हाल ही में एक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा था कि फिल्म में उनके द्वारा अभिनीत दानव राज रावण का पात्र मानवीय होगा।

## बंगाल चुनाव में भी नजदीकी मुकाबले के आसारः संजय

भाषा। नई दिल्ली

**बिहार** चुनाव के बाद अब सबकी नजरें अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जहां अभी से प्रदेश के दौरे शुरू कर दिए हैं तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कई नेता हाल के दिनों में भाजपा में शामिल हुए हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच गठबंधन होने को लेकर भी सुगबुगाहट है। इन्हीं बिंदुओं पर पेश हैं सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब...

**सवाल:**- बिहार चुनाव के नतीजों, तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं के अलग होने और भाजपा के शीर्ष नेताओं के दौरों से पश्चिम बंगाल से फिलहाल किस तरह के संकेत मिलते हैं?

**जवाब:**- बिहार चुनाव के नतीजे से भाजपा का मनोबल बढ़ा है और यही वजह है कि उसके नेताओं के पश्चिम बंगाल में कार्यक्रम जोर-शोर से चल रहे हैं। राज्य में उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा है। जहां तक बात नेताओं के किसी पार्टी को छोड़ने की है तो मैं यह सकता हूं कि एक साथ बहुत ज्यादा लोग पार्टी छोड़कर जाते हैं तब कहा जा सकता है कि पार्टी का जनाधार खिसक रहा है। एक-दो नेताओं के पार्टी छोड़ने के कई कारण हो सकते हैं। इससे यह नहीं जा सकता कि तृणमूल का जनाधार खिसक रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि वहां भाजपा का जनाधार बढ़ा है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस से एक-दो नेताओं के जाने से कोई बड़ा संकेत नहीं मिलता।

**सवाल:**- ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा की ओर से सीएम का कोई बड़ा चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। इस चुनाव में यह कितना बड़ा कारक हो सकता है?

**जवाब:**- साल 2014 में हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में हम देख चुके हैं कि भाजपा ने राज्य स्तर पर किसी बड़े चेहरे के बिना चुनाव लड़ा और अच्छा प्रदर्शन किया। अगर किसी के पक्ष में हवा बन जाती है तो लोग चेहरा नहीं देखते हैं। हां, ममता बनर्जी की अपनी लोकप्रियता है, लेकिन उनका व्यक्तित्व ऐसा दिखाई देता है कि उनके प्रशंसकों के साथ बड़ी संख्या में उनके विरोधी भी हैं। ये विरोधी यही चाहेंगे कि इनके अलावा कोई भी दूसरा मुख्यमंत्री बन जाए। अगर बड़े पैमाने पर ऐसी धारणा बन जाती है तो फिर चेहरे की ज्यादा अहमियत नहीं रहती।

**सवाल:**- अब तक देखा गया है कि लोकसभा चुनाव के मुकाबले राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन कमतर रहा है। इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल की स्थिति को आप कैसे देखते हैं?

**जवाब:**- पश्चिम बंगाल और उन राज्यों में अंतर है जहां हाल के समय में विधानसभा चुनाव हुए हैं। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और बिहार में भाजपा अपनी सरकार बचाने के लिए चुनाव लड़ी थी और उसके पास विपक्ष को घेरने के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं थी। दिल्ली को आप अपवाद कह सकते हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में वह सत्ता में आने के लिए चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है, ऐसे में उसके समर्थकों को यह महसूस हो रहा होगा कि भाजपा सरकार बना सकती है। अगर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव से पहले होता तो शायद भाजपा को इतनी ज्यादा उम्मीद नहीं होती।

## भारत की कला और संस्कृति देश की उदार शक्ति का अभिन्न हिस्साः शृंगला

भाषा। नई दिल्ली

**विदेश** सचिव हर्षवर्धन शृंगला ने कहा कि भारत की कला और संस्कृति देश की उदार शक्ति का अभिन्न हिस्सा हैं तथा भारतीय कला विधाओं के लिए समर्पित कलाकार केवल प्रस्तोता ही नहीं, बल्कि ब्रांड एंबैसडर हैं जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक दर्शकों तक लेकर जा रहे हैं।

शृंगला ने स्पिक मैके द्वारा आयोजित वैश्विक विरासत श्रृंखला कार्यक्रम में कहा कि स्पिक मैके और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद शास्त्रीय एवं लोकप्रिय विधाओं के बीच सेतु बनाने के लिए कई क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने शनिवार को कहा, परंपरा को आधुनिकता के साथ रहना चाहिए। मैं जानता हूं कि केवल प्रणालियां कलात्मकता को प्रोत्साहित नहीं कर सकतीं। शृंगला ने कहा कि भारतीय संस्कृति और कला भारत की उदार शक्ति का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कला विधाओं के लिए समर्पित कलाकार केवल प्रस्तोता नहीं हैं, बल्कि ऐसे ब्रांड एंबैसडर हैं जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक दर्शकों तक ले जा रहे हैं। विदेश सचिव ने कहा, मुझे याद है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में मुझे स्पिक मैके के समारोहों में हमारे सर्वश्रेष्ठ शास्त्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां नि:शुल्क देखने का मौका मिला।

जिन विभिन्न राजनयिक मिशनों में मैंने सेवाएं दी हैं, उनमें हमारे कुछ विशिष्ट कलाकारों की मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात रहा है। उन्होंने भारत की शास्त्रीय कला विधाओं की वैश्विक स्तर पर प्रस्तुति के स्पिक मैके के प्रयासों के लिए विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशनों के समर्थन को पुन: दोहराया। शृंगला ने कहा, हम कोविड-19 के चंगुल से निकलना शुरू कर रहे हैं, ऐसे में अतीत में झांकने से पता चलता है कि संकट के समय में लोगों को आत्मिक पोषण की आवश्यकता होती है।

## धरतीपुत्रों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करें: सचिन पायलट

**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने किसानों के आठ दिसंबर को प्रस्तावित भारत बंद का समर्थन करते हुए कहा है कि हम सभी को इनके अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे किसानों ने आठ दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया है और हम सभी को इन धरतीपुत्रों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने लिखा, केंद्र सरकार व किसानों के मध्य असफल हुई वार्ता इस बात का प्रतीक है कि भाजपा भारत की कृषि रूपी नींव को खोखला करना चाहती है। इस बीच केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की घटक दल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने भी किसानों के आठ दिसंबर के भारत बंद का समर्थन किया है। पार्टी के संयोजक व सांसद हनुमान बेनीवाल ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा, आठ दिसम्बर को देश के किसानों की आवाज पर आरएलपी भारत बंद का समर्थन करती है।

# पेज 1 का शेष

### गरीबों, दलितों...

की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक गरीब, दलित और वंचित वर्ग के व्यक्ति को प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा जनधन योजना, गरीब के लिए आवास, घर में शौचालय निर्माण, नि:शुल्क बिजली कनेक्शन, नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन जैसी योजनाओं के माध्यम से बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ने गरीबों के हाथ में ताकत सौंपी है। यह योजना हमारे गांवों में ऐतिहासिक परिवर्तन ला रही है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति सम्बन्धी विवादों में काफी कमी आएगी। स्वामित्व का अधिकार मिलने से उन्हें अपनी प्रापर्टी पर सुरक्षा की गारण्टी मिलेगी तथा लोन प्राप्त हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश.विदेश में बाबा साहब डॉ आंबेडकर से जुड़े 5 स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में स्थापित किया है। इनमें मध्य प्रदेश स्थित उनका जन्म स्थान महू छावनी तथा लंदन का वह घर, जहां ब्रिटेन में रहते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई की, सम्मिलित हैं। साथ ही, नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली स्थित महापरिनिर्वाण स्थल तथा मुम्बई में चैत्य.भूमि भी शामिल है। पंच तीर्थ स्थलों के माध्यम से लोगों को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की दृष्टि एवं विचारों को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम को श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, विधायी एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक तथा भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व, मुख्यमंत्री ने डॉ. आंबेडकर महासभा परिसर में स्थापित तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### घर मिलने...

पर बसे लोगों के विस्थापन की दशा में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर भारत माता के महान सपूत थे। आज कार्यालय से लेकर सड़क तक सभी जगह बाबा साहेब आंबेडकर प्रासंगिक हैं। जनप्रतिनिधि भी बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा रचित संविधान की शपथ लेकर अपना कार्य प्रारंभ करते हैं। परिनिर्वाण दिवस के दौरान आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर योजना के मध्य में दलित और वंचित होता है। केंद्र और प्रदेश की जो भी योजनाएं हैं, उनके केंद्र में बाबा साहेब आंबेडकर का दलित और वंचित समाज है। आवास, शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी वंचित समाज के ही लोग हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रीधर पराडकर द्वारा लिखिति पुस्तक डॉ. आंबेडकर और जोगेंद्र नाथ मंडल का विमोचन किया। इस पुस्तक की प्रस्तावना डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लिखी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने समाजवादी पार्टी और आजम खां को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आजम खां ने बाबा साहेब को भू.माफिया बता दिया। यही नहीं अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में दलितों की जमीनों की बिक्री का नियम भी बदल दिया था। यही नहीं लोगों की नौकरियों को लेकर भी अखिलेश यादव की सरकार में विभाग को यूनिट मान लिया गया था, लेकिन योगी और मोदी सरकार में यूनिवर्सिटी को यूनिट मानकर नौकरियां दिए जाने का आदेश जारी किया गया है।

### खाद्य तेलों...

कीमत 90 से 120-125 प्रति किलो हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 4 दिसंबर को खुदरा बाजार में अरहर दाल 99 रुपये किलो, उड़द 104 और मसूर 80 रुपये किलो बिक रही है। मंत्रालय के रोजाना रिपोर्ट में दी गई कीमतें राजधानी के खुदरा बाजार में चल रही कीमतों से काफी कम दिखाया गया है। एनसीआर के बाजारों में दालें इससे कही ज्यादा महंगी बिक रही है। इसी तरह मंत्रालय के आंकड़ों में मूंगफली का तेल 180 रुपये प्रति लीटर तथा सरसों का तेल 140 रुपये दिखाया गया है। लेकिन खुदरा बाजारों में इनकी कीमतें कही ज्यादा है। व्यापारियों का कहना है कि उपभोक्ता खाद्य कीमत सूचकांक (सीएफपीआई) और सब्जी तथा दालों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### पेट्रोल, डीजल...

वाहन ईंधन कीमतों में लगातार पांचवीं वृद्धि है। 20 नवंबर से वाहन ईंधन के दाम 14 बार बढ़ाए जा चुके हैं। इससे पहले करीब दो माह तक पेट्रोलियम कंपनियों ने कीमतों में संशोधन नहीं किया था। सितंबर, 2018 के बाद अब वाहन ईंधन के दाम सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। इस तरह से 17 दिन में पेट्रोल के दाम 2.35 रुपए प्रति लीटर बढ़े हैं। इस दौरान डीजल 3.15 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। कोविड-19 के टीके को लेकर अच्छी खबरों के बीच ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। 30 अक्टूबर को यह 36.9 डॉलर प्रति बैरल पर थे, जो चार दिसंबर तक करीब 34 प्रतिशत बढ़कर 49.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुके हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों तथा विदेशी विनिमय दर के आधार पर प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करती हैं।

### दारोगा संग...

महिला की डायरी से सुसाइड नोट के अलावा घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए हैं। महिला के बाएं कनपटी पर गोली लगी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि सब इंस्पेक्टर राहुल राठौर और मृतक महिला करीब चार महीने से लिव इन रिलेशनशिप में थे। वहीं, महिला ने पति से डिवोर्स लेने के लिए न्यायालय में अर्जी डाल रखी थी। आरोप है कि घंटो तक स्थानीय पुलिस मामले में लीपापोती में लगी रही। हालांकि सब इंस्पेक्टर और उसके नौकर से घंटों तक पूछताछ की है। बावजूद इसके पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, फॉरेंसिक एक्सपर्टों ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय का कहना है कि घटना की हर बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### मोदी आज...

15.4 किमी होगी तथा इसके तहत कुल 14 मेट्रो स्टेशन होंगे। मेट्रो रेल परियोजना से आगरा की 26 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही, प्रत्येक वर्ष आगरा आने वाले लगभग 60 लाख पर्यटक भी शहर में विश्वस्तरीय मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के रूप में आगरा शहर को एक अत्याधुनिक और वैश्विक स्तर का मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम-एमआरटीएस उपलब्ध हो सकेगा। आगरा मेट्रो रेल के कारिडोर्स इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं कि शहर के 4 प्रमुख रेलवे स्टेशनों, बस डिपो, कॉलेजों, प्रमुख बाजारों और पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जा सके। आगरा मेट्रो रेल शहरवासियों को पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक एवं बाधारहित सार्वजनिक यातायात का साधन उपलब्ध कराएगी। आगरा में ताजमहल, आगरा फोर्ट सहित अन्य विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। मेट्रो रेल सेवाओं के दृष्टिगत इन सभी स्थलों तक आवागमन सुगम होगा और इससे पर्यटक भी विशेष रूप से आकर्षित होंगे।

### चीतों को...

बसाने करने की ओर इशारा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पहले भी चीते रहते थे। राज्य में लंबे समय तक इनके संरक्षण का इतिहास रहा है। हमारे पास इनको बसाने के लिए बेहतर जगह है। चौहान ने कहा कि चीते को फिर से बसाने के लिए हमारे पक्ष में कई चीजें हैं। हम पहले की केन्द्र सरकार को लिख चुके हैं कि इस योजना में हमारी बहुत अधिक रुचि है।

## एमबापे का टीम की ओर से 100वां गोल

**पेरिस।** स्थानापन्न खिलाड़ी काइलियान एमबापे ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की ओर से 100वां गोल दागा जिससे फ्रेंच फुटबॉल लीग में शीर्ष पर चल रही इस टीम ने मोंटपेलियर को 3-1 से शिकस्त दी। पीएसजी की ओर से 137वां मैच खेल रहे 21 साल के एमबापे ने लेविन कुर्जावा के क्रॉस पर 90वें मिनट में गोल दागकर टीम की ओर से गोल का शतक पूरा किया।

## मैकेनी के गोल से यूवेंटस ने टोरिनो को हराया

**मिलान।** वेस्टन मैकेनी यूवेंटस की ओर से गोल करने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने जिससे टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में टोरिनो को 2-1 से हराया। निकोलस एनकोलू ने नौवें मिनट में ही टोरिनो को बढ़त दिलाई लेकिन मैकेनी ने 77वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया।

## मैड्रिड शीर्ष पर, रीयाल मैड्रिड की टीम भी जीती

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने अपनी जीत का क्रम बरकरार रखते हुए शनिवार को ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर जगह बनाई जबकि रीयाल मैड्रिड की टीम भी जीत के इंतजार को खत्म करने में सफल रही। बार्सीलोना की टीम को हालांकि एक बार फिर हार की निराशा झेलनी पड़ी। रीयाल मैड्रिड ने सेविला को 1-0 से हराकर पिछले तीन मैचों में दो हार और एक ड्रॉ की निराशा को पीछे छोड़ा जिससे मैनेजर जिनेदिन जिदान को कुछ राहत मिली होगी। यह गोल हालांकि रीयाल मैड्रिड के किसी खिलाड़ी ने नहीं किया बल्कि यह यासिन बोउनोउ का दूसरे हाफ में आत्मघाती गोल था।

## बुंदेसलीगा में डोर्टमंड की टीम फिर जीत दर्ज करने में नाकाम

**बर्लिन।** बोरूसिया डोर्टमंड की टीम बुंदेसलीगा फुटबॉल लीग में एक बार फिर जीत दर्ज करने में नाकाम रही जब एनट्रैक्ट फ्रेंक्फर्ट ने उसे 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। डायची कमादा ने नौवें मिनट में ही फ्रेंक्फर्ट की टीम को बढ़त दिला दी थी लेकिन अमेरिका के किशोर जियोवानी रेना ने 56वें मिनट में बोरूसिया डोर्टमंड को बराबरी दिला दी। डोर्टमंड की टीम को अपने चोटिल स्ट्राइकर एर्लिंग हेलांड की काफी कमी खली।

## चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाईटेड जीते

**लंदन।** नौ महीनों में पहली बार इंग्लैंड के फुटबॉल प्रेमी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मुकाबले देखने पहुंचे और मैनचेस्टर यूनाईटेड तथा चेल्सी की जीत के गवाह बने जिन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी की। मार्च में कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने के बाद इंग्लैंड की शीर्ष फुटबॉल डिविजन में पहली बार दर्शकों को स्टेडियम में आने की स्वीकृति दी गई। शनिवार को इन मुकाबले के लिए स्टेडियम में चार हजार दर्शक मौजूद थे।

# भारत ने टी-20 श्रृंखला में बढ़त ली

## दूसरे टी20 में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया

**भाषा।** सिडनी




पांडया व धवन का उम्दा खेल

भारत ने शिखर धवन की 36 गेंद में 52 रन की पारी के बाद हार्दिक पंड्या की आक्रामक बल्लेबाजी से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से शिकस्त देकर श्रृंखला अपने नाम की। मेहमान टीम ने इस तरह वनडे श्रृंखला में 1-2 से मिली हार का बदला चुकता किया। टीम ने घरेलू टीम द्वारा बनाए गए 195 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को दो गेंद रहते चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने शुक्रवार को कैनबरा में शुरूआती टी20 में 11 रन से जीत हासिल की थी। उसने श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। यह भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में विदेशों में लगातार 10वीं जीत है। भारत ने 18वें ओवर में 12 रन जुटाए जिससे टीम को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 25 रन की दरकार थी। पंड्या ने दो चौके लगाए जिससे अंतिम छह गेंद में जीत के लिए 14 रन चाहिए थे। इस हरफनमौला ने फिर दो छक्के जड़कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। मैन आफ द मैच पंड्या 22 गेंद में 42 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने पहले दो ओवरों में कोई बाउंड्री नहीं लगाई। लेकिन धवन (52) और लोकेश राहुल (30) ने क्रीज पर जमने के बाद चौकों और छक्कों की बारिश कर दी। राहुल ने फ्री हिट पर एंड्रयू टाई की गेंद को एक्स्ट्रा कवर में भेजा जो भारत की पारी की पहली बाउंड्री थी। धवन ने ग्लेन मैक्सवेल पर दो बाउंड्री और एक छक्का जमाया जिससे भारतीय पारी ने लय पकड़ी। आस्ट्रेलिया ने हालांकि राहुल का विकेट लेकर भारत को पहला झटका दिया। वह मिशेल स्वेपसन को डीप प्वाइंट में आसान कैच देकर पवेलियन पहुंचे। लेकिन भारत ने पॉवरप्ले में एक विकेट पर 60 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की। कुछ बेहतरीन शॉट जमाने वाले धवन लेग स्पिनर एडम जाम्पा की गेंद पर बल्ला छुआ बैठे और आस्ट्रेलिया ने दूसरा विकेट हासिल किया। संजू सैमसन 10 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हुए। पदार्पण करने वाले डेनियल सैम्स ने विराट कोहली के रूप में बड़ा विकेट हासिल किया जिन्होंने 24 गेंद में 40 रन बनाए। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू वेड की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 194 रन बनाए। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद चोटिल आरोन फिंच की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रहे वेड ने 32 गेंद में 58 रन बनाए जबकि स्टीव स्मिथ ने 38 गेंद में 46 रन का योगदान दिया। मेहमानों के लिए टी नटराजन ने अपने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। भारत ने मध्य के ओवरों में कसी गेंदबाजी की लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में 62 रन जोड़ लिए। वेड ने आस्ट्रेलियाई पारी की तेज शुरूआत की। युजवेंद्र चहल को छोड़कर भारत के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्होंने 10 बाउंड्री लगाई और एक छक्का जड़ा। वेड ने पहले ओवर में दीपक चाहर पर तीन चौके लगाकर 13 रन जुटाए। दूसरे ओवर में ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर उन्होंने डीप स्क्वायर लेग पर एक छक्का जमाया। फार्म में चल रहे वेड ने शारदुल ठाकुर का स्वागत बाउंड्री से किया। सुंदर ने चौथे ओवर में 15 रन दिए और फिर वेड ने ठाकुर पर 12 रन जोड़े जिससे मेजबानों ने सिडनी क्रिकेट मैदान पर छठे ओवर में 50 रन पूरे कर दिए। नटराजन को गेंदबाजी आक्रमण पर लगाया गया जिससे आस्ट्रेलिया ने डार्सी शार्ट के रूप में अपना पहला विकेट गंवाया। वेड की तेज तर्रार बल्लेबाजी जारी रही और उन्होंने चहल की गेंद पर चौका लगाकर महज 25 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। लेकिन कार्यवाहक कप्तान दिलचस्प तरीके से रन आउट हो गया। कोहली ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ दिया था, उन्होंने दो दिन में दूसरा कैच छोड़ा है। जिससे वेड दूसरे छोर पर भागने लगे लेकिन स्टीव स्मिथ ने ऐसा नहीं किया। जिससे कोहली ने विकेटकीपर लोकेश राहुल की ओर गेंद फेंकी और वेड रन आउट हो गए। इससे पहले हार्दिक पंड्या ने भी वेड का कैच छोड़ा था। स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल ने चौके और छक्के जमाते हुए पारी को आगे बढ़ाया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी :** वेड रन आउट (कोहलीाराहुल) 58 ,शार्ट का अय्यर बो नटराजन 09, स्मिथ का पंड्या बो चहल 46 , मैक्सवेल का वाशिंगटन सुंदर बो ठाकुर 22, हेनरिक्स का राहुल बो नटराजन 26,स्टोइनिस नाबाद 16,सैम्स नाबाद 08
अतिरिक्त : 09,कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 194 रन, **विकेट पतन** :1-47, 2-75, 3-120, 4-168, 5-171,**गेंदबाजी** : चाहर 4-0-48-0, सुंदर 4-0-35-0, ठाकुर 4-0-39-2-1, नटराजन 4-0-20-2, चहल 4-0-51-1
**भारतीय पारी :** राहुल का स्वेपसन बो टाई 30,धवन का स्वेपसन बो जाम्पा 52,कोहली का वेड बो सैम्स 40, सैमसन का स्मिथ बो स्वेपसन 15, पंड्या नाबाद 42,अय्यर नाबाद 12, अतिरिक्त : 04,**कुल योग** : 19.4 ओवर में चार विकेट पर 195 रन, **विकेट पतन** :1-56, 2-95, 3-120, 4-149,गेंदबाजी : सैम्स 3.4-0-41-1,सीन एबोट 2-0-17-0, टाई4-0-47-1,मैक्सवेल 1-0-19-0, स्वेपसन 4-0-25-1, हेनरिक्स 1-0-9-0,जाम्पा 4-0-36-1

## अनुभवी खिलाड़ियों के बिना टी20 श्रृंखला जीतना पर गर्व हैं : कोहली



**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने रविवार को कहा कि रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों के बिना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीतना उनके लिए बहुत मायने रखता है। कोहली ने बड़े शॉट लगाने में माहि हार्दिक पंड्या के कौशल की तारीफ की। कोहली ने मैच के बाद कहा, यह जीत काफी मायने रखती है। टी20 क्रिकेट में हम एक टीम की तरह खेले। टीम में रोहित और बुमराह जैस सीमित ओवरों के अनुभवी - विशेषज्ञ खिलाड़ी नहीं है, फिर भी हम अच्छा कर रहे है। इससे मुझे खुशी है और टीम पर फख्र है। रोहित के मांसपेशियों में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान खिंचाव आ गया था जबकि बुमराह को चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया है। कप्तान ने कहा कि अपनी शानदार बल्लेबाजी से मैन ऑफ द मैच बने पंड्या आने वाले वर्षों में टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी बन सकते है। वह (पंड्या) 2016 में टीम में अपनी प्रतिभा के दम पर आया। वह प्रतिभावान है।

## लॉकडाउन में जरूरत के समय मैच फिनिश करने में महारत हासिल करने पर काम किया : पंड्या

**सिडनी।** भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने रविवार को यहां कहा कि कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान उन्होंने जरूरत के समय मैच फिनिश करने में महारत हासिल करने पर काम किया। पंड्या ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, लॉकडाउन के दौरान मैं जरूरत के समय मैच फिनिश करने पर ध्यान लगाना चाहता था। यह मायने नहीं रखता कि मैं ज्यादा रन जुटाऊंया नहीं। यह आल राउंडर रविवार को एससीजी में बनी परिस्थितियों के लिए नया नहीं था, उन्होंने पिछले कुछ मैचों में ऐसे ही हालात में कुछ में जीत दिलाई जबकि कुछेक में हार का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं कई दफा ऐसी स्थितियों में हो चुका हूं और मैंने अपनी गलतियों से सीख ली। मैं आत्मविश्वास के साथ खेलता हूं और इससे खुद को प्रेरित करता हूं और अति आत्मविश्वासी नहीं बनता। मैं हमेशा उस समय को याद रखता हूं जब हमने बड़े स्कोर का पीछा किया और इससे मदद मिलती है। मैन आफ द मैच पंड्या ने पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स पर दो छक्के जमाए जिससे भारत ने दो गेंद रहते जीत हासिल की।

### लैंगर को पंड्या की पारी में धोनी की झलक दिखी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या की दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई नाबाद पारी को अविश्वसनीय करार देते हुए उनकी तुलना पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की। लैंगर ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैच के नजरिए से यह अविश्वसनीय पारी थी। हमें पता है कि वह (पंड्या) कितने खतरनाक है। इससे पहले हम धोनी को देख चुके है और पंड्या ने आज उसी तरह से बल्लेबाजी की।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गए इंग्लैंड के दो सदस्यों के कोविड–19 पॉजिटिव होने की आशंका

**केपटाउन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को बताया कि दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गए उनके दल के दो सदस्यों के कोविड-19 जांच में अपुष्ट पॉजिटिव नतीजे आए है। इससे पहले दोनों टीमों के खिलाड़ी जिस होटल में रूके हैं वहां कोरोना वायरस के मामले मिलने के बाद पहले एक दिवसीय मैच को रद्द कर दिया गया। ईसीबी ने हालांकि पॉजिटिव नतीजे वाले सदस्यों के नामों की जानकारी नहीं दी है। ए मामले खिलाड़ियों से जुड़े हैं या सहयोगी सदस्यों से।

# अभ्यास मैच में रहाणे का शतक

## भारत के आठ विकेट पर 237 रन

**भाषा।** सिडनी



अजिंक्य रहाणे ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला की तैयारी आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ रविवार को यहां पहले अभ्यास क्रिकेट मैच के पहले दिन जुझारू शतक के साथ की जिससे भारत ए ने आठ विकेट पर 237 रन बनाए। भारत की शुरुआत खराब रही और टीम ने 40 रन पर ही दिन विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद रहाणे (228 गेंद में नाबाद 108 रन) और चेतेश्वर पुजारा (140 गेंद में 54 रन) ने 76 रन जोड़कर पारी को संभाला। पहले टेस्ट के बाद कप्तान विराट कोहली के पितृत्व अवकाश पर जाने पर इन दोनों बल्लेबाजों पर बल्लेबाजी क्रम में जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। मुंबई के बल्लेबाज रहाणे ने इसके बाद कुलदीप यादव (15) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी करके भारत ए का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। कप्तान की भूमिका निभा रहे रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने बल्ले के पास टप्पा खाने वाली और शॉर्ट गेंदों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे तथा अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का मारा।लगभग नौ महीने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे पुजारा को फॉर्म हासिल करने में अधिक समय नहीं लगा। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके मारे। पुजारा ने फाइन लेग क्षेत्र में लेग ग्लांस के साथ तीन चौके बटोरे। इसमें से दो चौके उन्होंने पारी के नौवें ओवर में जेम्स पेटिनसन की लगातार गेंदों पर मारे।दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद सिराज रहाणे का साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है।

### आस्ट्रेलिया ए स्कोर

**भारत ए पहली पारी:** साव का पेन बो पेटिनसन 00, गिल का हैरिस बो नेसेर 00,पुजारा का हैरिस बो पेटिनसन 54,विहारी पगबाधा बो बर्ड 15,रहाणे खेल रहे है 108, साहा पगबाधा बो हेड 00,अश्विन पगबाधा बो पेटिनसन 05,यादव का पुकोवस्की बो हेड 15, उमेश पगबाधा बो नेसेर 24, सिराज खेल रहे है 00,**अतिरिक्त:** 16 ,**कुल:** 90 ओवर मे आठ विकेट पर: 237 रन,**विकेट पतन:** 0-1, 6-2, 40-3, 116-4, 121-5, 128-6, 197-7, 235-8, **गेंदबाजी:** पेटिनसन 19-5-58-3,नेसेर 19-6-51-2, बर्ड 19-6-34-1,ग्रीन 8-4-9-0,स्टेक्टी 14-3-50-0,हेड 11-3-24-2

## जीत की हैट्रिक के साथ मुम्बई सिटी एफसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**भाषा।** गोवा



पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से मुम्बई सिटी एफसी ने रविवार को ओडिशा एफसी को 2–0 से हराकर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सातवें सत्र में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुम्बई की टीम चार मैचों में नौ अंकों के साथ तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई है। ओडिशा को अब भी सत्र की पहली जीत का इंतजार है। ओडिशा के शुभम सारंगी के हाथ से गेंद टकरा गई जिसके बाद रेफरी ने मुम्बई को पेनल्टी दी। नाइजीरियाई खिलाड़ी बार्थोलोमेव ओगबेचे ने 30वें मिनट में इस पेनल्टी को गोल में तब्दील करके मुम्बई सिटी को 1–0 से आगे कर दिया। मुम्बई के लिए मैच के 45वें मिनट में रॉवलिन बोर्जेस ने बिपिन सिंह के क्रॉस पर हेडर दूसरा गोल किया।

## रीयल कश्मीर ने पीयरलेस के खिलाफ जीत से किया आगाज

**कोलकाता।** रीयल कश्मीर ने आगामी सत्र की तैयारियों की शानदार शुरुआत करते हुए 123वें आईएफए शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पीयरलेस को 2–1 से शिकस्त दी। सुजॉय दत्त ने मैच के 20वें मिनट में मौका बनाया जिसे उत्तम राय ने हेडर से गोल में बदल कर पीयरलेस को बढ़त दिला दी। पीयरलेस की यह बढ़त हालांकि ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रहीं और मैच के 25वें मिनट में दानिश फारूख ने शानदार मौका बनाया जिस पर चेस्टरपॉल ने बराबरी का गोल दाग दिया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पारी और 134 रन से हराया



हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन वेस्टइंडीज को पारी और 134 रन से हराकर घरेलू टेस्ट सत्र की शुरुआत जीत के साथ की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ चारों घरेलू टेस्ट जीतने के अभियान का आगाज किया। टीम अगर चारों टेस्ट जीतने में सफल रहती है और भारत तथा आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला का नतीजा उसके पक्ष में रहता है तो टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो टीमों में जगह बना लेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2–0 की जीत से न्यूजीलैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में इंग्लैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में छह विकेट पर 196 रन से की और उसे पारी की हार टालने के लिए 185 रन और चाहिए थे।

## ओपेक के उत्पादन बढ़ाने के फैसले से ईंधन मूल्यों में स्थिरता का अनुमान : पेट्रोलियम मंत्री

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश में पेट्रोल–डीजल की कीमतों के आसमान छूने के बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को अनुमान जताया कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने के हाल के फैसले के बाद ईंधनों के दामों में स्थिरता आएगी। पेट्रोल–डीजल की महंगाई के बारे में पूछे जाने पर प्रधान ने यहां संवाददाताओं से कहा,"ओपेक ने दो दिन पहले ही निर्णय किया है कि वह कच्चे तेल का पांच लाख बैरल उत्पादन हर रोज बढ़ाएगा। इसका हमें फायदा मिलेगा और हमारा अनुमान है कि (ईंधनों के) दाम स्थिर होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा,"जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं, तो यहां (भारत में) भी (ईंधनों के) दाम बढ़ते हैं" प्रधान के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों और कुछ अन्य देशों की अंदरूनी समस्याओं के कारण पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़े थे।

## कोविड–19 के कारण नौकरी से निकाला जाना, वेतन कटौती व्यापक स्तर पर नहीं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के बाद कंपनियों की आय पर पड़े प्रभाव के बावजूद नौकरियों और वेतन में कटौती उतने व्यापक स्तर पर नहीं है जितना कि आशंका जताई जा रही थी। एक अध्ययन में यह कहा गया है। सीआईआई–टैलेंटोनिक एचआर सोल्यूशंस के संयुक्त अध्ययन–नई व्यवस्था में संगठन को फिर से तैयार करना मानव संसाधन की भूमिका– शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों के लिए कोविड-19 संकट से निपटने के लिए उठाए गए कदमों में कुल 13 प्राथमिकताओं में लोगों को नौकरी से हटाना सातवें स्थान पर था। वहीं वेतन में कटौती या उसे आगे टालने की प्राथमिकता 13वें स्थान पर थी। संकट से निपटने के लिए विभिन्न उपायों की तलाश ने कंपनियों को अधिक सशक्त बनाया है।

## एसोचैम ने कोविड टीका विकास पर व्यय के लिए 200 प्रतिशत कर कटौती का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल एसोचैम ने वित्त मंत्रालय से 2021–22 के बजट में कोविड–19 टीके के शोध और विकास पर खर्च के लिए कर गणना में 200 प्रतिशत की कटौती की अनुमति देने का आग्रह किया है। उद्योग मंडल ने वित्त मंत्रालय को दिए बजट–पूर्व ज्ञापन में कहा है कि वैज्ञानिक अनुसंधान से संबद्ध आयकर कानून की धारा 35 में कोविड–19 से जुड़े शोध को भी शामिल किया जाना चाहिए। एसोचैम ने सुझाव दिया है, करदाताओं को कोविड–19 के टीकोइलाज की खोज के लिए प्रोत्साहित करने और अन्य मूल दवाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए शोध पर खर्च की जाने वाली राशि के एवज में 200 प्रतिशत विशेष कटौती का प्रावधान किया जाना चाहिए।

## आईआरएफसी का आईपीओ इसी महीने आने की उम्मीद, 4,600 करोड़ जुटाए जा सकेंगे

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) का 4,600 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) इसी महीने आ सकता है। यह रेलवे की गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का पहला आईपीओ होगा। आईआरएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ बनर्जी ने कहा, काफी हद तक संभावना है कि यह आईपीओ इस महीने के तीसरे सप्ताह तक आएगा।

# भारतीय कंपनियों का विदेशी कर्ज अक्टूबर में 41 प्रतिशत घटा

## 2.03 अरब डॉलर पर पहुंचा

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय कंपनियों का विदेशी बाजारों से कर्ज अक्टूबर में इससे पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत घटकर 2.03 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। घरेलू कंपनियों ने अक्टूबर, 2019 में विदेशी बाजारों से 3.41 अरब डॉलर का कर्ज जुटाया था। समीक्षाधीन महीने में इस साल और 2019 में रुपया मूल्य वाले बांड (आरडीबी) या मसाला बांड से कोई राशि नहीं जुटाई गई।
अक्टूबर, 2020 में बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) मार्ग से जुटाई गई कुल राशि में से 1.73 अरब डॉलर स्वत: मंजूर मार्ग से और शेष 30 करोड़ डॉलर मंजूरी मार्ग से जुटाए गए। स्वत: मंजूर मार्ग से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पुराने ईसीबी को चुकाने के लिए एक अरब डॉलर जुटाए। वहीं बजाज फाइनेंस तथा लार्सन एंड टुब्रो ने 10–10 करोड़ डॉलर जुटाए। एटीसी टायर्स एपी प्राइवेट लि. ने नई परियोजना के लिए 5.2 करोड़ डॉलर और लक्सशेयर इंडिया ने 5.1 करोड़ डॉलर जुटाए। मंजूरी मार्ग से धन जुटाने वाली पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन एकमात्र कंपनी रही। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन ने दो किस्तों में 30 करोड़ डॉलर जुटाए।

## सेंसेक्स की शीष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 91,629 करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 91,629.38 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही।



बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 929.83 अंक या 2.10 प्रतिशत चढ़ा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। वही दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 20,272.71 करोड़ रुपए बढ़कर 3,46,497.75 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 17,579.92 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 10,22,900.07 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 16,694.01 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 2,69,449.98 करोड़ रुपए रही।

## एफपीआई ने दिसंबर में चार कारोबारी सत्रों में भारतीय बाजारों में 17,818 करोड़ डाले

**भाषा।** नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने दिसंबर में चार कारोबारी सत्रों में भारतीय बाजारों में 17,818 करोड़ रुपए डाले हैं। दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में उम्मीद से बेहतर सुधार और कोरोना वायरस के टीके को लेकर सकारात्मक नतीजों से भारतीय बाजारों के प्रति विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 1–4 दिसंबर के दौरान शेयरों में शुद्ध रूप से 16,520 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार में 1,298 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस तरह भारतीय बाजारों में उनका शुद्ध निवेश 17,818 करोड़ रुपए रहा था।

## कैट ने अमेजन के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की

**नई दिल्ली।** कारोबारियो का संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि उसने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर बाजार खराब करने वाली कीमत को लेकर ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की मांग की है। पत्र में दावा किया गया है कि अमेजन की बाजार बिगाड़ने वाली कीमत से छोटे कारोबारियों की स्थिति खराब हो रही है।

## एलआईसी के पास के शेयर कर मूल्य बढ़कर 77 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम लि.) के खाते में पड़े शेयरों का मूल्य सितंबर तिमाही में 77 अरब डॉलर (5.7 लाख करोड़ रुपए) को पार कर गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसमें 40 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। हालांकि यह मार्च 2018 को समाप्त तिमाही के 84 अरब डॉलर के रिकार्ड से कम है। लेकिन दूसरी तिमाही से बाजार में करीब 13 प्रतिशत की तेजी आई है।

## निवेशकों ने अक्टूबर में इक्विटी योजनाओं से 30,760 करोड़ रुपए निकले

**भाषा।** नई दिल्ली

निवेशकों का म्यूचुअल फंड की योजनाओं से पैसे निकलनने का सिलसिला जारी है। निवेशकों ने नवंबर महीने में मुनाफावसूली करते हुए इक्विटी योजनाओं से 30,760 करोड़ रुपए की निकासी की। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में जबतक सुधार नहीं आता, निकासी की प्रवृत्ति बनी रहेगी। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार इसके साथ म्यूचुअल फंड से शुद्ध रूप से निकासी चालू वर्ष 2020 में जनवरी से नवंबर के दौरान 28,000 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है।

## देश में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 500 अरब डॉलर के आंकड़े के पार हुआ

**नई दिल्ली।** देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2020 के दौरान 500 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। इससे पता चलता है कि दुनिया में भारत की गिनती एक सुरक्षित और महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य के रूप में होने लगी है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में देश में 500.12 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। इसमें से 29 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस रास्ते से आया है। उसके बाद सिंगापुर से 21 प्रतिशत, अमेरिका, जापान और नीदरलैंड प्रत्एक से सात–सात प्रतिशत तथा ब्रिटेन से छह प्रतिशत एफडीआई आया है। इस अवधि में भारत को मॉरीशस से 144.71 अरब डॉलर तथा सिंगापुर से 106 अरब डॉलर का एफडीआई मिला है।

# अगले वित्त वर्ष के अंत तक कोविड–पूर्व के स्तर पर पहुंचेगी अर्थव्यवस्था : नीति आयोग

**भाषा।** नई दिल्ली



देश की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2021–22) के अंत तक कोविड–19 के पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने रविवार को यह बात कही। कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2020–21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आठ प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के अनुमान को 9.5 प्रतिशत से घटकर 7.5 प्रतिशत कर दिया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष कुमार ने अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई–भाषा से कहा, हम निश्चित रूप से 2021–22 के अंत तक कोविड–19 के पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएंगे।

### फैन्टसी खेल उद्योग के लिए स्व–नियमन निकाय के गठन का सुझाव

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने ऑनलाइन फैन्टसी खेल उद्योग के नियमन के लिए स्व-नियामकीय संगठन गठित करने की वकालत की है। इस संगठन का संचालन स्वतंत्र निगरानी बोर्ड करेगा। साथ ही ऑनलाइल फैन्टसी खेल 18 साल और उससे ऊपर के उपयोगकर्ताओं के लिए सीमित करने का सुझाव दिया है। ऑनलाइल फैन्टसी खेल मंच को लेकर एक समान राष्ट्र स्तरीय नियमन के लिए निर्देशित सिद्धांत- शीर्षक से मसौदा रिपोर्ट में कहा कि फैन्टसी खेल उद्योग में लोगों की रूचि है।

## विश्वास योजना के तहत घोषणा करने वालों को आवेदन में संशोधन की अनुमति दी

**नई दिल्ली ।** कर विभाग ने कहा है कि प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना विवाद से विश्वास के तहत घोषणा करने वाले तबतक इसमे संशोधन कर सकते है जबतक संबंधित प्राधिकरण कर बकाया और भुगतान योग्य राशि के बारे में प्रमाणपत्र जारी नही कर देते। विवाद से विश्वास पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) की श्रेणी में कुछ और एफएक्यू जारी करते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने यह भी कहा कि योजना का लाभ उस मामले मे नही लिया जा सकता है जहां आयकर निपटान आयोग के समक्ष कार्यवाही लंबित है या फिर आईटीएससी के आदेश के खिलाफ रिट याचिका दायर की गई है। जिन मामलो मे द्विपक्षीय समझौता प्रक्रिया (एमएपी) समाधान लंबित है या करदाता ने एमएपी निर्णय को स्वीकार नहीं किया है।



अमेरिका के वालदोस्ता में एक रैली के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनकी पत्नी मेलानिया

# बाइडन के पक्ष में पड़े आठ करोड़ मतों पर ट्रंप ने संदेह जाहिर किया

- ट्रंप ने अपनी जीत का फिर दावा किया
- बाइडन के भाषण का उनके आधिकारिक फेसबुक पेज पर जो वीडियो था, उसे 5,40,000 से अधिक लोगों ने देखा, इसके अलावा एनबीसी तथा एबीसी के यूट्यूब चैनलों तथा कई अन्य वेबसाइटों पर इसे लाखों लोगों ने देखा

**एपी।** वाशिंगटन,

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव के बाद की राजनीतिक रैली निराधार शिकायतों और खारिज की जा चुकी साजिशों की कहानियों से पटी रही। इसमें उन्होंने खुद को राष्ट्रपति चुनाव का विजेता भी घोषित किया जिसमें वह निश्चित रूप से हार चुके हैं। वलदोस्ता, जॉर्जिया में ट्रंप ने शनिवार को अनेक बातें कहीं। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के पक्ष में पड़े आठ करोड़ मतों पर संदेह जाहिर किया और कहा, जब उन्होंने इंटरनेट पर थैंक्सगिविंग भाषण दिया तब बताते हैं कि उसे एक हजार से भी कम लोगों ने देखा...जब आपको एक हजार से भी कम लोग सुन-देख रहे हैं तो आठ करोड़ मत कैसे पड़े? हालांकि तथ्य यह है कि बाइडन के थैंक्सगिविंग भाषण को लाखों लोगों ने देखा और सुना। दरअसल किसी व्यक्ति ने सीधे प्रसारित भाषण को किसी एक वक्त पर देखे जाने वाले लोगों की संख्या का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर पोस्ट किया था जिसके बाद एक हजार से भी कम लोगों द्वारा बाइडन का भाषण सुनने का फर्जी दावा किया गया।बाइडन के भाषण का उनके आधिकारिक फेसबुक पेज पर जो वीडियो था, उसे 5,40,000 से अधिक लोगों ने देखा। इसके अलावा एनबीसी तथा एबीसी के यूट्यूब चैनलों तथा कई अन्य वेबसाइटों पर इसे लाखों लोगों ने देखा। इसके अलावा ट्रंप ने दावा किया कि वह चुनाव जीत रहे हैं जबकि तथ्य यह है कि अब यह स्पष्ट हो चुका है कि वह यह चुनाव हार चुके हैं।उन्होंने देश में हुए शीर्ष पद के चुनाव में जॉर्जिया में जीत का फिर झूठा दावा किया। ट्रंप ने रिपब्लिकन सीनेटरों केली लोएफलर और डेविड परड्यू के लिए जॉर्जिया में प्रचार करते हुए झूठा दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनाव में राज्य में जीत हासिल की है।उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद पहली रैली में कहा, हमें पता है कि हमने जॉर्जिया में जीत हासिल की है। यह बात आप समझते हैं। वास्तविकता में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने करीब 12,500 मतों के अंतर से जॉर्जिया में चुनाव जीता था।

## अमेरिका के सभी राज्यों में तेजी से बढ़ रहे हैं कोरोना वायरस संक्रमण के मामले

- जॉन हॉपकिन्स विविद्य के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार को देशभर से संक्रमण के 2,28,000 मामले सामने आए जो एक दिन में आने वाले सर्वाधिक मामले है

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** छुट्टियों का दौर जारी रहने के बीच कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दरअसल इन छुट्टियों में परिजन तथा मित्र मिलते-जुलते हैं और ऐसे में संक्रमण के मामलों में और वृद्धि होने की आशंका है। जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार को देशभर से संक्रमण के 2,28,000 मामले सामने आए जो एक दिन में आने वाले सर्वाधिक मामले हैं। इससे एक दिन पहले 2,17,000 मामले सामने आए थे।शुक्रवार को अमेरिका में कोविड-19 के कारण 2,607 लोगों की मौत हुई। थैंक्सगिविंग के दौरान लोगों ने घर पर रहने और पर्व को केवल परिजनों के साथ ही मनाने की हिदायतों को नजरंदाज किया और कई राज्यों में कोरोना वायरस के मामले बढ़ गए।महामारी का प्रकोप शुरू होने के बाद से यह दूसरी बार है जब एरिजोना में शनिवार को संक्रमण के सर्वाधिक मामले सामने आए। यहां के अस्पताल मरीजों से पटे पड़े हैं।शनिवार को यहां संक्रमण के 6,799 नए मामले सामने आए।नॉर्थ कैरोलाइना में शनिवार को संक्रमण के 6,018 नए मामले सामने आए। राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ. मेन्डी कोहेन ने कहा, यहां प्रतिदिन पांच हजार से अधिक मामले सामने आ रहे थे और एक हफ्ते से भी कम वक्त में अब छह हजार से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। इंडियाना में संक्रमण के 7,793 मामले सामने आए। वहां के स्वास्थ्य विभाग ने कहा, यह चिंताजनक है। ओक्लाहोमा में शनिवार को कोविड-19 के 4,370 मामले और मिशिगन में 9,854 नए मामले सामने आए।

## बेथलहम में क्रिसमस ट्री को जगमग करने के समारोह में बहुत कम लोग शामिल हुए

**एजेंसी।** बेथलहम (फलस्तीन)

**बेथलहम में** क्रिसमस ट्री को रंगे-बिरंगे प्रकाश से सरोबार करने के कार्यक्रम में हर साल हजारों लोग एकत्र होते हैं, लेकिन इस बार कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर दर्जनभर लोगों ने ही इस कार्यक्रम में भाग लिया।चर्च ऑफ द नेटिविटी के निकट मांगेर स्क्वेयर में क्रिसमस ट्री को जगमग करने के समारोह में स्थानीय निवासियों एवं धार्मिक नेताओं के एक छोटे समूह ने हिस्सा लिया। ईसाइयों का मानना है कि यहीं ईशु का जन्म हुआ था। अन्य लोगों ने कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम से संबंधित प्रतिबंधों के कारण इस कार्यक्रम का डिजिटल प्रसारण देखा और वे इसमें सीधे शामिल नहीं हुए।फलस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद शताएह समेत कुछ अधिकारी इस समारोह में शामिल हुए। शताएह ने कहा कि फलस्तीनी नेतृत्व (इजराइली) कब्जे से और दृढ़ता से निपटने तथा प्रतिद्वंद्वी अतिवादी हमास समूह के साथ आंतरिक राजनीतिक विभाजन समाप्त करने के संकल्प के साथ नव वर्ष का स्वागत कर रहा है। बेथलहम के मेयर एंटन सलमान ने कहा कि इस बार क्रिसमस ट्री को रोशनी से सरोबार करने का समारोह मनाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया और इसका ऑनलाइन प्रसारण किया गया।

## चीन में कोविड-19 के टीके को बड़े स्तर पर बाजार में उतारने की तैयारी

**एपी।** ताइपे

**चीन की** प्रांतीय सरकारें स्वदेश निर्मित कोरोना वायरस के प्रायोगिक टीकों के लिए ऑर्डर दे रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक इस बारे में नहीं बताया है कि टीके कितने प्रभावी हैं और देश की 1.4 अरब आबादी तक कैसे पहुंचेंगे। चीन के विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक में कहा कि टीका निर्माता अंतिम परीक्षण की प्रक्रिया को तेज कर रहे हैं। ब्रिटेन ने फाइजर कंपनी के टीके को आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। चीन के चार निर्माताओं के पांच संभावित टीकों का रूस, मिस्र तथा मेक्सिको समेत एक दर्जन से अधिक देशों में परीक्षण चल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीके सफल होने के बाद भी अमेरिका, यूरोप, जापान और अन्य विकसित देशों में उपयोग के लिए टीके के प्रमाणन की प्रक्रिया अत्यंत जटिल हो सकती है।हालांकि, चीन ने कहा है कि वह सुनिश्चित करेगा कि टीका विकासशील देशों के लिए किफायती रहे।साइनोफार्म कंपनी ने नवंबर में कहा था कि उसने चीन में अपने टीके के इस्तेमाल के लिए अंतिम मंजूरी के लिए आवेदन कर दिया है। अन्य निर्माताओं को स्वास्थ्य कर्मियों तथा संक्रमण के लिहाज से अत्यंत जोखिम वाले लोगों के लिए आपात उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई है। उप प्रधानमंत्री सुन चुनलान ने कहा, हमें बड़े स्तर पर उत्पादन के लिए तैयार

## सौर ऊर्जा पर भारत के नेतृत्व से भरोसा मिलता है कि जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है : संरा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**सौर ऊर्जा पर** भारत का नेतृत्व और उद्योगों का सौर ऊर्जा को अपनाना यह भरोसा करने की एक वजह देता है कि दुनिया जलवायु संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी से बेहाल हुई अर्थव्यवस्थाओं को अब जब सरकारें पुन: खोल रही हैं तो ऐसे में आवश्यक है कि इसे पटरी पर उस तरीके से लाया जाए जो न केवल टिकाऊ लचीला और निष्पक्ष हो, बल्कि रोजगारों से समृद्ध भी हो।अमीना ने पिछले हफ्ते पीपल एंड क्लाइमेट- जस्ट ट्रांजिशन इन प्रैक्टिस नाम के वेबिनार में जलवायु परिवर्तन से उबरने के वैश्विक प्रयासों को उत्साहजनक खबर बताया।उन्होंने कहा, उत्साहजनक खबर है: जापान और कोरिया गणराज्य समेत कुल 110 देशों ने 2050 तक कार्बन उत्सर्जन शून्य करने का संकल्प लिया है। चीन ने कहा है कि वह 2060 तक ऐसा करेगा। सौर ऊर्जा को लेकर भारत का नेतृत्व और उद्योगों द्वारा इस ऊर्जा को अपनाया जाना इस बात पर भरोसा करने का एक कारण देता है कि हम जलवायु संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## महामारी के कारण 2030 तक एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी की ओर जा सकते हैं: संयुक्त राष्ट्र

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र,

**संयुक्त राष्ट्र** विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक नए अध्ययन में सामने आया है कि कोविड-19 महामारी के गंभीर दीर्घकालिक परिणामों के चलते 2030 तक 20 करोड़ 70 लाख और लोग घोर गरीबी की ओर जा सकते हैं और अगर ऐसा हुआ तो दुनिया भर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब के पार हो जाएगी। अध्ययन में कोविड-19 से उबरने के विभिन्न परिदृश्यों के कारण सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर पड़ने वाले असर और महामारी की वजह से अगले दशक तक पड़ने वाले बहुआयामी प्रभावों का आकलन किया गया। यह अध्ययन यूएनडीपी और डेनवर विश्वविद्यालय में पारडी सेंटर फॉर इंटरनेशनल फ्यूचर्स के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी का हिस्सा है। अध्ययन के मुताबिक, कोविड-19 महामारी के गंभीर दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20 करोड़ 70 लाख और लोग घोर गरीबी की ओर जा सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया भर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब के पार हो जाएगी। वर्तमान मृत्यु दर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के हालिया वृद्धि दर अनुमान के आधार पर बेसलाइन कोविड परिदृश्य यह होगा कि महामारी के पहले दुनिया जिस विकास पथ पर थी, उसकी तुलना में चार करोड़ 40 लाख अतिरिक्त लोग 2030 तक घोर गरीबी की चपेट में आ जाएंगे।इसमें कहा गया है कि हाई डैमेज परिदृश्य के तहत कोविड-19 के चलते वर्ष 2030 तक 20 करोड़ 70 लाख और लोग घोर गरीबी की ओर जा सकते हैं। यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि नया गरीबी शोध यह दिखा है कि इस वक्त नेता जो विकल्प चुनेंगे, वे दुनिया को अलग-अलग दिशाओं में ले जा सकते हैं।



पेरू में वेल्लयेरी में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक

## क्विक न्यूज

### भारत के कृषि कानूनों के खिलाफ अमेरिका के शहरों में सिख-अमेरिकियों ने विरोध रैलियां निकालीं

**वाशिंगटन।** भारत मे नए कृषि कानूनो के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसानो के समर्थन में अमेरिका के कई शहरो में सैकड़ो सिख अमेरिकियो ने शांतिपूर्वक विरोध रैलियां निकाली।कैलिफोर्निया के विभिन्न हिस्सो के प्रदर्शनकारियो के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्यदूतावास की ओर बढ़ने वाली कारो के बड़े काफिले ने शनिवार को बे ब्रिज पर यातायात बाधित कर दिया। इसके अलावा सैकड़ो प्रदर्शनकारी इंडियानापोलिस में एकत्र हुए।इंडियाना निवासी प्रदर्शनकारी गुरिंदर सिंह खालसा ने कहा, किसान देश की आत्मा हैं। हमें अपनी आत्मा की रक्षा करनी चाहिए। अमेरिका और कनाडा के कई शहरो समेत दुनियाभर में लोग उन विधेयकों (कानूनों) के खिलाफ एकजुट हुए है, जो भारत के कृषि बाजार को निजी क्षेत्र के लिए खोल देंगे, जो बड़े कॉरपोरेट घरानो को स्वतंत्र कृषि समुदायो का अधिग्रहण करने की अनुमति देंगे और इससे फसलो के बाजार मूल्य में कमी आएगी। इससे एक दिन पहले शिकागो मे सिख-अमेरिकी समुदाय के लोग एकत्र हुए और वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने विरोध रैली निकाली गई। रविवार को एक और रैली की योजना है। सिख-अमेरिकियो ने किसान नही, भोजन नही और किसान बचाओ जैसे पोस्टर थामकर प्रदर्शन किए। सिख नेता दर्शन सिंह दरार ने कहा, यह भारत सरकार से तीनों कानूनों को वापस लेने का आग्रह नही है, बल्कि यह हमारी मांग है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यो के किसान भारत सरकार के नए कृषि कानूनो के विरोध में दिल्ली की सीमाओ पर पिछले 11 दिन से लगातार डटे है।

### ब्रिटेन में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**लंदन।** ब्रिटेन मे कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसके तहत पड़ोसी देश बेल्जियम से लाए गए फाइजरबायोएनटेक कोविड-19 टीकों को तय स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के शीर्ष 50 अस्पताल टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारियो में जुटे है।मंगलवार को कार्यक्रम के पहले चरण के तहत जिन लोगों को टीका लगाया जाएगा, उनमें अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मी , 80 साल से अधिक आयु के लोग तथा घरेलू कामगारो शामिल है।इस सप्ताह की शुरुआत मे ब्रिटेन की औषधि एवं स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद नियामक एजेंसी (एमएचआरए) ने फाइजरबायोएनटेक कोविड-19 टीके को मंजूरी दे दी थी। बताया जा रहा है कि यह टीका कोविड-19 से 95 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करता है।ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने कहा, आगामी सप्ताह ऐतिहासिक होगा क्योंकि हम कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने जा रहे है। उन्होने कहा, मै सभी से अनुरोध करता हूं कि वे वायरस से निपटने में अपनी ओर से योगदान दें और स्थानीय पाबंदियो का पालन करें। स्वास्थ्य एवं समाज देखभाल विभाग (डीएचएससी) ने कहा कि एनएचएस के कर्मी 50 चुनिंदा अस्पतालो में मंगलवार से शुरू होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम के पहले चरण की तैयारियो को लेकर सप्ताहांत में भी काम कर रहे है। अन्य अस्पतालों में आने वाले हफ्तो और महीनो मे कार्यक्रम के अनुसार टीकाकरण शुरू हो जाएगा।

### यमन में हूती बल की कैद से छूटे 14 भारतीय नाविक दुबई से भारत के लिए रवाना हुए

**दुबई।** अदन की खाड़ी में जहाज डूबने के बाद से 10 से अधिक महीने से यमन में फंसे रहे 14 भारतीय नाविक शनिवार को दुबई से विमान के जरिए भारत रवाना हुए। जिबूती में भारतीय दूतावास ने एक बयान में बताया कि यमन में स्थानीय हूती बल ने 14 फरवरी, 2020 को 14 नाविकों को पकड़ लिया था। बयान में बताया गया, भारतीय दूतावास, जिबूती के निरंतर एवं कठिन प्रयासो के बाद के सना स्थित अपने कार्यालय के जरिए 28 नवंबर को उन्हें छुड़ाने में सफलता मिली। दूतावास के अनुसार, फंसे हुए भारतीयो का पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज एवं उनका सामान खो गया था। उसने सभी समुद्री एवं अन्य प्राधिकारियों से भी अपील की कि वे उनकी स्थिति का संज्ञान लें और उनका सहयोग करें। जिन नाविकों को रिहा कराया गया है, उनकी पहचान मोहनराज थानीगाचलम, विलियम निकम्डेन, अहमद अब्दुल गफूर वाकणकर, फैरूज नसरुद्दीन जारी, संदीप बालू लोहार, नीलेश धनराज लोहार, हिरेन एसके, दाऊद महमूद जिवराक, चेतन हरि चंद्र गावस, तन्मय राजेंद्र माने, संजीव कुमार, मणिराज मरियप्पन, प्रवीण थम्माकरणताविदा और अब्दुल वहाब मुस्तबा के रूप में की गई है।

### माइक्रोवेव ऊर्जा से बीमार हुए होंगे अमेरिकी राजनयिक : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** राष्ट्रीय विज्ञान समिति अकादमी की एक नई रिपोर्ट मे खुलासा हुआ है कि चीन और क्यूबा में अमेरिकी राजनयिक निर्दिष्ट माइक्रोवेव विकिरण के कारण बीमार हुए होंगे। विदेश विभाग ने यह अध्ययन किया और शनिवार को जारी की गई रिपोर्ट वर्ष 2016 में हवाना में अमेरिकी राजनयिकों के अचानक किसी रहस्मई बीमारी की चपेट में आने के मामले का पता लगाने की कड़ी में नया प्रयास है। अध्ययन में यह पाया गया कि सिर में भारी दबाव महसूस करना, चक्कर आना और अन्य दिक्कतें निर्दिष्ट, पल्स रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा के कारण हुई हो सकती है। अध्ययन में हालांकि ऊर्जा के स्रोत के बारे में नही बताया गया ।

## चीन का अंतरिक्ष यान चांद की सतह के नमूने लेकर रवाना हुआ

**भाषा।** बीजिंग

**चांद की** सतह के नमूने धरती पर लाने की तैयारी के बीच चीन के अंतरिक्ष यान चांग-5 ने रविवार को चांद के पत्थर सफलतापूर्वक एक ऑर्बिटर में भेजे। इस तरह का प्रयास करीब 45 वर्षों में पहली बार किया जा रहा है। चांग-5 अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण 24 नवंबर को किया गया था। यह एक दिसंबर को चांद की सतह पर उतरा था।चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) ने बताया कि यान के एसेंडर ने नमूने एकत्रित किए तथा धरती पर लौटने वाले ऑर्बिटर-रिटर्नर से यह रविवार को सफलतापूर्वक जुड़ गया।अगले चरण में ऑर्बिटर-रिटर्नर इस एसेंडर से अलग हो जाएगा और धरती पर लौटने के लिए सही वक्त का इंतजार करेगा।सीएनएसए ने बताया कि चांद से लिए गए नमूने स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 12 मिनट पर एसेंडर से रिटर्नर में स्थानांतरित कर दिए गए। नमूनों को एकत्रित करने करने के बाद एसेंडर तीन दिसंबर को चांद की सतह से रवाना हो गया। चांग-5 चीन के अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास का सबसे अधिक जटिल एवं चुनौतीपूर्ण अभियान है। यह बीते 40 वर्ष से भी अधिक समय में दुनिया का पहला ऐसा अभियान है जिसमें चांद के नमूने धरती पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि मिशन सफल रहता है तो अमेरिका और पूर्ववर्ती सोवियत संघ के बाद चीन चांद के चट्टानी पत्थर धरती पर लाने वाला तीसरा देश बन जाएगा।चांद की सतह के नमूने लेकर आने वाले कैप्सूल के चीन के उत्तरी हिस्से में स्थित इनर मंगोलिया क्षेत्र में दिसंबर माह के मध्य तक उतरने की संभावना है। इससे पहले चांद की सतह के नमूने 1976 में पूर्ववर्ती सोवियत संघ के लूना 24 द्वारा धरती पर लाए गए थे।

### चीन ने पृथ्वी पर नजर रखने वाले उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने विश्वभर में जमीनी वस्तुओं की हाई रेजोल्यूशन की तस्वीरें ले सकने में सक्षम पृथ्वी की निगरानी करने वाले एक नए उपग्रह का रविवार को सफल प्रक्षेपण किया। सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ ने बताया कि दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में शिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया। लॉन्ग मार्च-3बी रॉकेट के जरिए गाओफेन-14 उपग्रह को कक्षा में भेजा गया। गाओफेन-14 एक ऑप्टिकल स्टीरियो मानचित्रण उपग्रह है। यह विश्वभर की उच्च गुणवत्ता वाली सटीक स्टीरियो तस्वीरें हासिल करने, बड़े स्तर पर डिजिटल स्थलाकृतिक नक्शे बनाने, डिजिटल ऊंचाई मॉडल, डिजिटल सतह मॉडल एवं डिजिटल ऑर्थोफोटो छवियां बनाने और बुनियादी भौगोलिक जानकारी देने में सक्षम है।

## क्षुद्रग्रह के नमूने लेकर जापान का कैप्सूल ऑस्ट्रेलिया में उतरा

**एपी।** तोक्यो

**जापान की** अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि उनकी हेलीकॉप्टर तलाश टीम को वह कैप्सूल मिल गया है, जो अंतरिक्ष से क्षुद्रग्रह के नमूने लेकर धरती पर लौटा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन नमूनों से जीवन की उत्पत्ति की व्याख्या हो सकती है। यह कैप्सूल योजना के अनुसार दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के एक दूरदराज इलाके में उतरा है। कैप्सूल के धरती पर उतरने के करीब चार घंटे बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया, उतरने के स्थान से कैप्सूल को हासिल करने का काम पूरा हो गया। हमने आज के दिन के लिए काफी अभ्यास किया था और यह काम सुरक्षित तरीके से संपन्न हो गया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया कि हायाबुसा2 यान ने शनिवार को सफलतापूर्वक एक छोटे कैप्सूल को छोड़ा और उसे पृथ्वी की तरफ भेजा ताकि वह नमूनों को यहां पहुंचा सके। इन नमूनों से सौरमंडल और पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जानकारियां मिल सकती हैं। यह कैप्सूल रविवार तड़के पृथ्वी से 120 किलोमीटर ऊपर वायुमंडल में पुन: प्रवेश के दौरान कुछ समय के लिए एक फायरबॉल (आग के गोले) में तब्दील हो गया। जमीन से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर एक पैराशूट खुला ताकि इसके गिरने की गति धीमी हो सके और इसे तय स्थान पर

### सऊदी प्रिंस ने बहरीन सम्मेलन में की इजराइल की आलोचना

**दुबई।** सऊदी अरब के एक प्रिंस ने बहरीन सुरक्षा सम्मेलन में रविवार को इजराइल की कटु आलोचना की और उसे पश्चिमी औपनिवेशक शक्ति करार दिया। सऊदी के खुफिया विभाग की दो दशक से भी ज्यादा वक्त तक कमान संभाल चुके और अमेरिका तथा ब्रिटेन में राजदूत रह चुके प्रिंस तुर्की अल फैसल ने कहा कि इजराइल ने सुरक्षा संबंधी आरोपों में- युवा और बुजुर्ग, महिलाओं और पुरुषों (फलस्तीनियों) को शिविरों में कैद कर रखा है, जो वहां बिना न्याय के हैं। वे अपनी मर्जी के घरों को गिरा रहे हैं,और अपनी मर्जी से लोगों को मार रहे हैं। प्रिंस यद्यपि किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं लेकिन उनका रुख शाह सलमान से काफी मिलता देखा जा रहा है। वहीं इससे ठीक विपरीत सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वह देश में विदेशी निवेश को बढ़ाने और दोनों देशों के साझा शत्रु ईरान से निपटने के लिए इजराइल के साथ काम करने के इच्छुक हैं।सम्मेलन में शामिल इजराइल के विदेश मंत्री ने प्रिंस के संबोधन के बाद कहा कि , मैं सऊदी प्रतिनिधि के बयानों पर खेद व्यक्त करना चाहता हूं। मुझे नहीं लगता कि वे मध्य पूर्व में हो रहे बदलावों को दर्शाते हैं।

# करियर की इंजीनियरिंग



**विशेषज्ञता के किसी भी क्षेत्र में, स्नातक के बाद एक अच्छा व स्थिर विकल्प चुनना अनेक लोगों के लिए एक पहेली हो सकता है। इंजीनियरिंग के बाद प्रबंधन कोर्स का चुनाव करना किस प्रकार एक लाभकारी विकल्प है, इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं नितिन विजय**

इंजीनियरिंग सदियों से छात्रों की पसंदीदा शाखा बनी हुई है। आईटी और तकनीक के दौर में भी यह नवीनतम कारक बनी रहने में सक्षम हुई है। इंजीनियरिंग ने खुद को ताजा तरीन बदलावों से परिष्कृत किया है और यह स्वयं विकास है, इस क्षेत्र में छात्रों का आना अध्ययन की इस शाखा की चिरस्थायी लोकप्रियता के लिए धीरे धीरे प्रमाणित व निरंतरतापूर्ण बन गया है। सामान्य सोच यह है कि जैसे ही आप इंजीनियरिंग पूरी करते है, आपके लिए रोजगार विकल्पों का कोई अकाल नहीं होता है। और यह बात एक हद तक सच होती है। अत्यंत योग्य व प्रतिभाशाली इंजीनियर की जरूरत जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है।

व्यक्ति चाहे जो भी विशेषता का क्षेत्र चुन ले, मगर स्नातक के बाद एक अच्छा और स्थिर करियर चुनना अधिकांश लोगों के लिए अत्यंत पहेली भरा हो सकता है। उचित योजना व रणनीति के साथ चलना अनिवार्य होता है। वे लोग जो वीएलएसआई, ब्लॉकचेन, एआई, रोबोटिक, नैतिकतापूर्ण हैकिंग, डिजीटल मार्केटिंग, प्रोटोकोल टेस्टिंग, डाटा साइंस, वेबसाइट डिजाइनिंग एवं प्रमोशन समेत उन्नत तकनीकों के साथ काम करने में सहज हैं उनकी अधिकांश कंपनियों में आवश्यकता है।

वर्तमान समय में, स्टार्टअप इंडस्ट्री प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में ताजा रूझान स्थापित कर रही है और व्यक्ति केवल दो से तीन व्यक्तियों के साथ काम शुरू कर सकता है। सर्वोत्तम बात यह है कि सरकार भी ऐसे पहलकदमियों को पूर्ण निर्देशों व मार्गदर्शन के साथ सहयोग कर रही है। सरकार कर्ज व अन्य लाभों के संदर्भ में वित्तीय सहयोग देकर भी मदद कर रही है। विभिन्न उद्यमियों की प्रगति व सफलता दर को देखने के बाद, युवा व बहुआयामी पीढ़ी भी अपना उद्यम आरंभ करने का फैसला करती है, इसमें अत्यंत सुकून व आत्मसंयम की आवश्यकता होती है। यह विकल्प उन लोगों के लिए सूक्ष्मतम चुनावों में से एक है जिनके पास रचनात्मक अवधारणाएं हैं और जो अपने बिजनेस में निवेश करना चाह रहे हैं, यह व्यक्ति को अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की आजादी प्रदान करता है।

यदि एक छात्र स्नातक के बाद स्थिर करियर विकल्प के बारे में सोच रहा है, तो प्रबंधन का अध्ययन करना अपार सहायता बनकर सामने आया है, जो न केवल एक अच्छा मगर आकर्षक सीटीसी भी प्रदान करता है। इस दायरे में प्रवेश करने के लिए, व्यक्ति को बिजनेस प्रशासन में मास्टर की पढ़ाई करनी पड़ेगी, जो सहयोगी कोर्सेज में से एक है।

एमबीए पूरा करने के बाद, व्यक्ति विभिन्न कंपनियों में प्रबंधकीय भूमिकाएं प्राप्त कर सकता है। प्रबंधन भारत में इंजीनियरिंग के बाद सर्वोत्तम करियर विकल्पों में से एक है।

**यदि एक छात्र स्नातक के बाद स्थिर करियर विकल्प के बारे में सोच रहा है, तो प्रबंधन का अध्ययन करना अपार सहायता बनकर सामने आया है, जो न केवल एक अच्छा मगर आकर्षक सीटीसी भी प्रदान करता है। इस दायरे में प्रवेश करने के लिए, व्यक्ति को बिजनेस प्रशासन में मास्टर की पढ़ाई करनी पड़ेगी, जो सहयोगी कोर्सेज में से एक है।**

इंजीनियरिंग के बाद प्रबंधन की पढ़ाई करना 1990 दशक के बाद से चलन में आ गया है और अभी भी इसे उन लोगों द्वारा किया जाता है जो संगठन के प्रबंधकीय भाग से आकर्षित होते हैं।

टवसंरचना एवं तकनीक के विकास में योगदान करके इंजीनियर देश का लक्ष्य साधने का काम करते हैं। एक सुशिक्षित इंजीनियर की भारतीय महा संस्थानों समेत शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों को तलाश रहती है। देश की सेवा करना कभी कभी एक समूचा नया दृष्टिकोण हासिल करना हो सकता है, और इंजीनियरों को नीति निर्माणन में देश की सेवा करने हेतु सिविल सेवा परीक्षाओं में अच्छा करने के लिए जाना जाता है। यह सर्वोत्तम विकल्पों में से एक है, हालांकि, कम से कम एक साल की तैयारी की सलाह दी जाती है। लाखों छात्र हर साल इस परीक्षा में भाग लेते हैं, और केवल उनमें से कुछ ही इसमें कामयाब होते हैं। यदि एक छात्र को अच्छी रैंक पा सकता है तो वह आईएएस, आईपीएस या आईएफएस की विशिष्ट पदवी भी पा सकता है। इंजीनियरों के पास सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने का विकल्प भी होता है।

अकादमिक क्षेत्र में रूचि रखने वाले उच्चतर अध्ययनों के लिए जाने का फैसला कर सकते हैं। वे इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट (जीएटीई या गेट) के लिए तैयारी कर सकते हैं, यह परीक्षा समग्रता में दिखाती है कि किस प्रकार एक इंजीनियरिंग स्नातक, सफलता प्राप्त करने के बाद, एमटेक के लिए प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कोलेजों (आईआईटी व एनआईआईटी संस्थानों) में दाखिला ले सकता है। यदि छात्र गेट में सफलता का इच्छुक नहीं है तो वह ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट (जाम-जेएएम) के लिए भी तैयारी कर सकता है और एकेडमिक्स या रीसर्च में प्रवेश कर सकता है।

इसलिए, यदि आप निरंतर उभरते अवसंरचनागत डिजाइनों, आईटी बदलावों, व स्पेस के प्रति आकर्षित हैं , तो इंजीनियरिंग अभिजात्य वर्ग का हिस्सा बनने का आपका सपना साकार करने में आपकी सहायता करेगी जो दुनिया को रहने की एक बेहतर जगह बनाने के लिए अत्यावश्यक बदलाव लेकर आ रही है।

करियर विकल्प अनेक हैं, आवश्यकता है अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करें और जानकार फैसला लें। स्नातकों को विशेषज्ञों से या अपने आसपास के अनुभवी लोगों से सलाह लेने में कभी भी शर्म नहीं करनी चाहिए। दुनिया में हो रहे बेशुमार बदलावों से, रोजगार बाजार तरंगित हैं, और वेतन पैकेज भी बेहतर हो गए हैं। शुरूआत में, स्नातक का ध्यान वेतन भत्तों पर बहुत ज्यादा जोर देने के बजाय तजुर्बा हासिल करने पर होना चाहिए।

**– लेखक मोशन एजूकेशन में एकेडमिक गुरु व मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।**

# गढ़ें अपना भविष्य

**अवसंरचना सेक्टर आने वाले सालों में उल्लेखनीय प्रगति के लिए तैयार है और इसलिए कुशल श्रमिक की मांग बढ़ेगी। जो लोग अवसरों की तलाश कर रहे हैं उनके लिए योग्यता सूची यहां प्रस्तुत करती हैं डॉ. प्रतिमा शोरे**

एक प्रबल, आधुनिक, टिकाऊ व अत्यंत कामकाज अवसंरचना किसी भी देश की सामाजिक- आर्थिक प्रगति का स्तंभ है। वर्तमान में भारत अवसंरचना क्षेत्र में उछाल देख रहा है- अवसंरचना क्षेत्र जो कोविड-19 के उपरांत त्वरित सुधार की कुंजी लिए हुए है। सड़क विकास, परिवहन, ऊर्जा व शहरी विकास के क्षेत्रों में नयी और मौजूदा ढांचागत परियोजनाएं - रोजगार अवसरों को सृजित करके, ग्रामीण व शहरी आमदनी को बढ़ाकर, जिससे खपत व्ययों को बढ़ावा मिलता है और देश वापस उच्च विकास की पटरी पर लौटता है-सकारात्मक बहुस्तरीय सामाजिक व आर्थिक



प्रभाव पैदा करेंगी। यह सेक्टर आने वाले सालों में उल्लेखनीय प्रगति के लिए तैयार है और इस कारण इन क्षेत्रों में कुशल श्रमिक की मांग भी होगी। अवसंरचना विकास एवं संबंधित उद्योगों में करियर विकसित करने के इच्छुक लोगों को निम्न सात योग्यता पर ध्यान देना चाहिए :

**बुनियादी तकनीकी योग्यताएं :** इंजीनियरिंग (सिविल, मेकेनिकल एव इलेक्ट्रिकल) के क्षेत्रों में तकनीकी योग्यताएं परियोजनाओं की जमीनी बारीकियों को समझने तथा नवीन समाधान गढ़ने, सेक्टर में हालिया बदलावों व औद्योगिक अपेक्षाओं के साथ ढलने में छात्रों की सहायता करेंगी।

**संविदा प्रबंधन :** अवसंरचना परियोजनाओं की बहुदावेदारीपूर्ण प्रकृति को देखते हुए, एकल अवसंरचना परियोजना अनेक सविंदाओं को लागू कर सकती है। कुशल अवसंरचना पेशेवर में सहज समय से आगे की संविदात्मक संभावनाओं को पहचानने, तथा सबसे सस्ती समझौता रणनीति तैयार या प्रस्तावित करने की दक्षता होनी चाहिए। इस कारण, ठोस संविदाएं निर्मित करना और उसके बाद संविदाओं को प्रबंधित करना संविदा पेशेवरों को स्वाभाविक तौर पर आना चाहिए।

**परियोजना प्रबंधन :** अवसंरचना परियोजनाएं अनेक सालों वाली होती हैं और वे आम तौर पर बहुदावेदारीपूर्ण परियोजनाएं होती है जिनमें सरकार, निजी निवेशक तथा प्रभावी स्थानीय लोग शामिल होते हैं। इस प्रकार, असरकारी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट योग्यताएं अत्यावश्यक हैं।

**वित्तीय नियमीकरण :** सरकारी फंडों की कमी के चलते, बड़े पैमाने के निवेशों के कारण, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) आधारित परियोजनाएं अवसंरचना परियोजनाओं के केन्द्र व पटल पर जारी रहने वाली हैं। पीपीपी परियोजनाओं के तहत, सड़क परियोजनाओं समेत कई अन्य क्षेत्रों में हाइब्रिड एन्नूइटी मार्डल जैसे नये व नवोन्मेषी माड्यूल उभर रहे हैं। इस कारण छात्रों को सेक्टर में वित्तीय नवीनताओं को अपनाते रहने की आवश्यकता है।

**जोखिम प्रबंधन :** बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं से, भारी जोखिम आते हैं। निर्माण जोखिमों, संचालनकारी जोखिमों, प्रमुख बल में बदलाव, कानून में बदलाव व अन्य परिवेशगत जोखिमों जैसे खतरों में असरकारी योजनाबद्धता, समझौता व निगरानी की आवश्यकता होती है।

**संवाद योग्यताएं :** अपनी जरूरतों व विचारों को सटीक मगर पारदर्शी ढंग से समझाने की योग्यता एक और सबसे महत्वपूर्ण योग्यता है जिसे छात्रों को सीखना होगा। अच्छी संप्रेषण योग्यताएं सुनिश्चित करती है कि समझने में कुछ भी नहीं छूटा है। हालांकि, जब हम संप्रेषण की बात करते हैं, तो इसमें न केवल अपने खुद के विचारों को दक्षता शामिल होती है बल्कि मुवक्किल या टीम के अन्य सदस्य क्या कहते हैं उसे ध्यान से सुनना भी शामिल होता है।

**जटिल एवं डिजाइन चिंतन :** प्रत्येक अन्य सेक्टर की तरह ही, अवसंरचना क्षेत्र भी जटिल व लीक से हटकर सोचने की मांग करता है। एक अवसंरचना पेशेवर में नयी व जटिल समस्याओं के त्वरित, असरकारी, व नवीन समाधान लागू करने की योग्यता होनी चाहिए।

इन योग्यताओं से, आकांक्षी विशाल अवसंरचना परियोजनाओं, जो अपनी कार्य संभावनाओं में निरंतर बदल रही हैं, को संभालने व हल करने के लिए पूर्णतया तैयार होता है।

**– लेखक सिंबियोसिस सेंटर फार मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रीसोर्स डेवलेपमेंट के निदेशक हैं।**

## स्कॉलरशिप



द लेकहेड युनिवर्सिटी अपने अकादमिक सत्र, 2021-2022 के लिए यूजी इंटेक्स स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। ये अवसर शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए उपलब्ध हैं।

योग्यता: गैर कनाडाई नागरिक जो मान्यता प्राप्त हाईस्कूल केरीकुलम से लेकहेड युनिवर्सिटी में प्रवेश कर रहे हैं या जो इंटरनेशनल कालेज या युनिवर्सिटी से आ रहे हैं।

**प्रवेश शर्त :** आवेदक के पास पूर्व डिग्री होनी चाहिए।

**अंग्रेजी भाषा शर्त :** सभी अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों को, जिनकी मातृभाषा अंग्रेजी नहीं है, अंग्रेजी भाषा में दक्षता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** सबसे पहले, छात्रों को युनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स में दाखिला लेना होगा। पंजीकृत होने के बाद, आप स्वत: स्कालशिप हेतु विचारयोग्य हो जाएंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** अभी प्रवेश जारी हैं।

वाइकाटो पाथवेज कालेज इंटरनेशनल हाई एचीवर प्रोग्रेशन बर्सरी द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस स्कालरशिप का उद्देश्य प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को युनिवर्सिटी आफ वाइकाटो मं पूर्णकालिक अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्सवर्क में पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करना है।

**योग्यता:** समग्र विश्व से आवेदनकर्ता इसमें आवेदन योग्य हैं। युनिवर्सिटी द्वारा हर विषय में अंडरग्रेजुएट डिग्री का प्रस्ताव उपलब्ध है। अर्हता पाने के लिए, आवेदकों को सभी निम्न मानदंडों को पूरा करना होगा:

वे छात्र जिन्होंने अपने शुरूआती 60 प्वाइंट(एक्सीलेरेटेड फाऊंडेशन स्टडीज या सर्टीफिक्रेट आफ युनिवर्सिटी प्रिपरेशन) से अधिक या 120 प्वाइंट्स (स्टेंडर्ड फाऊंडेशन स्टडीज, इंटरनेशनल डिप्लोमा (बिजनेस)या इंटरनेशनल डिप्लोमा (साइंस)) की औसत ग्रेड प्राप्त की है।

आवेदकों को समूचे सत्रकाल (जो कि अंडरग्रेजुएट डिग्री में पंजीकरण के पहला साल है) के लिए पूर्णकालिक पंजीकृत रहना होगा।

आवेदकों को अपने आवेदनों के साथ सीवी, अकादमिक प्रमाणपत्र, एवं पांडुलिपियां जमा करनी होंगी।

**प्रवेश शर्तें:** दाखिला लेने के लिए, आवेदकों को युनिवर्सिटी की प्रवेश शर्तों को पूरा करना होगा।

**भाषा शर्त :** जहां आवेदक गैर अंग्रेजी भाषी हैं, उन्हें अंग्रेजी भाषा में स्वीकार्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**आवेदन कैसे करें:** अंडरग्रेजुएशन में दाखिला लेकर, उम्मीवाद स्वत: इस स्कालरशिप के लिए विचारणीय हो जाएंगे।


**आवेदन की अंतिम तिथि:** 31 जनवरी, 2021

# छात्रों को प्रोत्साहित करती है स्कालरशिप

आज के परिदृश्य में, शिक्षा एक अत्यावश्यक व महंगी दौलत बन गयी है और यह जीवन में सबसे शक्तिशाली वस्तु है। यह जबरदस्त ढंग से जीवन को उन्नत करते हुए उसे अर्थ प्रदान करती है। शिक्षा एक ऐसा मंच है जो सभी बाधाओं को तोड़ना और उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना अत्यंत आसानी से समझाती देती है।

शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ डिग्रियां देना नहीं है जो छात्र जीविका कमाने के काबिल बनाती है बल्कि शिक्षा युवा मन में सद्गुणों व मानवत की भावना जगाती है ताकि वे दुनिया के जिम्मेदार नागरिक बनकर उभर सकें। शिक्षा को मशीनी ढंग से केरीकुलम परोसने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उसे युवा मनों को प्रेरित करना चाहिए। इसीलिए, हमें भरपूर प्रयास करने चाहिए कि शिक्षा उत्तम शिक्षण व शिक्षा प्रदान करे व उसे उपलब्ध कराए।

हालांकि भारत जैसे विकासशील देश में, जहां गरीबी अभी भी एक समस्या है, अच्छी शिक्षा एक विलासिता है जिसका खर्च अभी भी अनेक लोगों नहीं उठा पाते हैं। इसीलिए स्कूल छोड़ने वालों की संख्या घटाने तथा मेधावी छात्रों को लगातार अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा स्कालरशिप दी जाती है। समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्कालरशिप लाभ यह है कि यह अतिरिक्त सहयोग प्रदान करती है जो व्यक्ति की शिक्षा में जबरदस्त मददगार बन सकता है। शिक्षा और पढ़ाई की प्रक्रिया को निर्बाध बनाए रखने के लिए, खासतौरपर इस संकट अवधि के दौरान, आइए ऐसी छात्रवृत्तियों के फायदों को सूचीबद्ध करते हैं:



- माता पिता पहले से भारी मासिक स्कूल/कालेज या संस्थानिक फीस के बोझ से दबे हुए हैं, जिनसे कुछ हालातों के तहत घटाया या बचा नहीं जा सकता। इस कारण, स्कालरशिप भारी फीस के रूप में उभरते अतिरिक्त बोझ को दूर करने में सहायता करती है।
- जैसा कि ये स्कालरशिप छात्र द्वारा केवल परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के आधार पर दी जाती हैं, इसका अर्थ है कि सिर्फ उन्हीं छात्रों को स्कालरशिप मिलती है जो मेहनती होते हैं और उन्हें मेधावी छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलना चाहिए।
- स्कालरशिप छात्रों को प्रोत्साहित करती हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ाती है। यह उन्हें अपनी खुद की क्षमताओं पर भरोसा दिलाती है और उनमें पढ़ाई छूटने या भविष्य के लिए उत्तम मार्गदर्शन उपलब्ध न होने को भय घटाती है।
- स्कालरशिप पाने से उच्च शिक्षा के लिए कर्ज लेने और उसका भुगतान करने का खतरा व बोझ कम होता है। इससे पढ़ाई करने, ज्ञान हासिल करने व बेहतर अंक अर्जित करने का अवसर मिलता है।
- स्कालरशिप सर्वोत्तम तरीका है जिनसे छात्र विदेश में पढ़ने का अपना सपना पूरा कर सकता है तथा इससे वे दुनिया से परिचित होते हैं और अपनी अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं विकसित करते हैं।
- अक्सर, यह संस्थान की लागत नहीं है बल्कि डिग्री कोर्स की लागत है जो बहुत ज्यादा है। ऐसे आर्थिक हैसियत से ऊपर के कोर्स आसनी से स्कालरशिप के जरिए किए जा सकते हैं। अच्छे और पूर्ण वित्तपोषित कार्यक्रम को चुनने से छात्र को अपने पसंदीदा कोर्स में जाने में सहायता मिलती है।

**माइंड इट**

- कोविड -19 ने हमारे जीवन को काफी हद तक बदला व डावाडोल कर दिया है। ऐसे अनिश्चित दौर के दौरान ये छात्रवृत्तियां उन माता पिता के लिए एक बड़ी सहायता का काम करेगी जो वेतन कटौती या नौकरी छूट जाने का सामना कर रहे हैं। ये छात्रवृत्तियां उनके लिए वरदान बनकर आई हैं और वे अपने बच्चों की निरंतर पढ़ाई सुनिश्चित कर सकते हैं।
- कोचिंग संस्थान और सभी अन्य शैक्षणिक संस्थान आगे आ सकते हैं और उन योग्य छात्रों हो सहायता प्रदान कर सकते हैं जो पढ़ाई और अपने जीवन में आगे जाना चाहते हैं और समाज को लौटाना चाहते हैं। वो सहयोग जो छात्र अपने खुद के समुदाय से प्राप्त करते हैं, उनमें जुड़ाव व प्रेरणा का गहरा भाग जगाता है। इसलिए आसानी से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इन शैक्षणिक छात्रवृत्तियों के प्रावधान इस बात की मिसाल पेश करते हैं कि शिक्षण व शिक्षा की प्रक्रिया को मुश्किलों के बावजूद जारी रहना चाहिए। हम, वीएमसी मे, मेहनती छात्रों को अपनी प्रवेश परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें स्कालरशिप प्रदान करते हैं। शिक्षा और शिक्षण को जोड़ने के पीछे का मुख्य उद्देश्य है समाज की बेहतर भलाई के लिए समावेशन, नकि उनका बहिष्करण। हम गंभीरता से मानते हैं कि शिक्षा सभी का अधिकार है और इसलिए, प्रतिभावान छात्र को सिर्फ संसाधनों के न होने के कारण, शिक्षा से वंचित नहीं रह जाना चाहिए।

The writer is **Saurabh Kumar**, Director Academics, Vidyamandir Classes

**समाजसेवी व राजनीतिक पार्टियों ने भी मनाई पुण्यतिथि**

# ‘बाबा साहेब के आदर्शों को करें आत्मसात’


सीतापुर-बाबा साहब की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी


सीतापुर-परिनिर्वाण दिवस को सम्बोधित करते सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव


सीतापुर-बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते मृदुल मिश्रा

संवाददाता। सीतापुर

**भारत संविधान** के निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर रविवार को जिले भर में लोगों ने उन्हें नमन किया। यहां के विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर समिति के पदाधिकारियों ने शहर के आंबेडकर पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ओर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सुन्दरलाल बौद्ध, प्यारेलाल, महेन्द्र कुमार, सतीश, यशकरन लाल, ब्रजकिशोर आदि ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उधर, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही कार्यक्रम

### ● विभिन्न संगठनों ने परिनिर्माण दिवस पर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओ से बाबा साहेब के आदर्शों का आत्मसात करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में श्रीपाल वर्मा, सुनील राजवंशी, जयसिंह, शेखर यादव, आशुतोष यादव, अंकित त्रिवेदी, रॉबिन सिंह यादव, देवेन्द्र यादव, महेन्द्र आदि ने अपने विचार रखे। इसके अलावा कांग्रेस कार्यालय पर भी कांग्रेसियों ने बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संजय सनी, रमेश, ज्ञानेन्द्र कुमार, अशरफ आदि कार्यकर्ताओं ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। बिसवां की ग्राम पंचायत निपनिया माफी में बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन आर्पित किए गए। वक्ताओं ने उनके जीवन पर भी प्रकाश डाला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य काशीराम भार्गव ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने न सिर्फ एक समुदाय के लिए नहीं अपितु समाज के हर वर्ग और देश की सेवा भावना से कार्य किया है। अत्यदीप, बाबूराम, सुषमा बौद्ध, हरद्वारी यादव, उषा देवी, रामकुमार, राम भोली,अख्तर अली, अंकित कुमार यादव, रोहितकुमार प्रमोद कुमार आदि ने भी बाबा साहब को नमन किया।

## क्विक न्यूज

### स्नातक प्रत्याशी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया


सीतापुर-जीत पर मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा

**सीतापुर।** सीतापुर भाजपा के कार्यकर्ताओ द्वारा स्नातक खण्ड लखनऊ से इंजीनियरिंग अवनीश कुमार सिंह के निर्वाचित होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दीं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रत्याशी की जीत का श्रेय देव तुल्य कार्यकर्ताओ को जाता है उनके अथक प्रयासों से आज इतनी बड़ी उपलब्धी मिली है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, क्षेत्रिय मंत्री मनिन्द्र पाण्डेय, श्रीप्रकाश सिंह , ललित श्रीवास्तव चंचल, आकाश राय, जया सिंह, अनीत मिश्र ,सन्दीप अवस्थी, नैमिष रत्न तिवारी, सचिन त्रिपाठी, आशुतोष दीक्षित, रमेश त्रिवेदी, पंकज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** महिला अपराधों में संलिप्त आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना खैराबाद पुलिस ने बाजदारी टोला के मनोज, कोतवाली मिश्रित पुलिस ने गोपालपुर के मिथिलेश व थाना सदरपुर पुलिस ने शिवपुर के मनोज को पकड़ा है।अभियुक्तों का संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक चोर याकूब निवासी असोढर को दर्द होता है। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि अभियुक्त को गुरु खेत तिराहा के पास से पकड़ा है। किसके पास से हरे रंग की बिना नंबर प्लेट वाली बाइक भी बरामद हुई है। गिरफ्तारी टीम में एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल पंकज पटेल, कांस्टेबल नबकुमार शामिल रहे।

### एंटी रोमियों स्क्वायड ने पकड़े दो शोहदे

**सीतापुर।** महिला सुरक्षा के लिए तैनात अलग-अलग थानों की एंटी रोमियो टीमों ने 2 शोहदों को गिरफ्तार कर लिया। थाना अटरिया पुलिस ने बनौगा कि सतीश रावत व कोतवाली लहरपुर पुलिस ने ठठेरा टोला के अल्ताफको पकड़ा है। इसके अलावा बेटियों पर फब्तियां कस रहे 25 से अधिक मनचलों को हिदायत भी दी गयी।

### कोरोना के मिले नौ नए मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर कोरोना के मरीज बढ़ने लगे हैं। पिछले दो दिनों से आंकड़ों में तेजी देखी गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में 9 मरीजों की पहचान की गई है। शहर के विजय लक्ष्मी नगर में एक नया कोरोना मरीज मिला है। महोली व रेउसा में 2-2 और मछरेहटा, खैराबाद, परसेंडी, हरगांव के भदेवा में एक-एक नया मरीज मिला है। इसी के साथ जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,639 हो गई है।

### न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 5 लोगों के विरुद्ध धारा 376 डी, 342, 506 323 के तहत दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिहाना पत्नी बब्बू निवासी ग्राम तारनपुर ने गुड्डू, राजू, अरशद पुत्र गण अकबर निवासी ग्राम गोरिया पहलादपुर, शाहरुख पुत्र रज्जन, शबनम पत्नी रज्जन निवासी ग्राम अकैचनपुर टप्पा के विरुद्ध अपराध दर्ज कराया कि, विगत 15 अक्टूबर को अपने पति के साथ दवा लेने लहरपुर गई थी तभी लहरपुर नगर के मोहल्ला विकास नगर में काले के घर के पास शाहरुख और शबनम उसे मिले और गुड्डू, राजू, अरशद उसे जबरदस्ती कमरे में घसीट ले गए तथा उसके पति को भी मारा पीटा जिसकी शिकायत उसके द्वारा कोतवाली पुलिस को की गई थी, परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई, 15 अक्टूबर को ही रात में जब वह शौच के लिए गई थी तो गुड्डू व शाहरुख ने उसे खेत में घसीट कर असलहे की नोक पर बारी बारी बुरा काम किया, और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए उसके द्वारा घटना की सूचना अपने पति को दी गई 16 अक्टूबर को उसके द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने बताया कि, न्यायालय के आदेश पर अपराध दर्ज कर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### रेउसा कस्बे का मामलाः पानी में आक्सीजन की कमी से मर गईं सैकड़ों क्विंटल मछलियां


**रेउसा सीतापुर।** पानी में आक्सीजन की कमी से तालाब में सैकड़ों क्विंटल मछलियों की मौत हो गई। जानकारी पाकर मछली पालकों ने तालाब से मतृ मछलियों को निकलवाया और तालाब की सफाई कराई। बाद में मतृ मछलियों को जमीन में दफनाया गया। मामला रेउसा थाना इलाके के कस्बे का है। इससे मछली पालकों को करीब पांच लाख के नुकसान का अनुमान है। रेउसा के मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद नसरू व नसीम आदि मछली पालकों द्वारा कस्बे के तालाब में मछली पालन किया जा रहा था। शनिवार रात में अचानक तालाब में अचानक सैकड़ों क्विंटल मछलियां मर गईं। तालाब में सैकड़ों की तादाद में मछलियों के मरने की खबर पाकर 'पायनियर' के संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। किसान मोहम्मद शाहिद ने बताया कि सर्दी में तालाब में आक्सीजन की कमी न हो, इसके लिये निगरानी व उपाय किए गए थे। बावजूद इसके तालाब के पानी में अचानक अमोनिया का प्रतिशत बढ़ गया। इससे मछली पालकों को लाखों का नुकसान हुआ है। तालाब में मछलियों के मरने से 4 से 5 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। किसान ने मरी हुई मछलियों को तालाब से निकलवाकर जमीन में दफना दिया। बाद में तालाब की सफाई कारवाई गई है।

## मतदाता पुनर्निरीक्षण अभियान के अन्तर्गत कैंप लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बनवाए मतदाता


सीतापुर- मतदाता बनाते भाजपा पदाधिकारी

**सीतापुर।** मतदाता पुर्निरीक्षण अभियान के अन्तर्गत भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर नये मतदाता फार्म भरवाने का कार्य किया। इसी क्रम में सीतापुर नगर, मण्डल 1 व 2 में आनन्द नगर, होली नगर एवं इस्माइलपुर आदि स्थानों पर कैम्प लगवाकर नये मतदाताओं के फार्म भरवाये गए, इस कार्य को प्रवासी के रूप में देख रहे क्षेत्रीय मंत्री मनिन्द्र पाण्डेय ने कहा कि देश का युवा ही देश की दशा व दिश बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिलाध्यक्ष भाजपा, अचिन मेहरोत्रा ने बताया कि इस अभियान को जिला उपाध्यक्ष नैमिषरत्न तिवारी व जिलामहामंत्री विश्राम सागर राठौर सहित समस्त जिला पदाधिकारी व समस्त मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष सहित सेक्टर संयोजक व सेक्टर प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष को अपनी बूथ समितियों सहित अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्य को गति प्रदान करने के लिए एक युवाओं की मॉनीटरिंग टीम का गठन जिले पर किया गया है। जो इस कार्य को निरंतर सभी से समन्वय स्थापित कर समीक्षा करेंगी। उक्त अवसर पर जिला संयोजक भाजयुमों अनूप विष्वकर्मा, अभिशेक मिश्रा, राजन शुक्ला, सत्यम सिंह, मुकेष मिश्रा, नीरज तिवारी, शुभम पाण्डेय, मृदुल मिश्रा, रत्नेष अवस्थी आदि उपस्थिति रहे।

## रास्ते पर लापरवाही के पत्थर...


सीतापुर-आधुनिकीकरण का डंका पीट रही भारतीय रेल आज भी बेहद पुराने तरीके अमल में ला रही है, कैमरे में कैद हुई इस तस्वीर में एक रेलकर्मी पटरियों से पत्थर हटा रहा है, ताकि मालगाड़ी सुगमता से मालगोदाम पहुंच सके, हालांकि जरा सी चूक जानलेवा भी हो सकती है, इसका अंदाजा जरा सा भी नहीं है इन्हें। (फोटो-विपिन राजवंशी)

## फाउंडेशन की ट्राई साइकिल के सहारे ‘उत्तिष्ठ’ हुए दिव्यांग!


सीतापुर-दिव्यांग को ट्राईसाइकिल देते संस्था के पदाधिकारी

**कचनार सीतापुर।** समाज में दिव्यांगों, जरूरतमंदों के लिए आए दिन समाज सेवी संस्थाएं बढ़-चढ़कर उनके जीवन संघर्षों को साझा करने का प्रयास करती हैं। इसी क्रम में रविवार को विकास खंड एलिया के गांव पीतपुर मे उत्तिष्ठ फाउंडेशन ने कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग जनों, विधवाओं, छात्र छात्राओं व अन्य जरूरतमंदों को उनके जीवन की जरूरी चीजें देकर उनका दुख साझा करने की कोशिश की। कार्यक्रम के आयोजक अमित तिवारी ने 11 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, 101 कंबल व प्राथमिक विद्यालयपीतपुर के सभी छात्र छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की। श्री तिवारी ने बताया कि संस्था उन सभी के लिए खड़ी है जिनके जीवन में जरूरत की चीजें पहुंच नहीं पाती। इस मौके पर डायरेक्टर सीमा यादव, संस्था के चेयरमैन बाल कृष्ण तिवारी, अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, अनिल तिवारी, प्रदीप तिवारी, कमलेश चन्द्र मिश्र ‘पप्पू’, अंकुश तिवारी, सरस तिवारी, गोपाल तिवारी, अवनीश

### ● उत्तिष्ठ फाउंडेशन ने दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकिल

### ● विधवाओं व छात्र छात्राओं को मिले कंबल व स्टेशनरी

शुक्ला, पुनीत श्रीवास्तव, डा. सीमा यादव, रश्मि मिश्रा, वेद प्रकाश शुक्ला, राहुल प्रभाकर यादव, सत्य नारायण यादव, रमेश चन्द्र यादव, अमित कुमार, अर्जुन, विदेश्वरी, रामजीवन, गंगाराम, जयपाल, कल्लू, महेश कुमार, सुमन, तोताराम, बलवन्त आदि मौजूद रहे।

**प्रेसवार्ता में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## किसानों के साथ है मंचः शेखर दीक्षित

### ● आठ दिसंबर को भारत बंद कर होगा विरोध प्रदर्शन


सीतापुर-प्रेसवार्ता करते किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित

संवाददाता। सीतापुर

**राष्ट्रीय किसान** मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित का आगमन जनपद सीतापुर में हुआ, पहले वो मछरेहटा में जाकर अपने कार्यकर्ताओं से मिले और किसान संगठन की आगामी क्रियाकलापों पर चर्चा की। उसके उपरांत वो अपने किसान मंच के जिला अध्यक्ष धीरज पांडेय के घर गए और 8 तारीख को होने वाले किसान प्रदर्शन पर बातचीत की वहां करीब आधा घंटा रुकने के पश्चात वो शिव सेना जिला कार्यालय सीतापुर पहुंचे। जहां उन्होंने शिव सेना जिला प्रमुख से मुलाकात कर किसान संगठन व किसान आंदोलन पर प्रेसवार्ता की श्री दीक्षित ने किसानों की मांगों को सही बताते हुए उनके साथ हर हालत हर स्थिति में दृढ़ रहने की बात की। शिव सेना जिला प्रमुख गोविंद सहाय गुप्ता ने भी उनकी इस मुहिम में हर सम्भव प्रयास को सार्थक बनाने एवम किसानों की मांगों को मनवाने के लिए 8 तारीख को अपने शिव सैनिको को निर्देश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित शिव सेना जिला प्रमुख गोविंद सहाय गुप्ता, किसान मंच के जिला अध्यक्ष धीरज पांडेय वेद प्रकाश मिश्र दिवाकर शास्त्री राहुल तिवारी बबलू गुप्ता प्रभाकर सिंह अरुण प्रताप सिंह श्याम प्रकाश गुप्ता कमल त्रिवेदी ब्रिज किशोर प्रदीप रावत शिव कुमार पवन शुक्ल आदि मौजूद रहे।

**जल्द बनेगा रेउसा नगर पंचायत**

## गांजर में बनेगी नई नगर पंचायत बढ़ेगी आय और विकास भी होगा



**सीतापुर।** सीतापुर के गांजरी इलाके के रेउसा के बाशिंदों को अब जल्द ही शहरी घ्सहूलियतें मिलेंगी। इसे नगर पंचायत का दर्जा दिलाने को योगी सरकार ने कवायद शुरू कर दी। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी की पहल पर जिला प्रशासन ने इसका प्रस्ताव बनाकर उसे शासन को मंजूरी को भेज दिया है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा है तो जल्द ही रेउसा नई नगर पंचायत गठित होंगी। इससे आय

### ● नवगठित नगर पंचायत में शामिल होंगी पांच ग्राम पंचायत, रेउसा, अकसोहा अमलोरा, भौली, बम्हनावां व चंदौली गांव शामिल

को तो बढ़ेगी, क्षेत्र का विकास भी होगा। नई नगर पंचायत के बनने के बाद जिले में नगर पंचायतों की संख्या पांच से बढ़कर छह हो जाएगी। सीतापुर जिले में लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलें गांजरी इलाके के नाम से ख्यातिलब्ध है। कारण यह है कि यहां पर वर्षा और बैराजों से छोड़ा गया पानी हर बरस तबाही मचाता है। इस लिहाज से यह इलाका आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हैं। इसे देखते सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बिसवां तहसील के ब्लॉक रेउसा को नगर पंचायत बनाए जाने के लिए शासन में सिफारिश की थी। इस पर शासन ने जिला प्रशासन से प्रस्ताव तैयार कर उसे भेजने को कहा था। शासन के फरमान पर जिलाधिकारी ने रेउसा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। सरकारी अभिलेखों के मुताबिक रेउसा ब्लॉक की पांच ग्राम पंचायतों को काटकर नगर पंचायत बनाया जाएगा। इस प्रस्ताव में रेउसा से सटी ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इनमें रेउसा, अकसोहा, अमलोरा, भौली और बम्हनावां शामिल हैं। भौली ग्राम सभा के गांव चंदौली को भी रेउसा में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

## किसानों के समर्थन में खड़ी है प्रसपाः अशोक यादव

### ● आज किसान प्रदर्शन को लेकर सौपेंगे प्रसपा के कार्यकर्ता ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर



**भाजपा सरकार** किसान विरोधी है, वह अपने सत्ता में मस्त है और वहां दिल्ली में किसान सड़को पर प्रदर्शन कर रहा है और भूखे राते गुजार रहा है, कोई देखने वाला नहीं है। यह बात प्रसपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रसपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कही। श्री यादव आज कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेगे। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न कर रही है भाजपा सरकार।

### किसान यात्रा को लेकर पूर्व विधायक ने किया भ्रमण

**किसान यात्रा** के लिए सेवता के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू ने क्षेत्र के किसानों से मुलाकात किया और उन्होंने किसानों से शामिल होने की गुजारिश की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि 7 दिसंबर से किसान यात्रा शुरू होगी, यत्रा के जरिए भाजपा सरकार के काले कानून का विरोध किया जाएगा। इस दौरान लोहिया वाहनी जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद आदि मौजूद थे।

**अभाविप कार्यकर्ताओं ने**

## समाज को मजबूत करने के लिए आयोजित किया समरसता भोज

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता

**अद्भुत समाज** सुधारक, अप्रतिम विधिवेत्ता, वंचितों व शोषितों के उत्थान हेतु आजीवन समर्पित, संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर अभाविप लहरपुर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा लहरपुर के निकटवर्ती गांव प्रहलादपुर छावनी में सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद गीत एवम् पुष्पार्चन के साथ नगर कला मंच प्रमुख हंसिका श्रीवास्तव व नगर छात्रा सहप्रमुख अंचल ने की। इसके बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर तहसील सह संयोजक पीयूष अवस्थी, नगर मंत्री राज मेहरोत्रा, नगर छात्र सेवा प्रमुख प्रमुख चेतनानंद, नगर शोशल मीडिया प्रमुख आशुतोष मिश्र, अभिषेक मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता वा भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नौ लाख की ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

● करामाती बल्ब के नाम पर की थी ठगी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**दिल्ली के** एक युवक से करामाती बल्ब के नाम पर नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन ठगों को खीरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से ठगी गई रकम भी बरामद हुई है।एसपी खीरी विजय ढुल ने रविवार की दोपहर पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि नितेश मेहरोत्रा निवासी सुंदरनगर थाना निजामुद्दीन नई दिल्ली द्वारा खीरी पुलिस को सूचना दी गई थी कि उनके मित्र को लखीमपुर में करामाती बल्ब के नाम पर फोन आया जिस पर विश्वास करते हुए वह लखीमपुर आए और तीन व्यक्तियों से मिले। जिन्होंने करामाती बल्ब की कीमत नौ लाख रुपए बताई। जिसे नितेश ने अदा कर दिया। जिसके बाद उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। सूचना के बाद सदर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम जांच में जुटी। जिसके बाद ठगी करने वाले छुटकन खां उर्फ छोटे पुत्र सोहराब खां निवासी मिर्जागंज, मासूम पुत्र छिद्दू खां निवासी ग्राम लखनियापुर व इरफान पुत्र मुस्ताक निवासी मिर्जागंज थाना निघासन को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ठगी गई रकम 8 लाख 87 हजार रुपए बरामद की गई है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## गरीबी से तंग ग्रामीण ने की खुदकुशी

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम सरकार गढ निवासी दलित जगदीश वाल्मीकी (40) पुत्र राम वाल्मीकी का फंदे से झूलता शव बरामद हुआ। जगदीश के पुत्र सोनू ने जानकारी देते हुये बताया कि उसके पिता शाम को अच्छे भले थे। घर में कोई विवाद भी नहीं था। बस आर्थिक तंगी के कारण परेशान रहते थे। सोनू के अनुसार सरकार द्वारा चलाई जा रही शौचालय योजना हो या आवास योजना या कोई और योजना किसी भी तरह का कोई लाभ उनके परिवार को नहीं मिला। सोनू के चचेरे भाई दीपक कुमार वाल्मीकी पुत्र वीरेंद्र वाल्मीकी निवासी ग्राम सौखिया ने बताया कि सरकार की किसी भी दलित उत्थान योजना का लाभ हमारी बाल्मीकी बिरादरी को ही नहीं मिल पाता जब कि हम लोगों से ज्यादा दलित कौन है। वहीं मृतक के एक रिश्तेदार जगदीश वाल्मीकी पुत्र कढ़िले वाल्मीकी निवासी ग्राम संसारपुर ने अपना दर्द बयान करते हुये कहा कि हम लोगों के पास न जमीने हैं, न खेती है और न शासन का कोई लाभ शौचालय ही है। आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वह जब भी अपने प्रधान से शौचालय या आवास मांगते हैं प्रधान जी मीठी-मीठी बातें करके टरका देते हैं। मृतक के पुत्र ने बताया कि गांव में एक महिला सफाई कर्मी अनीता तैनात है। वह अपने वेतन में से चार हजार रुपये महीना हमको देती है। मैं ही गांव में सफाई कर्मी का काम करता हूं। उसी से परिवार का भरण पोषण होता है।

### सपा का होगा प्रदर्शन

**निघासन-खीरी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर कार्यकर्ता भाजपा सरकार की कृषि नीतियों का विरोध जताते हुये प्रदर्शन करेंगे। निघासन विधान सभा क्षेत्र में पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता किसान यात्रा का आयोजन करेंगे। किसानों की आय बढ़ाओ और खेती किसानी बचाओ की मांग को लेकर सपा के कार्यकर्ता पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल, ट्रैक्टर आदि से किसान यात्रा का आयोजन करेंगे। इस यात्रा के माध्यम से किसानों के मुद्दों पर जनता को जागरूक किया जायेगा। किसान यात्रा सोमवार दोपहर 11 बजे से पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल की अगुवाई में गांव बल्लीपुर से शुरू की जायेगी।

## तिलक समारोह में चली गोली, बच्चा जख्मी

● पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता। मैलानी-खीरी




**शासन द्वारा** समारोहों में हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद लोग न केवल असलहों के साथ समारोहों में पहुंचते हैं बल्कि खुशियों के बीच गोलीबारी करने से भी बाज नहीं आते। नतीजा कई लोगों की जान पर बन आती है।

मैलानी थाने की चौकी बांकेगंज के अंतर्गत आने वाले गांव बांके में राम प्रसाद उर्फ भूरे पुत्र सिया के घर पर तिलक समारोह था। शाम छह बजे राम प्रसाद उर्फ भूरे अपने बहनोई नन्हें पुत्र मैकू लाल निवासी शेरपुर थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत से विवाद करने लगे। राम प्रसाद उर्फ भूरे द्वारा अवैध तमन्चा 315 बोर से गोली चला दी। गोली रणधीर पुत्र सेवा राम उम्र 10 वर्ष निवासी टांडा छत्रपति थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत के पेट में बाये तरफ जा लगी। जिससे बच्चा जख्मी हो गया।

इस संबंध में थाना स्थानीय पर राजेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी मक्कागंज थाना मैलानी जिला खीरी के प्रार्थना पत्र पर राम प्रसाद उर्फभूरे पुत्र सियाराम निवासी बांकेपुर थाना मैलानी जिला खीरी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला के निर्देशन में उपरोक्त मुकदमें में वांछित आरोपी अभियुक्त को चौकी प्रभारी बांकेगंज कौशल किशोर यादव व आरक्षी राजेश त्रिवेदी द्वारा आज रविवार को जंगल की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर मय एक अदद खोखा 315 बोर बरामद कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा दिया है।

## चार घरों से नगदी और हजारों का माल ले उड़े



**ओयल-खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत शनिवार की रात आधा दर्जन सशस्त्र बदमाशों द्वारा चार घरों पर धावा बोलकर हजारों की नकदी तथा सामान कपड़े उठा ले गए। परिजनों को मारा पीटा गया। शनिवार की रात सशस्त्र बदमाश सबसे पहले रायपुर निवासी अशोक जयसवाल के घर में घुसे। अशोक की पत्नी रिंकी, पुत्र प्रियांशु व हिमांशु को मारा-पीटा। घर में रखे 2000 रुपए उठा ले गए। इसके बाद रायपुर के निवासी गुल्ला के वहां घुसकर 12000 रुपए, 2 जोड़ी पायल व मोबाइल सहित अन्य सामान और कपड़े उठा ले गए। इसके बाद बदमाश लगभग 12 बजे गांव लोकी निवासी बबलू के वहां घुसे। वहां उसकी पत्नी को बंधक बनाकर कमरे का दरवाजा खुलवाया। पत्नी जुल्फी को पीटा। बक्से में रखे 500 रुपए कपड़े आदि ले गए। बाद में बदमाश मडराही के पास झोपड़ी में रह रहे परमेश्वर के वहां धावा बोलकर उनकी पत्नी माया देवी के नाक का फूल, एक मोबाइल व कपड़े आदि उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। केवल जांच पड़ताल करने का बहाना कर रही है।

# कांग्रेसियों ने अम्बेडकर को किया याद

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**कांग्रेस भवन** पर भारतीय संविधान के शिल्पकार समतामूलक समाज के निर्माण हेतु संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वरत्न परम पूज्य बाबा साहेब अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस जनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राम कुमार मिश्रा ने बाबासाहेब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहेब की सोच यह थी कि हमें सिर्फराजनीतिक लोकतंत्र से ही संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना है। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता। जब तक के उसका आधार सामाजिक लोकतंत्र न हो। आज हम सबको बाबाजी के पद चिन्हों पर चलकर उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला महामंत्री रवि तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि युगपुरुष संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर आज के दौर में इनके द्वारा समानता और भाईचारे के लिए दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हित में जो लड़ाई बाबासाहेब ने लड़ी वह कभी भुलाई नहीं जा सकती।

उक्त गोष्ठी में प्रमुख रूप से उपस्थित महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू मिश्रा, केके दीक्षित, इरफान बेग, प्रदेश सचिव, अली बहादुर जिला सचिव, संजीव मिश्रा, शीला कश्यप व रवि गोस्वामी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### शार्ट सर्किट से लगी बस में आग, कई यात्री हुए जख्मी

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी से पुवायां मार्ग पर त्रिवेदी बस सर्विस का एकक्षत्र राज है। बिना बीमे, फिटनेस एवं रोड टैक्स के चलने वाली बसो में से बस संख्या यूपी31टी4118 मोहम्मदी से खचाखच यात्री भरकर पुवायां जा रही थी। बस ने पुवायां रोड पर वन बैरियर जैसे ही क्रास आरएस मैरिज पैलेस के पास पहुंची अचानक वो आग का गोला बन गयी। बस से लपटे के साथ धुए का भारी गुबार उठा। जिसे देखकर बस में बैठे यात्री चीखने लगे। विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों का बुरा हाल हो गया। चालक ये मंजर देखकर बस को तुरन्त रोक दिया तब तक कई यात्री बस की शीशा विहीन खिड़कियो से कूद गये। बस रूकते ही बाहर निकलने वालो की होड़ में कई यात्री जख्मी हो गए लेकिन सारे सुरक्षित उतर गये और एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

## सेंधमारी कर चोरों ने उड़ाई हजारों की शराब

**संवाददाता मोहम्मदी-खीरी।** अंग्रेजी शराब के शौकीन शातिर चोरों ने शाहजहांपुर रोड पर मोहल्ला बबौरी में अंग्रेजी शराब की दुकान में पीछे से सेंध काट कर हजारो रूपयो का मूल्य की शराब की बोतले चोरी कर ले गए। इस चोरी की सूचना पाकर पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियो ने मौके का निरीक्षण कर छानबीन की। ठण्ड की शुरूआत होते ही छोटी-छोटी चोरियो की शुरूआत नगर एवं क्षेत्र में होने लगी है और पुलिस बेबस सी नज़र आ रही है। ठण्ड की शुरूआत होते ही शातिर चोरो ने पुलिस को चुतौतिया देना शुरू कर दिया। बीती रात मोहल्ला बबौरी शाहजहांपुर रोड पर हाईवे के किनारे स्थित मार्केट में अंग्रेजी शराब की दुकान में अंग्रेजी शराब के शौकीन शातिर चोर या चोरो ने दुकान की पिछले दीवार में सेंध काट कर घुस गए और काफी मात्रा में विभिन्न ब्राण्ड की शराब की बोतले एवं कैश पर हाथ साफ कर दिया। दुकान का सेल्समैन कम मैनेजर विकास कुमार कल रात लगभग 10 बजे दुकान बन्द कर आवास पर चला गया था। प्रात: हुई तो मोहल्ले वालो ने दुकान में सेंध कटी देखी। सूचना पाकर विकास दुकान पर आया तब उसने पुलिस एवं आबकारी विभाग को सूचना दी तथा मालिक को अवगत कराया। जिला मुख्यालय पर रहने वाले मालिक ने विकास को लखीमपुर बुला लिया। दुकान के बाहर पीछे कुछ छोटे नोट व पर्चिया पड़ी पाई गयी। चोर कितना कैश एवं शराब ले गए इसका हिसाब नहीं लग पाया है। समाचार प्रेषण तक कोतवाली में मुकदमा दर्ज किये जाने को कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।

## क्विक न्यूज

### विवाद में चले लाठी-डण्डे, तीन घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंदौली में रविवार की सुबह लकड़ी रखने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच चले लाठी-डण्डों में एक पक्ष से तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार अंदौली निवासी अशफाक 45 वर्ष, उसकी पत्नी नैसर 40 वर्ष व 18 वर्षीय पुत्री रूखसार को पड़ोस के रहने वाले गुन्नू उर्फ नसीम उद्दीन, हजरतुन, शीबू के बीच आज सुबह लकड़ी रखने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों ओर से लाठी-डण्डे निकल आये। इसी बीच दबंग गुन्नू उर्फ नसीम पक्ष ने पति-पत्नी व पुत्री को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। वहीं पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### दो ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के अंजना भैरवा गांव निवासी छिटानी का 20 वर्षीय पुत्र रवीन्द्र ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं हथगांव थाना क्षेत्र के भिलइया गांव निवासी सूरजपाल के 24 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार ने पिता से लड़ने के बाद जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

### 23 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले लगभग दो दर्जन लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, मलवां एक, किशनपुर तीन, सुल्तानपुर घोष दो, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी दो, जहानाबाद एक, कल्यानपुर दो, बकेवर दो, गाजीपुर दो, थरियांव तीन तथा हथगांव थानाध्यक्ष ने चार लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बरेली ।** श्रीमती नीता अहिरवार उपनिदेशक महिला कल्याणध्जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश के क्रम में महिला शक्ति केन्द्र एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा थाना बारादरी, इज्जतत नगर एवं गैलेक्सी पैलेस रामपुर रोड, बरेली में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गतए महिलाओं व बच्चों की तस्करी तथा बलपूर्वक भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम के विषय में जानकारी, विशेष परामर्शदाताओं द्वारा तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओंए,पॉक्सो, अनाथ, परित्यक्त, लाबारिश, दहेज से पीड़ित महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक थीम पर काउन्सलिंग के सम्बन्ध में एवं बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं 181-महिला हेल्प लाइन नम्बर, 1090-वीमेन पावर लाइन, 1098-चाइल्ड हेल्प लाइन, 112-आपात सेवायें आदि हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। जानकारी दी गयी।स्वैच्छिक संगठन द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज बरेली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करनाए सुरक्षा शपथ तथा उनके प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया एवं मुख्य हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।

### बीआरएस वालंटियर्स ने किया धार्मिक मूर्तियों का विसर्जन

**फतेहपुर।** जनपद के युवाओं में कुछ न कुछ सेवा करते रहने का जज्बा बड़े बड़े समाजसेवियों को भी आकर्षित करता हैं। बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के सदर अध्यक्ष श्रेष्ठ रस्तोगी की पहल में बीआरएस वालंटियर्स ने घर-घर विसर्जन हेतु मूर्तियों का संकलन किया। साथ ही हजारी लाल फाटक के सामने सदाशिव धर्मशाला रोड के नजदीक कूड़े के ढेर में पड़ी देवी देवताओं की मूर्तियों का बीनकर रस्तोगीगंज के बड़े हनुमान मंदिर स्थित कुँए में विसर्जित किया गया। युवाओं का हौसला बढ़ाने के लिए जिलाध्यक्ष युवाशक्ति अंशू सिंह परमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा सभी से धर्म को जानने और अनुसरण करने की बात कही गई उन्होंने जनपदवासियों से समिति की तरफसे अपील किया कि देवी देवताओं की मूर्तियों को पूजन कार्य समाप्त होने के बाद लोग कम से कम कूड़े में न फेंके। वही प्रशांत रस्तोगी, अभिषेक गुप्ता ने जयश्री राम के नारों के साथ मूर्तियों को कुएं के जल में प्रवाहित किया।

## महाआरती में नशा मुक्ति का लिया संकल्प



संवाददाता। फतेहपुर

**नशे मांस** से मुक्त चरित्रवान समाज के निर्माण हेतु निरंतर कटिबद्ध भगवती मानव कल्याण संगठन पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धांत के संयुक्त तत्वाधान में शक्ति जी महाराज के पूर्ण आशीर्वाद स्वरुप माह के प्रथम रविवार को रामा अग्रहरी बालिका इंटर कॉलेज देवीगंज में दिव्य महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जयकारों से किया गया। साधना संपन्न कर तीन प्रमुख कार्यक्रम आयोजित कराए गये। वहां शारीरिक दूरी के नियम का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही कराएं। जिससे कि समाज को पूरा लाभ मिल सके। मां की साधना आराधना करके ही विभिन्न परिस्थितियों समस्याओं से बाहर जाने का मार्ग प्रशस्त होता है। तत्पश्चात भगवती मानव संगठन शाखा जनपद के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि गुरुवर का उद्घोष है कि धर्म-धर्म सा कर्म गुरु और इष्ट का कभी भी त्याग मत करो। पंचों के स्मरण से ही समस्याओं का समाधान स्वत: मिलता चला जाएगा। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पाल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश गुप्ता, शीतल प्रसाद, मेवालाल, निर्मल सिंह, सतीश गुप्ता, कमलेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते 24 घण्टों के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान वृद्ध सहित दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं दो लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के मवई छनवा का डेरा गांव निवासी रामधनी का 60 वर्षीय पुत्र बैजनाथ अपने पुत्र वेद प्रकाश 24 वर्ष के साथ शहर क्षेत्र के अन्तर्गत शादी समारोह में शामिल होने आया था। आज सुबह वापस लौटते समय जैसे ही बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के 50 नवम्बर ओवर ब्रिज के समी पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गयी। जिससे बैजनाथ की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं उसका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज



संवाददाता। फतेहपुर

**डिस्ट्रिक्ट बार** एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी सहाय के आवास में अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार के डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में कायस्थ बंधु अधिवक्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और एक के नाम पर मुहर लगने के बाद उस प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी सहाय के प्रस्ताव पर सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव उर्फकुंदन बाबू, प्रमोद रायजादा, अमरीश कुमार श्रीवास्तव के नामों की घोषणा की गई। यह भी तय किया गया कि इन नामों पर विचार किया जा रहा है सर्व समाज से जो निर्णय होगा उस नाम पर आम सहमति बनाकर सर्व समाज के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर शिरकत किया। बैठक में सत्येंद्र श्रीवास्तव, रहस बिहारी श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद के किये गये बाबा साहेब

संवाददाता। फतेहपुर



**डॉ0 भीमराव** अंबेडकर 65वें पर निर्माण दिवस पर आज कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जियालाल, संचालन राजेंद्र बाबू ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक विषमता के विरुद्ध अनवरत संघर्ष करते हुए शोषित एवं वंचित समाज को अपमान एवं जिल्लत भरी जिंदगी से मुक्ति दिलाने वाले भारत के संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 65वें पर निर्माण दिवस पर प्रतिमा स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर विचारधारा के समर्थक समस्त जनप्रतिनिधियों, विधिवेत्ताओं, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, किसान, मजदूर, युवा शक्ति विद्यार्थियों तथा मातृ शक्ति बहनों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में अंबेडकर पार्क पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की कार्यक्रम में बुद्ध वंदना हुई व अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रामखेलावन, दीपक कुमार डब्ल्यू, शत्रुघ्न लाल, सत्तू राम, मयंक, ब्रजकिशोर, महेंद्र मौर्य, गुरुप्रसाद, अखिलेश चंद्र, शिव प्रकाश, अजीत कुमार, गजराज, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में डॉ0 भीमराव अंबेडकर का 65वां परिनिर्वाण दिवस कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी राजेश सिंह ने इनके कृतित्व व्यक्तित्व एवं जीवन पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान उप जिलाधिकारी प्रमोद झा एवं पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह, कोतवाल रविंद्र श्रीवास्तव, प्रमुख महासचिव आचार्य कमलेश योगी, उपाध्यक्ष रामसनेही वर्मा, आईटी सेल प्रभारी अभिजीत पटेल, युवा प्रभारी अमोल सचान, महेंद्र सिंह, कौशल किशोर मिश्रा, बृजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक ने आग लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कुर्मी में शनिवार की शाम एक लगभग 20 वर्षीय युवक ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामपुर कुर्मी गांव निवासी स्व0 साबिर का पुत्र चांदराज शनिवार की देर शाम घर से करोसीन की पिपिया लेकर जंगल चला गया। जहां उसने अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा लिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह युवक के शरीर में लगी आग को जल्दी-जल्दी बुझाया और उपचार के लिए सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं घटना के बाबत जानकारी देते हुए मृतक के चाचा मुनीर अली ने बताया कि मृतक चांदराज मानसिक रूप से विक्षिप्त था। इससे पूर्व भी उसने जान देने का प्रयास किया था। देर शाम उसने घटना को अंजाम दे दिया।

## सड़क हादसों में वृद्ध समेत दो की मौत, दो

● सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद के** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टों के अंतराल में हुए सड़क हादसों के दौरान वृद्ध सहित दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं दो लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के मवई छनवा का डेरा गांव निवासी रामधनी का 60 वर्षीय पुत्र बैजनाथ अपने पुत्र वेद प्रकाश 24 वर्ष के साथ शहर क्षेत्र के अन्तर्गत शादी समारोह में शामिल होने आया था। आज सुबह वापस लौटते समय जैसे ही बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के 50 नवम्बर ओवर ब्रिज के समी पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गयी। जिससे बैजनाथ की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं उसका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया। इसी प्रकार हथगांव थाना क्षेत्र के मझौना गांव निवासी श्यामलाल का 28 वर्षीय पुत्र श्याम बाबू अपने रिश्तेदार कमलेश पुत्र घनश्याम 22 वर्ष निवासी हस्वा थाना थरियांव के साथ रिश्तेदारी में आया था। बताते हैं कि देर शाम थरियांव वापस आते समय जैसे ही यह लोग सुल्तानपुर घोष के बहेरा गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने श्याम बाबू को मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 7 दिसंबर 2020



# नशेबाज युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

● भरथना कस्बा की इलाहाबाद बैंक के सामने पेड़ पर झूला युवक, सरेशाम हाईवे किनारे फांसी लगाने के दौरान नही पड़ी किसी की नजर

संवाददाता। इटावा

**भरथना** कोतवाली कस्बा में शनिवार की सरेशाम साढ़े छह बजे राहगीरों व आसपास के बाशिंदों में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक नशेबाज युवक ने कस्बा के जबाहर रोड स्थित इलाहाबाद बैंक के सामने और नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला एस ए वी डिग्री कालेज के मुख्य गेट की किनारे सड़क पर खड़े एक छोटे से पेड़ पर अपने ही गमछा से फाँसी का फंद्दा लगाकर आत्महत्या करली। घटना की सूचना मिलते ही भरथना पुलिस मौके पर पहुँच गई। और जांच पड़ताल कर पेड़ में फाँसी के फंद्दे पर लटके युवक को नीचे उतार कर मृतक शव की शिनाख्त के उद्देश्य से जमा तलासी ली गई।जिसमें पुलिस को मृतक की जेब से उसका आधार कार्ड प्राप्त हुआ है। जिसके सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक का नाम सुधीर कुमार 24 बर्ष पुत्र राकेश कुमार निबासी ग्राम सुख का पुरवा जनपद कन्नौज हैए मृतक विभिन्न प्रकार के नशे का आदि था। मृतक के परिजनों से फोन पर हुई वार्ता से पता चला है कि मृतक का अपनी पत्नी और ससुरालीजनों से विवाद चल रहा था। जबकि मृतक विभिन्न के नशे का आदी होने के साथ साथ वह काफी समय से भरथना में ही रह रहा था। भरथना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम को मुख्यालय भेजा है।

# अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर सीज, मुकदमा



संवाददाता। जसवंतनगर

**थाना** पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां पकड़ी हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया हैए जबकि एक ट्रैक्टर ट्रॉली का लावारिस में दाखिल किया है। ग्राम जसोहन में रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए कुछ लोग अवैध खनन कर रहे थे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रमेश सिंह ने उपनिरीक्षक मोण्कासिफ हनीफ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मौके पर भेजी। पुलिस टीम द्वारा की गई छापेमार कार्रवाई के दौरान वाहनों को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक मिट्टी से भरी हुई ट्रॉली को मौके पर ही छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने किसी तरह से ट्रैक्टर ट्रॉली को कोतवाली पहुंचाया। साथ ही वाहन चालक के खिलाफ चोरी और खनन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया।

वहींए पुलिस ने यमुना नदी समीप से एक और ट्रॉली बरामद कीए जिसका दाखिला लावारिस में कर दिया गया है। प्रभारी के अनुसार अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार छापेमार कार्रवाई कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## नवनिर्मित कार्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन

**इटावा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा प्रदेश के समस्त थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस क्रम में जनपद इटावा के भी सभी 21 थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है तथा जिन्हे विशेष रूप से संचालित करने हेतु अलग से कार्यलायध्क्क्ष सभी थानों पर बनाये जा रहे है जिसका निर्माण कार्य सभी थानों पर वर्तमान में प्रचलित है। इसी क्रम में जनपद इटावा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री आकाश तोमर द्वारा थाना कोतवाली में हेल्प डेस्क कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। महिला हेल्प डेस्क को हाईटेक बनाने हेतु जनपद मुख्यालय की ओर से सभी थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर कम्पयूटर व अन्य उपकरण भी दिये जा रहे है जिससे जनपद मुख्यालय स्तर से उनके कार्य की मॉनिटरिंग की जा सके तथा महिला हेल्प डेस्क कक्ष में सुव्यवस्थित तथा अच्छी क्वालिटी के फर्नीचर की व्यवस्था भी की गयी है।

# दबंग प्रधानपुत्रों ने महिला को घर में घुसकर पीटा

● पीड़िता की जमीन पर जबरन इंटरलॉकिंग का प्रयास

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**थाना** क्षेत्र के करिंगापुर बनीपारा गॉव में दबॅग प्रधानपुत्रों ने अपने साथियों के साथ महिला को घर के अन्दर महिला के पारिवारिकजनों के साथ जमकर पीटा। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुॅच कर खडण्जे का निर्माण कार्य रूकवाया।

पीडिता रानी देवी पत्नी रामकिशोर निवासिनी करिंगापुर ने थाने पर दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि रविवार की दोपहर को अपने घर के अन्दर घरेलू काम कर रही थी उसी समय दबॅग प्रधान पुत्र श्याम तिवारी व बउअन तिवारी व उनके साथी गोपाल पाण्डेय व अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर से इण्टरलॉकिंग ईंटें मेरी जमीन पर बिछानी शुरू कर दी। मेरी जमीन पर उपरोक्त दबॅग अवैध तरीके से कब्जे की नीयत से इण्टरलॉकिंग का काम कर रहे है, जब मैंने इण्टरलॉकिंग खडण्जे के बिछाये जाने का विरोध किया तो उपरोक्त दबॅग एक राय हो गाली गलौज के साथ लातघूसों व लाठी डण्डों से मारपीट करने लगे, मेरी देवरानी व घर में मौजूद बच्चे बीच बचाव करने आये तो उपरोक्त दबॅगों ने उन्हें भी पीटा। उपरोक्त दबॅग खडण्जे के निर्माण न होने पर जान से मार देने की धमकी देते रहे। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि मौके पर जाकर जॉच कर खडण्जे के निर्माण कार्य को बन्द करवा दिया गया है। शिकायत पर जॉच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## कलकत्ता-आगरा सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आज से दौड़ेगी

**फर्रूखाबाद।** रेलवे बोर्डे निर्देश पर कोरोना काल में बन्द पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर प्रत्येक गुरूवार को चलने वाली सुपरफास्ट साप्ताहिक कलकत्ता-आगरा एक्सप्रेस ट्रेन अब आगामी 9/10 दिसम्बर 2020 से स्पेशल ट्रेन के रूप में चलना शुरू हो जायेगी।

रेल प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना संक्रमण के दौरान सामान्य रूप से बन्द हुई ट्रेनों में से रेलवे बोर्ड के निर्देशन पर स्पेशल ट्रेन के रूप में शुरू की गई। पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर चलने वाली सुपरफास्ट साप्ताहिक कलकत्ता-आगरा के मध्य चलने वाली 12319/12320 एक्सप्रेस ट्रेन को अब रेलयात्रियों के लाभार्थ 02319/02320 स्पेशल ट्रेन के रूप में आगामी 9/10 दिसम्बर 2020 से चलाया जायेगा। प्रवक्ता ने बताया कि 02319 कलकत्ता से रवाना होकर फर्रूखाबाद तड़के 05:17 बजे आयेगी और 05:22 बजे आगरा के लिये रवाना हो जायेगी। इसी क्रम में आगरा से कलकत्ता जाने वाली 02320 ट्रेन फर्रूखाबाद में रात्रि 22:05 बजे आयेगी और 22:10 बजे कानपुर के लिये रवाना हो जायेगी।

# झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

संवाददाता। इटावा



**बकेवर** थाना के अन्तर्गत कस्बा बकेवर की औरैया रोड पर स्थित मुंशी लाल भट्टा के पीछे दिन शनिवार की रात्रि को अज्ञात कारणों के चलते एक झोपड़ी में आग लग गयी जिसके चलते गरीब की झोपड़ी के अन्दर रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गरीब परिवार शादी समारोह में गया हुआ था उसी समय पर अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गयी थी। पास के लोगों द्वारा 112 नम्बर पर रात्रि में सूचना दी गयी मौके पर 112 नम्बर पुलिस व बकेवर थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम व्यासपुरा के समीप मुंशी लाल भट्टा के समीप गरीब विनय कुमार पुत्र राम कुमार निवासी ब्यासपुरकोठी दिन शनिवार की रात्रि शादी समारोह में परिवार सहित गया हुआ था उसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गयी जिस कारण झोपड़ी के अन्दर रखा सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग की सूचना पड़ोसी ने विनय कुमार को दी आनन फानन में विनय कुमार मौके पर पहुंचा तो वहां पर देखा कि भयकर आग लगी हुई थी उक्त आग की सूचना पीड़ित परिवार द्वारा 112 नम्बर पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची 112 नम्बर पुलिस व बकेवर थाना प्रभारी अंजन सिंह मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। वहीं गरीब परिवार आज खुले आसमान के नीचे शोने को मजबूर है। रविवार को दोपहर के समय लेखपाल आशीष शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना क्रम का जाजया लिया।

## पालिका के वाहनों को नहीं मिल रहा डीजल

**जसवंतनगर इटावा।** नगर पालिका जसवंतनगर स्वच्छ भारत मिशन अभियान में अफसरों की मनमानी से पिछड़ रही है। जसवंतनगर में सफाई व्यवस्था में लगे सैकड़ों कर्मियों की मेहनत पर पानी फिर रहा हैए क्योंकि कूड़ा उठाने वाले वाहन ट्रेक्टरए मेटाडोर और अन्य वाहन कृत्रिम रूप से पैदा की गई डीजल की किल्लत से बन्द पड़े हैं। उन्हें बूंद बूंद कर डीजल आवंटित किए जाने से वह बीच रास्ते मे ही एयर लेकर बन्द हो रहे हैं। स्थिति यह है कि नगर में रोजाना कूड़े के ढेरों से कूड़ा नही उठता है। नगर पालिका में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए दो ट्रेक्टर दो मेटाडोर टाइप बड़े लोडरए चार छोटा हांथी और एक जेसीबी मशीन हैं। जिनके लिए डीजल आपूर्ति का नियमित कोटा पालिका बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया है । फंड न होने पर पेट्रोल पंप से एडवांस में ओवरड्राफ्ट यानी उधार में भी डीजल लेने का प्राविधान किया गया है।

# गर्म कपड़े पाकर आई चेहरे पर मुस्कान

संवाददाता। औरैया




**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजिण्औरैया द्वारा शरद ऋतु की दस्तक के चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासीए बंजारे, लोहा पीटो समुदाय, कूड़ा बीनने वाले, दिहाड़ी मजदूरों, दिव्यांगों, अति निर्धन, बे.सहारा, भूमिहीन व जरूरतमंद लोगों को वस्त्र व कंबल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रविवार को प्रातः 9 बजे पुराना नुमाइश मैदान तिलक नगर, औरैया में मूल रूप से महाराष्ट्र निवासी खुले आसमान के नीचे तंबू लगाकर रहने तथा कूडा बीनकर ,वं भीख मांगकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले अति.निर्धन जरुरतमंद आदिवासी समाज के लोगों, महिलाओं व बच्चों को गर्म वस्त्र, मोजा, शॉल व कंबल चावल, ब्रेड, बिस्कुट आदि खाद्य सामग्री प्रदान की गई, अपनी गरीबी के चलते खाद्य सामग्री पाकर महिलाओं व बच्चों के चेहरे खिल उठे, कार्यक्रम में मौजूद बंजारा समाज के उमेश ने बताया कि हम लोग मूल रूप से ग्राम. नागलवाड़ी, नागपुर, महाराष्ट्र के निवासी हैं, विगत दो दशकों से हमारे मां.बाप भी यहां पर इसी तरह भीख मांगकर व कूड़ा बीनकर हम लोगों का पेट पालते रहे, बचपन से हम लोग आज भी दर.दर भटकते हु, व भीख मांगकर खुले आसमान के नीचे भगवान भरोसे अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं, हमारी दुर्दशा देखकर काफी लोग यहां आते.जाते रहते हैं लेकिन सिर्फ दिलासा देकर चले जाते हैं, हम लोगों ने कई बार प्रयास किया लेकिन अभी तक रहने के लि, छत, कॉलोनी या कोई सरकारी मदद अभी तक नहीं मिली। गौरतलब है कि संपन्न लोगों के पास अपने घरों में अपने अनुपयोगी ;रिटायर्डद्ध कपड़ों को रखने के लि, जगह नहीं है, जबकि जरूरतमंद लोग कपड़ों के अभाव में ठिठुरन के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर है।

## पूर्व विधायक को पत्नी शोक

**रूरा, कानपुर देहात।** अकबरपुर रनियॉ विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक रहे पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर की धर्मपत्नी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर रूरा स्थित पूर्व विधायक के आवास पर जनप्रतिनिधि सहित भारी सॅख्या में लोगों ने पहुॅच कर गहरी सॅवेदना व्यक्त की है। रामस्वरूप सिंह गौर अकबरपुर रनियॉ विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक रहे है। मुलायम सिंह यादव की सरकार में पूर्व विधायक दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री के पद पर भी सेवायें प्रदान कर चुके है। गरीब, वॅचित व पीडित वर्ग को न्याय दिलाने के चलते पूर्व विधायक का व्यापक निजी जनाधार है। पिछला विस चुनाव सपा के टिकट पर उनके सुपौत्र नीरज सिंह गौर ने लडा था। रविवार की सुबह जैसे ही पूर्व विधायक की पत्नी शॉति देवी(81) की लम्बी बीमारी के बाद निधन होने की जानकारी लोगों का हुयी लोग पूर्व विधायक के आवास पर भारी सॅख्या में पहुॅचने लगे। पूर्व विधायक की पत्नी का लखनऊ के मेदॉता हास्पिटल में पिछले दिनों उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर वापस कानपुर उनकी एकमात्र पुत्री के पास लाया गया था। शनिवार की रात्रि को उनका निधन हो गया। अकबरपुर सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, जिला पॅचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, अकबरपुर चैयरमैन पति बबलू कटियार, पूर्व अकबरपुर चैयरमैन जितेन्द्र सिंह गुडडन, जिला पॅचायत सदस्य शैलू सोनकर, मनीष कमल, भुल्लन कोरी,मोण्टू कोरी, सत्येन्द्र सिंह भदोरिया, मॅगल सिंह, पुत्तन भदौरिया, बसपा नेता रविशशि द्विवेदी, भाजपा नेता कमलेश पाण्डेय, युवा सपा नेता शालू भदौरिया,सभासद सॅजय सेंगर, धीरेन्द्र सिंह सेंगर कल्लू पूर्व सभासद, दयालू नौरॅगाबाद, प्रदीप कमल, राकेश इरफान, जितेन्द्र सिंह गौर काशीपुर, पुत्तन भदौरिया, राजू भदौरिया, कल्लू सिंह प्रधान, अनुराग भट्ट, आरयस त्रिपाठी, शुभम त्रिवेदी, आशीष शुक्ला, पॅकज तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, महेन्द्र यादव, राजेश प्रजापति सहित भारी सॅख्या में लोगों ने पूर्व विधायक रामस्वरूप सिंह गौर व जिला पॅचायत सदस्य नीरज सिंह गौर को सॉत्वना दे गहरी सॅवेदना व्यक्त की।

# भदरस पंहुची मशीन होने लगी नलकूप की सफाई




● पेयजल संकट को लेकर पायनियर ने प्रमुखता से छापी थी खबरें

संवाददाता घाटमपुर

**बीते** तीन साल से पेयजल संकट से जूझ रहे बिकास खंण्ड घाटमपुर के गांव भदरस के वासिंन्द का संघर्ष आखिर उस समय रंग लाया जब बीती शांम टंकी के ट्यूबवेल की सफाई के लिये कंम्प्रेसर मशीन गांव पंहुच गयी। पूर्व प्रधान जयनरायन सिंह यादव और बडकऊ सिंह चंन्देल ने समाचार पत्र पायनियर व जल निगम के अधिषाशी देवेंन्द्र सिंह का आभार ब्यक्त कर खुशी जाहिर कि है मालुम हो कि गांव पश्चिम दिशा में स्थित प्राचीन भद्रकली देवी का मंन्दिर है जिसके पास करीब तीन लाख लीटर छमता की टंकी है ग्रामीणों के मुताबिक टंकी से भदरस के अलावा पड़ोसी गांव राजेपुर को जलापूर्ति होती थी लेकिन टंकी का नलकूप बीते तीन साल से खराब पड़ा था जिसकों लेकर ग्रामीण कई बार शासन के अलावा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों का घ्यान आकर्षित कर चुके थे, लेकिन समस्या का हल नही हो सका था, पेयजल संकट को लेकर आपके अपने समाचार पत्र पायनियर ने सिलसिले वार कई खबरे छपी इसी के चलते जल निगम के अधिकारियों ने बोरिंग की सफाई का निर्देश देने के साथ शनिवार शांम कंम्प्रेसर मशीन गांव भेजवाने के साथ जलापूर्ति बहाल करने का आदेश दिया। उधर पूर्ब प्रधान जयनरायन सिंह ने बताया कि पेयजल संकट को लेकर वो कई बार सहायक अभियन्ता और जेई के साथ ही संम्पूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत कर चुके थे।

# कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



संवाददाता। भर्थना

**भरथना** के आजाद रोड़ दीक्षित आवास पर शनिवार की रात्रि स्व0रमेश दत्त दीक्षित की 32 वीं पुण्यतिथि परआयोजित अखिल कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का उद्घाटन बम्बई से पधारे फिल्म संगीतकार कार्तिकेय तिवारी ने करते हुए कहा कि हमें अपने बुजुर्गों की स्मृतियाँ जीवन्त रखनी चाहिएएउन्होंने कविता को समाज को जोडने का सशक्त माध्यम बताया है। औरैया के कवि प्रदीप पंचम ने शानदार वाणी वन्दना कीएतो वहीं इटावा के युवा शायर आमिर अफ्जल ने देशप्रेम और श्रृंगार की रचनायें सुना कर वाह.वाही बटोरीएजयपुर से आये बनज कुमार बनज ने दोहों के माध्यम से जहां दर्शन की बातें की वहीं देश प्रदेश के वर्तमान हालातों पर सटीक रचनाएँ सुनाईंएउस शहर के सूरज का कैसे फिर गीतों में अभिनन्दन होएगीत पर श्रोता झूम उठे। कोटा से पधारे हिन्दी के वरिष्ठ गीतकार कुंवर जावेद की गजलोंए मुक्तकों और गीतों ने श्रोताओं को ऐसा भाव विभोर किया कि वक्त ठहरा सा महसूस होने लगाएउनकी रचना.दिये से शहर जलाते हैं आजकल कुछ लोगएबुजुर्गों ने तो दियों से दिये जलाये हैंएको खूब सराहा गयाए वरिष्ठ शायर अशोक यादव ने मुक्तक और गजलों से हालाते हाजिरा की बात कहीएउनकी रचना होठों पै थोड़ी थोड़ी सी मिठास चाहिएएइन्सानियत की खुशबू आसपास चाहिए ने खूब तालियाँ बटोरीए संचालन कर रहे जनवादी कवि अनिल दीक्षित ने आज के हालात पर करारी चोटें कीएमहावर चूडियों पर भी लिखूंगा आजकल तो मैंएअभावों का गणित और भूख का भूगोल लिखता हूँ को खूब सराहा गयाएकानपुर से आये हास्य व्यंग्यकार डा0कमलेश द्विवेदी के चुटीली टिप्पणियों और रचनाओं पर खूब तालियाँ बजी वहीं इटावा के युवा कवि रोहित चौधरी ने समसामयिक विषयों पर रचनाएँ सुनाईं।

## पांच दम्पत्ति सुलह को राजी

**कानपुर देहात।** दम्पत्तियों के आपसी विवाद को सुलझाने के लिये सृजित किये प्रोजेक्ट किरण में रविवार को 26 मामले आये जिसमें 5 मामलों में समझौता हो गया। स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 26 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 05 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में विखरे हुये परिवारों में एक नई एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में श्रीमती प्राची चौधरीए महिला थानाध्यक्ष अश्वनीपालए म0उ0नि0 रीना सिंहए म0हे0का0 227 संध्या देवीए म0का0 1261 प्रीती सोनकर व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्री राम प्रकाश सिंहए डॉ0 श्रीमती पूनम गुप्ताए श्री जियाउलहक आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पेड़ पर लटकता मिला कंकाल

**घाटमपुर।** कोतवाली की पुलिस चौकी जाजपुर क्षेत्र के कोरों गांव के जंगल में एक युवक कंकल शीशम के पेंड में लटकता हुआ मिला, चरवाहों की सूचना पर पंहुची चौकी पुलिस कंकाल को नीचे उतार कर नीचे पड़े कपड़े आदि से उसकी शिनाक्त कराने के प्रयास किये चौकी प्रभारी ने बताया कि कोरों गांव के चाँद मुहम्मद उर्फ चाँद ( 34 ) पुत्र मुहम्मद शहीद के रुप में उसकी पत्नी ने कपड़ों से शिनाक्त की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि चाँद मुहम्मद उर्फ चाँद ने दो शादी की थी तथा एक पत्नी दिल्ली में रहती है वहीं पर रह कर वो आटो रिक्सा चलवाता था जबकि पहली बीबी गांव में रहती है, कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि कंकंल को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है।

### फर्रुखाबाद में 12 कोरोना मरीज मिले, संख्या पहुंची 4398

**फर्रूखाबाद।** जिले में 12 कोरोना मरीजों पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4398 पर पहुंच गई है। कोविड रोकथाम हेतु डीएम व एसपी अभियान चलाकर आमजनामानस को लगातार जागरुक कर रहे है जिससे आम जनामनास कोरोना जैसी महामारी से बच सके। जिला मुख्यालय से आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले 12 कोरोना मरीज मिले है जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 4398 पर पहुंच गई है इसमें 114 मरीज एक्टिव है जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4208 हो गई हैं सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया है वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### बसपा ने बाबा साहेब की मनाई पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि पर आज अबेंडकरवादी बसपा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया।बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भास्कर ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि मैं हमेशा बाबा साहब के पद्चिन्हों पर चलने का काम करता हूं। बाबा साहब के विचार हम सबको ताकत देते हैं उन्होने हमेशा जाति को पीछे रखकर काम किया है। बाबा साहब देश के सबसे महान व्यक्ति थे। वह भारत रत्न से सम्मानित हुए थे। बाबा साहब ने सभी को एक साथ लेकर काम किया है। बाबा साहब ने कहा था कि सब शिक्षित बनो और संगठित रहो। हालांकि बाबा साहब नहीं है लेकिन उनके विचार मेरी अंतरआत्मा में बसे हैं।

### आज सपा निकालेगी किसान यात्रा

**फरुखाबाद।** भारत सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार 'दिनांक 7 दिसंबर 2020 दिन सोमवार' को 11: 00 बजे किसानों की आवाज से आवाज मिलाते हुए एक 'किसान यात्रा' डॉ राम मनोहर लोहिया प्रतिमा स्थल आवास विकास फर्रुखाबाद से मसेनी चौराहा, सेंट्रल जेल चौराहा, निनौआ,कीरतपुर, लखमीपुर, याकूतगंज, नगला पजावा, महरूपुर सहजू, कुटरा बुढ़नामऊ, भखरामऊ होते हुए जय नारायण वर्मा रोड फतेहगढ़ स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समाप्त होगी। सपा जिला महासचिव मन्दीप यादव एडवोकेट अपील कि है सभी साथी अपने कार्यकर्ताओं सहित दो पहिया वाहनों के साथ डॉ राम मनोहर लोहिया प्रतिमा स्थल आवास विकास पर प्रातः 11:00 बजे पहुंचने की अपील की है। यह जानकारी जिला महासचिव ने दी।

### भाकियू ने व्यापारियों से भारत बंद में मांगा सहयोग

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के किसान नेता मुन्ना लाल सक्सेना, रागिव हुसैन खाँ, दुर्गा नारायण मिश्रा, रामवीर आदि ने एक बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहां है कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया। कृषि विधेयक किसानों के लिए हितकर नहीं है । इसके विरोध में पूरे देश के लाखों के किसान सिंधु बॉर्डर सहित दिल्ली पर डेरा डाले हुए हैं। फिर भी अपनी हठ धर्मी पर अड़ी भाजपा की केंद्र सरकार विधेयक वापस लेने को तैयार नहीं है। यहां तक कि प्रदर्शनकारी अन्नदाता किसान के ऊपर पानी की बौछारें तथा आंसू गैस के गोले छोड़कर सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। उनका कहना था कि यह काला कानून किसान को बर्बाद कर देगा ,और चंद पूंजीवादी घरानों को पूरे देश की जमीन पर कब्जा करने का मौका मिल जाएगा। इसलिए 8 दिसंबर को भारत बंद का आवाहन किया गया है। भाकियू ने व्यापारियों एवं हर स्तर के दुकानदारों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे इस भारत बंद में अपना पूरा सहयोग करें ,क्योंकि जब किसान खुशहाल नहीं होगा, तो इसका सीधा प्रभाव कुछ ही समय के बाद व्यापारियों एवं दुकानदार भाइयों पर भी पड़ेगा। अतः इस काले कानून के विरोध में अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा दुकानें 8 दिसंबर को बंद कर सरकार को सही दिशा में लाने का प्रयास अवश्य किया जाना चाहिए।

### चीते की तीसरी तस्वीर कैमरे में कैद हुई

**फर्रूखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर में वन विभाग की टीम द्वारा नाइट विजन कैमरे लगाये गये जोकि कल बीती रात तीसरी बार कैमरें में चीता (बाघ) कैद हुआ लेकिन अभी तक वन विभाग की टीम की पकड़ से बाहर है। चीता (बाघ) की पुष्टि होने से वन विभाग के अफसरों व ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। वहीं बताया कि नाइट विजन कैमरें में तीसरी बार कैद हुई तस्वीर को दिखा रहा है। राजेपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गाँव के आस-पास 30 ट्रेस कैमरे पीलीभीत टाइगर रिजर्व से लाकर लगाये गये थे। जिसमें उदयपुर के निकट गन्ने के खेत के पास लगे कैमरे में कल बीती शाम 7:51 बजे पर चीता (बाघ) की फोटो कैद हो गयी। बाहुबली चीता (बाघ) देखकर वन विभाग के साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों में भी दहशत बढ़ गयी है। वन विभाग के मोहित शर्मा ने बताया कि कैमरे में चीता (बाघ) की फोटो कैद हुई है उसे पकड़ने के लिए पूरी टीम लगी हुई है। वहीं डीएफओ पीके उपाध्याय ने जल्द पकड़ने जाने की बात कही।

### अलग-अलग घटनाओं में तीन ने खाया जहर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के रेलवे रोड निवासी 20 वर्षीय रजनी कुमार पुत्र दिनेश को गंभीर हालत में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार रजनी कुमार ने घरेलू कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। वही थाना कंपिल क्षेत्र के ग्राम गौर खेड़ा निवासी उपेंद्र 22 वर्ष पुत्र राजवीर ने भी घरेलू हिंसा के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। इसी थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर अरावली निवासी कैलाश की 40 वर्षीय पत्नी विनीता का अपने ही पति से कुछ सामान बाजार से लाने को लेकर कहासुनी हो गई बीती शाम उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन किया इन सभी को इनके परिजनों ने कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से विनीता तथा उपेंद्र को उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

### कई जगह चोरों ने किया चोरी का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** बीती रात चोरों नें कई जगह चोरी करने का प्रयास किया लेकिन कही कामयाबी नही मिली। लेकिन चोरों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गयी। पुलिस पड़ताल कर रही है।कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के इटावा-बरेली हाई-वे पर संजय गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता की मिठाई की दुकान है। जिसमे से दुकान का ताला तोड़कर गोलक में रखे 1400 रूपये, सोनू पुत्र रामगोपाल गुप्ता के मेंन गेट का ताला तोड़कर चोर भीतर दाखिल हुए लेकिन कुछ ना मिलने पर वापस लौट गये। पवन कुमार पुत्र रघुनंदन कश्यप के मुख्य गेट का ताला तोड़कर लेकिन उन्हें कुछ हाथ नही लगा। रहमत अली पुत्र नवाब अली का मुख्य सड़क से दो किलोमीटर दूर मकान है। रहमत इटावा में चौकीदार हैं। रहमत अली के घर से उनके हाथ खाली रहे। रानी पत्नी हरबेस गुप्ता के घर से भी उन्हें कुछ हाथ नही लगा तो घर से एक सिलेंडर ही चोरी कर लिया।कौशल चंद पुत्र रतीराम इटावा-बरेली हाई-वे पर बीज भंडार की दुकान है। मेन दरवाजा तोड़कर दुकान का गेट तोड़ने का प्रयास किया।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 7 दिसंबर 2020



## श्रीराम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को
# सौंपी जायेगी कामदगिरि पर्वत की शिला

● जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे राममंदिर की नींव में लगेगी कामदगिरि की शिला

●चित्रकूट से 8 दिसम्बर को शिला लेकर रवाना होंगे संत



संवाददाता। चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि होने की वजह से धर्म नगरी चित्रकूट की महिमा समूचे विश्व में विख्यात है। श्रीकामदगिरि पीठ विश्व की प्राचीनतम पीठ है। इसकी महिमा सतयुग से गाई जाती रही है। श्रीकामदगिरि पर्वत को भगवान श्रीराम का स्वरूप मानते हुए प्रतिदिन देश भर से हजारों श्रद्धालु आकर इनकी पूजा-आराधना एवं परिक्रमा करते हैं। जन्मभूमि अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की नींव में श्रीकामदगिरि पर्वत की शिला और रज 9 दिसम्बर को श्रीराम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौपा जायेगा।

रविवार को श्रीकामदगिरि पीठम के संत मदन गोपाल दास जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीराम हम सबकी एकता, अखंडता और समृद्धि के प्रतीक पुरूष हैं। श्रीरामजी की आराधना का मतलब रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना है। सर्वोच्च न्यालय द्वारा श्रीराम लला के मंदिर को बनाए जाने के लिए जैसे ही मार्ग प्रशस्त किया वैसे ही अवध के साथ तपोभूमि चित्रकूट में भी हर्ष का वातावरण छा गया। पूरे देश से मिट्टी व जल को श्रीराम लला के मंदिर निर्माण में प्रयुक्त करने के लिए ले जाया गया। जिस पर्वत पर श्रीराम व मां जानकी ने साढे ग्यारह वर्ष बिताए उनका कण-कण पवित्र है। इसलिए 'कामदगिरि भे गिरि राम प्रसादा' को चरितार्थ कर श्रीकामदगिरि पीठम ने बीती 5 अगस्त को ऐतिहासिक मांगलिक व आध्यात्मिक दिवस मनाया। इस दिन चित्रकूट पीठ में श्रीकामदगिरि की शिलाओं का पूजन किया गया। अब इन शिलाओं की अवध में स्थापना के लिए संयोग बन रहा है। बताया कि 8 दिसंबर को सुबह दस बजे कामदगिरि शिला यात्रा का प्रारंभ श्रीकामदगिरि प्रमुख द्वार से किया जाएगा। ये शिलाएं 9 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपक रायजी को सौंपी जाएंगी।

महाराज श्री ने बताया कि कामदगिरि शिला यात्रा के लिए 8 दिसंबर को सुबह 8 बजे से श्रीकामदगिरि प्रमुख द्वार में सभी का एकत्रीकरण होना है। इसके बाद सुबह 10 बजे प्रस्थान होगा। यात्रा 12 बजे बांदा व 2 बजकर 30 मिनट पर फतेहपुर पहुंचेगी। शिलायात्रा रायबरेली जिले के लालगंज, हरचंदपुर, बछरावां, मोहनलाल गंज होते हुए शाम छह बजे लखनऊ व रात्रि 8 बजकर 30 मिनट अयोध्या पहुंचेगी। शिलाओं का पुष्पार्चन भक्तिभाव से करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति सादर आमंत्रित है।उन्होने चित्रकूट वासियों से इस यात्रा के साक्षी व सहभागी बनने के साथ-साथ मानस मन मंदिर को उन्नत बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया है।

## टायर फटने से डीसीएम पलटी

**एट (जालौन)।** लखनऊ से तालवेहट (ललितपुर) फर्नीचर का सामान लेकर जा रही एक डीसीएम का अगला टायर फटने से अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर पलट गई जिससे उसमें रखा फर्नीचर का सामान रोड पर बिखर गया वही चालक को भी मामूली चोटें आई हैं जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को जिला अस्पताल भर्ती कराया तथा रोड पर बिखरे फर्नीचर के सामान को इकट्ठा कराकर सुरक्षित जगह रखवा दिया।लखनऊ से तालवेहट फर्नीचर का सामान लेकर जा रही डीसीएम का अगला टायर फटने से वह नेशनल हाईवे के न्यू अपना होटल एट के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमें बैठा चालक (गाड़ी मालिक) मुबीन पुत्र मुनीर निवासी तालवेहट-ललितपुर घायल हो गया तथा फर्नीचर का सामान रोड पर बिखर गया जिससे आवागमन ठप हो गया सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनय दिवाकर ने घायल चालक को जिला अस्पताल भिजवाया।

## क्विक न्यूज

### कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम विशंभरपुर निवासी मालती देवी पत्र राजेश द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 24 जुलाई की दोपहर उसके पति राजेश को समधन के मोहल्ला आजादनगर निवासी डिब्बू पुत्र रामचंद्र तथा पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम नगलाखेम रैगाई निवासी सुभाष व पवन नें रंजिश के चलते मार पीट कर हत्या कर दी तथा शब को जीटी रोड सराय प्रयाग के निकट फेंक दिया। मामले के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### पुलिस नें शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** हमराह सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम अमरोली मोड़ के पास राम आश्रम से झूसी नागर के निकट एक युवक को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया जब वह अवैध शराब को बिक्री के लिए कहीं ले जा रहा था। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम बिजीसुर पुत्र पंचम लाल निवासी ग्राम अनीभोज बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### बच्चों के विवाद को लेकर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी राजबेटी पत्नी रामबली द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही रामकुमार, छोटू, शिवांशु, गीता देवी ने उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### घर में घुसकर युवक से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली में रंगबाजी को लेकर ग्रामीण ने घर में घुसकर मारपीट कर दी तथा मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।धंतौली निवासी हरीशंकर ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर था तभी गांव के सरदार घर पर आ गये तथा रंगबाजी दिखाते हुए गाली-गलौज करने लगे जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उन्होंने कर दी तथा मोबाइल तोड़ दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के घर में मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपित के गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर खड़ी बाइकको अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।कोतवाली क्षेत्र तोपखाना निवासी रिजवान पुत्र साबिर की अपाचे मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी थी। जब वह भीतर नहाने चला गया तथा नहा कर बाहर निकला तो मोटर साइकिल गायब थी। बाइक चोरी जाने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### तीन युवकों ने लाठी-डंडों से पीटा

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के हरीपुरा में दलित युवक के मोहल्ले के 3 युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।कोतवाली क्षेत्र के हरीपुरा निवासी संजय वर्मा ने बताया कि वह अपने घर पर था तभी मोहल्ले के आशीष ने उन्हें फोन करके बुलाया। जब वह फोन करने पर बाहर गया तो वहां पहले से भूरे, शिवम व राजेश मौजूद थे तथा हाथों में डंडा लिए हुए थे। इन लोगों ने मिलकर मारपीट जिससे वह घायल हो गया है। युवकों द्वारा की गई मारपीट की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घायलों को पीआरवी ने अस्पताल में कराया भर्ती

**चित्रकूट।** पीआरवी टीम ने सड़क दुर्घटना में घायलों को समय से पहुंचकर अस्पताल मे भर्ती करवाया है। पीआरवी 2031 थाना मारकुंडी मुख्य आरक्षी नंद कुमार, आरक्षी संतोष ओझा ने करौहा मोड़ से कॉलर राम सुहावन ने सूचना दी कि सड़क दुर्घटना हो गयी है पांच लोग घायल है सूचना पर पीआरवी तत्काल अल्प समय में घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी हुई कि एक ट्रैक्टर दो मोटरसाइकिलो को टक्कर मार कर भाग गया है जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। पीआरवी कर्मियों ने तत्काल सभी घायलों को पीआरवी वाहन और एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र मानिकपुर में भर्ती कराया।

### कैंप लगाकर एक लाख से अधिक की वसूली की

**सरीला (हमीरपुर)** विद्युत कारपोरेशन ने नेस्ले मार्केट के पास कैंप लगाकर एक लाख से अधिक की वसूली की है। तथा कस्बे में छापामारी कर दस बड़े बाकीदारों के कनेक्शन भी काटे हैं। विद्युत विभाग अपना राजस्व बढ़ाने के लिए जमकर पसीना बहा रहा है। विभागीय अफसर कस्बा सहित क्षेत्र भर में रोज छापामारी कर रहे है। रविवार को नेस्ले मार्केट के पास कैंप लगाकर एक लाख तीन हजार की वसूली की गई है। कारपोरेशन के जेई अनिल कुमार ने बताया कि कस्बे में छापामारी कर बड़े दस बड़े बाकीदारो के विद्युत कनेक्शन भी काटे गए हैं। जिसमें सात घरेलू तथा तीन कमर्शियल कनेक्शन है। विभागीय छापामारी के दौरान कस्बे में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता विमल कुमार, एसडीओ शिवेंद्र, जेई अनिल कुमार, सतीश कुमार, व रामसनेही कुशवाहा सहित मीटर रीडर व लाइनमैन मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**मौदहा( हमीरपुर )** वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मकरांव के पास में कानपुर सागर मार्ग पर कल देर रात अज्ञात वाहन ने अपनी रिश्तेदारी से लौट रहे जालौन के ग्राम इटोरा निवासी भोला पुत्र दीना को टक्कर मार दी रात में अंधेरे के चलते वृद्ध दिखाई नहीं दिया वहीं पर बेहोशी की हालत में हाईवे किनारे पड़ा रहा जब सुबह ग्रामीणों की नजर वृद्ध पर पड़ी तो उन्होंने आनन-फानन मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया जहां स्थिति नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोंच( जालौन )।** कोंच सर्किल की थाना नदीगांव पुलिस ने शनिवार को एक ऐसे तांत्रिक को धर दबोचा है जो तंत्र मंत्र कर धन प्राप्ति के उपाय बताता था। मामले के मुताबिक बीते रोज गोपालपुरा माधौगढ निवासी राजकुमार पुत्र उदयभान ने नदीगांव पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि ग्राम राजीपुरा बसीठ निवासी करुणभव सिंह उर्फ कालू पुत्र दयाराम कुशवाहा ने 3 माह पूर्व उसके घर में धन होने की बात कहकर पूजा पाठ करने के नाम पर उससे 3 लाख रुपए ऐंठ लिए जिसके बाद 3 दिसंबर को फिर 50 हजार ठगी करके ले लिए। वहीं उक्त मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दफा 420, 406 में एफआईआर दर्ज कर उसे क्षेत्र के सिकंदरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### घर में बुलाकर किया लहुलुहान

**जालौन (उरई)।** रंगबाजी को लेकर तीन लोगों ने मिलकर पिता पुत्र के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र काशीनाथ निवासी रमाशंकर का छोटा पुत्र कुलदीप रविवार की सुबह घर के बाहर बैठा था तभी पड़ोसी बउआ ने काम होने का बहाना बनाकर घर में बुला लिया। घर में पहुंचते ही बउआ व उसके भाई सनी तथा उनकी मां किरन ने उसके पिटाई करने लगा। जब वह बचकर भागा तो तीनों ने मिलकर उसे सड़क पर गिरा कर पिटाई कर दी। पीड़ित का आरोप है कि पिट रहे पुत्र को वह बचाने गया तो तीनों ने मिलकर उनकी भी पिटाई कर दी।

# मौदहा बांध मे बरसाती पानी के कम संग्रह से सिंचाई का संकट

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में बरसात कम होने से मौदहा बांध में पानी धीरे धीरे समाप्त होता जा रहा है लिहाजा बांध फसल सिचाई के लिये जवाब दे रहा है। विभाग ने बांध से चलने वाली नहरो को दो सप्ताह के लिये बंद कर दिया है। मौदहा बांध के अधिशासी अभियंता रघुबीर सिंह ने बताया कि बांध से करीब दो दर्जन नहरे संचालित है नहरो से 22 हजार हेक्टेएअर भूमि की सिचाई होती है बाध में पानी संग्रह करने की क्षमता 147.80 मीटरह है। इस साल बरसात मे कम पानी होने से बांध में केवल 144.30 मीटर पानी भर पाया है। बांध का कैचमेंट जोन यानी जल आने का स्रोत 17 सौ किलोमीटर है जिसमें कई नाले खेतो का पानी आता है वही बांध विरमा नदी में बना है मगर नदी का जल स्तर इतना कम हो जाता है कि बांध में नाम मात्र पानी आ पाता है। इधर खेतो कीपलेवा करने मे तीस फीसदी यानी दो मीटर पानी खर्च हो गया है, बांध में जो पानी बचा है उसमे केवल बीस फीसदी पानी ही सिचाई के लिये देगे क्योकि इसमे भी आगामी तालाब पोखरों व गड्ढों को भरने के लिये पानी संग्रह करना होता है इसी बांध से राठ कस्वे मं कुछ हिस्सों में कच्चा पानी को फिल्टर कर उसे पेयजल के लिये मुहैया कराया जाना है , अधिशासी अभियंता ने बताया कि नहरे दो सप्ताह के लिये बंद कर दी गयी है अब आठ दिसम्बर को चालू होगी जो 31 दिसम्बर को बंद कर दीजायेगी एक्शियन का कहना है कि बांध में एक सीमा है जो कि पानी नही निकाला जा सकता है वही बांध में कुछ हिस्से में सीपेज उत्पन्न हो गया है।जिसकी मरम्मत के लिये शासन से बजट मागा गया है।श्री सिंह ने बताया कि पलेवा हो जाने के बाद किसानों की सिचाई के लिये पानी कम होने से मारा मारी मचना तय हो गया है वही बिभागीय सहायक अभियंता का कहना है कि पानी पिछले साल की अपेक्षा पचास फीसदी कम हुई है। जिससे बांध में पानी नही आया है उनका दावा है कि किसी प्रकार सिचाई तो करायी जायेगी मगर बरसात पर पूरी तरह निर्भर हो चुके मौदाहा बांध पर हर साल सिचाई का संकट आता है क्योकि बांध में इधर उधर से आनेवाला जल स्रोत बंद होते जा रहे है। वही नहरबंद होने से आय दिन किसान धरना प्रदर्शन करते रहते है भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत का कहना है कि यदि विभागीय अभियंताओं ने किसानों की फसल की सिचाई नही करायी तो किसान धरना प्रदर्शन करेगे इसकीजिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## कार सवार दंपति की मौत, पांच घायल

**(कन्नौज)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह ठठिया कट के पास एक ट्रक की टक्कर से कार सवार दंपति की मौत हो गई। कार में सवार तीन बेटे व दो पड़ोसी घायल हैं। सभी को राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में भर्ती कराया गया है। दिल्ली से एक परिवार कार से एक शादी समरोह में शामिल होने प्रतापगढ़ जिला जा रहा था। यहां एक्सप्रेस वे पर ठठिया कट के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। कार सवार संगम विहार गली नंबर 812 स्थल मंदिर नई दिल्ली निवासी 45 वर्षीय संदीप शुक्ला पुत्र अमरनाथ शुक्ला व संदीप की 42 वर्षीय पत्नी अनीता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार उनके 10 वर्षीय बेटे सिद्धार्थ, 6 वर्षीय अभिनव, 3 वर्षीय आरव, पड़ोस के भाई 19 वर्षीय अमित कुमार व 23 वर्षीय आर्यन शर्मा घायल हो गए। सूचना पर यूपीडा व ठठिया थाना पुलिस पहुंच गई।

# कभी भी जमींदोज हो सकते हैं बांदा के तीन पुल

संवाददाता। बांदा



**उत्तर** प्रदेश के बांदा में एनजीटी के नियमों का धड़ल्ले से हो रहा है उल्लंघन बालू खनन सैंड माइनिंग के पट्टे धारक खनिज नियमावली नियमावली का खुला उल्लंघन जबकि पट्टे धारक स्पष्ट रूप से लिख कर देता है की सूर्यास्त के बाद बालू खनन नहीं करेंगे जबकि सूर्यास्त के बाद ही बालू खनन का कार्य शुरू होता है जिससे कि अवैध माना जाता है एनजीटी के सारे नियमों को ताक में रखकर सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन को भी ताक में रखकर इस अवैध कार्य को अंजाम दिया जाता है बालू माफियाओं द्वारा भयंकर रूप से ओवरलोड ट्रकों में गीली बालू 65 से 70 टन तक लोड की जाती है पानी बराबर ट्रक से टपकता रहता है जो कि अवैध वा अनाधिकृत है बांदा जनपद की सभी सड़कें इस बात का गवाह हैं की रोड रूट 1 फिट एक ओर की धस गई है जिस साइड से भरा ओवरलोड ट्रक जाता है दब गई है आखिर खनिज नियमावली ने प्रत्येक बालूखंड में मेजर करने वाला कांटा लगवाया था क्या सिर्फ यह दिखावा मात्र था अब वह क्यों कार्यगर नहीं हो रहे हैं अंडर लोड क्यों नहीं चल रहा जो नियमावली थी उस नियमावली के तहत खनन माफिया कार्य क्यों नहीं कर रहे हैं क्या इससे सफेदपोश नेताओं को फायदा नहीं पहुंच रहा है या फिर बालू माफियाओं का पेट की भूख इतनी बढ़ गई है कि वह कुछ ही समय में बांदा जनपद की सड़कें ध्वस्त करके सब कुछ लाल सोना से कमा लेना चाहते हैं एनजीटी के दिशा निर्देश का पालन एक भी परसेंट कोई नहीं कर रहा पट्टा धारक लगातार दर्जनों पोकलैंड लगाकर 40 40 फिट नदी में खनन करता है जिससे सभी जलीय जीव जंतु नष्ट हो जा रहे हैं नदियों में पानी जलकुंभी रुकने का नाम नहीं ले रही है नदी नालों में तब्दील हो गए हैं जबकि एनजीटी के नियमानुसार मात्र 3 फीट ही खोदा जा सकता है और वह भी पोकलैंड मशीन को पानी में नहीं उतारा जाएगा एनजीटी के नियम में एक राजस्थानी ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया जा सकता है जिसमें मात्र बालू को उठाने का कार्य किया जाएगा बालू को ढेर से उठाकर ट्रक में लोड किया जा सकता है 200 मीटर तक नदी जल से दूर रखा जाएगा लेकिन इन सब नियमों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है सीसी फुटेज लगवाए गए थे सेटेलाइट से लिंक किया गया था वह सब बेनामी साबित हो रहा है पट्टे धारक भी दबी जबान बोलते हैं कि हम क्या करें हमें तो नीचे से लेकर ऊपर तक लूटा जाता है जहां जाओ वहां ही पैसे की मांग है जब हमें पैसा ही देना है तो क्यों ना हम अपने नियम से बिजनेस करें बांदा जनपद से प्रतिदिन हजारों ट्रक बालू लोड होकर उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में एवं राज्य के बाहर भी जाती है यह जहां जहां जाती है वहां की सड़कें दब रही हैं क्योंकि सड़कों का जो वह 30 से 32 टन का है लेकिन 65 से 70 टन का यदि हम लोड डालेंगे तो स्वभाविक सा है कि सड़कें एक 1 फीट नीचे दबंगी फटेगी वही हाल देखी देखी जीता जाता उदाहरण है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेश में के ओवरलोड नहीं चलेगा आखिर यहां पर मुख्यमंत्री के अलावा किस का आदेश चलता है वह दिन दूर नहीं है आने वाले समय में बांदा का चिल्ला पुल बेंदा घाट का पुल केन नदी का पुल किसी समय भी जमींदोज हो सकता है क्योंकि इनकी जर्जर हालत देखकर ऐसा अंदाजा लगाया जा सकता है अखिलेश की जिम्मेदारी कौन लेगा आपको बताते चलें कि बेंदा घाट में पोकलैंड की भारी भारी मशीनें लगाकर नदी के बीच धारा बालू दिन रात निकाली जा रही है इस बात की नियमावली एनजीटी के नियमों का उल्लेख सुप्रीम कोर्ट के नियमावली का उल्लेख स्पष्ट उल्लेख है कि आप ऐसा नहीं कर सकते लेकिन सबकी देखरेख में ऐसा हो रहा है।

# बांदा में झोपड़ी में साधु को जिंदा जलाने का प्रयास

संवाददाता। बांदा

**चिल्ला** थानाक्षेत्र के दिघवट गांव के बस स्टैंड के पास शुक्रवार देर रात झोपड़ी में आग लगाकर साधु को जिंदा फूंकने की कोशिश की गई। उसने पीछे से निकलकर जान बचाई। ग्रामीणों ने नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोप है कि रंजिश में जलाकर मारने का प्रयास किया गया।

दिघवट गांव निवासी साधु वेशधारी 55 वर्षीय त्रिवेणी प्रसाद रोड किनारे झोपड़ी डालकर रहते हैं। वहीं पान.गुटखा बेचकर भरण.पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि रात में झोपड़ी में सोते समय अचानक चारों तरफ से आग की लपटें उठने लगीं। तपिश और धुआं से नींद टूटी तो झोपड़ी के पीछे से किसी तरह निकलकर पास ही स्थित मंदिर पहुंचे। शोर मचाते हुए कुछ दूर पर रहने वाले राम सिंह विश्वकर्मा को बताया। इससे कुछ देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। त्रिवेणी प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले पास के ही एक पान दुकानदार से विवाद हुआ था। थाने में शिकायत करने पर आए दारोगा ने समझौता कराया था। उन्होंने किसी पर शक तो नहीं जताया लेकिन खुद को जिंदा फूंकने के प्रयास की साजिश रचने की बात जरूर कही।

परिवार में किसी के नहीं होने से जिला अस्पताल में ग्रामीण ही साधु की तीमारदारी कर रहे हैं। एक युवक ने बताया कि वह काफी झुलसे हुए हैं। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। जिला अस्पताल के डॉ विनीत सचान ने बताया करीब 40 फीसद झुलसे हैं। हालत खतरे से बाहर है।

# अखिलेश यादव की अगुवाई में आज प्रदर्शन करेगी सपा



संवाददाता। (कन्नौज)

**सपाध्यक्ष** के निर्देशन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता किसानों के समर्थन में कन्नौज से आंदोलन शुरू करेगें जिसमें नए कृषि कानून को वापस लेने की माँग की जायेगी। सामवार को प्रात: 11 बजे ठठिया मंडी पर प्रदर्शन शुरू होगा। यह बात समाजवादी पार्टी कार्यालय पर ठठिया निर्माणाधीन मंडी से किसानो को काले कानून के खिलाफ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुआई में होने वाली रैली को लेकर आयोजित बैठक के दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुन्ना दरोगा नें कही। इससे पूर्व उन्होने सपा नेताओं के साथ आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की। जिसमे निवर्तमान जिलाध्यक्ष मुन्ना दरोगा ने सभी वरिष्ठ नेताओ को जिम्मेदारियां सौपी उन्होने बताया कल 11 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निर्माणाधीन मंडी पर पहुंचेंगे ये रैली किसान बाजार तिर्वा पर जाकर किसानो के समर्थन में होगी इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्याण सिंह, सदर विधायक संजू कटियार, संजय दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार किशोर की मौत, युवक घायल

संवाददाता। बांदा

**हादसे** में सात मौतों के बाद भी वाहनों की रफ्तार काबू नहीं हो रही है। देहात कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से ऑटो सवार किशोर की मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

चिल्ला कस्बे की ओर से एक ऑटो चालक रविवार सुबह शहर की ओर आ रहा था। देहात कोतवाली के पपरेंदा व लामा गांव के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में ऑटो सवार 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। उसके साथ वाहन में सवार शहर के मोहल्ला कटरा निवासी कैलाश का पुत्र बीस वर्षीय विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपित चालक ट्रक समेत फरार हो गया। राहगीरों ने क्षतिग्रस्त वाहन व घायलों की पुलिस को सूचना दी। कोतवाली निरीक्षक रुकुम पाल सिंह ने एंबुलेंस 108 से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने वाट्सएप ग्रुपों पर मृतक की फोटो वायरल की जिसके बाद शिनाख्त हो सकी। कोतवाल की सूचना पर स्वजन अस्पताल पहुंचे।

रात में रुक गया था पपरेंदा गांव में रू शहर के मोहल्ला बंगालीपुरा निवासी जाकिर अली का पुत्र 13 वर्षीय असलान रोडवेज बसों में पानी व पापकार्न बेचता था। बड़े भाई दानिश ने बताया कि शनिवार रात करीब पौने दस बजे वह कानपुर की एक बस में पपरेंदा गांव तक गया था। रातभर वहीं रुका रहा। रविवार सुबह जब वह ऑटो से शहर आ रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। इधर निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपित ट्रक चालक का पता करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार रात भी इसी रोड पर साढ़े तीन किमी दूर जमालपुर के पास रोडवेज बस व ऑटो की भिड़ंत में बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई थी।

## उधार दिये गए रुपये मांगने पर धमकी देने का लगाया आरोप

**कोंच( जालौन )।** नगर के मुहल्ला आराजी लेन निवासी राजेन्द्र प्रसाद जाटव एड ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते बर्ष 2006 में उन्होंने क्षेत्र के ग्राम सुनाया निवासी उमाशंकर राजपूत पुत्र हरिचन्दे को एक लाख 45 हजार रुपये एक बर्ष के लिए उधार दिये थे और एक वर्ष के बाद जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो वह कुछ दिनों में वापस करने की बात कहने लगा।राजेन्द्र ने प्रार्थना पत्र में बताया कि इसके बाद से वह लगातार बहाना बनाकर रुपये देने में आनाकानी कर रहा है और रविवार को उसने जब फोन किया तो उमाशंकर बोला कि उसने तो रुपये वापस कर दिये हैं और अब कभी फोन मत करना। राजेन्द्र ने प्रार्थना पत्र में बताया कि फोन पर उमाशंकर ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित राजेन्द्र ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

# पानी की टंकियों के लिए जमीन तलाशने के लिए एसडीएम ने लेखपालों को दिये निर्देश

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**बुंदेलखंड** विशेष पैकेज के तहत तहसील कोंच के 72 गांवों में पेयजल योजना मुहैया कराने की मंजूरी मिली है जिसके तहत गांवों में टंकियों का निर्माण करा कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि ज्यादातर गांवों में पानी की टंकियां बनाने के लिए जमीन उपलब्ध हो गई है लेकिन अभी भी दर्जन भर गांव ऐसे हैं जहां जमीन फाइनल नहीं हो पाने के कारण प्रशासन परेशान है। शनिवार को एसडीएम अशोक कुमार ने लेखपालों के साथ बैठक करके निर्देश दिए हैं कि शीघ्र ही जमीन चयन का मामला फाइनल करें। एसडीएम ने बताया कि बुंदेलखंड विशेष पैकेज में तहसील के जिन गांवों में पेयजल योजना लागू की जानी है उनमें से अधिकांश गांवों में जमीन का मसला निपटा लिया गया है लेकिन दर्जन भर गांवों में जमीन की खोज पूरी नहीं हो पाई है जिसके लिए संबंधित लेखपालों को बुला कर निर्देशित कर दिया गया है। जिन गांवों में जमीनें नहीं मिल सकी हैं वे सिवनी बुजुर्ग, सजैरा, घिलौर, डांग भखरौल, पजौनिया, सींगपुरा, मऊ, कुदइया, खुटैला, जरा और ईगुई खुर्द हैं। गौरतलब है कि बुंदेलखंड बिशेष पैकेज में पेयजल योजना लागू होनी है जिसमें सतही जल आधारित योजना 22 गांवों में लागू होगी जिसमें वेतवा के पानी की आपूर्ति की जाएगी जबकि 47 गांवों में नलकूप आधारित योजना लागू होनी है।

### कल कोंच गल्ला मंडी रहेगी बंद

**कोंच( जालौन )।** केन्द्र सरकार द्वारा बीते माह पूर्व लाये गये तीन कृषि बिलों को किसान विरोधी व पूंजीपतियों के हक में बताकर देश भर में जारी किसान आंदोलन लगातार बढ़ता ही जा रहा है और ना तो सरकार अपने कदम पीछे खींचने को तैयार है ना ही किसान सरकार के सामने झुकने को तैयार है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**राठ( हमीरपुर )** कोतवाली क्षेत्र के नदना गांव में चल रहे मेले में दर्जनों स्थानों पर चल जुए के फड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद भी कोतवाली पुलिस जुआरियों पर शिकंजा नहीं कस रही है। जिससे जुआरियों के हौंसले बुलंद है। कोतवाली पुलिस की मिली भगत से नदना गांव में लगे मेले में दर्जनों जुए के फड़ संचालित है। जिसका शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में जुआरी पैसा रख हार जीत की बाजी लगाते हुये दिख रहे है। जुआरियों को पुलिस का खौफ न होने पर जुआरी खुलेआम जुए के फड़ सजाकर जुआ खिला रहे है। मेले में लगे जुए के फड़ से ग्रामीणों में मेला देखने के लिये भय व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जुआरियों को किसी का डर नहीं है। सुबह होते ही जुआरियों के फट्टे बिछ जाते है। इस संबंध में कोतवाल केके पांडेय से संपर्क करना चाहा तो उनका फोन नहीं लगा।

# सिंचाई मंत्री महेंद्र सिंह ने किया सकरौरा घाट का निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा



**प्रदेश के सिंचाई** मंत्री महेन्द्र नाथ सिंह रविवार को एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने करनैलगंज पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देकर सकरौरा घाट को पौराणिक एवं पर्यटन स्थल घोषित कर जीर्णोद्धार कराने की मांग की। इस पर सिंचाई मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ सीधे सकरौरा घाट पहुंच कर निरीक्षण किया।सिंचाई मंत्री श्री सिंह विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फलल्ला भैया, नानकचंद्र लरवमानी उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी लरवनऊ ने रविवार को ऐतिहासिक सकरौरा घाट का निरीक्षण किया। घाट पर संबंधित कार्यकर्ताओं से उस विषय पर चर्चा की तथा आश्वासन दिया की सीघ्र ही घाट का उद्धार कार्य कराया जायेगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अर्चित पांडेय, उपाध्यक्ष आशीष गिरी उपाध्यक्ष नमामि गंगे के मुकेश वैश्य, क्षमेश्वर पाठक, नरेंद्र सोनी आदि लोग कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंदापुर रियासत की राजमाता का निधन

## अंतिम यात्रा में पहुंची प्रदेश की जानी-मानी हस्तियां, श्रद्धासुमन किया अर्पित

संवाददाता। रायबरेली



**चंदापुर रियासत** की राजमाता चंद्रकांती देवी 79 वर्ष का आज तड़के रायबरेली स्थित उनके आवास चंदापुर हाउस में निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही चारों ओर शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके निधन पर हजारों लोग उनको श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे। इसके उपरांत चंदापुर हाउस रायबरेली से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, और अंतिम संस्कार डलमऊ स्थित गंगा घाट पर कर दिया गया। आपको बता दें कि, चंदापुर रियासत के राजा स्वर्गीय जितेंद्र सिंह की पत्नी राजमाता चंद्रकांती देवी का स्वास्थ्य पिछले कुछ दिनों से खराब चल रहा था। उनके उपचार में पूरा राज परिवार जुटा हुआ था, लेकिन आज रविवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में उनके 4 पुत्र राजा कौशलेंद्र सिंह बड़े राजा, राजा हर्षेंद्र सिंह छोटे राजा, राजा बृजेंद्र प्रताप सिंह बन्नू राजा, इसके अलावा राजा उपेंद्र सिंह उर्फ सोनू राजा मौजूद है। राजमाता के निधन की खबर सुनते ही आम जनमानस में शोक की लहर व्याप्त हो गई।महराजगंज क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल अकेला, बछरावां प्रमुख विक्रांत अकेला, जिला पंचायत सदस्य और पूर्व प्रमुख राम शंकर चौधरी, पूर्व प्रमुख ब्रह्मा सिंह, पूर्व प्रमुख महेंद्र सिंह, के अलावा ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, चेयरमैन सरला साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश सिंह, युवा समाजसेवी राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, युवा अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह, हरिहर सिंह, कॉपरेटिव अध्यक्ष राजू सिंह, वरिष्ठ व्यापारी रामू स्वर्णकार, अंशुमान सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य पंडित शीतलदीन अवस्थी के अलावा वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडेय मौजूद रहे। इसके उपरांत लगभग 12:00 बजे दिन में राजमाता की अंतिम यात्रा में सैकड़ों वाहनों के साथ काफिला डलमऊ गंगा घाट के लिए रवाना हुआ। जहां पर पूरे धार्मिक विधि विधान के साथ उनके जेष्ठ पुत्र राजा कौशलेंद्र सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। गंगा घाट पर प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री राजा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया, प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह उर्फगोपाल भइया, राजा मनकेश्वर शरण सिंह, एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह के सहित पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# पूरी लगन और निष्ठा के साथ बच्चों का पढ़ाएं शिक्षक: बावन

संवाददाता। गोंडा



**जिले के** 955 नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्य कार्यक्रम एनआईसी और जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुआ।

जिला पंचायत सभागार में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व सीडीओ शशांक त्रिपाठी द्वारा नवनियुक्त दस सहायक अध्यापकों संध्या मौर्या मनकापुर, पारूल सिंह झंझरी, निशा शुक्ला झंझरी, सुरभि मौर्य इटियाथोक, कोनिका चौधरी झंझरी, नीतू कुमारी वाराणसी, अंकुर शुक्ला मसकनवा छपिया, तौसीफरजा खान देवरिया अलावल मुजेहना, शार्दूल श्रीवास्तव उतरौला बलरामपुर, मो0 यूनुस खान इटियाथोक, सौम्या मिश्रा गददोपुर हलधरमऊ तथा उर्मिला यादव गोण्डा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विधायक कटरा बाजार ने प्रदेश सरकार की ओर से नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के बीच पारदर्शी ढंग से सहायक अध्यापकों की नियुक्ति सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि अब वे लोग ही बच्चों के गुरूजन और गार्जियन दोनों हैं। इसलिए पूरी लगन और निष्ठा के साथ बच्चों का पढ़ाएं। विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार सृजन के प्रति बेहद गम्भीर है। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयनित योग्य शिक्षकों की नियुक्ति आने वाले दिनों में बेसिक शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र जारी हो जाने के उपरान्त शिक्षकों को शीघ्र ही विद्यालय आवंटित करने की कार्यवाही की जाएगी।

# मानक विहीन सामग्री से हो रहा है शुलभ शौचालय का निर्माण

**श्रावस्ती।** जमुनहा. विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजान डीह के मजरा चौबे डीह में सार्बजनिक शुलभ शौचालय को आंगनबाड़ी केंद्र से सटा कर निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा जबकि उक्त ग्राम पंचायत में इसे बनाने के लिए स्थान उपलब्ध है इसके बावजूद जगह के चयन में लापरवाही बरती गयी। साथ ही इसके निर्माण कार्य में मानक विहीन घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा पीले ईट व सीमेंट के अनुपात में कमी साथ ही नदी के रेत का प्रयोग दीवाल के जोड़ने में किया जा रहा है। मानक विहीन शौचालय के सम्बंध मे जब ग्राम प्रधान बिनोद यादव से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि मेरी जिम्मेदारी नही है ग्राम विकास अधिकारी इसे स्वंय बनवा रहे है ।

## पार्टी कार्यालय पर समाजवादियों ने संविधान निर्माता को दी पुष्पांजलि

**श्रावस्ती।** भिनगा संबिधान निर्माता डॉ0भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय भिनगा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर संबिधान निर्माता डॉ0भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर उन्हें पुष्पांजलि दी गई तथा उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भिनगा इन्द्राणी वर्मा व पूर्व प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ ज्ञानप्रकाश कैराती एवम पूर्व विधायक श्रावस्ती हाजी मो0रमजान विधानसभा अध्यक्ष हारुन मंसूरी भगवानदीन वर्मा ओम प्रकाश यादव जिलाउपाध्यक्ष शिक्षकसभा स्वामीदयाल यादव प्रधान रंजीत कुमार पासवान खालिद खां राम कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब सीएससी पर होगा दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन

**श्रावस्ती।** जमुनहा. दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम .एलिम्को व कॉमन सर्विस सेंटर .सीएससी ने मिलकर एक पहल शुरू की है जिसमें दूर दराज के ग्रामीण अंचलो के रहने वाले दिव्यांगजनों तक कृत्रिम अंग एवं उपकरण पहुंचाने के लिए सीएससी के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत दिव्यांगजन कामन सर्विस सेंटर में जाकर कृत्रिम अंग व उपकरण के लिए अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। जिसके बाद एलिम्को उन्हें निरूशुल्क कृतिम अंग उपकरण उपलब्ध कराएंगे। कॉमन सर्विस सेंटर के श्रावस्ती जिला प्रबंधक प्रमोद कुमार शुक्ल ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले दिव्यांगजनों को राहत पहुंचाने के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम व कॉमन सर्विस सेंटर ने एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत किया है।

# कारों की भिड़ंत में आठ घायल, एक की जान गई

● रायबरेली के लालगंज में देर रात हुआ हादसा

**लालगंज,रायबरेली।** बारातियों से भरी कार को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद भागने का प्रयास करने में कार ने ढ़ाबे के बाहर खड़े तीन लोगों को रौंद दिया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं अन्य लोग घायल हुए हैं। रविवार की रात लगभग 10 बजे लालगंज की तरफ आ रही बारातियों से भरी ओमनी वैन कार को लालगंज की तरफ आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने पूरे मगरहन गांव के निकट टक्कर मार दी। स्विफ्ट डिजायर कार ने आगे ढ़ाबे पर खड़े रामखेलावन निवासी पूरेदिर्गज मजरे लालूमऊ, सर्वेश कुमार निवासी बेनीमाधवगंज तथा श्रवण कुमार निवासी दरियापुर जिला उन्नाव को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर ढ़ाबे पर बने पानी के सीमेंटेट हौद से टकरा गई। दुर्घटना में उक्त तीनों समेत कार चालक जितेंद्र पुत्र रामसजीवन निवासी मिश्रखेड़ा थाना गुरूबख्शगंज समेत ओमनी कार सवार सुनील पुत्र राजकुमार, ज्ञानेंद्र पुत्र जगदीश, हेमंत पुत्र राजनारायण निवासीगण सरौली जनपद कानपुर देहात तथा आयुष पुत्र कुलदीप व आनंद शर्मा पुत्र श्रीराम निवासी मंगलपुर, कानपुर देहात घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किए गए रामखेलावन की अस्पताल से बाहर निकालते ही मौत हे गई। रामखेलावन की मौत पर उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे चश्मे

**सुल्तानपुर।** लोक अधिकार समिति के बैनर तले बरौसा स्थित कमला नर्सिंग होम पर कैंप लगाकर नेत्र परीक्षण के बाद चिन्हित जरूरतमंदों को चश्मा वितरित किया गया चश्मा पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी लोक अधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला बेबी भैया के सौजन्य से बरौंसा स्थित कमला नर्सिंग होम पर चश्मा वितरण कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को 2000 चिन्हित लोगों को चश्मा वितरण किया गया। सोमवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम है। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक बेबी भैया ने कहा गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। सोमवार को निसहाय व गरीबों को कंबल वितरण किया जाएगा। इस दौरान डॉ सीबी शुक्ला,डॉक्टर नीरज पांडे,राजेश शुक्ला,सुधाकर मिश्रा,सिंटू श्रीवास्तव,आदेश मिश्रा,रत्नेश शुक्ला प्रदीप जायसवाल,गुरु प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन राम नायक तिवारी ने किया।

### भगवती जागरण का प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के अंतर्गत गौरा बरामऊ के पूरे ज्योतिया मे राहुल दुबे के यहां मंगलिक कार्यक्रम मे आयोजित भव्य मां भगवती जागरण मे मुख्य अतिथि गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप मदन सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता ने पहुंचकर मां भगवती की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीपक जलाकर जगराते का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे भक्तिमय कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र मे मंगलिक कार्यक्रमो मे अवश्य होने चाहिए इससे सामाजिक एकता एवं समरसता बढ़ती है। वही गोमती मित्र मंडल के द्वारा गोमती स्वच्छता अभियान को ग्रामीण क्षेत्र मे विस्तार करने पर चर्चा की गई।इस मौके पर अभिषेक, सोनू सिंह,रामकृवन्व्ल मौर्य,बब्बन वर्मा ,समाजसेवी डॉक्टर समीम खान, रामकरन साहू, हरिराम मौर्य ,हरीश वर्मा,राम शुभावन यादव ,रंजीत, बृजनाथ, आलोक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे अतिक्रमण दे रहे दुर्घटना को दावत

**पारा बाजार,सुल्तानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र में व्यापारियों ने बाजारों में सीमेंट मोरंग,गिट्टी,बालू रखकर सड़क को अतिक्रमण के आगोश में ले रखा है।आए दिन इस अतिक्रमण के कारण अनेकों दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसके चलते राहगीर लोग अपंग या फिर जान से हाथ धो बैठते हैं। लेकिन मोरंग,गिट्टी,बालू का व्यवसाय करने वालों के ऊपर इसका कोई असर ही नहीं पड़ रहा है और मित्र पुलिस भी इस समस्या को नजरअंदाज कर रही है।क्षेत्र के बजरंग सिंह ने कहा कि इस अतिक्रमण के कारण मोरंग गिट्टी बालू में अक्सर राहगीर बाइक लेकर फिसल जाते हैं और गिरकर गंभीर रूप चोटिल हो जाते हैं। शासन जिला प्रशासन के आलाधिकारी भी इस बड़ी समस्या अनजान बने हुए है। क्षेत्र के पारा चौराहे से बल्दीराय रोड व कुड़वार रोड एवं शहजौरा,अरवल बाजार,वलीपुर से बधौना बाजार रोड़ के अलावा अन्य बाजारों की सड़कों पर गिट्टी मोरंग बालू के व्यवसाई सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। महेश जायसवाल, अमरप्रताप सिंह, पप्पू भाई डॉक्टर समीम खान श्रीराम यादव सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने कहा कि सड़क पर हुए गिट्टी मोरंग बालू के अतिक्रमण को यदि दुकानदारों द्वारा नहीं हटाया गया तो हम लोग धरना प्रदर्शन के माध्यम से उप जिलाधिकारी बल्दीराय को ज्ञापन देंगे।

### जेसीबी से कराई जा रही नहरों की सफाई

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र की सभी नहरों की सफाई का काम जारी है। लेकिन यह सफाई मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से कराई जा रही है।वर्तमान में लालगंज रजबहा समेत मुबारकपुर, बहाई, दतौली, पूरे भिखिया, अम्बारा,सरेनी रजबहा, उमरामऊ, देवपुर,मुरारमऊ,खजुरगांव रजबहा आदि को जेसीबी से साफकराया जा रहा हैं। श्रमिकों से इन नहरों को साफन कराए जाने से सफाई के नाम पर केवल खानापूरी जारी है। जेसीबी से केवल घास उखाड़ी जा रही है, शेष नहर पटरी उसी तरह से घास से पटी पड़ी हैं। केवल नहर के अंदर की ही सफाई कर खानापूरी कर सरकारी धन को डकारने की पूरी तैयारी चल रही है।

### पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**करनैलगंज (गोंडा)।** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तहसील करनैलगंज के संयोजक ओम प्रकाश तिवारी के निर्देश पर नगर इकाई पहाड़ापुर की टीम ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया व देश में उनके योगदान को सराहा गया। इस मौके पर नगर इकाई अध्यक्ष अंकुर प्रभात मिश्र, नगर मंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव, दीपक शुक्ल, अतुल सैनी, ऋषि मिश्रा, उज्ज्वल राठौर, हरिश्चंद्र पाण्डेय, हरिकेश शुक्ला सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निजी और व्यावसायिक वाहनों में धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग,जिम्मेदार अधिकारी मौन

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**जिले भर** में खुलेआम घरेलू एलपीजी से वाहन दौड़ रहे हैं और दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। नियमों के विरुद्ध घरेलू एलपीजी सिलेंडर से वाहनों में गैस भरी जा रही है। इससे न सिर्फवाहनों को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कमाई के लालच में अवैध रूप से चल रहे गैस रिफलिंग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले में कहीं भी गैस पंप मौजूद नहीं है। इसके बाद भी जिले में हजारों की संख्या में चार पहिया वाहन एलपीजी से दौड़ रहे हैं रुपया बचाने के चक्कर में कई अपने चार पहिया वाहनों में घरेलू गैस का उपयोग कर फर्राटा भर रहे हैं शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी लाइसेंस और अन्य औपचारिकता पूरी किए बिना गैस रिफलिंग की जा रही है घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग एक बड़ी समस्या बन चुकी है जिससे गैस की आपूर्ति भी बाधित होती है कालाबाजारी करने वालों के लिए ये एक बड़े मुनाफे का सौदा है चार पहिया वाहनों में उपयोग वाली एलपीजी गैस को रिफाइन करने के बाद ऑटो गैस बनाई जाती है। वाहनों में कंपनी द्वारा फीड की गई गैस किट सिर्फ ऑटो एलपीजी गैस के लिए तैयार की जाती है। घरेलू गैस का उपयोग करने पर गैस लीक होने जैसी समस्या से हादसे की आशंका बनी रहती है। इंजन को भी नुकसान होता है।

## घरेलू गैस का मोह का कारण, बेहतर माइलेज

700 रुपए तक घरेलू गैस में चार पहिया वाहन 350 किमी तक चल जाते हैं। जबकि 700 रुपए के पेट्रोल में वाहन 200 किमी ही चल सकता है जबकि लगभग 84 रुपए प्रति लीटर तक बिकने वाला पेट्रोल से महज पंद्रह किमी का ही माइलेज प्राप्त हो

# किसान को पम्पसेट से खेत सींचना पड़ा महंगा

संवाददाता। रायबरेली

**ब्लाक अमावां** थाना मिल एरिया की ग्राम पंचायत समरहदा के मजरे ओलीपुर गाँव में किरसन पुत्र सुखई और केशाव लाल पुत्र सुखई गाव के पास के अपने खेत को सिचने के लिए अपना पंपसेट चला रहे थेद्य तालाब से तभी उसी गाँव के निवासी लल्लन प्रसाद पुत्र सुरजपाल उनके खेत के पास पहुचे और पानी लगने को मना करने लगे तो किरसन ने कहा की तालाब से पानी लगाने को क्यों रोक हो तभी लल्लन प्रसाद ने बताया की तालाब हमारे नाम पट्टा हैद्य इसी बात पे दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई और किरसन और केशाव अपने खेत में पानी लगा रहे थेद्य लल्लन वहा से वापस गाँव लौट आया उसके बाद प्रथम पक्ष किरसन को मालूम नहीं था की मेरे साथ घटना घटने वाली हैद्य वो दोनों भाई अपने गेहू के खेत में पानी लगाने में मस्त थे तभी थो ?ी देर बाद लल्लन पुत्र सूरजपाल शिवबालक पुत्र सूरजपाल और गिरजेश पुत्र राम आसरे ब्रिजेश पुत्र राम आसरे राहुल पुत्र रामफेर और लल्लन प्रसाद के तीनो लड़के लाठी डंडा और धारदार फरसा काता लेकर इंजन के पास पहुचे और इंजन को बंद कर दिया और एलानिया गाली गलोज करने लगे और मौके पर किरसन और केशव दोनों भाइयो को लाठी और फरसो से मरने लगे तभी किरसन की पुत्री साबिता उम्र19 वर्ष और पत्नी गुडिया उम्र 42वर्ष और दुसरे भाई केशव लाल की पत्नी किरण कुमारी उम्र 40वर्ष अपने पिता और पति का बीच बचाव करने पहुची तभी आठो लोगो ने सामूहिक हमला कर दिया और पांचो लोगो को घायल कर दिया मौके पर पहुच कर डायल 112 ने मौके की मुवैना और जयझा की और मौके पर दुतीय पक्ष लल्लन प्रसाद को अपनी हिरासत में लिया और घायलों को एम्बुलेंस द्वारा अमावां अस्पताल पहुचाया गया जहा पर डाक्टर ने किरसन पुत्र सुखई व उनकी पत्नी गुडिया को जिला अस्पताल को रिफर किया मौके पर पहुचे थाना इंचार्ज मिल एरिया ने अमावां अस्पताल में ही जख्मी लोगो का बयान लिया और केशव लाल उनकी पत्नी किरण कुमारी साबिता पुत्री किरसन अमावां अस्पताल में इन तीनो का इलाज कर घर भेजवा दिया गया और किरसन व उनकी पत्नी को जिला अस्पताल रिफर करा कर थाना इंजार्ज मिल एरिया स्वयं घटना स्थल पहुच कर मौके पर लल्लन प्रसाद को हिरासत में लिया और लोगो की तलाश करके जल्द पकड ने का अस्वासन दिया।

## माइनरों में पानी नं छोड़े जाने से अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें

**श्रावस्ती।** सोनवा किसानों के ऋषि कार्य के लिए लिए सिंचाई का मुख्य साधन नहर है परंतु समय से नहर के माइनरों में पानी नही छोड़े जाने से अन्नदाता के माथे पर चिन्ता की लकीरें साफझलकने लगी हैं। वक्त पर पानी न मिलने से गेंहू की फसल खराब हो रही है। विकास खण्ड गिलौला के बरदेहरा भारीगांव ककन्धु सोनवा। खुरुहरी। गिलौली मोहरनिया गुजरवारा वैभी अकारा नेवरिया शाहपुरकठौतिया केशवापुर समेत दर्जन भर गांवों के किसानों के सिंचाई का मुख्य साधन नहर है।

# धान खरीद प्रभारी के मनमाने रवैए से खफा किसानों और भाजपाइयों ने काटा हंगामा

● उच्चाधिकारियों के आश्वासन के बाद रात एक बजे शांत हआ मामला

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ क्षेत्र** के भवानीगढ़-शिवगढ़ रोड़ पर स्थित आवश्यक वस्तु निगम 'धान खरीद केन्द्र' के प्रभारी की मनमानी एवं किसानों के धान न खरीदे जाने से खफा किसानों एवं भाजपाइयों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोषित किसान धान खरीद केंद्र पहुंच गए जहां धान केंद्र प्रभारी से धान न खरीदे जाने का कारण पूछने लगे। तो केन्द्र प्रभारी ने कहा कि सब सरकार करा रही है। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और केंद्र प्रभारी में नोकझोंक होने लगी। केंद्र प्रभारी के रवैए से नाराज किसानों एवं भाजपाइयों ने हंगामा शुरु कर दिया, भाजपाइयों ने कहा कि सरकार किसान हितैषी है केंद्र प्रभारी सरकार को बदनाम कर रहा है। सूचना पर मय फोर्स के मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने लोगों को शान्त कराने की कोशिश की और मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी ने भी आक्रोशित किसानों एवं भाजपाइयों को शांत कराने की कोशिश की किन्तु सभी कार्यवाही की मांग को लेकर अड़ गए। वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार विनोद सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया किंतु भाजपाई और कृषक 'केंद्र प्रभारी' पर कार्यवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। विदित हो कि शिवगढ़ में उत्तर प्रदेश खाद्य एवं आवश्वयक वस्तु निगम द्वारा संचालित धान खरीद केंद्र बनाया गया है। किसानों का आरोप है कि इस धान खरीद केंद्र पर केवल प्रभावशाली व्यक्तियों, व्यापारियों और बिचौलियों के धान खरीदे जाते हैं। केंद्र प्रभारी के मनमाने रवैए से नाराज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और किसान सांय 4 बजे जब धान खरीद केन्द्र पर पहुंचे तो वहां जिस धान की तौल की जा रही थी उसमें मिट्टी मिली हुई थी। जिसको लेकर वहां मौजूद किसान बोले जब किसान अच्छा धान लेकर आता है तो किसान को यह कहकर वापस कर दिया जाता है की धान में लाइट नहीं है, इस धान में मिट्टी मिली हुई है इसके बावजूद धान खरीद हो रही है। मजे की बात रही कि जब थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी ने केंद्र प्रभारी से धान तौल किए जा रहे किसान का नाम पूछा तो वह नाम नही बता पाया। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही किसान शैलेंद्र तिवारी, वैष्णवीदत्त शुक्ला ,सोनू बाजपेई आदि ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों से बताया कि किसान विगत 1 महीने से धान बेचने के लिए केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अभी तक धान नहीं खरीदा गया, केंद्र प्रभारी कहता है जाओ कल आना, परसों आना, किसानों को जरूरत आज है और उन्हें फरवरी की डेट दी जा रही है। वहीं मोती धान की खरीद नही हो रही है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार विनोद सिंह ने जब तौल हो चुकी बोरियों की पुन: तौल कराई तो किसी बोरी में 4 किलो तो किसी बोरी में 2 किलो, किसी बोरी में 3 किलो धान अधिक पाए गया। वहीं केंद्र प्रभारी मौके पर कोई कागजात नही दिखा पाया। जिस पर तहसीलदार ने केंद्र प्रभारी शुभम प्रजापति को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि केंद्र प्रभारी के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया जाएगा तो वहीं भाजपा के जिला महामंत्री शरद सिंह, सिंह,जिला महामंत्री सरोज गौतम,मण्डल अध्यक्ष जीबी सहित कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार किसानों के साथ हैं किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी किसानों के धान की खरीद होगी। केंद्र प्रभारी ने पहले तो भाजपाइयों पर मारपीट का आरोप लगाया बाद में अपनी गलती पर लिखित रूप से माफी मांगी।

# सिर पर घातक चोट से हुई थी दुखी लाल की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र के फरीदपुर गांव में दो दिन पहले हुई मारपीट में अधेड़ की मौत के मामले में पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सर पर घातक चोट का लगना बताया गया है। ज्ञात हो कि तीन दिन पहले फरीदपुर गांव के एक जमीन के विवाद में गांव का दुखी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया था । उस को पहले सीएचसी ले जाया गया था। उसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया था । जहां दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी । मामले में दो लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इसमें मुख्य आरोपित सुरेन्द्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है । इस बीच मृतक की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट भी मिल गई है । जिसमे घटना की पुष्टि हो गई है । मारपीट के दौरान मृतक के सर पर लाठी से गंभीर प्रहार किया गया था । जिसके कारण उसको घातक चोट लगी और यही चोट उसके मौत का कारण बनी है ।

## एनटीपीसी कर्मचारी के खाते से निकले दो लाख रूपये,कोतवाली में दी तहरीर

**ऊंचाहार,रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में कार्यरत एक कर्मचारी के बैंक खाते से लगभग 2 लाख रुपये निकल गए जब खाता धारक ने खाते का बैलेंस चेक किया तो उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल मामले की शिकायत संबधित बैंक के कस्टमर केयर पर दर्ज करवाई इसके उपरांत ऊंचाहार पुलिस को मामले की तहरीर दी है। वाराणसी जिले के कैथी गांव निवासी राजेश कुमार पांडेय एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई में कार्यरत हैं इनका बैंक खाता मुंम्बई के बोरीवली आईसीआईसीआई बैंक शाखा में खुला है जिसपर इनके द्वारा नेट बैंकिंग की सेवा भी ली गई है। राजेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि कस्टमर केयर से जानकारी मिली है कि किसी उपेंद्र और राजेश कुमार के बैंक खाते में कुल 2 लाख चार हजार नौ सौ रुपये गया है । फिलहाल

# 2022 विधान सभा चुनाव के लिए अभी से जुटें कार्यकर्ताः राधा मोहन

## प्रदेश प्रभारी के प्रथम आगमन पर सांसद, विधायक सहित भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह के संत कबीर नगर जिले के आगमन पर डीघा बाईपास पर जिलाध्यक्ष बद्री यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधान सभा चुनाव 2022 की तैयारी में अभी से जुट जाने का कहा। उन्होने कहा कि अभी हाल में हैदराबाद में पार्टी के प्रदर्शन से उत्साह बढ़ा है और पार्टी बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिली है। बिहार चुनाव से लेकर उप चुनावों में भी जनता ने प्रधानमंत्री की नीतियों का समर्थन किया है। श्री सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है और देश को किसी कोने में जाकर एक हिन्दुस्तानी अपनी बात रख सकता है। प्रदेश प्रभारी ने एक होटल में आयोजित संक्षिप्त परिचय में डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, सांसद प्रवीण निषाद, विधायक सदर दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी जय चौबे, विधायक मेंहदावल राकेश सिह बघेल, भाजपा नेता आलोक कुमार सिंह, चेयरमैन खलीलाबाद श्याम सुन्दर वर्मा, नगर अध्यक्ष मगहर श्रीमती संगीता वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अमित श्रीवास्तव आदि नेताओं से मुलाकात की।

## ढाई वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत

**बस्ती**। ढाई वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत, मारपीट और एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और शादी की बात से मुकर जाने के मामले में दो थानों में आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुनूजोत में रह रही ढाई वर्षीया मासूम के साथ एक किशोर ने अश्लील हरकत की और मारा पीटा। मासूम को इस दौरान चोट भी आई। मासूम की मां की तहरीर पर बाल अपचारी प्रधान उर्फ आसिफ अली और उसकी मां के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और शादी की बात करने पर मना कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि हर्रैया थाना क्षेत्र के नरायनपुर सालिम निवासी सुरेन्द्र ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# एसएमएस के अभाव में नहीं बिक रहा किसानों का गन्ना

## परेशान होकर लगा रहे हैं समितियों के चक्कर

**संवाददाता** । गौर (बस्ती)

**एसएमएस** के अभाव में किसानों का गन्ना नहीं बिक पा रहा है। गन्ना तौल किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। अधिकांश किसानों के मोबाइल पर समय से एसएमएस नहीं मिलने से गन्ना नहीं बेच पा रहे है और अपने मैसेज की जानकारी को लेकर आए दिन सहकारी गन्ना समितियों के चक्कर लगा रहे हैं।

बभनान चीनी मिल के सभी 75 गन्ना क्रय केंद्रों पर पहली बार एसएमएस के माध्यम से तौल कराया जा रहा है लेकिन अधिकतर किसानों को मोबाइल पर एसएमएस नहीं मिल पा रहा है। गन्ना समिति गौर क्षेत्र के केसरई गांव निवासी किसान नरसिंह यादव, राजेश त्रिपाठी, उमाशंकर यादव ने बताया कि मोबाइल पर अभी तक गन्ना पर्ची के संबंध में कोई मैसेज नहीं मिला, जबकि समिति से जानकारी लेने पर पता चला कि पर्ची जारी हो चुकी है। ऐसे में समय से एसएमएस न मिलने से गन्ना तैयार नहीं हो पा रहा है और उन्हें गन्ना बेचने में इस बार काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

पौनी जसी के किसान राजेंद्र यादव, इटबहरा के उपेंद्र सिंह डिस्की ने बताया कि मोबाइल पर मैसेज नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से गन्ना समितियों पर प्रतिदिन किसानों की भारी भीड़ लग रही है। किसानों ने बताया कि समिति से पर्ची क्रमांक संख्या नोट कर चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति कर दिया गया। बावजूद उसके अभी तक न तो पर्ची आने का एसएमएस मिला और न ही गन्ना तौल कराने का।

ऐसे में सरकार की यह व्यवस्था किसानों के लिए मुसीबत बन गई है, जबकि गन्ना विभाग की ओर से यह निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन समितियों में तैनात पर्ची वितरक गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के पर्ची एसएमएस, क्रमांक संख्या एवं तौल डेट की चेक लिस्ट पहुंचाएंगे।

मगर ऐसा नहीं हो रहा है। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष रामसहाय उर्फ बंधू चौधरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में यह व्यवस्था लागू है। लेकिन 40 प्रतिशत गन्ना किसानों के मोबाइल पर एसएमएस नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से किसान अपना गन्ना समय से चीनी मिल को आपूर्ति नहीं कर पा रहा है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**तिलोई** (अमेठी)। सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के महेशपुर क्षेत्र संत पथिक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र.छात्राओं का सम्मान हुआ जिसमें प्रबंध समिति ने विद्यालय के 200 छात्र-छात्राओं को कंबल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बियोगी बाबा लखनऊ व स्वामी प्रेमानंद जी महाराज हरिद्वार रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारी डीएवी कॉलेज कानपुर की प्रोफेसर डॉ अर्चना शुक्ला व सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता डॉ आर के गुप्ता रहे। संत पथिक समाधि सेवा ट्रस्ट द्वारा अपने विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं का रविवार को सम्मान किया गया जिसके तहत विद्यालय प्रबंध समिति एवं ट्रस्ट द्वारा 200 छात्र छात्राओं को निशुल्क को कंबल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# बीएसए कार्यालय का कारनामाः पांच सगे संबंधियों की कर डाली नियुक्ति

## विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बेसिक मंत्री को पत्र लिखकर नियुक्ति निरस्त करने की मांग की

**संवाददाता** । बस्ती

**जिले** में ईमानदार अधिकारियों में शुमार बेसिक शिक्षा अधिकारी जगदीष शुक्ल की ईमानदारी पर सवाल उठना षुरु हो गया। बीएसए पर अनियमित रुप से कार्यालय के पांच सगे संबधियों की नियुक्ति संविदा पर करने का आरोप लगा है। बीएसए के इस कार्रवाई को लेकर रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इससे पहले भी इस विभाग में यह कारनामा अधिकारी कई बार कर चुके हैं। जनपद के अधिकारी मानो अप्रत्याशित कार्य करने का जैसे मन बना लिया है। अगर इस तरह नियुक्ति होती रही तो बाहरी लोगों को कभी नौकरी का अवसर ही नहीं मिलेगा। जो पहले से मजबूत हैं, उसे बीएसए और अधिक मजबूत बनाने में लगे हुएं है। बताया कि उन्होंने इसकी षिकायत जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह से की है, और नियुक्ति को निरस्त करने और पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को निभाने की मांग की गई है। बीएसए के 9453004117 पर तीन बार और वाट्सअप पर संदेश देने के बावजूद बात नहीं हो पाई।

वैसे बीएसए कार्यालय में कुछ भी असंभव नहीं है। फर्जी नियुक्ति से लेकर स्कूलों को मान्यता देने सहित अन्य अनियमित कार्य के लिए यह विभाग जाना चाहता। हांलाकि पिछले कई माह से विभाग शांतिपूर्वक चल रहा था, और इसका श्रेय बीएसए की ईमानदारी वाली छवि को दिया जा रहा है। विभाग के कई लोगों का कहना है, कि इस विभाग में एक बार जो घुस गया, फिर समझ लो कि उसका पूरा खानदान और सगे संबंधी षिक्षा विभाग का हो गया। जितना इस विभाग में परिवारवाद है, उमना किसी अन्य विभाग में नहीं मिलेगा। पति-पत्नी, साला और साली का होना तो आम बात है। विधायक की माने तो जितना भ्रष्टाचार इस विभाग में है, उतना अन्य में नहीं है। इस विभाग के चपरासी और साहबों के चालक तक भ्रष्टाचार में लिप्त रहते है। यही कारण है कि इस विभाग को मजबूत से मजबूत मंत्री भी विभाग को ठीक तरह से नहीं चला पाए।

### मुकेश द्विवेदी बने युवा भारत के जिला महामंत्री

**सोनभद्र**। युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ कान्त पति तिवारी के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में हो रहे संगठन विस्तार के क्रम में उत्तर प्रदेश के प्रभारी संदीप जायसवाल के अनुमोदन पर सोनभद्र के तेज तर्रार युवा पत्रकार मुकेश द्विवेदी को जनपद सोनभद्र का जिला महामंत्री मीडिया प्रमुख मनोनीत किया गया है।

# दलितों के हक की लड़ाई में समर्पित था डा. अंबेडकर का जीवन

## समाजवादी पार्टी करेगी आज किसान यात्रा का आयोजन

**संवाददाता** । सोनभद्र



**समाजवादी** पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में जिला पार्टी कार्यालय पर भारत के महान संविधान निर्माता एवं दलित के मसीहा डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया और गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भारत के महान संविधान निर्माता एवं दलितों के मसीहा बाबा भीमराव अंबेडकर भारतीय राजनीति एवं समाज के इतिहासिक परिदृश्य में उदय एक ऐसे जन नेता के रूप में हुआ जिसने व्यक्तिगत संघर्ष की बुनियाद पर अपना सारा जीवन समाज की मुख्यधारा से विमुख जीवन यापन कर रहे पीड़ितों दलितों के हक की लड़ाई में समर्पित कर दिया बाबा साहब ने उच्च वर्ग की हर चुनौती को स्वीकार किया श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आहवान पर सात दिसंबर को समाजवादी पार्टी किसान यात्रा का आयोजन करेगी जिसकी जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दी गई और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता अन्नदाता के संघर्ष में उनका साथ दें और हर संभव मदद करें किसान यात्रा में ज्यादा से ज्यादा साथियों को जोड़कर पार्टी को मजबूती देने का संकल्प लिया जाए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान के अनुच्छेद 15 में धर्म जाति लिंग जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को अपराध घोषित किया गया है भाजपा सरकार द्वारा किसानों को गेहूं धान गन्ना आदि का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है ना ही उसकी आय दोगुनी हुई है सरकारी क्रय केंद्र भाजपा की बदनियति के शिकार हो गए हैं। किसानों द्वारा अपनी आवाज उठाने पर भाजपा सरकार उन पर लाठी गोली आंसू गैस और पानी की बौछार कर दमन चक्र चलाती है तथा मुकदमे दर्ज कराती है किसान बदहाल है।

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर अनुयायियों ने निकाली प्रभात फेरी

**संतकबीरनगर**। संविधान रचयिता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी खलीलाबाद के मड़या मुहल्ले से डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी मोती चौराहा होते हुए बैंक चौराहे पर पहुंची और यहां पर स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। वरिष्ठ बसपा नेत्री अर्चना महातम सहित सभी ने डॉ. अंम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए बाबा साहब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रभातफेरी गोला बाजार होते हुए आजाद चौक से मेंहदावल बाईपास चौराहा पर पहुंचा। बाईपास चौराहे पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर सैकड़ों की संख्या पर बाबा साहब के अनुयायियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। अनुयायियों ने बाबा साहेब अमर रहें के गगनभेदी नारे लगाए तथा उन्हें नमन कर श्रद्वाजलि अर्पित की। बसपा की वरिष्ठ नेत्री एवं विधान सभा धनघटा की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती अर्चना महातम, पूर्व विधायक व मुख्य सेक्टर प्रभारी बस्ती मंडल भगवान दास, पूर्व एमएलसी लालचन्द निषाद बामसेफके जिला संयोजक राणा महातम प्रसाद और बसपा जिलाध्यक्ष धर्मदेव प्रियदर्शी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संविधान से छेड़छाड़ करके दलितों, पिछड़ो के खिलाफ साजिश की जा रही है और भाजपा सरकार संविधान की भावना के विपरीत काम कर रही है। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का सपना सामाजिक न्याय दिलाने और देश से छुआछूत, भेदभाव व असमानता का समाप्त करना था लेकिन आज भी उनका सपना पूरा नही हुआ और उनके नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति की जाती है। इस दौरान बसपा को पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र राव, विधान सभा प्रभारी सुबोध चन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता लालचन्द्र यादव, सभासद शैलेश कुमार आदि वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं प्रभारी मंत्री

## बैठकों और दावतों तक ही सिमटे रहे कार्यक्रम

## पिछले 12 सालों में जिले को एक भी उद्योग नहीं मिला

**संवाददाता** । बस्ती

**प्रभारी** मंत्रियों को बनाने का सरकार का मकसद हल नहीं हो रहा है। प्रभारी मंत्री सरकार और जनता दोनों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं, इनका अधिकतर समय बैठकों और दावतों में चला जा रहा है। पिछले दो साल में एक बार भी गांव में जोकर विकास कार्य को नहीं देखा, और न आम लोगों के दर्द को जानने का प्रयास किया। गांव में जाने के बजाए प्रभारी मंत्री गेस्ट हाउस में अधिकारियों और माननीयों के साथ रहना अधिक पसंद करते है। 12 साल से अधिक का लंबा समय हो गया, मगर एक भी प्रभारी मंत्री ने जिले के विकास के लिए कोई उद्योग की स्थापना नहीं की। महिला अस्पताल में पिछले डेढ़ साल रेडियोलाजिस्ट की तैनाती नहीं, है जिसके चलते गरीब महिलाओं को बाहर जाकर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है, जबकि लाखों की मशीन धूल फांक रही है। मगर अभी तक प्रभारी मंत्री एक रेडियोलाजिस्ट की तैनाती नहीं कर पाए, इसी तरह जिला अस्पताल में आंख, हृदयरोग विषेषज्ञ एवं रेडियोलाजिस्ट की कमी पिछले कई सालों से है। वह भी दूर करने में नाकाम रहे। पिछले कई साल से देखा जारहा है, प्रभारी मंत्री चंद घंटों में पूरे जिले की समीक्षा करके चले जाते हैं, विकास का असली हकीकत देखने गांव नहीं जाते, जब कि जनता मंत्रीजी कायह सोचकर इंतजार करती है, कि आएगें तो वह अपनी समस्या बताएगें। गांव की अधिकतर जनता मंत्री को अपने पास होना देखना चाहती है। अधिकारी भी नहीं चाहते कि कोई मंत्री गांव जाए।

किसी मुख्यमंत्री की मंषा भी सही रहती है, कि मंत्री गांव जाए और जनता के बीच रहे, ताकि सरकार की छवि बने। प्रभारी मंत्रियों पर आरोप लगते रहे हैं कि वह सरकार की छवि बेहतर बनाने के बजाए और खराब करने में लगे है।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने को एनसीएल प्रतिबद्धः सिन्हा

## लिटिल चैम्प प्रतियोगिता में कुमार वत्सल व अंकिता ने मारी बाजी

**संवाददाता** । सोनभद्र

**एनसीएल** के बीना क्षेत्र द्वारा आयोजित लिटिल चैंप 2020 का ग्रैंड फिनाले शनिवार रात को बीना संस्कार भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें एनसीएल के विद्यालय एवं डीएवी यूपी जोन डी के विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीके सिन्हा बतौर अध्यक्ष तथा संगीता सिन्हा अध्यक्षा कृति महिला मंडल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर में पीके सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि एनसीएल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सर्वसंभव योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध है एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को नए आयाम देने के लिए समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। साथ ही श्री सिन्हा ने ऐसे भव्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में सेमीफाइनल में चुने गए जूनियर व सीनियर ग्रुप के 10 छात्रों ने अपने गायन से दर्शकों को मुग्ध कर दिया। जूनियर ग्रुप से डीएवी खडिया की अंकिता सोनी एवं सीनियर ग्रुप से डीएवी परासी के कुमार वत्सल सवश्रेष्ठ प्रतिभागियों के रूप में चुने गए।

# दलितों व पिछड़ों को अधिकार के साथ जुबान भी दी बाबा साहेब नेः पटेल

## अपना दल (एस) ने मनाया संविधान निर्माता का परिनिर्वाण दिवस

**संवाददाता** । मीरजापुर

**अपना** दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों व पिछड़ों को अधिकार तो दिया ही, जुबान भी दी। उनकी ही देन है कि वंचित तबके के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था हुई। श्री पटेल रविवार को भरुहना स्थित सांसद जनसम्पर्क कार्यालय में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री पटेल व पार्टी नेताओं बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री पटेल ने कहा कि बाबा साहेब ने विश्व का सबसे बड़ा संविधान बनाया। उन्होंने संविधान में वंचित तबके का खास ध्यान रखा। उनकी ही देन है कि आज दलित व पिछड़े समाज के लोग हक की बात कर ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की विद्वत्ता के कारण ही उनको प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री बनाया गया। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकोंए किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता आनंद सिंह पटेल ने कहा कि आम्बेडकर जी एक विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्व विद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियां प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किया था। व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में ये अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता।

जिलाध्यक्ष इंजीनियर रामलोटन बिंद ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए और पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के उत्थान की दिशा में आजीवन लगे रहे। युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने कहा कि अंबेडकर जी ने 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में उन्हें भारत रत्न के सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था।

# श्री कृष्णा मिशन हास्पिटलः 'जान है तो जहान है' मुहिम शुरू

## केवल पांच सौ रुपये में होगा हृदय रोगों की जांचः बसन्त चौधरी

**संवाददाता** । बस्ती



**श्री** कृष्णा मिशन हास्पिटल बरगदवा में 'जान है तो जहान है' मुहिम शुरू की है। इसके तहत केवल पांच सौ रूपये में हृदयरोग से सम्बंधित सभी प्रकार के जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। चिकित्सक परामर्श भी निःशुल्क रखा गया है। यह जानकारी हास्पिटल के चेयरमैन बसन्त चौधरी ने देते हुए बताया कि ठंड के दिनों में हार्ट अटैक का खतरा बढ जाता है। पहले वृद्धजनों में हार्ट अटैक की समस्या आती थी, किन्तु अब तो युवाओं में भी यह जानलेवा बीमारी तेजी के साथ बढ़ रही है। समय से चिकित्सकीय उपचार नहीं मिलने के कारण अनेक युवा दम तोड़ देते हैं। हास्पिटल के चेयरमैन बसन्त चौधरी ने बताया कि जनहित में इन समस्याओं को देखते हुए हास्पिटल की ओर से सर्दियों के दिनों में हार्ट अटैक से बचाव के लिये विशेष प्रबन्ध किए गए हैं। जांच के द्वारा आसानी से रोग की पहचान और उसका समय पर उपचार संभव है। बताया कि इसी कारण से 'जान है तो जहान है' संकल्प के साथ जांच प्रक्रिया को सहज और सुलभ बनाया गया है। इससे गरीब मरीजों को सर्वाधिक लाभ होगा। कहते हैं कि प्रायः हास्पिटल में मरीजों को तब पहुंचाया जाता है, जब उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है। यदि पहले से सतकर्ता बरती जाय तो इस जान लेवा बीमारी से बचा जा सकता है। श्री कृष्णा मिशन हास्पिटल में हार्ट अटैक के मरीजों की जांच एवं उपचार के लिये विशेष प्रबन्ध किए गएं है। आकस्मिक सेवा 24 घंटे जारी रहती है। कुशल चिकित्सकों के द्वारा इलाज के साथ ही अत्याधुनिक मशीनों से जांच की सुविधा उपलब्ध है। कहते हैं कि मंडल का यह पहला ऐसा अस्पताल है, जहां पर इलाज से संबधित सभी आवष्यक एवं आधुनिक मशीन उपलब्ध है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों का हुआ उपचार



**बस्ती**। पटेल एसएमएच हास्पिटल गोटवा में छह दिसम्बर रविवार को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के उपाध्यक्ष रो. डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि आर्थिक धनाभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक लोग अस्पताल जाने से कतराते हैं। निःशुल्क चिकित्सा शिविर एक अवसर है।

समय- समय पर ऐसे शिविर आयोजित कर लोगों की सेवा की जाती है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ वरिष्ठ चिकित्सक डा. आरएन चौधरी ने किया। आयोजक डा. वीके वर्मा ने बताया कि शिविर में 200 से अधिक मरीजों का परीक्षण डा. अजय आनन्द, डा. चन्दा सिंह, डा. आलोक रंजन, डा. लाल जी यादव, डा. राधेश्याम पाण्डेय, डा. मधु पासवान, डा. प्रेमांशी, डा. आर.एन. शर्मा, डा. मुक्तश्वर मिश्र आदि ने परीक्षण कर उपचार किया। शिविरमें त्वचा, स्त्री रोग, पेट सम्बन्धी रोग, किडनी, लीवर, बुखार, सांस फूलने, अस्थमा आदि के मरीजों की संख्या सर्वाधिक थी। मरीजों की निःशुल्क जांच कर औषधि उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष किशन गोयल, एल. के. पाण्डेय, श्रीकान्त शुक्ल, अच्युत अग्रवाल, मुनरूद्दीन के साथ ही पटेल एसएमएच हास्पिटल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों आदि ने योगदान दिया।

## ग्रामीणों ने कंबल और अलाव की उठाई मांग

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्रामों के रहने वाले बढ़ते ठण्ड को देखते हुए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों व क्षेत्र के समाजसेवियों से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने की मांग की है। उन्होंने ग्राम प्रधानों व राजस्व विभाग के अधिकारियों से गांव के चट्टी चौराहों पर अलाव जलवाने की मांग भी की है। तांकि ठंड के मौसम में उन मार्गो से सुबह शाम गुजरने वाले राहगीरों को ठण्ड से निजात मिल सके। दिसम्बर माह के छह दिन गुजर जाने के बाद भी ग्राम सभा सिरसोती नेमना डोडहर बीजपुर जरहां महुली रजमिलान लीलाडेवा अंजानी पिण्डारी झीलों महरीकला खम्हरिया व सिंदूर में अभी तक न तो समाजसेवियों व अन्य संबंधितों द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल व स्वेटर आदि का वितरण किया गया है न ही अलाव जलवाने की कोई व्यवस्था की गई है।

# स्वयंसेवकों को कंबल और लंच पैकेट देकर किया सम्मानित

**संवाददाता** । बस्ती

इंटरनेशनल स्वंय सेवक दिवस के दिन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एक के 'बड़े साहब' ने अमहट घाट जाकर वालंटियर को लंच पैकेट और कंबल वितरित किया। पांच दिसंबर को हर साल यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट महासभा ने वर्ष 1985 में मनाने का निर्णय लिया। इस दिवस के मनाने के पीछे उन स्वयं सेवकों के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करना है, जो बहुत ही मुश्किल और कठिन समय और स्थानों पर जाकर असहाय की मदद करते हैं। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से एक रिपोर्ट जारी किया गया, जिसमें कोविड-19 में स्वंयसेवकों के अतुलनीय कार्यो कर प्रशंसा की। इन्हें जोखिम संचार और सामुदायिक सहभागिता के लिए महत्वपूर्ण हितधारकों के रुप में पहचाना गया।

यूएन से इस दिवस को मानाने के लिए अनिवार्य कर दिया, और यह कई वर्षों से लोकप्रिय संस्कृति का हिस्सा बन गया। हर किसी के लिए स्वेच्छाचारिता को बढ़ावा देने और स्वंयसेवकों के प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक अवसर है। हर साल वालंटियर डे को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान 2020 विषेष रूप से स्वयंसेवकों के लिए कठिन है, क्यों कि कोविड-19 महामारी ने दुनिया को लगभग पूरी तरह झकझोर दिया, जबकि चिकित्सा समुदाय अभी भी अथक प्रयास कर रहा है, जिन्हें स्वयं सेवकों द्वारा पूरा समर्थन दिया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 7 दिसंबर, 2020



## असलहे के साथ डांस करने वाला युवक सलाखों के पीछे

**जौनपुर।** शादी समारोह में तमंचे पर डिस्को करने वाले एक युवक को पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है तथा दूसरे की तलास जारी है। पकड़े गये युवक के पास एक अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। मालूम को बीते पांच अक्टूबर को थाना खुटहन क्षेत्र स्थित एक गांव में शादी समारोह के दौरान दो व्यक्तियों द्वारा अवैध शस्त्र ;पिस्टलद्ध को लहराते हुए एक बरात में डांस करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने संज्ञान में लेकर प्रभारी स्वाट टीम व सर्विलांस टीम जौनपुर को लगाकर जांच करायी गयी तो वायरल वीडियों में एक व्यक्ति जिसका नाम अमित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी चकताली थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष तथा दूसरा व्यक्ति सतीश उर्फअजय सोनकर पुत्र बुधई सोनकर निवासी चकप्यार अली थाना कोतवाली जौनपुर है।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत,तीन गम्भीर रूप से घायल

**जौनपुर।** जौनपुर-वाराणसी एन एच पर थाना जलालपुर क्षेत्र स्थित असबरनपुर गांव के पास आज रविवार को सुबह करीब साढ़े 8 बजे बस और बोलरो की जोरदार टक्कर में बोलेरो सवार तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में रामलाल सरोज 52 निवासी ऊदपुर, जवाहिर प्रसाद सरोज 60 निवासी डिंगुरपुर व संजय पंडित 50 निवासी कोतवालपुर शामिल हैं। इसके साथ ही अतुल सरोज 36, मजीद 50, रामजीत सरोज 55, निवासी गण तरियारी सेहमलपुर को गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में एक बालक भी जख्मी हैए उसे पास के अनमोल हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि तरियारीए सेहमलपुर गांव से बोलरो चालक अतुल सरोज के भाई शैलेन्द्र सरोज की बरात वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित बौराहा गांव में शनिवार को गई थी।

## पुलिस अधीक्षक ने किया 11 थानों के थानाध्यक्षों को इधर से उधर

**देवरिया।** जिले के एसपी डॉ श्रीपति मिश्र ने चलाया तबादला एक्सप्रेस 11 थानों पर एक साथ किया गया इधर से उधर। जिनमें थानाध्यक्षों को नई तैनाती दी गई।जयंत सिंह को बरहज का कोतवाल बनाया गया। शहर कोतवाल बने राजू सिंह ।भाटपाररानी इंस्पेक्टर बनाये गए अरुण कुमार मौर्य ।भटनी इंस्पेक्टर के रूप में श्यामलाल यादव को मिली नई तैनाती ।नरेंद्र कुमार राय को बघोचघाट का निरीक्षक बनाये गए ।मुकेश मिश्रा को खुखुन्दू थानेदार बनाया गया ।उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह को बड़ी जिम्मेदारी बनकटा के बने थानेदार।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सलेमपुर में पढ़ा हनुमान चालीसा

**देवरिया।** भाजपा सलेमपुर मण्डल के द्वारा आज पुराना थाना स्थित मनोकामनापूर्ण हनुमान मंदिर पर रामजानकी के सम्मुख हनुमान चालीसा का वाचन पाठ कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि आज ही के दिन श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिये विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष स्व0 श्री अशोक सिंघल की अध्यक्षता में देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गयी ।भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है। आज अयोध्या में मंदिर का निर्माण बहुत ही भव्य हो रहा है।मण्डल अध्यक्ष कन्हैया जायसवाल ने कहा कि राम के चरित्र में पग.पग पर मर्यादाए त्यागए प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं। राम सिर्फएक नाम नहीं हैं बल्कि राम हिन्दुस्तान की सांस्कृतिक विरासत हैं।

## बाबरी विध्वंस की बरसी पर जिले में सुरक्षा को लेकर रहा अलर्ट

**मऊ।** तानेबाने के मऊ जिले में बाबरी विध्वंस की बरसी पर छह दिसम्बर को जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले द्वारा सुरक्षा को लेकर सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को रोडवेजए रेलवे स्टेशन, सदर चौक, रौजा बाजारए मिर्जाहादीपुरा आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## 50 बेड के उच्चीकृत अस्पताल का किया गया शिलान्यास

**सिद्धार्थ नगर।** नगर पालिका परिषद बंसी में स्थित पीएचसी परिसर में रविवार को स्वास्थ्य चिकित्सा व परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने सोलह करोड रूपये की लागत से बनने वाले 50 बेड क़े उच्चीकृत हास्पिटल का शिलान्यास किया । इस अवसर पर उन्होने कहा कि इस अस्पताल के बन जाने से आसपास क्षेत्र के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी । यहा विशेषज्ञ डाक्टर लोगो का इलाज करेंगे । अब क्षेत्र लोगो को बेहतर इलाज के लिए भटकना नही पड़ेगा ।

# पुण्यतिथि पर याद आए बाबा साहेब

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को किया नमन

### मंत्री और सांसद ने श्रद्धांजलि अर्पित की

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर रामगुलाम टोला स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस दौरान पूर्व जिलामहामंत्री युवा मोर्चा रामदास मिश्रा ने बाबा साहब के जीवन पर चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर हम उन्हें शत् शत् नमन करते है।बाबा साहब ने सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाकर भारतीय समाज सुधार के प्रारूपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। बाबासाहेब का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव रामजी अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कोटिकोटि नमन करते हुये हम उनके सिद्धान्तों के अनुसरण का प्रण लेते है।बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया और सबके लिए समान अधिकार, स्वतंत्रता और व्यवहार की वकालत की। जिलाकार्यसमिति सदस्य भाजपा पवन मिश्रा ने कहा कि भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, सामाजिक समानता और न्याय के प्रणेता डा बाबासाहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये आज के अवसर पर विश्वास व्यक्त करते है कि हम सभी बाबा साहब के दिखाये मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे। इस दौरान राहुल कुमारएसूरज प्रसादएमोनू मल्ल, राजू सिंह,दीपक कुमार,संजू प्रसाद,आकाश प्रसाद,नीरज कुमार आदि रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

**देवरिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 6 दिसंबर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती है जिस के क्रम में बरहज नगर इकाई द्वारा सहभोज का कार्यक्रम आश्रम बरहज में आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ विनय तिवारी ने कहा की सह भोज द्वारा सामाजिक समरसता विश्वास स्थापित होता है। सह भोज में समाज के वंचित पिछड़े लोगों के साथ बैठकर भोजन करना उनको सम्मान देना और समाज के इन अत्यंत पिछड़े लोगों को साथ लेकर चल चलना जिससे कि समाज और देश का विकास हो सके और राष्ट्र पुन: अपने गौरव को प्राप्त कर सके इस दृष्टि से प्रतिवर्ष विद्यार्थी परिषद भोज का कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित करती है।

### कांग्रेसजनों ने गोष्ठी करके बाबा साहब को किया याद

**जौनपुर।** नगर के अम्बेडकर तिराहे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने भारत रत्न डाण् भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके पुण्यतिथि मनाया। साथ ही सभी ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान रक्षा की शपथ लिया। इस अवसर पर कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश महासचिव पंकज सोनकरए जिला महासचिव आजम जैदी, किसान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र निषाद सहित सुरेन्द्र वीर बिक्रम बहादुर सिंह, विकास तिवारी,नीरज राय, डा प्रमोद सिंह, उस्मान अलीए शिव मिश्र सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विशाल सिंह ने किया।

### परिनिर्वाण दिवस पर गरीबों में एसडीएम ने बाटा खिचड़ी

**सकलडीहा,चन्दौली।** बाबा साहेब डा भीम राव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में सामाजिक समरता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए गरीबों में खिचड़ी वितरण किया। अंत में उनके बताये मार्ग दर्शन में चलने का संकल्प लिया। सामाजिक समरसता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार उपजिलाधिकारी सकलडीहा ने कहा कि डाण् आम्बेडकर ने देश की राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान निभाया है। देश के हर नागरिक को उनका अधिकारी और सम्मान दिलाया। वही विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री विद्या सागर और डाण् अरूण उपाध्याय ने कहा आज के परिवेश में हम सभी का दायित्व है कि सामाजिक समरसता को कायम करे। तभी हमारा देश विश्व गुरू बनेगा। वही समाजसेवी अजय कुमार सिंहए शैलेन्द्र पांडेयए विनय पांडेयए अवनीश पांडेय ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## आंबेडकर के बताये रास्ते पर चलने की है जरूरत: अरविन्द

**सिरकोनी, जौनपुर।** कजगांव में संविधान निर्माता भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाध दिवस मनाया गया। सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द पटेल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् पुष्प अर्पित करते हुये दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने समाज में फैल रही कुरीतियों का विरोध करते हुये आपसी भाईचारा व कजुटता से रहने की बात कही। साथ ही कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। बाबा साहब विधिवेत्ताए अर्थशास्त्रीए राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे जिन्होंने आपने दलित समाजए मजदूर वर्ग और महिलाओं के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। इस अवसर पर श्याम सुंदर पटेल,धीरज यादव, शाह आलम अंसारी, विपिन पटेल, वृजेन्द्र पटेल,जंग बहादुर,



सुबाष चन्द्र, लवकेश पटेल, मुन्ना लालए अमन कुमार, सत्यम् पटेल,मोण् कैफ दिलसाद, नौशाद सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### समाजवादी कुटिया पर मनायी गयी पुण्यतिथि

**धर्मापुर,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित समाजवादी कुटिया पर रविवार को संविधान निर्माता डाण् भीम राव अंबडेकर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान कुटिया के संचालक ऋषि यादव ने 280 बच्चों को स्वेटर और मास्क दिया। इस मौके पर संचालक ऋषि यादव ने डाण् अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा किये गए देश हित के कार्यों के बारे में बच्चों को बताया गया। इस दौरान कुटिया संचालक ने समाजवादी कुटिया में पढ़ रहे 280 बच्चो को स्वेटर और मास्क वितरित किया। लॉक डाउन के समय से ही इस कुटिया पर बच्चों को शिक्षण कार्य कराया जा रहा है तथा इन बच्चों को प्रत्येक दिन दूधए फ्ल व बिस्किट भी वितरित किया जाता है। कुटिया के बच्चे स्वेटर पाकर काफी प्रसन्न नजर आए।

## डोभी सीएचसी: अपनी गुणवत्ता से निजी अस्पतालों को दे रहा मात

**डोभी, जौनपुर।** आम तौर पर संपन्न लोग सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने से कतराते हैं। कारण यह है कि अपनी लचर कार्य प्रणालियों के चलते सरकारी अस्पताल प्राय: बदनाम हैं। लोगों की धारणा यह है कि यहां कर्मचारी कामचोरए अव्यवहारिक होते हैं तो वहीं अस्पताल परिसर में कूड़े और गंदगी का अंबार होता है। इन सारी धारणाओं से इतर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित डोभी ब्लाक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी अपनी साज.सज्जा एवं उत्कृष्ट चिकित्सकीय गुणवत्ता का ऐसा अस्पताल है जहां आते ही लोगों की सोच बदल जाती है। शासन द्वारा इस अस्पताल को भी वहीं सुविधाएं प्राप्त हैं जो सूबे के अन्य अस्पतालों को मिली है किंतु डोभी सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डाण् एसके वर्मा व बड़े बाबू मनोज सिंह की लगन एवं परिश्रम से यहां सब कुछ इतना बेहतर है। यहां की ओपीडी अत्यंत आधुनिक एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण है। यहां भर्ती मरीजों की देख.रेख जिम्मेदारी के साथ होती है तो वहीं महिलाओं के प्रसव का आंकड़ा भी पूरे जिले में सबसे बेहतर है। अस्पताल के चिकित्सकीय टीम एवं कर्मचारियों के लगन का परिणाम है कि डोभी सीएचसी को लगातार 3 वर्षों से कायाकल्प अवार्ड देकर पुरस्कृत किया जा रहा है। यहां अन्य अस्पतालों में शोषण व लापरवाही के कारण आये दिन हंगामा होता है। साफ सफाई एवं चिकित्सकों की लापरवाही सरकारी अस्पतालों की छवि खराब की है। ऐसे में इस अस्पताल के डाक्टर एवं कर्मचारी पीड़ित मरीजों के दर्द का मरहम बन गये हैं। अस्पताल के अधीक्षक डाण् एसके वर्मा व बड़े बाबू मनोज सिंह के कुशल निर्देशन में यहा हर व्यवस्था चाक चौबंद है। इन लोगों की लगन व मेहनत का आलम यह है कि सरकारी व्यवस्था के अतिरिक्त क्षेत्रीय लोगों से सहयोग लेकर यहां सुंदर गार्डेनए मार्निंग फूटवाक से लेकर ईंट और सीमेंट से बैरिकेटिंग एवं फर्श बनवाए गये हैं।

### अस्पताल की चहारदीवारी नहीं होने का है मलाल

**अपनी** साज सज्जा एवं उच्चस्तरीय चिकित्सकीय व्यवस्था के चलते दर्जनों अवार्ड जीत करके सूबे में अलग पहचान रखने वाले इस अस्पताल की बाउंड्रीवाल आज भी अधूरी है। यहां अनेक अवसरों पर पहुंचने वाले उच्च अधिकारियों से लेकर सांसदए विधायक आदि सभी ने बाउण्ड्रीवाल बनवाने का आश्वासन तो दिया फीता काटकर वापस जाने के बाद अपना वादा भूल गये हैं। अस्पताल कर्मियों से लगायत क्षेत्रवासियों को इस बात का मलाल है कि चहारदीवारी के अभाव में जंगली एवं आवारा पशु यहां खिले फूलों की क्यारी को नष्ट कर देते हैं। वहीं नशेड़ी व अवांछनीय तत्व यहां आए दिन मरीज व उनके तीमारदारों की परेशानी का सबब बनते हैं।

## दिव्यांग बच्चों ने किया आयोजन, अतिथियों ने किया सम्मानित

**नौपेड़वा, जौनपुर।** हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में दिव्यांग बच्चों हेतु शैक्षिक सांस्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सजल सिंह बक्शा एवं विशिष्ट अतिथि राजेश राय रहे जहां अध्यक्षता पूर्व एनपीआरसी श्रीनारायण उपाध्याय ने किया। इस दौरान संस्था के प्रबन्धक विनोद माली एवं सचिव प्रमोद माली ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने अपना विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात् दिव्यांग बच्चों का खेलकूद हुआ जिसमें केला दौड़ में अंकित प्रथमए सत्यम द्वितीयए विनय कुमार तृतीय आये। जलेबी दौड़ में बृजेश गुप्ता प्रथमए आशीष पाल द्वितीय आये। बम में दम में करन कुमार प्रथमए मयंक द्वितीयए कुलदीप तृतीय आये तो गुब्बारा फोड़ने में गोलू प्रथमए अली द्वितीयए रुद्र तृतीय आये। साथ ही 50 मीटर दौड़ में अंकित प्रथमए सत्यम द्वितीयए काजल तृतीय आये। इस मौके पर अतिथियों ने प्रथमए द्वितीयए तृतीय स्थान पर आने वालों को सम्मानित किया जहां लायंस क्लब के उपाध्यक्ष मुन्ना मौर्या ने दिव्यांग बच्चों को जूता वितरित किया।

## ग्राम, क्षेत्र व जिला पंचायतों के आंशिक वार्डों के निर्धारण की प्रक्रिया हुई शुरू

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि अपर मुख्य सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के माध्यम से वर्ष 2015 के सामान्य निर्वाचन के उपरांत नगरीय निकायों के सृजनध्सीमा विस्तार के फ्लस्वरुप प्रभावित ग्रामए क्षेत्र और जिला पंचायतों के आंशिक ;वार्डोंद्ध के निर्धारण के संबंध में आपत्तियां प्राप्त करनेए उसके निस्तारण और प्रकाशन आदि के लिए समय सारणी निर्धारित की गई है। 4 से 11 दिसंबर तक ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का अवधारण सुनिश्चित किया जाना ;वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार परद्धए 12 से 21 दिसंबर तक ग्रामए क्षेत्र तथा जिला पंचायत की प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों वार्डों, की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशनए 22 से 26 दिसंबर तक प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियां प्राप्त किया जानाए 27 दिसंबर से 2 जनवरी 2021 तक प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियों का निस्तारणए 3 से 6 जनवरी तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायतों के आंशिक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों ;वार्डोंद्ध के निस्तारण का प्रकाशन संबंधित विकास खंड मुख्यालय के सूचना वार्ड पर किया जाएगा।

## नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक का किया स्वागत

**पथरा बाज़ार, सिद्धार्थनगर।** विधान परिषद की खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के गोरखपुर.फैजाबाद सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करके शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का अपने गांव जाते समय सकारपार चौराहे पर अनिल राय इंटर कॉलेज पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति ध् शिक्षकध्प्रबंधक ने स्वागत किया। उन्होंने सभा का संबोधन करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहुंगा और उन्होंने कहा कोई छोटा बड़ा नहीं होता आज आप लोगों के बल पर जीत मिली हैद्य और आप लोगो का स्नेह और प्यार बना रहे ।

## पोर्टल पर होगा वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का ब्यौरा

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** वक्फबोर्ड की जमीन के लिए एक पोर्टल तैयार किया जाएगा। जिसमें बोर्ड की सम्पतियो के सभी विवरण होंगे । इसके साथ ही सम्पतियो के नम्बरो को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दिया जाएगा ताकि कोई भी फर्जी तरीके से इसका गलत इस्तेमाल न कर सके । यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने रविवार को पीडीडीयू नगर स्थित एक लॉन में कही । वह यहां भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने आये थे । सपा और बसपा की सरकार में वक्फबोर्ड की संपत्तियों को लेकर कई घोटाले हुए हैए सभी की जांच चल रही है एऐसे में जो भी इस दायरे में आएगा उसके खिलाफकार्रवाई होगी। वाराणसी स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों की हार पर कहा चुनाव में हर जीत लगी रहती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में नेतृत्व देश और योगी अदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के अंतिम गांव तक विकास की रौशनी पहुंच रही है । बैलेट पर हार और ईवीएम पर जीत के सवाल पर कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले लोगो के अस्तित्व पर सवाल उठ रहा है । कहा कि देश के अधिकांश जगहों पर बीजेपी की सरकार है। दिल्ली सीमा पर किसान आंदोलन पर कहा कि वहाँ तथाकतिथ किसान आनदोलन कर रहे हैए इसे काँग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां हवा दे रही है । कहा कि देश के किसान अच्छी तरह से जानते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसनो के लिए कई कार्य किये है ।इसके पहले नगर पालिका अध्यक्ष संतोष खरवार, राणा प्रताप सिंह, रमेश जायसवाल, अजय केशरी, आलोक वरुण ने उनका स्वागत किया ।

## हरे पेड़ों पर चल रहा आ रहा आरा जिम्मेदार मोन

**बछरावां** रायबरेली- मौजूदा सरकार भले ही लोगों की स्वास्थ्य के लिए रोज नए नए नियम कानून आदेश कर रही हो लेकिन बछरावां के जिम्मेदार लोग सरकार के आदेशों को तवज्जो न देते हुए क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर आरा चलाने का काम कर रहे हैं क्षेत्र में तथाकथित ठेकेदारों का बोलबाला है वन विभाग हाथ पर हाथ रखकर क्षेत्र से हरे पेड़ों को उजाड़ता देख रहा है और वही बुद्धिजीवी वर्ग का या भी कहना है कि वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से हरे पेड़ों के कटान कराई जा रही है हल्के के दारोगा हलके के सिपाहियों से सेटिंग डेटिंग करके चोरी छुपे क्षेत्र में तथाकथित ठेकेदारों द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों की लकड़ी पर आरा चलाया जा रहा है अब देखना यह होगा कि यह जिम्मेदार लोग ऐसे ठेकेदारों पर क्या कार्रवाई करते हैं जो कि क्षेत्र में वनस्पति हरे पेड़ो को इन ठेकेदारों से बचाया जा सके लेकिन यह इतना आसान नहीं है क्योंकि इन्हीं जिम्मेदार लोगों की शह पर यह ठेकेदार हरे पेड़ों को उजाड़ने में तुले हुए हैं अब देखना यह होगा के ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई होती है या फ्रि मामला ऐसे ही रफा-दफा कर दिया जाएगा।

## आदर्श गांवों को लेकर डीएम ने मातहतों के साथ की समीक्षा बैठक

संवाददाता। जौनपुर

**जिलाधिकारी** दिनेश सिंह ने जनपद के 45 गांवों को आदर्श शिक्षक बनाने का निर्देश देते हुये इन गांवों में मनरेगा पार्कए मनरेगा तालाबए स्कूलों का कायाकल्पए सामुदायिक शौचालय पर परिसरए व्यक्तिगत शौचालयए पेंशनए किसान सम्मान निधिए परिवार रजिस्टरए सहज सेवा केंद्रए स्वयं सहायता समूह का गठनए वरासतए कूड़ा निस्तारण प्रबंधन की व्यवस्था सहित अन्य कई सुविधाएं सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी को लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्लाए विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियोंए समस्त उपजिलाधिकारीए खंड विकास अधिकारीए खंड शिक्षा अधिकारीए ग्राम सचिवए लेखपालए प्रधानों के साथ 45 आदर्श गांवों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आदर्श गांव हेतु एक.एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए जो प्रतिदिन जाकर इन गांव में कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। स्कूलों के कायाकल्पए मनरेगा पार्क तथा मनरेगा तालाब में जो भी कार्य अपूर्ण है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी स्कूलों में शौचालय तथा बिजली पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएए स्कूलों में बच्चे वेल ड्रेसअप होकर आये तथा शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए। इन 45 गांवों को आदर्श शिक्षित गांव बनाना है। गांव में कोई भी सरकारी योजना का पात्र व्यक्ति सरकारी योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को पेंशनए किसान सम्मान निधिए शादी अनुदान सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि वह 45 गांवों में जाकर जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी पात्र व्यक्ति का राशन कार्ड बनने से न छूट जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आदर्श गांव के नक्शे बने होए स्कूलों में पुरातन छात्रों के नाम दीवाल पर लिखे जायें तथा प्रत्येक माह की एक तारीख को पुरातन छात्रों को सम्मानित किया जाए। सभी गांवों में परिवार रजिस्टर तैयार रहें तथा उनकी नकल प्रत्येक परिवार तक पहुंचाई जाए।

## डीएम ने परखी धान क्रय की प्रगति

### केंद्र प्रभारियों को किया आगाह, न बरतें कोई लापरवाही अन्यथा होगी एफआईआर के साथ कठोरतम कार्रवाई

संवाददाता। देवरिया



जिलाधिकारी अमित किशोर ने धान क्रय केंद्र प्रभारियों को आगाह करते हुए यह निर्देश दिया है कि वे 3 दिन के अंदर अपने कार्यों में सुधार लाते हुए कृषकों का धान अधिक से अधिक क्रय करें।

उन्होंने यह भी कहा है कि धान क्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितताएलापरवाही व बहानेबाजी नहीं बरतेंगे, नहीं तो उनके विरूद्ध एफ्आईआर दर्ज कराते हुए कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्री किशोर टाउन हाल आडिटोरियम में केंद्र प्रभारियों की आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को कोई असुविधा न हो यह हम सभी का दायित्व है। इसलिए धान खरीद को पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने सचेत करते हुए यह भी कहा कि जनपद में इंटेलिजेंस को सक्रिय किया गया है जो धान क्रय केंद्र पर अपनी पैनी नजर रखेंगे।यदि किसी भी धान क्रय केंद्र पर व्यापारियों से धान क्रय की शिकायत आएगी तो ऐसे केंद्र प्रभारी भी बख्शे नहीं जाएंगे।

उन्होंने धान केंद्र प्रभारियों से यह भी कहा कि कोई भी दिक्कत आए तो उससे बताएंगेए उसका हर संभव समाधान कराया जाएगाएपरंतु बोरे आदि का बहाना बनाकर किसी भी कृषक को धान क्रय केंद्र से नहीं लौटाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक दिन में एक कृषक से अधिकतम 75 कुंतल धान क्रय कर सकेंगे। यदि उस कृषक का धान इससे अधिक है तो एक सप्ताह बाद की तिथि निश्चित कर उसका धान क्रय करेंगे।उन्होंने समयबद्धता के साथ भुगतान भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 1868 रुपए प्रति कुंतल धान क्रय का दर निर्धारित है। इस दर पर ही कृषको को भुगतान सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। डिप्टी आरएमओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि 8 लाख कुंतल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। इसके सापेक्ष अभी तक 3 लाख 20 हजार धान क्रय किया जा चुका हैए जो लक्ष्य का 40 प्रतिशत है। अब तक कुल 59 करोड़ 55 लाख की धान कृषकों की क्रय की गई है।

## उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें कार्यकर्ता : राजीव राय



संवाददाता। मऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजीव राय के खिलाफ गलत तरीके से सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर प्राथमिकी दर्ज करने पर सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने उत्पीड़न के खिलाफ एकजुटता का भी प्रदर्शन किया। चेताया कि समाजवादी पार्टी का एक.एक कार्यकर्ता उत्पीड़न के खिलाफ आरपार का संघर्ष करने के लिए तैयार है। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजीव राय ने कहा कि सपा कार्यकर्ता केन्द्र व प्रदेश सरकार की तानाशाही रवैये से डरने वाले नहीं हैए बल्कि उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। सपा जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादव ने बताया कि सात दिसंबर से किसान आंदोलन के समर्थन में पद यात्रा निकालकर गांवों में किसानों से मिलकर उन्हें सरकार के जनविरोधी नीतियों से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन को भी चेताया गया कि अगर किसानों का धान नहीं खरीदा गया तो समाजवादी पार्टी के लोग क्रय केंद्रों पर भी धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## कोविड टीकाकरण का हिसाब रखेगा कोविन पोर्टल

**सिद्धार्थनगर।** कोविड-19 का टीका आने से पहले सरकार द्वारा हर स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी के तहत केंद्र सरकार ने कोविड 19 टीकाकरण का हिसाबकिताब रखने के लिए कोविन पोर्टल लांच किया है। जनपद में पोर्टल के संचालन के लिए आईडीएसपी के डिस्ट्रिक्ट डॉटा मैनेजर राजकुमार यादव को एडमिनिस्ट्रेटर नामित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर के जिम्मे कोविड वैक्सीन से संबंधित सभी जानकारियां पोर्टल पर अपडेट करनी होगी। इसमें अस्पताल की सूचीए टीके का हिसाब व प्रतिरक्षित की सूचना शामिल है। टीका आने से पहले चरण में जिले के सभी राजकीय व प्राइवेट अस्पताल के स्टॉफ को लगाया जाएगा। इसमें सैंपलिंग आदि कार्य में लगे सभी स्टॉफ आशाए एएनएम तक को शामिल किया गया है। टीकाकरण के पहले चरण में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ;को भी शामिल किया गया है। इन सभी कर्मियों का टीकाकरण कराने के लिए डेटा बेस तैयार किया जा रहा है।

## जौनपुर की होनहार बेटी वैष्णवी ने एक और रिकार्ड तोड़कर लहराया परचम

संवाददाता। जौनपुर

**गूगल** गर्ल के नाम से मशहूर जौनपुर की 6 वर्षीय बेटी वैष्णवी श्रीवास्तव एक बार फ्रि सारे रिकार्ड ध्वस्त करते हुए देश में अपना परचम लहराने में कामयाब हुई है। इस बार वह मात्र 2 मिनट 47 सेकेण्ड में 196 देशों के नाम व उसकी राजधानी बताकर इण्टरनेशनल बुक ऑफरिकार्ड में अपना नाम दर्ज करायी है। इससे पूर्व यह रिकार्ड केरल की 8 वर्षीय बेटी केरीया सुसान जान के नाम दर्ज था। मालूम हो कि नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले निवासी अनुराग श्रीवास्तव, माता श्वेता स्नेह की बेटी व माउंट लिट्रा जी स्कूल की कक्षा 2 की छात्रा वैष्णवी श्रीवास्तव को कुदरत ने गजब का दिमाग दिया है। उसी का परिणाम है कि उसे मात्र 6 वर्ष की उम्र में ही देश के सभी प्रदेशों का नाम.राजधानीए दुनिया के 196 देशों के नाम व उसकी राजधानियां याद हैं।

इसके अलावा देश के सभी राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नाम बखूबी पता है। इस प्रतिभान बेटी इतनी कम उम्र ही एक एक सीढ़ी चढ़ते हुए अपने मुकाम की तरफबढ़ रही है। इससे पहले वैष्णवी साढ़े 3 मिनट में देश के बड़े शहरों, राजधानी और राज्यों का नाम बताकर अपना नाम इण्टरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज करायी थी। इस कामयाबी के बाद वह आगे की तैयारी में जुट गयी है।

## लाखों की लागत से निर्मित नाला कूड़ा-करकट से पटा

**सकलडीहा,चन्दौली।** तहसील मुख्यालय के समीप लाखों की लागत से बना नव निर्मित नाला कूड़ा करकट से पटा पड़ा हुआ है। जिसके कारण गंदा पानी भर जाने से बजबजा रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। ग्रामीणों ने सरकारी धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है। द्व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ब्लॉक और जिला पंचायत के धन का किस प्रकार से दुरूपयोग होता है। इसका देखने से लगता है। पिछले बरसात में तहसील से लेकर सीओ कार्यालय मार्ग पर जलभरॉव के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत होती थी।

# हमारा संविधान दुनिया में श्रेष्ठः रावत

## विभिन्न दलों ने मनाया बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस

संवाददाता। बाराबंकी



**बाबा** साहब भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस रविवार को जिले में श्रद्धा के साथ मनाया गया, इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों ने बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलनें का संकल्प लिया तथा उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सतरिख नाके पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब की देन है कि हमारे देश का संविधान दुनिया के अन्य देश के संविधानों से श्रेष्ठ है। बाबा साहब ने जीवन पर्यन्त दलितों, पिछड़ों, गरीबों व महिलाओं के कल्याण के लिए ही कार्य करते रहें तथा संविधान में सभी को संरक्षण प्रदान किया, आज वो हमारे बीच नही है लेकिन उनके बताये हुए मार्ग पर हम सब चलकर समाज कोए देश को और अच्छा बना सकते है।

इस मौके पर रोहित सिंह जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,नवीन सिंह राठौर,रतनेश कुमार गौतम,विष्णु मौर्या,प्रेम चन्द्र रावत, राम सजीवन जाटव,विष्णु वर्मा, श्रीश रावत व दिनेश चन्द्र रावत निजी सचिव, सांसद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में समाजवादी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने के साथ-साथ उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। पार्टी के एमएलसी राजेश कुमार यादव ने कहा के बाबा साहब ने हमेशा शोषित, वंचित, कमजोरों को शिक्षित बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने की वकालत की। बाबा साहब के सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को आज अमल में लाने की अत्यंत आवश्यकता है। उनके बनाए हुए धर्मनिरपेक्ष समाजवादी एवं कल्याणकारी संविधान आज खतरे में है। जिसे बचाना हम सभी समाजवादियों का दायित्व है। जिला सचिव कौशल किशोर धीमान ने भारत में रिजर्व बैंक की स्थापना में बाबा साहब के योगदान के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा के संचालन मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, उपाध्यक्ष मोहम्मद सबाह, अजय कुमार बब्लू, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, यशवंत यादव, हफीज भारती, बसंत गौतम, तुषार यादव, डॉक्टर अमरीश शास्त्री, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सरोज मौर्या, अखिलेश वर्मा, डॉ शैलेश वर्मा, वीरेंद्र वर्मा नेवली, जिला सचिव कौशल किशोर धीमान,राजेश कुमार वर्मा ,शिक्षक प्रकोष्ठ से डॉण् शरद वर्मा,जीशान असलम कुरैशी,समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी कार्यकर्त्ताओं के द्वारा भिलवल चौराहे स्थित सपा कार्यालय पर सामाजिक समरसता समानता एवं कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 तथा इनका निधन 6 दिसम्बर 1956 को हुआ, जिस कारण आज के दिन को बाबा भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के रूप में एवं उनकी याद में हैदरगढ़ पूर्व विधायक राम मगन रावत ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। संगोष्ठी में बाबा साहेब के व्यक्तित्व की विशेष रूप से चर्चा की गई।बाबा समाज में समानता लाना चाहते थे उसके लिए अथक प्रयास भी किये, बाबा अम्बेडकर का कहना था कि धर्म मनुष्य के लिए है,मनुष्य धर्म के लिए नहीं। ऐसे धर्म का कोई मोल नहीं जिसमें मनुष्यता न हो। इन्हीं विचारों के साथ बाबा अम्बेडकर की याद मे भिलवल मे बाबा की पुण्य तिथि मनायी गयी। इसी तरह सिरौलीगौसपुर मे भी बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया।

### डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन और सामाजिक मूल्यों से प्रेरणा लें: छोटे लाल




गौरीगंज (अमेठी)। रविवार को स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय पर संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के परि निर्वाण दिवस पर सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में उनके स्मृति में कार्यक्रम आयोजित करते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अनुयायियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके विचारो पर चलने का संकल्प लिया। संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर के 65 वें परि निर्वाण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । गौरीगंज मुख्यालय स्थित सपा जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। सपा कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने संविधान में अमीर गरीब छोटे बड़े सभी के लिए एक वोट का प्राविधान किया था।

## नहर में पानी ना आना बना किसानों की परेशानी का सबब

मुसाफिरखाना (अमेठी)। किसानों के सामने रबी की फसल की सिंचाई तथा खेतों की छपाई के लिए नहरों में पानी ना आना चिंता का विषय बना हुआ है। क्षेत्र की तमाम नहरों में पानी न आने से फसलों की बुआई बाधित हो रही है।

मौजूदा समय मे एक ओर रबी की बुआई के लिए खेतों की छपाई का काम चल रहा है, तो दूसरी ओर आलू की सिंचाई भी चल रही है। क्षेत्र के औरंगाबाद माइनर, शारदा सहायक नहर, शादीपुर माइनर, नारा माइनर आदि में पानी नहीं आ रहा है। गंगेरवा माइनर में झाड़ झंखाड़ उगा हुआ है।

माइनर में पानी को कौन कहेए अभी सफाई तक नहीं हुई है। माइनरों में पानी न आने से फसलों की सिंचाई के साथ बुआई का काम भी बाधित है। राजकीय नलकूप भी शोपीस बने खड़े हैं। क्षेत्र के सुनील कुमार, रमेश कुमार, दिनेश कुमार कनौजिया आदि लोगों ने प्रशासन से नहरों में पानी छोड़ने की मांग की है।

# शहीद कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए शिवसैनिकों ने किया हवन-पूजन

संवाददाता। बाराबंकी




**छह** दिसम्बर को शहीद कारसेवकों और रामभक्तों की याद और उनकी आत्माओं की शांति के लिए शिव सेना महासचिव उत्तर प्रदेश किशन लाल रावत ने कार्यालय में हवन पूजन कर प्रार्थना की। शिवसेना प्रदेश महासचिव किशनलाल ने अयोध्या में छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विवादित ढांचे को गिराए जाने के लिए लाखों की संख्या में पहुंचे कारसेवकों को याद करते हुए कहा कि श्रीराम मन्दिर निर्माण हमारे शहीद कारसेवकों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे शहीद कारसेवकों ने 28 वर्ष पूर्व विदेशी घुसपैठिए और लुटेरे की याद में मन्दिरों को क्षतिग्रस्त कर बनाई गयी बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था।

28 वर्षों की अनवरत लड़ाई के बाद श्रीराम मंदिर निर्माण संभव हो सका है जिसे शिव सैनिक शहीद कारसेवकों को समर्पित करते हैं। शहीद कारसेवकों के स्मरण में किए गये शांति हवन में जिला उपाध्यक्ष गिरजा शंकर वर्मा, जिला महासचिव अर्जुनसिंह रापूत,जिला मीडिया प्रभारी राजेश गौतम, जिला प्रवक्ता अनुज दीक्षित,जिला महासचिव ननकऊ रावत, श्री कृष्ण वर्मा, राम तीरथ शर्मा ,प्रेम लता गौतम, मुन्नीदेवी,अतुल दीक्षित आदि शिव सैनिक ने श्रद्धांजलि स्वरुप आहूति समर्पित किया।

# सामाजिक और शैक्षिक सरोकारों की मजबूती में भागवतदत्त का योगदान अमूल्य

## कई शिक्षण संस्थानों ने मनाया भागवतदत्त स्मृति समारोह

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**नगर** के अझारा स्थित भागवतदत्त बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पं. भागवतदत्त मिश्र स्मृति समारोह रविवार को कोविड प्रोटोकाल के तहत मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अलावा पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज, तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी भेंभौरा एवं मौलवी फरजन्द अली कॉलेज ऑफलॉ भेंभौरा के शिक्षकों व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्व. भागवतदत्त मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। स्मृति दिवस पर जरूरत मंदों को कंबल वितरित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक केडी मिश्र, शंकर दत्त मिश्र, संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व गृह सचिव रमेशचन्द्र मिश्र, प्रबन्ध प्रकाशचन्द्र मिश्र, सुनीता मिश्रा, रीमा मिश्रा ने पं. भागवतदत्त मिश्र एवं स्व. तारा मिश्रा के कृतृत्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र व विशिष्ट वक्ता भागवतदत्त मिश्र के शैक्षिक एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। संस्थापक रमेशचन्द्र मिश्र ने कहा कि वह पिता जी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्य एवं योगदान को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगें। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी पण्डित जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं वर्तमान समय में भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने में महान शिक्षाविदों में पं. भागवतदत्त मिश्र का भी नामोल्लेख किया।

## 73वें वर्चुअल वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन

**अमेठी।** मानव भौतिक साधन के पीछे भागने के बजायए मानवीय मूल्यों को अपनाने की ओर ध्यान केंद्रित करेगा तो जीवन स्वयं ही सुंदर हो जाएगा। उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने तीन दिवसीय 73वें वर्चुअल वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर मानवता के नाम प्रेषित अपने संदेश में व्यक्त किए। वर्चुअल रूप में आयोजित इस संत समागम का आनंद अमेठी जनपद के हजारों निरंकारी परिवार के श्रद्धालु भक्त एवं प्रभु प्रेमी सज्जनों ने निरंकारी वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की। सतगुरु माता जी ने कहा कि संसार को निरंकार द्वारा सर्वोत्तम उपहार मानवता के रूप में प्राप्त हुआ है। अंत में सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने श्रद्धालु भक्तों को प्रेरित किया कि परमात्मा के साथ एकत्व का भाव गहरा करते जाएं जिससे जीवन स्थिरता प्राप्त हो जिससे दिलों में प्रेम बढ़ता जाएगा।

# सर्दियों और वेडिंग सीजन में सतर्कता की ज्यादा जरूरतः सीएमओ

## कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों को दी सलाह ठंडा खाने से बचें बाहर से लौटने पर लें भाप

**प्रतापगढ़।** सर्दियों और वेडिंग सीजन के चलते कोरोना वायरस से ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें, घर से बाहर निकले तो मास्क लगाना ना भूले। खासकर शादी विवाह में शामिल हो तो मास्क का और सोशल डिस्टेंसिंग का खास ध्यान रखें। ठंडे पेय पदार्थ और आइसक्रीम आदि खाने से परहेज करें और पीने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करें। यह बातें शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने पायनियर से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि वैक्सीन आने तक इन बातों को अपनी आदत में शुमार रखें। कोरोना संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है, त्योहारों के दौरान लोगों के ज्यादा मिलने जुलने से मामले में वृद्धि देखी जा रही है। इसलिए सावधानी बढ़ाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि अभी वेडिंग सीजन चल रहा है जिसके चलते लोगों का आपस में मिलना जुलना बढ़ गया है। बाजारों में भीड़ बढ़ने का भी यही कारण है सार्वजनिक स्थल पर जाते समय सुनिश्चित कर लें कि आपने अच्छे से मुंह और नाक को ढककर मास्क लगाया है या नही। हैंड सेनीटाइजर को अपने साथ रखें और किसी वस्तु को छूने पर हाथों को तत्काल सैनिटाइजर कर ले। बाजार जाते समय यह ध्यान रखें कि दुकानदार या स्टाफने मास्क न लगाया हो तो वहां से खरीदारी ना करें और शादी में शामिल हो तो ऐसे लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## चार के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**कोतवाली** पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ पीड़िता के साथ छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकत व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिसिरमऊ के सुरेश वर्मा की पत्नी गीता देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि बीती उन्तीस नवंबर को वह घर पर थी। इस बीच शाम छह बजे गांव के भोलानाथ तथा जगन्नाथ व सुभाष एक राय होकर आ धमके।

आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए पीड़िता के साथ छेडछाड़ की। पति व ननद ने विरोध जताया तो आरोपियों ने उन्हे भी लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुभाष समेत चार के खिलाफ गम्भीर धाराओं में शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

# प्रमोद तिवारी ने सरकार की वैक्सीन नीति पर उठाए सवाल

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच तथा कोआर्डिनेशन कमेटी के इंचार्ज प्रमोद तिवारी ने हरियाणा प्रदेश सरकार के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के वैक्सीन लगवाए जाने के बावजूद कोरोना पाजिटिव होने को चिन्ता जनक ठहराते हुए कहा कि इससे वैक्सीन की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। उन्होने कहा कि मंत्री अनिल विज के फोटो सेशन के वैक्सीन चाहत ने न केवल इस वैक्सीन की विश्वसनीयता पर गम्भीर सवाल खड़ा कर दिया है, बल्कि यह भाजपा की अंदरूनी राजनीति के चलते एक दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर में लोगों के विश्वास को तोड़ दिया है। रविवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के नगर स्थित कैंप कार्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोरोना से जारी लड़ाई के इस महाअभियान में वैक्सीन को लेकर जिस तरह की अनिल विज ने यह परिस्थिति पैदा कर दी है उससे लाखों भारतीयों के मन में उत्पन्न संशय से देश को अपूर्णनीय क्षति भी हुई है। उन्होने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर हरियाणा सरकार के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसलिए कार्रवाई करे सीडब्लूसी मेंबर श्री तिवारी ने यहां कहा कि मंत्री अनिल विज ने जिस तरीके से वैक्सीन जैसी दिखने वाली लिक्विड 'प्लैसिबो' लगवाई और नाटक मंचन के तहत उंगली के एक बूंद खून से शहीद होने की कोशिश की, इसे देखते हुए या तो वह स्वयं मंत्रिमंडल से नैतिक जिम्मेदारी लेकर त्यागपत्र दें अथवा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हे बर्खास्त करे। प्रमोद तिवारी ने हरियाणा सरकार के मंत्री के वैक्सीन प्रयोग में कोरोना पाजिटिव होने पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इससे एक और बड़ा सवाल अब सामने आया है कि क्या कोरोना वैक्सीन को लगाए जाने को लेकर भारत सरकार की नीति सुरक्षित नही है। इधर वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में प्रामेद तिवारी ने देश में किसान आन्दोलन को लेकर भी मोदी सरकार के अनिर्णय को पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि दिल्ली में कड़ाके की ठंड में किसान सड़कों पर खुलेआम पड़े हैं।

# पंचायत निर्वाचन नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम

**अमेठी ।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की संशोधित अधिसूचना के क्रम में जनपद. अमेठी की समस्त ग्राम पंचायतों की पंचायत निर्वाचक नामावली का निर्धारित समय सारणी के अनुसार बृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट नामावलियों की कंप्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार करना दिनांक 13 नवंबर से 26 दिसंबर तकए ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 27 दिसंबर को, ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण 28 दिसंबर से तीन जनवरी तकए दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किए जाएंगेद्ध 28 दिसंबर से तीन जनवरी तकए दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 04 जनवरी से 11 जनवरी तकए दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक सूचियों की पांडुलिपियों को की तैयारी तथा उन्हें मूलसूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही 12 जनवरी 21 जनवरी तक तथा निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण एवं प्रकाशन जनवरी 2021 में हो रहा है, अतः ऐसे हर नागरिक जो एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनके द्वारा अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने हेतु दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। ऐसे निर्वाचकों का नाम निर्वाचक नामावली से संबंधित किए जाने हेतु प्राप्त दावों को स्वीकार करते हुए निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्राधिकार अधिकार के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएंगे

# अमेठी में हिंदू धर्म के रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह

संवाददाता। अमेठी



**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद के पांच विकास खंडों में 63 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया जिसमें भेटुआ में 22, शाहगढ़ में 15, बहादुरपुर में 15, संग्रामपुर में छह व जगदीशपुर के पांच दंपत्ति शामिल हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवयुवक दंपतियों को 10000 रुपये की गृहस्ती की सामग्री दी गई तथा 35000 की नगद धनराशि विवाह जोड़े के खाते में भेजी जायेगी। नवविवाहित जोड़े का विवाह समारोह में धर्म के रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न हुआ। जिसमें हिंदू जोड़ों के लिए हिंदू धर्म के रीति रिवाज के अनुसार फेरे हुएए सभी नवदंपत्ति विवाह करके अत्यधिक प्रसन्न मुद्रा में थे। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने वर-वधु व उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सबका जीवन सुखमय व्यतीत हो अपने परिवार के साथ खुश रहे। सभी को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बधाई व आशीर्वाद दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब परिवार की पुत्रियों की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई है इस योजना में सरकार के तरफ से 1000 रुपये प्रत्येक जोड़े के ऊपर खर्च किए जाने का प्राविधान है, जिसमें 35000 रुपए सीधे उनके खाते में 10000 की सामग्री तथा 6000 उनकी व्यवस्था पर खर्च किए जाने का प्राविधान है।

## लापता बैंक एजेण्ट का नहीं मिला कोई सुराग

**बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक बैंक में एजेण्ट के रुप में कार्य कर रहे एक लापता युवक 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग सका है। बैंक कर्मियों ने रविवार को कोतवाली पुलिस को सूचना दी है जिससे पुलिस के होश उड़ गये है। गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर निवासी अमरजीत चौहान यहां शहर के एक मकान में रहकर एसबीआई बैक में बतौर एजेन्ट काम करता था, बताया जाता है कि शुक्रवार से वह लापता है लेकिन उसका कही कोई पता नही चल रहा है। काफी खोजबीन के बाद रविवार को बैंककर्मियों ने उसके लापता होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है जिसपर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया है कि तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर खोजबीन जारी है, जल्द ही पता लगा लिया जायेगा।

## मिस्टर एंड मिस फेस आफ इंडिया बने ओम त्रिपाठी



**बाराबंकी।** ओम त्रिपाठी पुत्र रामनरेश त्रिपाठी ग्राम मलौली बाराबंकीजेएस वल्ड प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मिस्टर एंड मिस फेस ऑफ इंडिया जिसका आयोजन एनसीआर दिल्ली मुरथल में किया गया यह शो इंडिया लेवल का था जिसमें ओम त्रिपाठी विनर रहे। ओम त्रिपाठी एंकर होने के साथ-साथ मॉडलिंग की दुनिया में भी अपने कदम बढ़ाते जा रहे हैं अपने जिले का एवं गांव का नाम पूरे भारत में रोशन कर रहे हैं।

# रोडवेज बस हुई दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बच गए 42 यात्री

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**वाराणसी** से लखनऊ परिवहन निगम की यात्री सेवा रविवार की तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि यात्री सेवा में मौजूद 42 यात्री बाल बाल बच गए। नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी के लालगंज कोतवाली के सरस्वती विद्यामंदिर पीजी कालेज के समीप रविवार की सुबह रोडवेज सेवा अचानक बिजली के खंभे से टकरा गई। यात्री सेवा यात्रियों को लेकर लखनऊ आ रही थी कि भोर में सवा पांच बजे सामने से एक ट्रक अनियंत्रित हो गई। ट्रक से टक्कर बचाने में यात्री सेवा गढ्ढे में कूदते हुए विद्यालय के समीप एक खंभे से जा टकराई। दुर्घटना में सभी यात्री बाल बाल बच गए। बस के क्षतिग्रस्त होने को लेकर रोडवेज डिपो के केन्द्र प्रभारी चिंतामणि त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

### नई किरण ने फिर मिलाया एक परिवार को

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डा. बृजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में पांच परिवारों को बुलाया गया।

नई किरण मे एक मामले में दोनों पक्ष आए, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। वह परिवार साथ रहने को तैयार हो गया। इसी के साथ व चार मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है ।

### किशोरी के अपहरण का केस

**लालगंज।** किशोरी के अपहरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के बलिदियान निवासी बिल्ला की पत्नी उमादेवी ने दी तहरीर में कहा कि बीती चार दिसम्बर को शाम छह बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री रिंका शौच को गई थी।

तभी गांव के अभिषेक ने उसका अपहरण कर लिया। उलाहना देने पर आरोपी के चाचा बब्बन ने धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने शनिवार की रात केस दर्ज किया है।